॥ श्री गणेशाय नमः ॥

ज्योतिष ज्ञान प्रचारार्थ आर्य संस्कृति पोषके

श्री आर्यभट्ट पंचांगम् विद्वद् वृन्द समर्पिते

ॐ ह्रीं महासरस्वत्यै नमः

ॐ श्री सरस्वत्यैमया दृष्ट्वा वीणापुस्तक धारिणी।
हंसयुक्त विमानूढ़ा विद्या दान ददातु मे॥

श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा, ज्योतिष वाचस्पति

भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र के प्रधानाचार्य

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट-पञ्चांगम्

श्री विक्रम सम्वत्-2079 शकः-1944 सन्-2022-2023 भारतीय गणराज्य सम्वत् 73-74

प्रधान सम्पादक : पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न प्रधानाचार्य
सम्पादक : धर्मपाल अग्रवाल, 2/45-ए, वैस्ट ऐवन्यू मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026

धर्मसन प्रकाशन नई सड़क दिल्ली-110006

मूल्य: 125.00

वर्ष 37

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र दिल्ली
द्वारा प्रणीत तथा सम्मानित

श्री आर्यभट्ट-पञ्चांगम्

श्री विक्रम सम्वत्-2079 • शाके :-1944

सन्-2022-2023 ई. • भारतीय गणराज्य संवत् 73-74

प्रधान सम्पादक
पं. लक्ष्मी नारायण शर्मा ज्योतिष वाचस्पति
बी.ए. प्रभाकर साहित्यरत्न, प्रधानाचार्य
भारतीय ज्योतिष विद्या केन्द्र, नई दिल्ली

सम्पादकः
धर्मपाल अग्रवाल
आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र, 2/45-ए,
वैस्ट ऐवन्यू मार्ग, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-26

प्रकाशकः
धर्मसन प्रकाशन
2596, नई सड़क, दिल्ली-110006 ❖ दूरभाष : 9811282884, 7290900095

विषय सूची-2079

आर्यभट्ट पंचांग देखने की विधि

1. हमारे "आर्यभट्ट पंचांग" का निर्माण ग्रीनविच (ब्रिटेन) से उत्तर अक्षांश 28"।38 एवं पूर्व रेखांश 77"।12 के आधार पर किया गया है। अतएव इस पंचांग में निर्णीत सूर्योदयास्त भी पूर्वोक्त अक्षांशादि वाले स्थान अर्थात् दिल्ली शहर के हैं।
2. **आर्यभट्ट पंचांग** के गणित में प्राचीन ज्योतिर्विदों द्वारा प्रमाणित तथा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सूक्ष्म दृक्‌गणित एवं चित्रा पक्षीय **निरयण पद्धति** को ही अपनाया गया है।
3. पक्षवाले सभी पृष्ठों पर दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त भारतीय समयानुसार दिल्ली शहर के हैं। सूर्योदयास्त में किरण-वक्री-भवन संस्कार के कारण वास्तविक क्षितिज वृत्त के उदयास्त में अंतर आना स्वाभाविक है। अत: प्रत्यक्ष देखने के लिए सूर्योदय में 2 मिनट ऋण (-) तथा सूर्यास्त में 2 मिनट योग (+) करने की आवश्यकता है।
4. इस पंचांग में करण सूर्योदय कालीन दिये गये हैं। अग्रिम करण उससे आगे वर्तमान तिथि के अर्धभाग तक जानें।
5. सूर्य, चन्द्रादि ग्रहों का राश्यादि संचार एवं भद्रा-पंचक, ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग आदि भा.स्टैं.टा. में हैं। जो भारत में सर्वत्र उसी टाइम में होंगे। यह इस पंचांग की विशेषता है।
6. महीनों में अष्टमी, पूर्णिमा एवं अमावस्या के ग्रह स्पष्टों के राश्यादि स्टैं.टा. प्रात: 5 घं. 30 मि. के हैं। नीचे उस दिन की गति और वक्री-मार्गी, उदयास्त व ग्रहों के नक्षत्र चरण दिये हैं। ग्रह स्पष्टों के साथ कुण्डली भी उपरोक्त समय की है।
7. लस्टर में A, B, C, D आदि चिन्ह दिये गये हैं, उनका मतलब यह है कि मैटर उस लाईन में नहीं आ सका, जो चिन्ह यहा लगाया वैसा ही चिन्ह कहीं दूसरी लाईन में लगाकर शेष मैटर लिखा है। नीचे लिखी संकेतावली को पंचांग देखने में काम लेने से सम्पूर्ण विषय समझ में आजावेंगे।
8. वार, तिथि, नक्षत्र, योग तथा करणों के साथ सामने दिये गये घटी-पल, उनका समाप्ति काल दर्शाते हैं जोकि स्थानीय सूर्योदय के उपरांत से माना जाये। उन घटी-पलों के घंटा-मिनट बनाकर उसमें पंचांग के स्थानीय सूर्योदय के घंटा-मिनट जोड़ देने से तिथि, नक्षत्र, योगादि का समाप्ति काल भा.स्टैं.टा. में ज्ञात हो जायेगा।
9. पाठकों की सुविधा के लिए तिथि, नक्षत्रादि के घटी-पलों के समाप्ति काल (सूर्योदय संस्कार करके) घंटा-मिनट में भी दे दिये गये हैं। जिससे तिथि, नक्षत्रादि के समाप्ति काल को घंटा-मिनट में जानने के लिए कोई परेशानी नहीं हो रही है। सीधे ही तिथ्यादि का समाप्ति काल घंटे-मिनट में पढ़ा जा सकता है। जहां 24 लिखा हो वह रात्रि के ठीक 12 बजे समझे जायें। जहां 27।18 लिखा हो वहां 27 में से 24 घटाकर रात्रि के 3 बजकर 18 मि. समझे जायें। यह समय भारतीय ज्योतिष परम्परानुसार सूर्योदय से पहले तक पूर्व तिथि में ही माना जायेगा।
10. पक्ष वाले पृष्ठों पर शुक्ल पक्ष में तिथि के कॉलम में 15 को पूर्णमासी तथा कृष्ण पक्ष में 30 को अमावस समझा जाये। शुक्ल पक्ष को सुदी, कृष्ण पक्ष को वदी भी कहते हैं।
11. रा. मि. पहले कॉलम में दी गई हैं। दिनमान घटी-पलों में दिया गया है। करणों के कॉलम के पश्चात् दि.मा. घ.प. में दिये गये हैं। उसके पश्चात् सूर्योदयास्त, प्रविष्टा, मु. तारीखें फिर अंग्रेजी तारीखें लिखी हैं।
12. दैनिक ग्रह स्पष्ट भा.स्टैं.टा. प्रात: 5।30 बजे (दिल्ली) के दिये गये हैं और लग्न का समाप्ति काल लिखा गया है। अपने अभीष्ट समय पर उनको ग्रह की दैनिक गति का संस्कार त्रैराशिक विधि से करके मार्गी ग्रह में युक्त करने, वक्री ग्रह में से घटाने से इष्ट समय के ग्रह स्पष्ट हो जाते हैं।
13. तिथि के क्षय के आगे (पक्ष वाले पृष्ठों में) शून्य (0) चिन्ह लगाया गया है। तिथि, नक्षत्रादि के आगे 60।00 घटी लिखा है। उस तिथि नक्षत्रादि की वृद्धि समझें।

पंचांग में लिखे शब्दों की संकेतावली (अकारादि क्रम से)

अ-अश्विनी (नक्षत्र), अतिगंड (योग), अग्नि (पंचक), अगस्त-अप्रैल-अक्टूबर (मास)
अनु.-अनुराधा (नक्षत्र)
आ.-आर्द्रा न., आयुष्मान् यो., आषा., आश्विन
अं.-अंश, अंग्रेजी (मास तारीख)
उ.-उदय, उपरात
उ.फा.-उत्तरा फाल्गुनी (नक्षत्र)
उ.षा.-उत्तराषाढ़ा (नक्षत्र)
उ.भा.-उत्तरा भाद्रपद (नक्षत्र)
ऐं-ऐन्द्र (योग)
क.-कर्क-कन्या (राशि), कला
का.-कार्तिक मास
क्रांति सा.-साम्य (महापात)
कृ.-कृतिका नक्षत्र, कृष्ण पक्ष
कु.-कुंभ राशि
गु.-गुरु (वार), गुरु ग्रह
गु.दा.-गुरु दान से
गो.-गोधूलि (लग्न)
गं.-गंड (योग)
घ.-घटी
घं.-घंटा
चि.-चित्रा (लग्न)
चै.-चैत्र (मास)
चौ.-चौर (पंचक)
चं.-चन्द्र (सोमवार), चन्द्र ग्रह
ज.-जयंती, जनवरी (मास)
जू.-जून (मास)
जु.-जुलाई (मास)
ज्ये.-ज्येष्ठ (मास), ज्येष्ठा (नक्षत्र)
ता.-तारीख
तु.-तुला राशि
दि. ल.-दिन में लग्न
ध.-धनु (राशि), धनिष्ठा (नक्षत्र)
धूलिमु.-धूलिमुख (अन्यगोधूली) लग्न
ध्रु.-ध्रुव (योग)
धृ.-धृति (योग)
नि.-निम्बार्क (सम्प्रदाय)
नृ.-नृप (पंचक)
प.-परिघ (योग), पल
प्र.-प्रवेश
प्रा.-प्रारंभ
प्री.-प्रीति (योग)
पु.-पुष्य (नक्षत्र)
पुन.-पुनर्वसु (नक्षत्र)
पू.फा.-पूर्वा फाल्गुनी (नक्षत्र)
पू.षा.-पूर्वाषाढ़ा (नक्षत्र)
पू.भा.-पूर्वाभाद्रपदा (नक्षत्र)
फाल्गु.-फाल्गुन (मास)
ब्र.-ब्रह्म योग
वृ.-वृद्धि योग
बु.-बुध (वार), बुध ग्रह
भ.-भरणी (नक्षत्र), भद्रा
भाद्र.-भाद्रपद (मास)
म.-मघा (नक्षत्र), मकर (राशि), मई (मास)
मा.-मार्गशीर्ष, माघ, मार्च (मास)
मि.-मिनट, मिथुन राशि (लग्न), मिति
मी.-मीन राशि
मु.-मुहूर्त
मू.-मूल (नक्षत्र)
मे.-मेष (राशि) लग्न
मृ.-मृगशिर (नक्षत्र), मृत्यु (पंचक)
र.-रवि (वार), रवि (ग्रह)
रा.-राहु (ग्रह), राष्ट्रीय, राशि
रे.-रेवती (नक्षत्र)
रो.-रोहणी (नक्षत्र), रोग (पंचक)
ल.-लग्न
व.-वज्र, वरियान् यो., वणिज क., वक्र गति
व्र.-व्रत
व्य.-व्यतिपात (योग)
वृ.-वृद्धि (योग), वृष, वृश्चिक (राशि)
व्या.-व्याघात (योग)
वि.-विशाखा (नक्षत्र), विष्कुंभ (योग), विकला
वि.मु.-विवाह मुहूर्त
वै.-वैष्णव सम्प्रदाय, वैधृत योग, वैशाख मास
श.-शनिवार, शनिग्रह, शतभिषा नक्षत्र
शि.-शिव योग
शु.-शुक्रवार, शुक्रग्रह, शुभ, शुक्लयोग, शुक्ल पक्ष
श्रा.-श्रावण (मास)
सा.-साध्य (योग)
स्वा.-स्वाती (नक्षत्र)
स्मा.-स्मार्त (सम्प्रदाय)
सि.-सिद्धि (योग), सितंबर मास
सिं.-सिंह (राशि)
सु.-सुकर्मा (योग)
सौ.-सौभाग्य (योग)
ह.-हस्त (नक्षत्र), हर्षल (योग)
हि.-हिन्दी (मास तारीख)

वक्तव्य

श्री आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र की स्थापना सन् 1983 में हुई और भारत सरकार से इसका पंजीकरण भी यथाविधि हो चुका है। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन विद्याओं, ज्योतिष गणित, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा विज्ञान, अंक ज्योतिष, रमल ज्योतिष, यंत्र-मंत्र-तंत्र शास्त्र, स्वरोदय, राजयोगादि का प्रचार-प्रसार करना है। पहले इन विद्याओं को राज्याश्रय प्राप्त था और हिन्दू राजाओं के राज्यकाल में इनकी बहुत उन्नति हुई। परन्तु इस्लामी तथा ईसाई धर्मावलम्बी शासन में हमारी प्राचीन संस्कृति का उत्थान तो क्या उत्तरी भारत में प्राचीन ग्रन्थों तथा इनके आश्रय स्थलों का बलात् संहार किया गया। इसके ज्ञाता विद्वानों की संख्या में दिनोदिन कमी होती गई और विदेशी प्रभाव के फलस्वरूप देशी लोगों का इन विद्याओं पर विश्वास कम होता गया। इसमें स्वार्थी, ठग व अज्ञानी ज्योतिषियों के व्यवहार ने भी जनता के मानस में इन विद्याओं के प्रति अविश्वास तथा अरुचि की ही वृद्धि की।

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद धर्म निरपेक्ष संविधान के अंतर्गत अन्य धर्मों तथा संस्कृतियों के समान हमको अपने प्राचीन लुप्त गौरव संस्कृति तथा महान् विद्याओं को फिर से उजागर करने की स्वतंत्रता प्राप्त हुई। विशेष रूप से जब विदेशी विद्वानों ने हमारे वेद, पुराण, शास्त्रों, उपनिषदों आदि के अध्ययन के पश्चात् हमारी विद्याओं, कलाओं और दर्शन आदि को प्रकाशित तथा प्रशंसित किया, तब हमारे देशवासियों को भी अपने यथार्थ का ज्ञान हुआ और हम भी इनकी खोज, अनुसंधान, प्रचार-प्रसार की ओर अधिक आकर्षित हुये। इस युग के महापुरुष श्री रामकृष्ण परमहंस देव के जीवन दर्शन को मैक्समूलर तथा रोमारोलां जैसे प्रख्यात विदेशी विद्वानों ने विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया। परमहंस देव के योग्य शिष्य स्वनाम धन्य स्वामी विवेकानन्द जी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के शिकागो नगर में विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म की विजय पताका फहराई। स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप आदि देशों में घूम-घूमकर हिन्दू धर्म का यथाशक्ति प्रचार किया। तदोपरांत स्वामी रामतीर्थ जी ने भी विदेशों में यथाशक्ति प्रचार-प्रसार किया। इन महापुरुषों द्वारा स्थापित प्रचार केन्द्र देश-विदेश में आज तक अपना कार्य कर रहे हैं और इनके बताये मार्ग पर चलते हुए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उसके बाद तो अनेकों संत-महापुरुषों तथा योगियों ने इसी मार्ग का अवलंबन किया। इन सब प्रयासों के फलस्वरूप देश-विदेश में जन-मानस में अपनी प्राचीन विद्याओं के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हुई।

इस समय अपने देश में बहुत सी संस्थाएं हैं जो देश के प्राचीन गौरव, संस्कृति, कला-कौशल तथा लुप्त विद्याओं के पुनरुत्थान तथा प्रचार-प्रसार में लगी हुई हैं। ज्योतिष विद्या हमारी प्राचीन विद्याओं में एक मुख्य विद्या है। वैदिक काल से यह चली आ रही है। यह हमारा दुर्भाग्य ही है कि न तो इसे राज्य से कोई संरक्षण या प्रोत्साहन प्राप्त है और न देश के सम्पन्न वर्ग का सहयोग ही। फिर भी कुछ उत्साही जन अपने सीमित साधनों से इसको अपना उचित स्थान दिलाने के प्रयास में लगे हुए हैं। उत्तर भारत पर विदेशी बर्बर जातियों के लगातार आक्रमणों के फलस्वरूप हमारे बहुत से मठ, मन्दिरों, पूजा स्थलों के साथ-साथ बहुत से अमूल्य हस्तलिखित ग्रन्थ नष्ट हो गये। विदेशी प्रभाव से धर्म परिवर्तन से बचें। लोगों के मानस पर अपने धर्म ग्रन्थों तथा प्राचीन विद्याओं की ओर रुचि नहीं रही। इस कारण उत्तर भारत में इस विद्या का सबसे अधिक ह्रास हुआ। जबकि दक्षिण भारत में धर्म साहित्य तथा प्राचीन विद्याओं का ज्ञान भंडार अभी भी बहुत अंशों में सुरक्षित है। उस भू-भाग के कतिपय विद्वान् प्राचीन ग्रन्थों को अंग्रेजी भाषा के माध्यम से प्रचारित व प्रसारित करने के प्रयत्नों में लगे हुए हैं। उत्तर भारत में विशेष रूप से हिन्दी भाषी जनता को इन विद्याओं का ज्ञान कराने की बहुत आवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए देश के केन्द्र राजधानी दिल्ली में कुछ उत्साही जिज्ञासुओं ने आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र को पंजीकृत कराया है। इस केन्द्र ने ज्योतिष प्रेमी सज्जनों के लिए अत्यंत उपयोगी ग्रन्थ "शतक मार्त्तण्ड" का सम्पादन व प्रकाशन करवाया है।

ज्योतिष शास्त्र आज जिस स्थान पर है, उसको इस स्तर तक पहुंचने में सैकड़ों वर्ष लगे हैं। समय-समय पर जिन विद्वानों ने नई खोजों, आविष्कारों तथा गणित के नियमों द्वारा इसकी प्रगति में सहयोग किया है, उनका नाम ज्योतिष इतिहास में सदा अमर रहेगा। ऐसे ही एक महापुरुष ज्योतिष शास्त्र के परम ज्ञाता श्री **आर्यभट्ट** थे, जिनका जन्म 476 ई. में हुआ था। उन्होंने ज्योतिष का प्रसिद्ध ग्रन्थ "आर्य भटीय" कुसुमपुर (पटना) में लिखा। इसमें सूर्य और तारागणों के स्थिर होने और पृथ्वी के घूमने के कारण दिन और रात होने का वर्णन है। सूर्य और चन्द्रग्रहण के वैज्ञानिक कारणों की व्याख्या है। स्वर और व्यंजनों की सहायता से बड़ी-बड़ी संख्याओं की गणना करने की रीति बनाई है। वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल आदि गणित विद्याओं का वर्णन सर्वप्रथम इसी ग्रन्थ में मिलता है। इन्हीं महापुरुष के नाम पर आर्यभट्ट अनुसंधान केन्द्र का नाम रखा गया है। आशा है इनके नाम से प्रोत्साहन पाकर अर्वाचीन विद्वान् नये-नये प्रयोग व आविष्कार करने में सफल होंगे।

शतक मार्त्तण्ड जैसे उपयोगी ग्रन्थ का प्रकाशन करने के बाद एक ऐसे पंचांग के प्रकाशन का निर्णय लिया गया जिसमें ज्योतिषियों के लिए उपयोगी अधिक से अधिक विषय सरल सुलभ भाषा में समाविष्ट किये जा सकें। अतः हमने श्री आर्यभट्ट पंचांग ज्योतिषियों के लाभार्थ सम्पादन तथा प्रकाशन आरंभ किया। ज्योतिष प्रेमी सज्जनों तथा विद्वानों से हमारा विनम्र निवेदन है कि वे त्रुटियों के लिए क्षमा प्रदान करते हुए अपने सुझाव तथा परामर्शों द्वारा प्रोत्साहन प्रदान करेंगे ताकि अगले अंक में अधिक से अधिक परम उपयोगी विषयों का समावेश किया जा सके।

—सम्पादक

महर्षि आर्यभट्ट

वराहमिहिर और आर्यभट्ट हमारे प्राचीनतम आचार्यों में से हैं। वराहमिहिर ने प्रसिद्ध ज्योतिष ग्रन्थ **वृहत् जातक** की रचना की और आर्यभट्ट प्रथम ने **आर्यभटीय** ग्रन्थ लिखा। ज्योतिष का क्रमबद्ध इतिहास आर्यभट्ट के समय से ही मिलता है। यद्यपि वेदों के समय से ज्योतिष का ज्ञान आरंभ हो गया था और ज्योतिष वेद के प्रमुख अंगों में से एक है। तब से आर्यभट्ट के समय तक सूर्यादि ग्रह, काल बोध, ग्रह-नक्षत्र, धूमकेतु, ग्रहण, ग्रह-नक्षत्रों की गति स्थिति का ज्ञान, सिद्धांत, होरा, प्रश्न, शकुन, ज्योतिष आदि का आविष्कार हो गया था। नक्षत्रों की आकृति, स्वरूप, गुण, प्रभाव आदि की परिभाषा, ऋतु, अयन, दिनमान लग्नादि के शुभाशुभ फलों का ज्ञान, राशियों और ग्रहों के स्वरूप, रंग, दिशा, तत्व, धातु आदि का विवेचन, ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थों की रचना काल तक पूर्णरूप से ज्ञात हो गये थे। ग्रहों की गति, स्थिति, अयनांश, मुहूर्त, शुभाशुभ समय का निर्णय, यथा ज्योतिष के पांचों अंगों-होरा सिद्धांत, गणित संहिता, मुहूर्त, फलित प्रश्न तथा शकुन शास्त्र की निरंतर उन्नति होती गई थी।

अन्य शास्त्रों के समान ज्योतिष के आविष्कर्त्ता भी भारतीय ही हैं। योगाभ्यास द्वारा प्राचीन ऋषियों ने अपनी सूक्ष्म प्रज्ञा से शरीर के अंदर ही समस्त सौर मण्डल के दर्शन किये और आत्म-निरीक्षण से आकाशीय सौर मण्डल की व्याख्या की। अंक विद्या ही इस शास्त्र का आधार है और इसका श्री गणेश भारत में ही हुआ था। प्राचीन भारत में तक्षशिला, नालन्दा आदि स्थानों पर विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षण संस्थाएं थीं, जहां पर दूर-दूर देशों के विद्यार्थी विद्या अध्ययन करने के लिए आते थे और अपने देशों में जाकर इसका प्रचार करते थे। ऋग्वेद तथा शतपथ ब्राह्मण के अध्ययन से पता चलता है कि कम से कम 28000 वर्ष पहले भी भारतीयों ने खगोल तथा ज्योतिष शास्त्र का पूर्ण रूप से मन्थन कर लिया था।

आर्यभट्ट नाम के दो विद्वान् ज्योतिषी हुए हैं। आर्यभट्ट प्रथम का जन्म ईस्वी सन् 476 में हुआ था। अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ **आर्यभटीय** में इन्होंने सूर्य एवं तारागण के स्थिर होने तथा पृथ्वी के घूमने के कारण दिन और रात होने का वर्णन किया है। इन्होंने पृथ्वी की परिधि 4967 योजन बताई है। सूर्य और चन्द्रग्रहण के वैज्ञानिक कारणों की व्याख्या की है। काल-क्रिया पाद में युग के दो समान भाग करके पूर्व भाग को उत्सर्पिणी तथा उत्तर भाग को अवसर्पिणी संज्ञा दी है तथा प्रत्येक के छः-छः भेद बताये हैं। ग्रहों को स्पष्ट करने की विधि बतलाई है। बुध और शुक्र को विलक्षण संस्कार से स्पष्ट करना बताया है। सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य इन्होंने यह किया कि अंक (संख्या) के द्योतक क, ख, ग, आदि वर्णों की कल्पना की और अ, आ, इ, ई आदि स्वर वर्ण तथा क, ख, ग आदि व्यंजन वर्णों को एक-एक संख्या वाचक अर्थ देकर बड़ी-बड़ी संख्याओं को लिखने की विधि का आविष्कार किया। इसी विधि को बाद में रोमनों ने अंग्रेजी अक्षरों में भी लिया-जैसे पांच के लिए V, दस के लिए X आदि-आदि।

महर्षि आर्यभट्ट ने क=1, ख=2, ग=3, घ=4, ङ=5, च=6, छ=7, ज=8, इसी प्रकार क्रम से म=25, य=30, र=40, ल=50, व=60, श=70, ष=80, स=90, ह=100; क=एक, कि=सौ, कु=दस हजार, कृ=दस लाख, क्लृ=दस करोड़, के=दस अरब, कै=दस खरब, को=दस नील, कौ=दस शंख, इसी प्रकार ख=दो, खि=दो सौ, खु=बीस हजार आदि-आदि। इसी प्रकार वर्णों द्वारा संख्यायें लिखने की विधि विस्तार से समझायी है। आर्यभट्ट ने अपने विख्यात ग्रन्थ **आर्यभटीय** की रचना प्राचीन कुसुमपुर (जो आज का पटना नगर है) में रहकर की थी। इस ग्रन्थ के गणित पाद (प्रकरण) में वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल एवं अन्य व्यवहार श्रेणियों का विशद् विवेचन किया है।

आर्यभट्ट द्वितीय ब्रह्मगुप्त के बाद, यानि 598 ई. के बाद और भास्कराचार्य, जिनका काल 1114 ई. के पहले का है, इन दोनों के मध्य कभी हुए थे। इनका रचित ग्रन्थ **महा आर्यभटीय** है। इसमें 18 अध्याय हैं। जिनमें पाटी गणित, क्षेत्र व्यवहार तथा बीजगणित भी सम्मिलित है। प्रथम आर्यभट्ट के सिद्धांतों में इन्होंने कई संशोधन किये। इस ग्रन्थ की परम्परा को बाद के अनेक ज्योतिषियों ने अपनाया। इसी कारण इनका ग्रन्थ **महा आर्यभटीय** भी बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इनके जीवन के विषय में विशेष कुछ ज्ञात नहीं है परन्तु इनकी अपूर्व विद्वता तथा महान पाण्डित्य इनके अनुपम ग्रन्थ से ही ज्ञात हो जाता है। दोनों ही आर्यभट्ट ज्योतिष के महान विद्वान् थे और इसी कारण भारत ने अपने उपग्रह का नाम इनके नाम पर रखा। ये दोनों विद्वान् महान गणितज्ञ थे और आधुनिक वैज्ञानिक उपग्रह प्रणाली आदि उन्हीं के द्वारा बनाये गणित को और आगे बढ़ाते हुए आज की उच्च अवस्था तक पहुंची है।

हमने अपनी अनुसंधान संस्था का नामकरण इन्हीं विभूतियों के नाम पर किया है और आशा करते हैं कि इनके आशीर्वाद से हम ज्योतिष विद्या में नई-नई बातों का शोध तथा आविष्कार करने में सफलता प्राप्त करेंगे और इनके नाम के अनुसार प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। हम ज्योतिष प्रेमियों से पूर्ण सहयोग की आशा करते हैं और अनुरोध करते है कि आप अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

— लक्ष्मी नारायण शर्मा
बी.ए. प्रभाकर, साहित्यरत्न
ज्योतिष वाचस्पति

प्रमुख व्रतोत्सव, अवकाश दिन तथा वर्गीकृत व्रत पर्वादि सं. 2079 वि.

भारत सरकार द्वारा मान्य अवकाश दिन (ता. 2 अप्रैल 2022 से 21 मार्च 2023 ई. तक)

अवकाश	ता.	मास
श्री राम नवमी	10	अप्रै.
वैशाखी, डॉ. अम्बेडकर ज.	14	"
श्री महावीर जयन्ती	14	"
गुड फ्राइडे	15	"
मई दिवस	01	मई
ईद-उल-फित्र	03	"
बुद्ध पूर्णिमा	16	"
गंगा दशहरा	09	जून
ईद-उल-जुहा (बकरीद)	10	जुला.
मुहर्रम ताजिया	09	अग.
रक्षा बंधन	11	"
भा. स्वतंत्रता दिवस 76वां वर्ष	15	"
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी	18	"
श्री गणेश जन्म चतुर्थी	31	"
अनन्त चतुर्दशी	09	सितं.
चैहल्लुम मु. (ऐ.)	18	"
श्री अग्रसेन जयंती	26	"
महात्मा गांधी व शास्त्री ज.	02	अक्टू.
विजया दशमी	05	"
ईद-ए-मिलाद (ऐ.)	09	अक्टू.
श्री वाल्मीकि जयंती	09	"
ईद-ए-मौलाद (ऐ.)	14	"
दीपावली	24	"
महावीर निर्वाण दिवस	25	"
भैया दूज	27	"
गुरु नानक देव जयंती	08	नवं.
गुरु तेग बहादुर बलिदान दि.	28	"
क्रिसमस डे	25	दिसं.
गुरु गोविन्द सिंह जयंती	29	"
अंग्रेजी नववर्ष 2023 प्रा. (ऐ.)	01	जन.
लोहड़ी उत्सव (पं.-हरि.-हि.प्र.)	13	"
मकर संक्रांति (ऐ.)	14	"
भा. गणतंत्र दिवस 74वां वर्ष	26	"
वसंत पंचमी	26	"
श्री महाशिवरात्री व्रत	18	फर.
शब-ए-मिराज (ऐ.)	19	"
होलिका दहन	06	मार्च
शब-ए-बारात (ऐ.)	08	"

प्रमुख व्रत पर्वोत्सवादि

व्रत पर्व	ता.	मास
नववर्ष प्रारंभ, गुडी पड़वा	02	अप्रै.
गौतम ज., घट स्थापना, चेटीचण्ड	02	"
झूलेलाल ज., सिंधारा (राज.)	02	"
मत्स्य जयंती	04	"
गणगौरी 3, गौरी 3, मनोरथ 3	04	"
विनायक 4, श्री पंचमी, हय व्रत	05	"
स्कंद षष्ठी व्रत, यमुना जयंती	07	"
श्री दुर्गाष्टमी (भवान्युत्पत्ति)	09	"
महाष्टमी, अशोकाष्टमी	09	"
श्री रामनवमी, नवरात्र पूर्ण	10	"
कामदा एकादशी व्रत	12	"
हरिदमनोत्सव	13	"
वैशाखी पर्व, अनंग त्रयोदशी	14	"
दमनक चतुर्दशी	15	"
चैत्री पूर्णिमा, वैशाख स्नान प्रा.	16	अप्रै.
श्री हनुमान जयंती	16	"
अनुसुइया जयंती	20	"
शीतला पूजन, बूढ़ा बासोड़ा	23	"
बाबू कुंबरसिंह जयंती	23	"
शुकदेव मुनि जन्म	30	"
विश्व मजदूर दिवस	01	मई
देव दामोदर पुण्य तिथि (असम)	01	"
अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती	03	"
स्वामी वासुदेवाचार्यजी ज. (बिहार)	05	"
श्री रामानुजाचार्य जयंती	07	"
श्री गंगा सप्तमी (गंगोत्पत्ति)	08	"
श्री सीता नवमी (जानकी ज.)	10	"
रुक्मिणी द्वादशी	13	"
अशोक त्रिरात्री व्रत	14	"
श्री नृसिंह जयंती	14	"
कूर्म जयंती	15	मई
वैशाख स्नान स., छिन्नमस्ता ज.	16	"
बुद्ध पूर्णिमा, पीपल पूजन	16	"
देवर्षि नारद जयंती	17	"
श्री दादूदयाल पुण्य तिथि	23	"
मधुसूदन द्वादशी	27	"
भावुका अमावस्या, शनैश्चर जयंती	30	"
वट सावित्री व्रत-पूजन	30	"
करवीर व्रत	31	"
दशाश्वमेध घाट स्नानारंभ:	31	"
रम्भा तृतीया व्रत	02	जून
श्रुति पंचमी	04	"
विश्व पर्यावरण दिवस	05	"
जामित्र षष्ठी (बंगाल)	05	"
विन्ध्यवासिनी ज.	05	"
धूमावती जयंती	08	"
श्री गंगा दशहरा, महेश नवमी	09	"
चम्पक द्वादशी	11	"
वट सावित्री व्रत प्रा.	12	"
कोजागरी व्रत, ज्येष्ठी पूर्णिमा	14	"
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस	21	"
गुप्त नवरात्रा प्रा.	30	"
मनोरथ द्वितीया (बंगाल)	01	जुला.
जगदीश रथ यात्रा (पुरी)	01	"
कुमार षष्ठी व्रत	05	"
वैवस्वत सप्तमी (सूर्य पूजन)	06	"
भड्डली नवमी, शूद्रादि 9	08	"
गुप्त नवरात्रा स.	08	"
आशा दशमी व्रत	09	"
यमनियमादि चातुर्मास्य प्रा.	10	"
जैन चातुर्मास्य प्रा.	12	"
आषाढ़ी पूर्णिमा, पूर्णिमा व्रत	13	"
गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा	13	"
अशून्य शयन व्रत प्रा. (बंगाल)	14	"
नाग पंचमी (मरुस्थले)	18	"
मंगला गौरी पूजा	19	"
शीतला सप्तमी (उड़ीसा)	19	"
केर पूजा (त्रिपुरा), तिलक जयंती	23	"
हरियाली-मन्वादि-चितलगी 30	28	जुला.
सिंधारा (राजस्थान)	30	"
हरियाली 3, मधुश्रवा (छोटी) तीज	31	"
लोकमान्य तिलक पुण्य दिवस	01	अग.
वरद चतुर्थी, बहुला चतुर्थी	01	"
नाग पंचमी देशाचारे	02	"
शीतला सप्तमी (सिंध), भानु 7	04	"
पवित्रार्पण द्वादशी	09	"
ऋग्वेदी उपाकर्म, हयग्रीव जयंती	11	"
रक्षाबंधन, अमरनाथ दर्शन (कश्मीर)	11	"
श्रावणी पूर्णिमा, गायत्री जयंती	12	"
अशून्य शयन व्रत पूर्ण (बंगाल)	13	"
कज्जली (बड़ी) तीज, सातुड़ी तीज	14	"
भा. स्वतंत्रता दिवस 76वां वर्ष	15	"
संकट चतुर्थी, बहुला चतुर्थी	15	"
रक्षा पंचमी (उड़ीसा)	16	"
चन्दन षष्ठी व्रत, हल षष्ठी	17	"
ऊभी षष्ठी, ललही षष्ठी	17	"
श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत	18	"
मां आद्यकाली जयंती	19	"
गोगा नवमी, नंदोत्सव (गोकुल)	20	"
गोवत्स द्वादशी	24	"
अघोरा 14, कैलाश यात्रा	26	"
कुशोत्पाटिनी पिठोरी अमावस्या	27	"
मन्वादि 30, लोहार्गल यात्रा (क.)	27	"
हरितालिका 3, गौरी 3	30	"
विनायक 4, कलंकी 4, पत्थर 4	31	"
संवत्सरी जैन, ऋषि पंचमी व्रत	01	सितं.
सूर्य षष्ठी व्रत, ललिता 6 (गुज.)	02	"
बलदेव षष्ठी	02	"
मुक्ताभरण 7, संतान सप्तमी	03	"
श्री राधा जयंती	03	"
श्री चन्द 9, अदु:ख 9, दधीची ज.	04	"
शिक्षक दिवस	05	"
वामन जयंती, भुवनेश्वरी जयंती	07	"
अनन्त चतुर्दशी व्रत	09	"
प्रोष्ठपदी पूर्णिमा व्रत, महालयारंभ	10	"
जीवित्पुत्रिकाष्टमी व्रत	18	"

नोट-अवकाश (ऐ.) को ऐच्छिक अर्थात् वैकल्पिक समझें। मुस्लिम त्यौहार चांद से होते हैं। स्थान भेद आदि कारणों से कभी-कभी एक दिन का फर्क आ जाता है। अवकाशों का सरकारी गजट से मिला लेना आवश्यक है।

दमनक चतुर्दशी	15 "	श्री नृसिंह जयंती	14 "	कर पूजा (त्रिपुरा), तिलक जयंती	23 "	जीवत्पुत्रिकाष्टमी व्रत	18 "

नोट-अवकाश (ऐ.) को ऐच्छिक अर्थात् वैकल्पिक समझें। मुस्लिम त्यौहार चांद से होते हैं। स्थान भेद आदि कारणों से कभी-कभी एक दिन का फर्क आ जाता है। अवकाशों को सरकारी गजट से मिला लेना आवश्यक है।

सौभाग्यवती स्त्रीणां श्राद्ध	19 सितं.
शारदीय नवरात्र प्रा., घटस्थापन	26 "
उपांग ललिता पंचमी व्रत	30 "
महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती	02 अक्टू.
सरस्वती आवाहनम्, भद्रकाल्यावतार	02 "
सरस्वती पूजनं, महाष्टमी, दुर्गाष्टमी	03 "
महानवमी, नवरात्र पूर्ण	04 "
सरस्वती विसर्जन	04 "
विजया दशमी (रावण दाह)	05 "
अपराजिता व शमी पूजन	05 "
भरत मिलाप	06 "
कोजागर व्रत, कार्तिक स्नान प्रा.	09 "
शरत्पूर्णिमा, रास पूर्णिमा (वृंदावन)	09 "
करवा चौथ, कर्क 4, दशरथ 4	13 "
अहोई अष्टमी	17 "
गोवत्स द्वादशी (गोवत्स पूजन)	22 "
धनतेरस, धन्वंतरी जयंती	23 "
यमाय दीपदानम्	23 "
नरकहारिणी रूप चतुर्दशी	24 "
दीपावली, महालक्ष्मी पूजन	24 "
महावीर निर्वाण दिवस	25 "
विश्वकर्मा जयंती	25 "
गोवर्धन पूजा, अन्नकूट, बली पूजा	26 "
भैया दूज, यम द्वितीया, यमुना स्नान	27 "
चित्रगुप्त पूजन	27 "
सूर्य षष्ठी व्रतारंभ (बिहार)	28 "
सौभाग्य पंचमी, पाण्डव ज्ञान 5	29 "
सूर्य षष्ठी (डाला छठ) पूजा (बिहार)	30 "
इन्दिरा गांधी पुण्य दि., स. पटेल ज.	31 "
गोपाष्टमी	01 नवं.
अक्षय नवमी, कूष्माण्ड 9	02 "
आंवला 9, कृतयुगादि 9	02 "
आशा दशमी	03 "
प्रबोधिनी 11 व्रत, तुलसी विवाह	04 "
भीष्म पंचक व्रत प्रा.,	04 "
कालीदास जयंती	05 "
वैकुण्ठ 14 व्रत	06 "
चातुर्मास्य व्रत नियमादि पूर्ण जैन	07 "
गुरु नानकदेव जयंती, देव दीपोत्सव	08 "
कार्तिकी पूर्णिमा, मन्वादि 15	08 "
कार्तिक स्नान पूर्ण, भीष्म पंचक पू.	08 "

पं. जवाहर लाल नेहरू ज.	14 नवं.
बाल दिवस	14 "
श्री काल भैरवाष्टमी	16 "
श्रीमती इंदिरा गांधी जन्म दिवस	19 "
ऋषभदेव मोक्ष	22 "
स्कंद षष्ठी	28 "
विश्व एड्स दिवस	01 दिसं.
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ज. दि.	03 "
श्री दत्तात्रेय जयंती	07 "
भारतीय झण्डा दिवस	07 "
अन्नपूर्णा जयंती	08 "
विश्व मानवाधिकार दिवस	10 "
भगवान बोधायन जयंती	20 "
स्वा. श्रद्धानंद बलिदान दि.	23 "
क्रिसमस डे (बड़ा दिन)	25 "
न्यू ईयर इवनिंग डे	31 "
सन् 2023 ई.	
नववर्ष प्रारंभ	01 जन.
पौषी पूर्णिमा पुण्यं, माघ स्नान प्रा.	06 "
लाल बहादुर शास्त्री पुण्य दिवस	11 "
स्वामी विवेकानन्द जयंती	12 "
लोहड़ी उत्सव	13 "
मकर संक्रांति, पोंगल पर्व	14 "
श्री रामानंदाचार्य ज.	14 "
भारतीय थल सेना दिवस	15 "
श्री शीतलनाथ जन्म-तप (जैन)	19 "
मौनी अमावस्या	21 "
गुप्त नवरात्रा प्रा.	22 "
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती	23 "
गौरी 3 व्रत, गोंतरी (पं.)	24 "
वरद-तिल 4	25 "
वसन्त (श्री) पंचमी	26 "
सरस्वती पूजन	26 "
भारतीय गणतंत्र दिवस 74 वां वर्ष	26 "
तक्षक पूजा, रति कामोत्सव	26 "
दारिद्रय हरण 6, शीतला 6 (बंगाल)	27 "
रथ सप्तमी, आरोग्य 7, अचल 7	28 "
मन्वादि 7, भानु 7, चन्द्रभागा 7	28 "
भीष्माष्टमी, दुर्गाष्टमी	28 "
महात्मा गांधी पुण्य दिवस	30 "
गुप्त नवरात्रा समा.	30 "

भीष्म 12 (भीष्म तर्पण), तिल 12	02 फर.
संत रैदास ज., ललिता जयंती	05 "
माघ स्नान पूर्ण	05 "
वैलेंटाइन डे	14 "
समर्थ गुरु रामदास जयंती	15 "
महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती	15 "
श्री महाशिवरात्री व्रत	18 "
वीर शिवाजी जयंती	19 "
शिव खप्पर पूजन	20 "
फुलरिया दूज, रामकृष्ण परमहंस ज.	21 "
पं. लेखराम वीर तृतीया	22
महर्षि याज्ञवल्क जयंती	24 "
गोरूपिणी षष्ठी (बंगाल)	25 "
होलाष्टक प्रारम्भ, दादुदयाल जयंती	27 "
होलिका दहन	06 मार्च
मन्वादि 15	07 "
छारेंडी, होली (धुलैण्डी)	07 "
चैतन्य महाप्रभु ज., होलाष्टक पूर्ति	07 "
वसन्त प्रतिपदा	08 "
गणगौरी पूजनारंभ (राज.)	08 "
रंग पंचमी	12 "
एकनाथ षष्ठी व्रत	13 "
शीतला पूजन	14 "
शीतलाष्टमी	15 "
रंग त्रयोदशी	19 "
मन्वादि 30, चान्द्रसंवत्सर 2079 पूर्ण	21 "

विनायक चौथ व्रत (शुक्ल पक्षीय)

चैत्र	मंगलवार	05 अप्रै.
वैशाख	बुधवार	04 मई
ज्येष्ठ	शुक्रवार	03 जून
आषाढ़	रविवार	03 जुला.
श्रावण	सोमवार	01 अग.
भाद्रपद	बुधवार	31 अग
आश्विन	गुरुवार	29 सितं.
कार्तिक	शुक्रवार	28 अक्टू.
मार्गशीर्ष	रविवार	27 नवं.
पौष	सोमवार	26 दिसं.
	सन् 2023 ई.	
माघ	मंगलवार	24 जन.
फाल्गुन	गुरुवार	23 फर.

चतुर्थी व्रत (कृष्ण पक्षीय)

वैशाख	मंगलवार	19 अप्रै.
ज्येष्ठ	गुरुवार	19 मई
आषाढ़	शुक्रवार	17 जून
श्रावण	शनिवार	16 जुला.
भाद्रपद	सोमवार	15 अग.
आश्विन	मंगलवार	13 सितं.
कार्तिक	गुरुवार	13 अक्टू.
मार्गशीर्ष	शनिवार	12 नवं.
पौष	रविवार	11 दिसं.
	सन् 2023 ई.	
माघ	मंगलवार	10 जन.
फाल्गुन	गुरुवार	09 फर.
चैत्र	शनिवार	11 मार्च

मासिक दुर्गाष्टमी व्रत

चैत्र	शनिवार	9 अप्रै.
वैशाख	सोमवार	9 मई
ज्येष्ठ	बुधवार	8 जून
आषाढ़	गुरुवार	7 जुला.
श्रावण	शुक्रवार	5 अग.
भाद्रपद	रविवार	4 सितं.
आश्विन	सोमवार	3 अक्टू.
कार्तिक	मंगलवार	1 नवं.
मार्गशीर्ष	बुधवार	30 "
पौष	शुक्रवार	30 दिसं.
	सन् 2023 ई.	
माघ	रविवार	29 जन.
फाल्गुन	सोमवार	27 फर.

मासिक कालाष्टमी व्रत

वैशाख	शनिवार	23 अप्रै.
ज्येष्ठ	रविवार	22 मई
आषाढ़	मंगलवार	21 जून
श्रावण	बुधवार	20 जुला.
भाद्रपद	शुक्रवार	19 अग.
आश्विन	शनिवार	17 सितं.
कार्तिक	सोमवार	17 अक्टू.
मार्गशीर्ष	बुधवार	16 नवं.
पौष	शुक्रवार	16 दिसं.

सन् 2023 ई.

माघ	रविवार	15 जन.
फाल्गुन	सोमवार	13 फर.
चैत्र	बुधवार	15 मार्च

एकादशी व्रत

चैत्र	शुक्ल	कामदा	12 अप्रै.
वैशाख	कृष्ण	वरूथिनी	26 "
"	शुक्ल	मोहिनी	12 मई
ज्येष्ठ	कृष्ण	अपरा	26 "
"	शुक्ल	निर्जला	10 जून
आषाढ़	कृष्ण	योगिनी	24 "
"	शुक्ल	देवशयनी	10 जुला.
श्रावण	कृष्ण	कामदा	24 "
"	शुक्ल	पुत्रदा	08 अग.
भाद्रपद	कृष्ण	अजा	23 "
"	शुक्ल	पद्मा (जलझूलनी)	06 सितं.
आश्विन	कृष्ण	इन्दिरा	21 "
"	शुक्ल	पापांकुशा	06 अक्टू.
कार्तिक	कृष्ण	रमा	21 "
"	शुक्ल	देवप्रबोधिनी	04 नवं.
मार्गशीर्ष	कृष्ण	उत्पत्ति	20 "
"	शुक्ल	मोक्षदा	03 दिसं.
पौष	कृष्ण	सफला	19 "

सन् 2023 ई.

पौष	शुक्ल	पुत्रदा	02 जन.
माघ	कृष्ण	षट्तिला	18 "
"	शुक्ल	जया	01 फर.
फाल्गुन	कृष्ण	विजया	16 "
"	शुक्ल	आमलकी	03 मार्च
चैत्र	कृष्ण	पापमोचनी	18 "

प्रदोष व्रत

चैत्र	शुक्ल	गुरुवार	14 अप्रै.
वैशाख	कृष्ण	गुरुवार	28 "
"	शुक्ल	शुक्रवार	13 मई
ज्येष्ठ	कृष्ण	शुक्रवार	27 "
"	शुक्ल	रविवार	12 जून
आषाढ़	कृष्ण	रविवार	26 "
"	शुक्ल	सोमवार	11 जुला.
श्रावण	कृष्ण	सोमवार	25 जुला.
"	शुक्ल	मंगलवार	09 अग.
भाद्रपद	कृष्ण	बुधवार	24 "
"	शुक्ल	गुरुवार	08 सितं.
आश्विन	कृष्ण	शुक्रवार	23 "
"	शुक्ल	शुक्रवार	07 अक्टू.
कार्तिक	कृष्ण	रविवार	23 "
"	शुक्ल	शनिवार	05 नवं.
मार्गशीर्ष	कृष्ण	सोमवार	21 "
"	शुक्ल	सोमवार	05 दिसं.
पौष	कृष्ण	बुधवार	21 "

सन् 2023 ई.

पौष	शुक्ल	बुधवार	04 जन.
माघ	कृष्ण	गुरुवार	19 "
"	शुक्ल	शुक्रवार	03 फर.
फाल्गुन	कृष्ण	शनिवार	18 "
"	शुक्ल	शनिवार	04 मार्च
चैत्र	कृष्ण	रविवार	19 "

मासिक शिवरात्रि व्रत

वैशाख	शुक्रवार	29 अप्रै.
ज्येष्ठ	शनिवार	28 मई
आषाढ़	सोमवार	27 जून
श्रावण	मंगलवार	26 जुला.
भाद्रपद	गुरुवार	25 अग.
आश्विन	शनिवार	24 सितं.
कार्तिक	रविवार	23 अक्टू.
मार्गशीर्ष	मंगलवार	22 नवं.
पौष	बुधवार	21 दिसं.

सन् 2023 ई.

माघ	शुक्रवार	20 जन.
फाल्गुन	शनिवार	18 फर.
चैत्र	सोमवार	20 मार्च

पूर्णिमा व्रत

चन्द्रोदय व्यापिनी	मास	सूर्योदय व्यापिनी
16 अप्रै.	चैत्र	16 अप्रै.
15 मई	वैशाख	16 मई
13 जून	ज्येष्ठ	14 जून
13 जुला.	आषाढ़	13 जुला.
11 अग.	श्रावण	12 अग.
09 सितं.	भाद्रपद	10 सितं.
09 अक्टू.	आश्विन	09 अक्टू.
07 नवं.	कार्तिक	08 नवं.
07 दिसं.	मार्गशीर्ष	08 दिसं.
	सन् 2023 ई.	
06 जन.	पौष	06 जन.
05 फर.	माघ	05 फर.
06 मार्च	फाल्गुन	07 मार्च

अमावस्याएं

पितृकार्या तर्पणादि निमित्त	मास	देवकार्या स्नान दानार्थ
30 अप्रै.	वैशाख	30 अप्रै.
30 मई	ज्येष्ठ	30 मई
28 जून	आषाढ़	29 जून
28 जुला.	श्रावण	28 जुला.
27 अग.	भाद्रपद	27 अग.
25 सितं.	आश्विन	25 सितं.
25 अक्टू.	कार्तिक	25 अक्टू.
23 नवं.	मार्गशीर्ष	23 नवं.
23 दिसं.	पौष	23 दिसं.
	सन् 2023 ई.	
21 जन.	माघ	21 जन.
20 फर.	फाल्गुन	20 फर.
21 मार्च	चैत्र	21 मार्च

श्री सत्यनारायण व्रत

चैत्र	शनिवार	16 अप्रै.
वैशाख	रविवार	15 मई
ज्येष्ठ	सोमवार	13 जून
आषाढ़	बुधवार	13 जुला.
श्रावण	गुरुवार	11 अग.
भाद्रपद	शुक्रवार	09 सितं.
आश्विन	रविवार	09 अक्टू.
कार्तिक	सोमवार	07 नवं.
मार्गशीर्ष	बुधवार	07 दिसं.

सन् 2023 ई.

पौष	शुक्रवार	06 जन.
माघ	रविवार	05 फर
फाल्गुन	सोमवार	06 मार्च

सायन संक्रांतियां

वृष	बुधवार	20 अप्रै.
मिथुन	शनिवार	21 मई
कर्क	मंगलवार	21 जून
सिंह	शनिवार	23 जुला.
कन्या	मंगलवार	23 अग.
तुला	शुक्रवार	23 सितं.
वृश्चिक	रविवार	23 अक्टू.
धनु	मंगलवार	22 नवं.
मकर	गुरुवार	22 दिसं.

सन् 2023 ई.

कुम्भ	शुक्रवार	20 जन.
मीन	रविवार	19 फर.
मेष	मंगलवार	21 मार्च

निरयण संक्रांतियां (पुण्यकाल)

मेष	गुरुवार	14 अप्रै.
वृष	रविवार	14 मई
मिथुन	बुधवार	15 जून
कर्क	शनिवार	16 जुला.
सिंह	बुधवार	17 अग.
कन्या	शनिवार	17 सितं.
तुला	सोमवार	17 अक्टू.
वृश्चिक	बुधवार	16 नवं.
धनु	शुक्रवार	16 दिसं.

सन् 2023 ई.

मकर	शनिवार	14 जन.
कुम्भ	सोमवार	13 फर.
मीन	बुधवार	14 मार्च

षडऋतु, गोल एवं अयनारंभ

तारीख	ऋतु	अयन	गोल
20 अप्रै.	ग्रीष्म	उत्तर	उत्तर
21 जून	वर्षा	उत्तर	दक्षिण
23 अग.	शरद	-	-
23 सितं.	-	दक्षिण	दक्षिण
23 अक्टू.	हेमन्त	-	-
22 दिसं.	शिशिर	दक्षिण	उत्तर
19 फर.	वसन्त	-	-
21 मार्च	-	उत्तर	उत्तर

आषाढ़	कृष्ण	रविवार	26 "	13 ...		19 फर.	वसन्त	-	-
"	शुक्ल	सोमवार	11 जुला.	13 जुला.	आषाढ़ 13 जुला.	फाल्गुन सोमवार 06 मार्च	21 मार्च	- उत्तर	उत्तर

आश्विन कृ. पक्ष के श्राद्ध (महालय)

पूर्णिमा श्राद्ध	10 सितं.
प्रतिपदा श्राद्ध	10 "
द्वितीया श्राद्ध	11 "
तृतीया श्राद्ध	12 "
चतुर्थी श्राद्ध	13 "
पंचमी श्राद्ध	14 "
षष्ठी श्राद्ध	15 "
सप्तमी श्राद्ध	16 "
अष्टमी श्राद्ध	18 "
नवमी श्राद्ध (सौभाग्यवती श्राद्ध)	19 "
दशमी श्राद्ध	20 "
एकादशी श्राद्ध	21 "
द्वादशी श्राद्ध	22 "
त्रयोदशी श्राद्ध	23 "
चतुर्दशी श्राद्ध (दुर्मरण श्राद्ध)	24 "
अमावस्या श्राद्ध (सर्वपितृ श्राद्ध)	25 "
मातामह श्राद्ध	25 "

दशावतार जयन्तियां

श्री मत्स्य जयंती	04 अप्रै.
श्री राम जयंती	10 "
श्री परशुराम जयंती	03 मई
श्री नृसिंह जयंती	14 "
श्री कूर्म जयंती	15 "
श्री बुद्ध जयंती	16 "
श्री कल्की जयंती	03 अग.
श्री कृष्ण जयंती	18 "
श्री वराह जयंती	30 "
श्री वामन जयंती	07 सितं.

दसमहाविद्या जयंतियां

श्री महातारा जयंती	10 अप्रै.
श्री मातंगी जयंती	03 मई
श्री बगलामुखी जयंती	09 "
श्री छिन्नमस्ता जयंती	16 "
श्री धूमावती जयंती	08 जून
आद्या मां श्रीकाली जयंती	19 अग.
श्री भुवनेश्वरी जयंती	07 सितं.
श्री कमला जयंती	24 अक्टू.
श्री त्रिपुर भैरवी जयंती	08 दिसं.
श्री विद्या मां ललिता जयंती	05 फर.

जैन व्रत, पर्वोत्सव

रोहिणी व्रत, दशलक्षण व्रत प्रा.	06 अप्रै.
श्री अजित नाथ जी मोक्ष	06 "
श्री संभवनाथ जी मोक्ष	07 "
आयंबिल ओली प्रा.	08 "
आचार्य भिक्षु अभिनिष्क्रमण	10 "
श्री सुमतिनाथ जन्म-ज्ञान-मोक्ष	12 "
श्री महावीर जयंती	14 "
दशलक्षण व्रत पूर्ण	15 "
आयंबिल ओली पूर्ण	16 "
श्री कुन्थुनाथ जन्म-तप-मोक्ष	17 "
श्रीमुनि सुव्रतनाथ जन्म-तप	25 "
रोहिणी व्रत	03 मई
अभिनन्दननाथ जी मोक्ष	07 "
श्री महावीर स्वामी कैवल्य ज्ञान	11 "
ज्येष्ठ जिनवर व्रत प्रा.	16 "
श्री अनन्त नाथ जन्म-तप	27 "
श्री शांति नाथ जन्म-तप-मोक्ष	29 "
रोहिणी व्रत	30 "
धर्मनाथ जी मोक्ष	03 जून
श्रुति पंचमी	04 "
श्री सुपार्श्वनाथ जन्म-तप	11 "
ज्येष्ठ जिनवर व्रत पूर्ण	14 "
विमलनाथ जी मोक्ष	21 "
श्री नमीनाथ जन्म-तप	23 "
रोहिणी व्रत	27 "
नेमीनाथजी मोक्ष, अष्टान्हिका पर्व प्रा.	06 जुला.
चौमासी 14, जैन चातुर्मासव्रत नि.प्रा.	12 "
अष्टान्हिका पर्व पूर्ण	13 "
तेरापंथ स्थापना दिवस	13 "
रोहिणी व्रत	24 "
श्री नेमीनाथ जन्म-तप	03 अग.
श्री पार्श्वनाथ मोक्ष	04 "
श्रेयांशनाथ जी मोक्ष	11 "
रोहिणी व्रत	20 "
पर्युषण पर्व प्रा.	25 "
कल्पसूत्र पाठ, संवत्सरी महापर्व	28 "
तेलाधर तप	28 "
पर्युषण पर्व पूर्ण, मेरू स्थापन	31 "
दशलक्षण व्रत प्रा.	01 सितं
क्षमावणी पर्व, ऋषि पंचमी	01 "
श्री कालू निर्वाण दिवस	02 "
सुगन्ध दशमी	05 "
रत्नत्रय प्रा.	08 "
आचार्य भिक्षु निर्वाण दि.	09 "
दसलक्षण व्रत पू., वासुपूज्य जी मोक्ष	09 "
रत्नत्रय समाप्त	10 "
रोहिणी व्रत	17 "
आयंबिल ओली प्रा.	01 अक्टू.
शीतलनाथ जी मोक्ष	03 "
आयंबिल ओली पूर्ण	09 "
रोहिणी व्रत	14 "
श्री पद्मप्रभु जन्म-तप	23 "
श्री महावीर निर्वाण दिवस	25 "
जैन संवत् 2549 प्रारंभ	26 "
ज्ञान पंचमी	29 "
अष्टान्हिका पर्व प्रा.	01 नवं.
चातुर्मास्य व्रत नियमादि पूर्ण	07 "
श्रीसंभवनाथ जन्म, अष्टान्हिका पर्व पू.	08 "
रोहिणी व्रत	10 "
श्री महावीर स्वामी दीक्षा दिवस	19 "
श्री महावीर स्वामी तप	19 "
श्री ऋषभदेव मोक्ष	22 "
श्री पुष्पदंत नाथ जन्म-तप	24 "
दशलक्षण व्रत प्रा.	28 "
श्री अजितनाथ जन्म-तप,	02 दिसं.
मौनी 11, श्री मल्लिनाथ जन्म-तप	03 "
श्री अरहनाथ जन्म, दशलक्षण व्रत पू.	06 "
रोहिणी व्रत	08 "
आचार्य श्री तुलसी दीक्षा दिवस	12 "
श्री पार्श्वनाथ जन्म-तप	19 "
श्री चन्द्रप्रभु जन्म-तप	19 "

सन् 2023 ई.

जिनानंदजी पुण्य दिवस	02 जन.
रोहिणी व्रत	04 "
श्री शीतल नाथ जन्म-तप	19 "
मेरु त्रयोदशी	20 "
श्री विमल नाथ जन्म-तप	25 "
दशलक्षणव्रत प्रा., श्री 5, मेरूस्थापनं	26 "
रोहिणी व्रत	31 "
श्री धर्मनाथ ज.-तप, रत्नत्रय व्रत प्रा.	03 फर.
श्री जिनेन्द्र रथयात्रा, दशलक्षण व्रत पू.	04 फर
रत्नत्रय व्रत पूर्ण	05 "
श्री पद्मप्रभु मोक्ष	09 "
श्री श्रेयांश नाथ जन्म-तप	16 "
रोहिणी व्रत, अष्टान्हिका पर्व प्रा.	27 "
अष्टान्हिका पर्व पूर्ण	07 मार्च
श्री ऋषभदेव जन्म-तप	16 "
श्री अनंतनाथ जी मोक्ष	21 "
श्री अरहनाथ जी मोक्ष	21 "

इस्लामी त्यौहार

पाक रोजे शुरू	03 अप्रै.
सहादत-ए-हजरत अली	23 "
जमात-ए-अलविदा	29 "
ईद-उल-फितर (मीठी ईद)	03 मई
ईद-उल-जुहा (बकरीद)	10 जुला.
मोहर्रम हिजरी सन् 1444 प्रा.	31 "
मुहर्रम ताजिया	09 अग.
चेहल्लम शहीद करबला	18 सितं
आखरी चाहर शम्बा	21 "
सहादत-ए-इमाम हसन	26 "
ईद-ए-मिलाद (बारावफात)	09 अक्टू.
ईद-ए-मौलाद	14 "
फातिहा यजदहूम	07 नवं.
हजरत अली जन्म (2023)	05 फर.
शब्बे मिराज	19 "
शब-ए-बारात (मु.)	08 मार्च

क्रिश्चियन पर्व

पाम सण्डे	10 अप्रै.
गुड फ्राइड	15 "
ईस्टर सण्ड	17 अप्रै.
क्रिसमस डे (बड़ा दिन), ईसा ज.	25 दिसं.
न्यू ईयर ईवनिंग डे	31 "
न्यू ईयर सन् 2023 प्रा.	01 जन.
वेलेण्टाईन डे	14 फर.

महापुरुष जयन्तियां

श्री गौतम जयन्ती	02 अप्रै.
श्री झूलेलाल जयंती	03 "
डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती	14 "

श्री महावीर जयंती	14 अप्रै.
श्री बाबू कुंवरसिंह जयंती (बिहार)	23 "
श्री वल्लभाचार्य जयंती	26 "
श्री शुकदेव मुनि जयंती	30 "
परशुराम जयंती	03 मई
सार्वभौम स्वामी वासुदेवाचार्य जयंती	05 "
श्री शंकराचार्य जयंती, श्री सूरदास ज.	06 "
कवि श्री रविन्द्रनाथ टैगोर जयंती	07 "
श्री रामानुजाचार्य जयंती	07 "
बगलामुखी जयंती	09 "
श्री नरसिंह जयंती	14 "
छिन्नमस्ता ज., भगवान बुद्ध जयंती	16 "
श्री नारद जयंती	17 "
श्री शनि जयंती	30 "
श्री महाराणा प्रताप जयंती	02 जून
गायत्री जयंती	11 "
संत कबीर जयंती	14 "
लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जयंती	23 जुला.
कल्की जयंती	03 अग.
गोस्वामी तुलसीदास जयंती	04 "
हयग्रीव जयंती	11 "
संत ज्ञानेश्वर जयंती	19 "
संत सुथरेशाह जयंती	27 "
वराह जयंती	30 "
ऋषि दधीचि ज., स्वामी हरिदास ज.	04 सितं.
डॉ. सर्वपल्ली श्री राधाकृष्णन जयंती	05 "
पंडित गोविन्द वल्लभ पंत जयंती	09 "
महाराजा अग्रसेन जयंती	26 "
महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती	02 अक्टू.
महर्षि वाल्मीकि जयंती	09 "
सरदार पटेल जयंती	31 "
कालीदास जयंती, खाटूश्याम जयंती	05 नवं.
वीर वैरागी जयंती (नकोदर)	06 "
गुरुनानकदेव ज., श्री निम्बार्काचार्य ज.	08 "
साईं बाबा जयंती, श्री बालाजी ज.	23 "
भक्त नरसी मेहता जयंती	30 "
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जन्म दिवस	03 दिसं.
श्री दत्तात्रेय जयंती	07 "
भगवान बोधायन जयंती	20 "
ईसा मसीह जयंती (क्रिश्चियन)	25 "
पं. मदनमोहन मालवीय जयंती	25 "
गुरु गोविन्द सिंह जयंती	29 "

सन् 2023 ई.

स्वामी विवेकानन्द जयंती	12 जन.
श्री रामानन्दाचार्य जयंती	14 "
नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती	23 "
लाला लाजपत राय जयंती	28 "
योगीराज बाबा लाल दयाल जयंती	02 फर.
श्री रामचरण स्नेही जयंती	04 "
गुरु रविदास ज.	05 "
समर्थ गुरु रामदास जयंती	15 "
महर्षि दयानन्द सरस्वती जयंती	15 "
श्री रामकृष्ण परमहंस जयंती	21 "
पं. लेखराम वीर जयंती	22 "
महर्षि याज्ञवल्क जयंती	24 "
संत श्री दादूदयाल जयंती	27 "
श्री चैतन्य महाप्रभु जयंती	07 मार्च
संत तुकाराम जयंती	09 "

सिक्ख गुरु पर्व (प्रा. मत से)

प्रकाश दिवस

खालसा पंथ साजना (2022)	14 अप्रै.
गुरु तेगबहादुर जी	21 "
गुरु अर्जुनदेव जी	23 "
गुरु अंगददेव जी	01 मई
गुरु अमरदास जी	15 "
गुरु हरगोविन्द जी	15 जून
गुरु हरकिशन जी	22 जुला.
गुरुग्रंथ साहिब जी (2022)	28 अग.
गुरु रामदास जी	11 अक्टू.
गुरु ग्रंथ साहिब जी गद्दी	27 "
गुरु नानकदेव जी	08 नवं
गुरु गोविन्द सिंह जी	29 दिसं.
गुरु हरराय जी (2023)	03 फर.

गुरुयाई मिली (प्रा. मत से)

गुरु नानकदेव जी	अवतार दिन से
गुरु अमरदास जी	02 अप्रै.
गुरु तेगबहादुर जी	14 "
गुरु हरगोविन्द जी	23 मई
गुरु अर्जुनदेव जी	29 अग.
गुरु रामदास जी	08 सितं
गुरु अंगददेव जी	15 "
गुरु हरकिशन जी	19 अक्टू.
गुरुग्रंथ साहिब जी (2022)	27 "
गुरु गोविन्द सिंह जी	26 नवं.
गुरु हरराय जी (2023)	19 मार्च

ज्योति जोत समाए (प्रा. मत से)

गुरु अंगददेव जी	05 अप्रै.
गुरु हरगोविन्द जी	06 "
गुरु हरकिशन जी	15 "
गुरु अर्जुनदेव जी	03 जून
गुरु रामदास जी	30 अग.
गुरु अमरदास जी	10 सितं.
गुरु नानकदेव जी	20 "
गुरु हरराय जी	19 अक्टू.
गुरु गोविन्द सिंह जी	29 "
गुरु तेगबहादुर जी	28 नवं.

प्रकाश दिवस

(नानकशाही कैलेण्डर से)
(शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अनुसार)

खालसा पंथ साजना	14 अप्रै.
गुरु अंगददेव जी	18 "
गुरु तेगबहादुर जी	18 "
गुरु अर्जुनदेव जी	02 मई
गुरु अमरदास जी	23 "
गुरु हरगोविन्द जी	05 जुला.
गुरु हरकिशन जी	23 "
गुरु ग्रंथ साहिब जी	01 सितं.
गुरु रामदास जी	09 अक्टू.
गुरु ग्रंथ साहिब जी गद्दी	20 "
गुरु नानकदेव जी	08 नवं.
गुरु गोविन्द सिंह जी (2023)	05 जन.
गुरु हरराय जी	31 "

गुरुयाई मिली

गुरु नानकदेव जी	अवतार दिन से
गुरु हरराय जी	14 मार्च
गुरु तेगबहादुर जी	16 अप्रै.
गुरु अमरदास जी	16 "
गुरु हरगोविन्द जी	11 जून
गुरु रामदास जी	16 सितं.
गुरु अर्जुनदेव जी	16 "
गुरु अंगददेव जी	18 "
गुरु हरकिशन जी	20 अक्टू.
गुरु गोविन्द सिंह जी	24 नव.

ज्योति जोत समाए

गुरु अंगददेव जी	16 अप्रै.
गुरु हरकिशन जी	16 "
गुरु अर्जुनदेव जी	16 जून
गुरु अमरदास जी	16 सितं.
गुरु रामदास जी	16 "
गुरु नानकदेव जी	22 "
गुरु हरराय जी	20 अक्टू.
गुरु गोविन्द सिंह जी	21 "
गुरु तेगबहादुर जी	24 नवं.
गुरु हरगोविन्द जी (2023)	19 मार्च

मेले एवम् उत्सवादि

मेला चीमा नानकसर (पंजाब)	02 अप्रै.
मेला गणगौर (जयपुर)	04 "
मेला माई सरखाना (पंजाब)	07 "
मेला बाहुफोर्ट (जम्मू-कश्मीर)	09 "
मेला ज्वालामुखी (हरचोवाल, गुरदासपुर)	09 "
मेला नैना देवी (हि.प्र.)	09 "
मेला श्री राम जन्मोत्सव (अयोध्या)	10 "
मेला वैशाखी उत्सव (पं.हरि.हि.)	14 "
मेला माता कांसा देवी (कांसल रोपड)प्र.	14 "
मेला देवी हथीहरा (कुरुक्षेत्र)	15 "
मेला बालासुन्दरी देवबंद (उ.प्र.)	15 "
मेला कशाधा नहयाणी सह (कुल्लू)	16 "
मेला मानकपुर शरीफ (पंजाब)	16 "
मेला हनुमान जयंती सालासर (राज.)	16 "
मेला पीपल जातर (कुल्लू)	29 "
मेला पिंजौर (हरियाणा)	30 "
मे. श्रीबांकेबिहारीजी चरणदर्शन (वृन्दा.)	03 मई
मेला आनी आउटर सिराज (कुल्लू)	07 "
मेला डूंगरी जातर (मनाली) प्रा.	14 "
मेला बंजार 4 दिन का प्रा. (कुल्लू)	14 "
मेला साढ़ी जातरनगर प्रा. (हि.प्र.)	18 "
मेला क्षीर भवानी (कश्मीर)	08 जून

पं. मदनमोहन मालवीय जयंती	25 "
गुरु गोविन्द सिंह जयंती	29 "
गुरु अंगददेव जी	15 "
गुरु हरगोविन्द जी	11 जून
मेला साढ़ी जातरनगर प्रा. (हि.प्र.)	18 "
मेला क्षीर भवानी (कश्मीर)	08 जून

आयभट्ट पचागम्

मेला गंगा दशहरा (हरिद्वार)	09 जून
मेला सपोर यात्रा धारलदा (ऊधमपुर)	10 "
मेला बरहं भटिण्डा (पंजाब)	10 "
मेला पीपलू (ऊना) हि.प्र.	10 "
मेला भून्तर (कुल्लू) प्रा. 3 दिन का	15 "
मेला पाण्डवों की बाड़ी का (सोलन)	15 "
मेला श्री जगन्नाथ रथयात्रा (पुरी)	01 जुला.
मेला शरीफ भवानी (कश्मीर)	08 "
मेला संतोष सिंह जी नानकसर चीमा प्रा.	09 "
मेला परिक्रमा नैमिषारण्य	13 "
मेला गुरु पूर्णिमा (कुराली)	13 "
मेला नैना देवी व चिंतपूर्णी (हि.प्र.)	05 अग.
मेला बाबा प्यारासिंह जी चमकौर प्रा.	05 "
मेला अमरनाथ दर्शन (कश्मीर)	12 "
मेला द्रौण दनकौर प्रा. (उ.प्र.)	18 "
मेला श्री कृष्ण जन्मोत्सव	19 "
मेला नंदोत्सव नन्दगांव, बरसाना	20 "
मेला कैलाश यात्रा (कश्मीर)	25
मेला सुथरेशाह (दिल्ली)	27 "
मेला राणीसती (झुंझुनू) राज.	27 "
मेला गुसाईं आंणा कुराली (पंजाब)	29 "
मेला गणेश जन्मोत्सव (मण्डी) हि.प्र.	31 "
मेला गणेश जन्मोत्सव (महा.)	31 "
मेला पट्टा प्रा. (कश्मीर)	01 सितं.
मेला देवछटी व्रजमण्डल व गौतम	02 "
मेला श्रीराधाजन्मोत्सव बरसाना (उ.प्र.)	03 "
मेला गरुड़ गोविन्द छटीकरा (उ.प्र.)	04 "
मेला बाबारामदेवजी पूर्ण रुणीचा व तारानगर	05 "
मेला चारभुजानाथ मेवाड़ (राज.)	06 "
मेला वामन द्वादशी अंबाला	07 "
मेला बाबासोढल व छपार (जालंधर)	09 "
मेला गोइंद वाल साहिब (तरनतारन)	10 "
मेला आशापति यात्रा (कश्मीर)	24
मेला फल्गु, पिहोवा (हरि.)	25 "
मेला ज्वालामुखी, तारादेवी (हि.प्र.)	03 अक्टू.
मेला हरचोवाल, गुरदासपुर (पं.)	03 "
मेला दशहरा (रावणदाह) सर्वत्र	05 "
मेला शाकंभरी देवी (उ.प्र.)	08 "
मेला देवि हथींहरा (कुरुक्षेत्र)	08 "
मेला महारासोत्सव (व्रजमण्डल)	09 "
मेला राधाकुण्ड स्नान गोवर्धन (उ.प्र.)	18 "
मेला दीपावली (अमृतसर)	24 "
मेला अन्नकूट गोवर्धन (उ.प्र.)	26 अक्टू.
मेला यमुना स्नान मथुरा (उ.प्र.)	27
मेला छठ पर्व (बिहार)	30 "
मेला जुगल जोड़ी परिक्रमा (वृंदावन)	02 नवं.
मेला रेणुका (नाहन) हि.प्र.	04 "
मेला बाबा रुद्रानंदनारी (ऊना)	04 "
मेला वीर वैरागी नकोदर (पंजाब)	06 "
मेला रामतीर्थ (अमृतसर)	08 "
मेला पुष्कर (राज.), गढ़गंगा (उ.प्र.)	08 "
मेला हरिहर क्षेत्र सोनपुर (बिहार)	08 "
मेला कपालमोचन (हरि.)	08 "
मेला पुरमण्डल देविका स्नान (जम्मू)	22 "
मेला श्रीबांके बिहारी जी प्रादु. (वृंदा.)	28 "
मेला श्री घालदास ज. रामधाम खेड़ापा	03 दिसं.
मेला दुदेहर साहिब (अमृतसर)	05 "
मेला कपर्दीश्वरयात्रा दर्शन (काशी)	07 "
मेला बांधायनसर 2 दिन प्रा. (बिहार)	19 "
मेला हतापन नाशन स्नान (चेन्नई)	23 "
मेला जोड़ फतेहगढ़ साहेब (पं.)	26 "
मेला संगीत (बाबा हरवल्लभ) प्रा. (जाल.)	28 "

सन् 2023 ई.

मेला लोहरी उत्सव (पं. हरि. हि.प्र.)	13 जन.
मेला माघी मुक्तसर (पंजाब)	14 "
मेला मकर संक्रांति (सर्वत्र)	14 "
मेला पौंगल पर्व (द.भा.)	14 "
मेला मौनी अमावस्या (प्रयाग व हरिद्वार)	21
मेला वसन्त पंचमी (सर्वत्र)	26 "
मेला वेणेश्वर (मुख्य) बांसवाड़ा	01 फर.
मेला पंचखण्डपीठ विराटनगर (राज.)	03 "
मेला माघी पूर्णिमा (उ.प्र.)	05 "
मेला नीलकण्ठ महादेव (उत्तरांचल)	18
मेला होलियां, होलाष्टक प्रा.	27 "
मेला फूलडोलोत्सव शाहपुरा (मेवाड़)	02 मार्च
मेला श्यामजी खाटू (राज.)	02 "
मेला पंखा झज्जर (हरि.)	08 "
मेला होला श्रीआनंदपुर साहिब (पं.)	08 "
मेला गुरु रामसहाय (देहरादून)	12 "
मेला बीरमदास बधौछी (पटियाला)	14 "
मेला केशरिया (मेवाड़)	15 "
मेला कैलादेवी 15 दिन का प्रा. (करौली)	15 "
मेला शीतला माता कुराली (पंजाब)	16 "
मेला पृथूदक् पिहोवा (हरि.)	20 "

पंचक सं. 2079 वि.

प्रारंभ			समाप्त		
तारीख		घं. मि.	तारीख		घं. मि.
28	मार्च	23।54	02	अप्रै.	11।21
24	अप्रै.	29।29	29	"	18।42
22	मई	11।12	26	मई	24।38
18	जून	18।43	23	जून	06।14
15	जुला.	28।17	20	जुला.	12।50
12	अग.	14।49	16	अग.	21।06
08	सितं.	24।39	13	सितं.	06।36
06	अक्टू.	08।28	10	अक्टू.	16।02
02	नवं.	14।16	06	नवं.	24।04
29		19।51	04	दिसं.	06।16
26	दिसं.	27।30	31	"	11।47
23	जन.23	13।51	27	जन.23	18।36
19	फर.	25।14	23	फर.	27।44
19	मार्च	11।17	23	मार्च	14।08

पचंक–धनिष्ठा नक्षत्र के तीसरे चरण से रेवती के अन्तिम चरण तक का समय अर्थात् कुंभ एवं मीन राशि से चन्द्रमा के गोचर के समय को पंचक कहा जाता है। मुहूर्त ग्रंथों एवं शास्त्रों के अनुसार पंचकों में नये भवन का निर्माण, घास की खरीद, अग्नि दाह, शैयादान, पंचकों में शवदाह, दक्षिण की यात्रा करना, खाट बुनना, घर के ऊपर छप्पर-शेड लगाना वर्जित है। साथ ही काष्ठ, घास एकत्रित करना भी वर्जित है परन्तु तम्बू लगाया जा सकता है।

गण्ड मूलादि नक्षत्र सं. 2079 वि.

प्रारंभ			समाप्त		
तारीख		घं. मि.	तारीख		घं. मि.
01	अप्रै.	10।40	03	अप्रै.	12।37
11	"	06।51	13	"	09।36
19	"	25।39	21		21।51
28		17।40	30	"	20।13
08	मई	14।57	10	मई	18।40
17	"	10।46	19	"	05।37
25	मई	23।19	27		26।26
04	जून	21।55	06	जून	26।25
13	"	21।24	15	"	15।33
21		29।03	24		08।04
01	जुला.	27।56	04	जुला.	08।43
11	"	07।50	12	"	26।21
19	जुला.	12।12	21	जुला.	14।17
29	"	09।47	31	"	14।20
07	अग.	16।30	09	अग.	12।18
15	"	21।07	17	"	21।57
25	"	16।16	27	"	20।26
03	सितं.	22।57	05	सितं.	20।05
12	"	06।59	14	"	06।57
21	"	23।47	23	"	27।50
30		28।18	02	अक्टू.	25।52
09	अक्टू.	16।20	11	"	16।17
19	"	08।02	21	"	12।28
28	"	10।42	30	"	07।25
05	नवं.	23।56	07	नवं.	24।37
15	"	16।12	17	"	21।20
24	"	19।37	26	"	14।58
02	दिसं.	29।45	05	दिसं.	07।15
12	"	23।36	14	"	29।16
21	"	30।33	23	"	25।13
30	"	11।24	01	जन.23	12।48
08	जन.23	30।05	11	"	11।50
18	"	17।22	20	"	12।40
26	"	18।56	28	"	19।06
05	फर.	12।13	07	फर.	17।45
14	"	26।01	16	"	22।53
22	"	28।50	24	"	27।26
04	मार्च	18।41	06	मार्च	24।05
14	"	08।13	16	"	06।24

गंड मूल–गंडान्त काल अशुभ काल फल दायक होता है। तिथि गंडान्त, नक्षत्र गंडान्त, लग्न गंडान्त में बालक का जन्म हो तो जीवित नहीं रहता, परन्तु यदि जीवित रह जाये तो धनी होता है। गंडान्त काल में विवाह आदि शुभ कार्य नहीं किये जाते। इसमें विशेषता यह है कि अभिजित संज्ञक मुहूर्त में शुभ कार्य करने से गंडान्त दोष नहीं होता। किसी आचार्य के मत से दिन में उत्पन्न कन्या को एवं रात्रि में उत्पन्न पुत्र को गंडान्त दोष नहीं होता। गंडान्त मूल में ज्येष्ठा, रेवती तथा आश्लेषा नक्षत्र के अन्तिम दो दंड तथा मूल, अश्विनी तथा मघा के प्रारम्भ के दो दंड वर्जित हैं।

ग्रहण विवरण संवत् 2079 विक्रमी वर्ष 2022-23 ई.

विक्रम संवत् 2079 (02 अप्रैल 2022 ई. से 21 मार्च 2023 मध्ये) में पृथ्वी पर सूर्य व चन्द्र के कुल 4 ग्रहण होंगे। जिनमें दो सूर्यग्रहण एवं दो चन्द्रग्रहण हैं। भारतीय भू-भाग पर चन्द्र का एक और सूर्य का एक ग्रहण दिखाई देंगे। भारतीय भू-भाग पर जो ग्रहण अदृश्य होगा, उसका धार्मिक महत्व-स्नान, दान, सूतकादि का विचार नहीं होगा।

1. खण्डग्रास सूर्यग्रहण (भारते अदृश्य) शनिवार ता. 30 अप्रैल 2022 ई.।
2. खग्रास चन्द्रग्रहण (भारते अदृश्य) सोमवार ता. 16 मई 2022 ई.।
3. खण्डग्रास सूर्यग्रहण (भारते दृश्य) मंगलवार ता. 25 अक्टूबर 2022 ई.।
4. खग्रास चन्द्रग्रहण (भारते दृश्य) मंगलवार ता. 08 नवंबर 2022 ई.।

भारत में दिखाई न देने वाले ग्रहणों का विवरण

1. खण्डग्रास सूर्यग्रहण (ता. 30 अप्रैल 2022 ई.)

वैशाख अमावस, शनिवार दिनांक 30 अप्रैल 2022 को रात्रि भा.स्टै.टा. 24|15 से ग्रहण प्रारम्भ होकर रविवार दिनांक 1 मई 2022 को भा.स्टै.टा. 04|08 तक चलेगा। इस ग्रहण को अंटार्कटिका, दक्षिणी प्रशांत महासागर, दक्षिणी एटलांटिक महासागर, फाकलैण्ड, अर्जेन्टीना, प्रागवे, चिली, उरुग्वे, बोलीविया में देखा जा सकेगा। भारत में दृश्य नहीं होने के कारण इसका सूतक-पातक दोष मान्य नहीं होगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का विवरण इस प्रकार है-

ग्रहण आरंभ	24|15	1 मई
ग्रहण मध्य	26|11	1 "
ग्रहण मोक्ष	28|08	1 "

ग्रहण की अवधि-3 घंटा 53 मिनट

2. खग्रास चन्द्रग्रहण (ता. 16 मई 2022 ई.)

वैशाख पूर्णिमा, सोमवार दिनांक 16 मई 2022 को प्रातः भा.स्टै.टा. 07|58 से ग्रहण प्रारम्भ होकर 12|21 तक चलेगा। यह चन्द्रग्रहण इटली, बेल्जियम, यू.के., अमेरिका, ग्वेटामाला, ब्राजील, फ्रांस, क्यूबा, मेक्सिको, अफ्रीका, नाईजीरिया, स्पेन, चिली, अर्जेन्टीना तथा पुर्तगाल में आशिंक रूप से तथा टर्की, इजिप्ट, होनोलूलू, ऐथेंस तथा हंगरी में देखा जा सकेगा। भारत में ग्रहण क्षितिज से नीचे होने से दृश्य नहीं होगा। भारत में दृश्य नहीं होने के कारण इसका सूतक-पातक दोष मान्य नहीं होगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का विवरण इस प्रकार है-

ग्रहण आरंभ	07|58	16 मई
खग्रास प्रारंभ	08|59	16 "
ग्रहण मध्य	09|41	16 "
ग्रहण मोक्ष	12|21	16 "

भारत में दिखाई देने वाले ग्रहण का विवरण

1. खण्डग्रास सूर्यग्रहण (ता. 25 अक्टूबर 2022 ई.)

कार्तिक अमावस, स्वाती नक्षत्र, तुला राशि, मंगलवार दिनांक 25 अक्टूबर 2022 को दोपहर भा.स्टै.टा. 14|28 (दिल्ली) पर प्रारम्भ होकर शाम भा.स्टै.टा. 18|32 (दिल्ली) तक चलेगा। यह सूर्यग्रहण सम्पूर्ण भारत के अलावा इस्लामाबाद (पाकिस्तान), काबुल, तजाकिस्तान, नूरसुल्तान तथा बिसकेक (कजाकिस्तान), ताशकंद, तेहरान, बगदाद, स्कॉटहोम, स्वीडन, हेलसिन्की (फिनलेन्ड), मास्को, टबलिसी (जोर्जिया), येरेवान (अरमानिया) में दिखाई पड़ेगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का विवरण इस प्रकार है-

स्वीडन, हेलसिंकी (फिनलैण्ड), ... टबलिसी (जोर्जिया), येरेवान (अरमानिया) में दिखाई पड़ेगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का विवरण इस प्रकार है-

ग्रहण प्रारंभ	14।28	25 अक्टूबर
ग्रहण मध्य	16।30	25 "
ग्रहण समाप्त	18।32	25 "
ग्रहण की अवधि	4 घंटा 04 मिनट	

ग्रहण वेध (सूतक)-ता. 25 अक्टूबर 2022 प्रात: 04।28 से शुरू हो जायेगा। ग्रहण वेध काल में बालक, वृद्ध और रोगी जनों को छोड़कर सूतक के समय भोजन, शयन, मूर्ति पूजा इत्यादि करना निषेध है। ग्रहण की अवधि में अन्न, वस्त्र, धन, स्वर्ण का दान विशेषफल दायक होता है तथा स्नान होम, देवपूजन, श्राद्ध, तर्पण, मन्त्रनुष्ठान का विशेष महत्व होता है। अत: ग्रहण से पीड़ित व्यक्ति ग्रहण समय में यथाशक्ति उक्त वस्तुओं का दान करें। ग्रहण की अवधि में सभी जल गंगा के समान पवित्र कहे गये हैं तथापि गर्म जल की अपेक्षा ठंडे पानी से स्नान अधिक पुण्यकारक माना गया है। अन्य व्यक्तियों द्वारा प्रदत्त जल की अपेक्षा स्वयं पानी लेकर स्नान करना श्रेष्ठ है। नदी, तालाब, सरोवर, समुद्र का जल पुण्यप्रद है। यदि इनमें से किसी स्थान पर जाकर स्नान करना सम्भव न हो तो स्नान के जल में सरसों, कूठ, हल्दी, दारु हल्दी, लोध्र, लाजा, सफली तथा मुरामांसी-इन औषधियों को जल में डालकर स्नान करने से ग्रहण के अनिष्ट फलों का नाश होता है तथा सूर्यादि सम्पूर्ण ग्रह शुभ फलदायक हो जाते हैं। गर्भवती स्त्री को शांत भाव से ईश्वर व जगत् जननी मां दुर्गा जी का कीर्तन व भजन करना चाहिए।

ग्रहण का मेषादि राशियों पर शुभाशुभ प्रभाव

मेष-दम्पति वियोग	वृष-रोग	मिथुन-अपमान	कर्क-सिद्धि
सिंह-लाभ	कन्या-हानि	तुला-घात	वृश्चिक-हानि
धनु-धन प्राप्ति	मकर-विध्वंश	कुंभ-चिन्ता	मीन-सौख्य

2. खग्रास चन्द्रग्रहण (ता. 8 नवंबर 2022 ई.)

कार्तिक पूर्णिमा, भरणी नक्षत्र, मेष राशि, मंगलवार दोपहर दिनांक 8 नवंबर 2022 को भा.स्टै.टा. 14।39 (दिल्ली) पर प्रारम्भ होने वाला खग्रास चन्द्रग्रहण सायं 18।19 तक चलेगा। दिल्ली में ग्रहण क्षितिज से नीचे होने के कारण पूर्णतया दृष्ट नहीं होगा। मात्र छाया मोक्ष समय में सायं 18।19 से 19।26 तक दिखाई पड़ेगा। भारत के अतिरिक्त यह ग्रहण डेट्रायट मिसिगन, मनीला, सेन फ्रान्सिसको, शिकागो, इलियन्स, ग्वाटेमाला, टोक्यो, वाशिंगटन डी.सी., होनोलूलू, न्यूयार्क, हवाना, लॉस ऐन्जिल्स, मेलबोर्न, मेक्सिको, बेंकाक, जकार्ता, यंगून, सियोल, कोलकाता, सिडनी, साओ पालो, ब्यूनस आयर्स, सेन्टिगो में दिखाई पड़ेगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का विवरण इस प्रकार है-

ग्रहण प्रारंभ	14।39	8 नवंबर
खग्रास प्रारंभ	15।47	8 "
ग्रहण मध्य	16।29	8 "
खग्रास समाप्त	17।12	8 "
ग्रहण समाप्त	18।19	8 "
छाया ग्रहण समाप्त	19।26	8 "

खग्रास ग्रहण अवधि-1 घंटा 25 मिनट, छाया ग्रहण अवधि-2 घंटा 15 मिनट

ग्रहण वेध (सूतक)-ता. 08 नवंबर 2022 ई., मंगलवार को प्रात: 08।29 से प्रारंभ हो जायेगा। ग्रहण वेध काल में बालक, वृद्ध और रोगी जनों को छोड़कर सूतक के समय भोजन, शयन, मूर्ति पूजा करना निषेध है। ग्रहण अवधि में दान-पूजन विशेष फलदायक होता है। गर्भवती स्त्री को शांत भाव से ईश्वर व जगत् जननी मां दुर्गा जी का कीर्तन व भजन करना चाहिए। ग्रहण मोक्ष के समय श्राद्ध और अन्न, वस्त्र, धन आदि का दान करें। पश्चात् स्नान अवश्य करें।

ग्रहण का मेषादि राशियों पर शुभाशुभ प्रभाव

मेष-घात	वृष-हानि	मिथुन-धन प्राप्ति	कर्क-विध्वंश
सिंह-चिन्ता	कन्या-सौख्य	तुला-दम्पति वियोग	वृश्चिक-रोग
धनु-अपमान	मकर-सिद्धि	कुंभ-लाभ	मीन-हानि

दैवज्ञ की दृष्टि में संसार चक्र संवत् 2079 वि.

आकाशीय परिषद् की गणना एवं विविध लग्नों तथा वर्ष प्रवेश, वर्षेश प्रवेश, आर्द्रा प्रवेश, लग्नानुसार मेदनीय ज्योतिष गणना से वि.सं. 2079 शाके 1944 का सारांश सूत्र के भविष्य संसार चक्र इस प्रकार रहेगा:

- ❑ नल नामक संवत्सर होने से अन्न तथा जल मध्यम होता है। तस्करी, चोरी, डकैती, लूटमार जैसी घटनाओं से प्रजा में सदैव भय बना रहता है।
- ❑ वर्ष का राजा शनि एवं मंत्री गुरु होने से राजनेताओं का परस्पर विरोध चरम पर रहेगा। अघोषित युद्ध जैसी परिस्थितियां सृजित होंगी। प्राकृतिक आपदा का योग बनता है।
- ❑ केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के वर्चस्व में पहले की अपेक्षा थोड़ी न्यूनता रहेगी, परन्तु राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ही सत्तारूढ़ होगी। केन्द्र व राज्य सरकारों में महिलाओं की सहभागिता बढेगी।
- ❑ पर्वतीय क्षेत्रों में भू-स्खलन, धरती फटना, बादल फटना जैसी प्राकृतिक आपदाओं का ताण्डव देखने को मिलेगा। आवागमन वाधित होने से सामान्य जन-जीवन पर असर पड़ेगा।
- ❑ संसद में किसान बिल पर पक्ष-विपक्ष का आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहेगा। जनसंख्या नियंत्रण एवं नियोजन, समान नागरिक सँहिता जैसे नये बिल भी प्रस्तावित होंगे।
- ❑ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार कोरोना महामारी के बीच प्रतिकूल परिस्थितियों में भी भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालते हुए विकास और प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेंगे।
- ❑ संवत् 2079 में मौसम की प्रतिकूलता से आम जन-जीवन परेशान रहेगा। अत्यधिक सर्दी एवं अत्यधिक गर्मी का प्रकोप बनेगा।
- ❑ देश में आपसी लड़ाई-झगड़े, साम्प्रदायिक दंगे, चोरी, डकैती, लूटपाट, बलात्कार, अग्निकांड जैसी उपद्रवी घटनाओं की अधिकता रहेगी।
- ❑ निजीकरण के मामला में हड़तालों, प्रदर्शनों से देश को कमजोरी जैसा वातावरण बनेगा। रोग, व्याधियों से जनता परेशान रहेगी।
- ❑ प्राकृतिक आपदाएं आंधी, तूफान, चक्रवात, बवंडर, हिमपात, भूस्खलन, अतिवृष्टि, अनावृष्टि से पैदावार में गिरावट आयेगी।
- ❑ समुद्रतटीय प्रदेशों में तेज आंधी-तूफान, चक्रवात, सुनामी का प्रभाव बनेगा। जिससे जान-माल की अभूतपूर्व हानि का योग बनेगा।
- ❑ चरित्र हनन् जैसी घटनाएं ज्यादा घटेंगी। हवाई यात्राओं का भी अपहरण-दुर्घटनाओं का दौर अधिक चलेगा।
हाथ का रूप और आकार हमारे जन्म लग्न की भांति भविष्यत् कथन का आधार बनता है। अर्थात् व्यक्ति के हाथ का सामान्य आकार और रूप उसकी प्रकृति और चरित्र की सूचना देता है तो रेखायें और उन पर बने चिन्ह दशा-अन्तर्दशा में घटने वाली घटनाओं को दर्शाते हैं। पर्वत यह निश्चित करते हैं कि व्यक्ति में कौन से गुण या अवगुण विद्यमान हैं तथा वह कौन सी आजीविका अपनायेगा। इसके साथ ही व्यक्ति के वर्ग विशेष में रहने की सूचना भी इन्हीं के माध्यम से मिलती है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि पर्वतों के सूक्ष्म निरीक्षण-परीक्षण करने के पशचत् एक कुशल रेखाविद् यह निश्चित कर लेता है कि सम्बद्ध व्यक्ति का हाथ किस वर्ग का है। प्रत्येक हाथ का वर्ग किंवा श्रेणी उसके मूल्य को दर्शाती है। यह सब कुछ ऐसा ही है जैसे एक मूर्तिकार विभिन्न मुखाकृतियों के प्रतिरूप मूर्तियां बनाता है और उनको श्रेणीबद्ध कर उनका मूल्य निश्चित करता है।

हस्त सामुद्रिक में अंगुलियों का आकार प्रकार और इन पर अंकित चिन्ह भी विशेष महत्व रखते हैं जैसे अंगुलियां वर्गाकार और छोटी हों व्यक्ति के संकीर्ण विचार युक्त होने की सूचना देती हैं। लम्बी वर्गाकार अंगुलियां व्यक्ति की मानसिक सबलता और तार्किक होने का संकेत देती हैं। अंगूठा व्यक्ति के हाथ में महत्वपूर्ण अंग है क्योंकि इस की सहायता के बिना अंगुलियां कुछ भी नहीं कर सकतीं। व्यक्ति का समग्र व्यक्तित्व अंगूठे में छिपा है। अंगूठे का मस्तिष्क से गहरा सम्बन्ध है, इस तथ्य की पुष्टि वैज्ञानिक भी करते हैं।

मस्तिष्क मानव देह का केन्द्रिय अंग है जो सारी देह के क्रिया कलापों का संचालन करता है। मस्तिष्क को गतिशील रखने में अनेक ज्ञानतन्तु अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। मस्तिष्क और हृदय में हो रहे रासायनिक अमलों का प्रतिरूप मानव की हथेली पर अंकित रेखायें हैं। हम जब किसी के मन और मस्तिष्क के भावों को पढ़ना चाहें तो हमें उसके करतल की रेखाओं को देखना-समझना होगा। अगली पंक्तियों में रेखा के आकार-प्रकार एवं इस पर बने चिन्हों के अनुसार व्यक्ति के जीवन में कैसी घटनायें होंगी इस पर प्रकाश डाला जा रहा है। आशा है पाठक वृन्द लाभान्वित होंगे।

आई०ए०एस० अधिकारी—यदि बुध की उंगली अर्थात् कनिष्ठिका लम्बी हो और उसका सिरा अनामिका के प्रथम पौर के आधे हिस्से को भी पार कर चुका हो और सूर्य रेखा उच्चकोटि की हो तो जातक आई०ए०एस० अधिकारी अथवा उच्च पदाधिकारी बनता है।

न्यायाधीश होने का योग—यदि गुरु पर्वत अधिक विकसित हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो, तर्जनी अंगुली अनामिका से बड़ी हो, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के प्रथम पौर के मध्य भाग तक पहुँच गया हो तो जातक न्यायाधीश होता है।

व्यवसायी होने का योग—यदि बुध पर्वत उभरा हुआ हो और निर्दोष हो, मस्तिष्क रेखा सीधी हो और बुध पर्वत तक जाती हो तो जातक सफल व्यापारी होता है।

पुलिस अधिकारी—मंगल पर्वत उभरा हुआ हो तथा उस पर उज्वल तारे का चिन्ह हो और शरीर हृष्ट-पुष्ट हो तथा भाग्य रेखा निर्दोष हो तो जातक सफल पुलिस अधिकारी बनता है।

इंजीनियर होने का योग—यदि शनि पर्वत विकसित हो और निर्दोष भाग्य रेखा शनि पर्वत पर आती हो, बुध पर्वत पर तीन चार खड़ी रेखा हों और सभी उंगलियां लम्बाई लिए हुए हों तो जातक इंजीनियर होता है।

डॉक्टर होने का योग—यदि बुध पर्वत और मंगल पर्वत ... पूर्ण रूप से विकसित हों, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के ... तो विवाह नहीं होता। **शराबी होने का योग**—चन्द्र पर्वत अधिक उठा हो तो प्राणी मद्य सेवी होता है।

डॉक्टर होने का योग— यदि बुध पर्वत और मंगल पर्वत पूर्ण रूप से विकसित हों, कनिष्ठिका का सिरा अनामिका के ऊपरी पोर के मध्य तक जाता हो, बुध पर्वत पर तीन खड़ी रेखाएं हों तो जातक डॉक्टर होता है। अगर मंगल की बजाय बृहस्पति पर्वत विकसित हो तो जातक सफल वैद्य होता है।

शिक्षक होने का योग—बृहस्पति पर्वत उभरा हुआ हो और उस पर क्रास का चिन्ह हो तथा इसके साथ ही सूर्य रेखा, भाग्य रेखा, निर्दोष हो तथा तर्जनी उंगली अनामिका से बड़ी हो तो व्यक्ति शिक्षक होता है।

अभिनेता-अभिनेत्री योग—अनामिका उंगली विशेष लम्बी हो और ऊपर से नोकदार हो, सूर्य रेखा पर नक्षत्र का चिन्ह हो, सभी उंगलियां कोमल और ढलवी हों, भाग्य रेखा पूरी लम्बाई लिए हुए हो तो जातक सफल अभिनेता या अभिनेत्री होती है।

साहित्यकार—हथेली में चन्द्र पर्वत और गुरु पर्वत उभरे हुए हों, अनामिका तर्जनी से लम्बी हो, सूर्य रेखा तथा बुध पर्वत निर्दोष हों तो जातक सफल साहित्यकार बनता है। अगर चन्द्र पर्वत से धनुषाकार रेखा बुध पर्वत की ओर आती हो तो जातक श्रेष्ठ कवि बनता है।

विवाह में अड़चन—(१) यदि विवाह रेखा कई स्थानों पर कटती हो, (२) चन्द्र पर्वत पर आड़ी तिरछी रेखाएं बनी हों।

अनमेल विवाह का योग—(१) यदि विवाह रेखा सूर्य रेखा को काटती हो तो अनमेल विवाह होता है, (२) यदि शुक्र पर्वत अधिक विकसित हो तब भी।

सुखहीन विवाह का योग—(१) यदि भाग्य रेखा पर क्रास हो, (२) विवाह रेखा पर द्वीप का चिन्ह हो, (३) शुक्र पर्वत कम उभरा हुआ हो।

तलाक होने के योग—(१)विवाह रेखा के अन्त में रेखाओं का गुच्छा हो, (२) यदि मंगल क्षेत्र से चलकर कोई रेखा विवाह रेखा को काटे तो पति-पत्नी पृथक् रहते हैं, (३) यदि विवाह रेखा से निकल कर एक शाखा मस्तिष्क रेखा से मिलती हो, (४) शुक्र पर्वत से प्रभाव रेखा जीवन रेखा को काटती हुई विवाह रेखा से मिलती है अथवा विवाह रेखा को काटती है तो तलाक होता है, (५) अविवाहित रहने का योगः- विवाह रेखा ऊपर अर्थात् कनिष्ठिका उंगली की ओर झुकी हो तो विवाह नहीं होता।

हस्त रेखा और रोग

- यदि चन्द्र पर्वत अत्यधिक उठा हुआ हो तो जातक को नजला जुकाम रहता है।
- यदि चन्द्र पर्वत जरूरत से ज्यादा उभरा हुआ हो और उस पर एक से अधिक क्रास अथवा बिन्दु हो तो जलोदर रोग होता है।
- यदि मस्तिष्क रेखा कई जगह से टूटी हुई हो तो जातक की स्मरण शक्ति कम होती है।
- यदि मस्तिष्क रेखा जरूरत से ज्यादा चौड़ी हो तथा उस पर काला धब्बा हो तो जातक को मस्तिष्क रोग होता है।
- यदि जीवन रेखा अंत में कई शाखाओं में बंट जाती हो तो वायु रोग होता है।
- यदि दोनों हाथों में मंगल रेखा पर शाखाएं निकली हों अथवा जीवन रेखा के प्रारम्भ में तारे का चिन्ह हो तो जातक को कैंसर रोग होने का भय होता है।
- यदि मंगल पर्वत पर तीन या तीन से अधिक बारीक-बारीक रेखाएं दिखाई दें तो जातक को गुप्तांगों के रोग रहते हैं।
- अगर स्वास्थ्य रेखा दूषित हो और हृदय रेखा जंजीरदार हो तो जातक को हृदय रोग होने का भय है।

अन्य अशुभ योग-

बाल्यावस्था में माता-पिता की मृत्यु—भाग्य रेखा के शुरू में त्रिकोण या द्वीप हो तो माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु होती है।

हत्यारा होने का योग—मंगल का पर्वत उठा हो, उस पर तारे का चिन्ह हो। शनि के नीचे-मस्तक रेखा पर नीले रंग की रेखा हो।

विदेश में मृत्यु—जीवन रेखा अंत में दो शाखाओं में बंट जाए और उसमें से एक शाखा चन्द्र स्थान पर जाए तो विदेश में मृत्यु होती है।

मुकद्दमेबाजी में जायदाद और धन नाश होना—दोनों हाथों में मंगल पर्वत का काला धब्बा, तिल या अन्य चिन्ह हो तो मुकद्दमेबाजी में जायदाद बर्बाद होती है।

शराबी होने का योग—चन्द्र पर्वत अधिक उठा हो तो प्राणी मद्य सेवी होता है।

अकाल मृत्यु का योग—(१) जीवन रेखा कटी हुई हो, हृदय रेखा शनि पर्वत को स्पर्श करती हो तो जातक की अकाल मृत्यु होने का भय होता है, (२) जीवन रेखा दोनों हाथों में छोटी हो अथवा टूटी हुई हो, मस्तिष्क रेखा तथा हृदय रेखा बुध पर्वत के नीचे आपस में मिली हो तो अकाल मृत्यु होती है।

हथेली पर तिलः-

- यदि लाल रंग का तिल मस्तिष्क रेखा के ऊपर हो तो जातक के लिए सिर पर चोट लगने का खतरा रहता है।
- शनि पर्वत पर काला तिल जातक के प्रणय सम्बन्धों में निराशा लाता है। पति-पत्नी के आपसी झगड़े के कारण उनमें से एक को आत्महत्या करनी पड़ती है।
- चन्द्र पर्वत पर काला तिल पानी में डूबने से मृत्यु का होना। जातक को प्रेमी अथवा प्रेमिका धोखा देती है।
- हृदय रेखा पर गहरे काले रंग का तिल हो तो जातक को हृदय रोग होने की सम्भावना रहती है।
- जिस व्यक्ति के बुध पर्वत पर काला तिल हो, वह व्यक्ति ठग, कपटी तथा धूर्त होता है। ऐसे व्यक्ति से व्यापार में भागीदारी नहीं करनी चाहिए।
- बृहस्पति के पर्वत पर काला तिल हो तो विवाह में बाधा आती है।
- शुक्र पर्वत पर काला तिल जातक को अत्यधिक भोगी बनाता है जिससे वीर्य दूषित हो जाता है।
- जीवन रेखा पर काला तिल हो तो दिमाग पर चोट लगने का डर रहता है तथा शत्रु द्वारा आघात लगने का भी खतरा रहता है।
- भाग्य रेखा पर काला तिल भाग्योदय में बिलम्ब तथा संघर्ष का सूचक है।
- यदि सूर्य रेखा पर काला तिल हो तो जातक को असफलता का सामना करना पड़ता है तथा धन हानि होती है।
- यदि अंगूठे के मूल में काला तिल हो तो जातक के प्रथम सन्तान की मृत्यु हो अथवा गर्भ-क्षय हो।

मुखाकृति से भविष्य ज्ञान

वर्गाकार मुखाकृति—वर्गाकार मुखाकृति वाले व्यक्ति पृथ्वी तत्व प्रधान व्यक्ति होते हैं। ऐसे व्यक्तियों की मुखाकृति की तस्वीर लेकर अगर चारों ओर लाइन लगा कर चतुष्कोण खींचा जाए तो इनका चेहरा चतुष्कोण में पूरा फिट आ जाएगा। यह जातक स्वस्थ सुडौल एवं शक्तिसम्पन्न होते हैं। इनमें उद्योगशीलता, व्यावहारिकता तथा संचय करने की प्रवृत्ति एवं गुण पाए जाते हैं। यह लोग भौतिक साधनों से सम्पन्न सुखी समृद्ध होते हैं। यह लोग सिद्धान्तों पर चलने वाले होते हैं और दूसरे के प्रभाव में आकर आसानी से अपने सिद्धान्त नहीं बदलते। अगर इनके चेहरे में, पृथ्वी तत्व की अत्यधिक मात्रा हो तो यह व्यक्ति हठी, अदूरदर्शी, आलसी, विलासी होते हैं तथा अपनी अकर्मण्यता के कारण बाद में दुखी होते हैं।

वर्गाकार मुखाकृति वाली स्त्रियों का शरीर स्थूल होता है। इनकी चाल धीमी तथा मतवाली होती है। ऐसी स्त्रियां कर्मठ, व्यवहारकुशल तथा मनमौजी होती हैं। अगर इनकी मुखाकृति में पृथ्वी तत्व अत्यधिक मात्रा में हो तो यह स्वभाव तथा चरित्र की दृष्टि से दुर्बल होती हैं।

वृत्ताकार मुखाकृति—वृत्ताकार मुखाकृति वाले जल तत्व प्रधान होते हैं। यदि इनके चेहरे का चित्र लेकर एक गोले में फिट किया जाए तो उनमें यह लगभग फिट हो जाता है। ऐसे जातक के गाल भरे हुए मांसल एवं स्निग्ध होते हैं। इनका शरीर स्थूल तथा उदर लम्बा होता है। यह लोग भावुक, कल्पनाशील, प्रसन्नचित्त, सहृदय, स्वप्नदर्शी मिलनसार एवं संवेदनशील होते हैं। यह लोग आराम पसंद जीवन बिताना पसन्द करते हैं तथा संघर्ष से दूर भागते हैं। जिनके चेहरे पर जल तत्व का अत्यधिक प्रभाव हो वह निराशावादी और अकर्मण्य होते हैं।

गोल चेहरे वाली औरतें श्रृंगारप्रिय हावभाव वाली, बुद्धिमती तथा पतिव्रता, उदार हृदय, स्नेही तथा चंचल होती हैं। अगर जल तत्व का अत्यधिक प्रभाव हो तो यह दुर्बल, निराश एवं रोगग्रस्त होती हैं।

सूच्याकार मुखाकृति—सूच्याकार मुखाकृति वाले व्यक्ति अग्नि तत्व प्रधान होते हैं। अगर इनके चेहरे की तस्वीर चतुष्कोण में फिट की जाए तो ललाट वाला ऊपर का भाग चौड़ा होगा और नीचे का ठोड़ी वाला भाग संकरा होगा अथवा यूं कहा जा सकता है कि इनके चेहरे की आकृति बाल्टी की आकृति जैसी होगी। कोनों में गोलाई नहीं होगी। ऊपर का भाग विस्तृत होने के कारण यह लोग बुद्धिमान, चिंतक, दूरदर्शी, साहसी, स्वस्थ एवं समृद्ध, स्पष्ट वक्ता, अभिमानी, नेतृत्वप्रिय एवं हठी होते हैं। यह लोग शक्ति में विश्वास करते हैं और अगर कहीं वाद-विवाद में उलझ जाएं तो पीछे नहीं हटते। यह लोग रचनात्मक एवं ध्वंसात्मक दोनों प्रकार के कार्य करते हैं। अगर चेहरे पर अग्नि तत्व का अधिक प्रभाव हो तो जातक अत्यन्त क्रोधी, हिंसात्मक एवं पाशविक वृत्ति वाला होगा।

सूच्याकार मुखाकृति वाली स्त्रियां स्वाधीनताप्रिय, असहिष्णु एवं वाचाल होती हैं। गृहस्थ जीवन में यह औरतें सफल नहीं होतीं क्योंकि जरा-सी बात पर इनको क्रोध आ जाता है। हां, नौकरी, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में यह स्त्रियां उन्नति कर सकती हैं।

अंडाकार मुखाकृति—अंडाकार मुखाकृति वायु तत्व प्रधान मुखाकृति होती है। इनका ललाट विशाल एवं उन्नत तथा हनु और कपोल एक विशेष प्रकार मुड़ी उतार होते हैं। जातक सामान्य कद के, पुष्ट शरीर एवं उभरे स्निग्ध गालों वाले, आकर्षक और लुभावने होते हैं। यह व्यक्ति आशावादी, स्वच्छन्द, साहसी होते हैं तथा हर बात तर्क से करते हैं। यह हमेशा ज्ञान की जिज्ञासा, आनन्द की खोज, शान्ति की चाह रखते हुए प्रगति की राह पर चलते हैं। अगर चेहरे का नीचे का भाग पुष्ट हो तो यह व्यक्ति प्रेम और सौन्दर्य की इच्छा, काम पिपासा तथा व्यर्थ आचरण की कामना रखते हैं।

यदि इन व्यक्तियों का चेहरा उल्टे अण्डे की तरह हो अर्थात् इनका ललाट का भाग संकुचित हो और नीचे का भाग विस्तृत हो तो ऐसे व्यक्तियों की बुद्धि इतनी विकसित नहीं होती। यह लोग हास्य एवं व्यंगप्रिय, मनमौजी, उथले स्वभाव के होते हैं। चेहरे के नीचे के भाग में वायु तत्व की प्रधानता जातक को असत्यवादी, अस्वस्थ एवं चिड़चिड़ा बनाती है।

अंडाकार मुखाकृति वाली स्त्रियां सामान्य होती हैं परन्तु थोड़े प्रयत्न से अच्छा जीवन साथी सिद्ध हो सकती हैं।

उल्टे घड़े समान मुखाकृति—ऐसे जातक को देखकर ऐसा लगता है जैसे शरीर पर गर्दन सहित उल्टा घड़ा रखा हो। इनमें आकाश तत्व की प्रधानता होती है। इनके चेहरे पर अद्‌भुत कांति तथा आंखों में विशेष तेज होता है। यह लोग उदार हृदय, महत्वाकांक्षी, स्वाभिमानी एवं आदर्शयुक्त, एकान्तप्रिय, सौम्य, तेजस्वी, आध्यात्मवादी, आत्मबली एवं असाधारण प्रवृति के व्यक्ति होते हैं। यह अपने क्षेत्र में उच्च पद पर होते हैं तथा लोगों का तथा समाज का जिसमें भला हो, ऐसा कार्य करते हैं।

अध्ययन के लिए चेहरे को तीन भागों में बांटा जाता है:—

(१) ललाट क्षेत्र (२) नासिका क्षेत्र तथा (३) मुख क्षेत्र।

ललाट क्षेत्र का विकास व्यक्ति की मानसिक, बौद्धिक एवं सात्विक शक्ति का सूचक है। नासिका क्षेत्र मनुष्य की भौतिक, व्यावहारिक एवं राजसी प्रवृत्तियों का सूचक है। मुख क्षेत्र जातक की जैविक, वासनात्मक एवं तामसिक इच्छाओं का सूचक है।

जिस जातक का ललाट एवं नासिका क्षेत्र उन्नत, विकसित तथा विस्तृत होता है वह बुद्धिमान, ज्ञानवान, विचारशील, व्यवहारिक, चतुर तथा साहसी होता है तथा जीवन में सफल होता है। यश, धन, सुख तीनों को प्राप्त करके जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।

जिस जातक के ललाट एवं मुख क्षेत्र विकसित, उन्नत एवं विस्तृत हों वह गम्भीर, धीमा, चतुर, चालाक, धूर्त, कामी, दम्भी, विचारवान, समय और स्थिति को पहचानने वाला होता है। यह व्यक्ति अधिक स्वार्थी होता है और जरूरत पड़ने पर असत्य एवं अन्याय का भी सहारा लेता है।

जिस जातक के नासिका क्षेत्र एवं मुख क्षेत्र विस्तृत, उन्नत, विकसित हों, विशेषकर मुख क्षेत्र नासिका क्षेत्र से अधिक विकसित एवं उन्नत हो ऐसा व्यक्ति कामी, वासनायुक्त, असभ्य, मन्दबुद्धि, हिंसक होगा। यदि नासिका क्षेत्र, मुख क्षेत्र से अधिक विकसित हो तो जातक उत्तेजित, आक्रामक, द्रुतगामी, स्पष्टवक्ता, मनमौजी, संरक्षक एवं न्यायप्रिय होगा।

स्त्रियों के तिलादि एवं हस्त रेखा का विचार

स्त्रियों की हस्त रेखा विचार

यदि किसी स्त्री के हाथ में बुध क्षेत्र पर छोटी-छोटी

स्त्रियों के तिलादि एवं हस्त रेखा का विचार

भारतीय सामुद्रिक शास्त्र के विद्वानों ने स्त्री शरीर पर पाये जाने वाले तिलों के सम्बन्ध में अनेक तथ्यों का विश्लेषण किया है। इनमें कुछ मुख्य बातों का उल्लेख करते हैं—

यदि किसी स्त्री के भौंहों के मध्य भाग में तिल चिह्न हो तो उसे राज्य प्राप्ति का लक्षण समझना चाहिए। यदि स्त्री के बायें कपोल पर लाल रंग का तिल हो तो वह मिष्ठान्न भोजन प्राप्त करने वाली होती है।

यदि किसी स्त्री के हृदय स्थान पर तिल हो तो उसे सौभाग्य सूचक समझना चाहिये। यदि दायें स्तन पर लाल रंग का तिल हो तो ऐसी स्त्री तीन कन्या तथा दो पुत्रों को जन्म देती है। यदि बायें स्तन पर लाल रंग का तिल हो तो स्त्री पहले बच्चे को जन्म देने के बाद विधवा हो जाती है।

यदि किसी स्त्री की नाभि के निचले भाग में तिल का चिह्न हो तो उसे शुभ समझना चाहिये। यदि गुप्त स्थान में तिल हो तो वह दारिद्रय कारक होता है। हाथ, कान, कपोल, कंठ अथवा बाईं ओर के किसी अंग में तिल हो तो ऐसी स्त्री अपने प्रथम गर्भ से पुत्र को जन्म देती है।

जिस स्त्री के बायें गाल पर लाल रंग का तिल हो तो, सदैव समधुर श्रेष्ठ भोजन प्राप्त करती है।

जिस स्त्री के ललाट पर काले रंग का चमकीला तिल हो तो वह पांच पुत्रों की माता तथा सौभाग्यवती होती है। ऐसी स्त्री स्वभाव से धार्मिक तथा दयालु प्रकृति की होती है।

मस्सा विचार

जिस स्त्री के कृण्ठ, होंठ, दायें हाथ अथवा बायें कान पर मस्सा हो तो उसके पुत्र उच्च पद प्राप्त करते हैं।

जिस स्त्री के बायें गाल पर लाल रंग का मस्सा हो, तो वह सदैव विभिन्न प्रकार के भोजन प्राप्त करती है। जिस स्त्री की दोनों भौहों के मध्य भाग में मस्सा हो तो वह स्वयं सर्विस के ऊंचे पद को प्राप्त करती है।

नख विचार

बन्धूक पुष्प के समान लाल रंग के तथा ऊंचे उठे हुए नखों वाली स्त्री, ऐश्वर्य शालिनी होती है। टेढ़े, खुरदरे विवर्ण, श्वेत तथा चमकतेदार नाखून होने से स्त्री दरिद्रा होती है। जिन स्त्रियों के नखों पर स्वेत रंग के बिन्दु होते हैं, वे प्राय: व्यभिचारिणी होती हैं। चिकने सुन्दर रंग के अरुणाभायुक्त, बैडूर्य अथवा मोती के समान चमकदार तथा श्वेत बिन्दु युक्त चिह्न सुख देने वाले होते हैं।

चपटी, मोटी, रूखी तथा जिनके पुष्टभाग पर रोम हों, ऐसी अंगुलियां अशुभ होती हैं। अत्यन्त छोटी, पतली, गहरे लाल रंग की तथा विरल अंगुलियां रोग देने वाली होती हैं। यदि अंगुलियों में तीन से अधिक पर्व हों तो उस स्त्री को दु:ख प्राप्त होता है।

यदि अंगुलियां गोलाई लिए हुए हों, उनके पर्व बराबर हों वे आगे से पतली कोमल त्वचा युक्त तथा गांठ रहित हों तो ऐसी स्त्री सुख भोगने वाली होती है।

यदि अंगुलियां बहुत छोटी हों तथा दोनों हाथों से अंजुलि बनाने पर उनके बीच में छेद रहें तो ऐसी स्त्री अपने पति के घर को खाली कर देती है। अर्थात् वह धन का संचय करने वाली नहीं होती, खर्चीली होती है।

स्त्रियों के हाथ में गोल, सीधा तथा गोल नाखून वाला कोमल अंगूठा शुभ होता है। जिस स्त्री के अंगूठे अथवा अंगुलियों में यव का चिह्न हो तथा उस यव (जौ) चिह्न के ऊपर तथा नीचे की रेखा बराबर हो तो ऐसी स्त्री धन-धान्य से अत्यधिक सम्पन्न तथा सुख भोगने वाली होती है। यदि किसी स्त्री के हाथ का अंगूठा चौड़ा फैला हुआ हो तो वह विधवा होती है। यदि किसी स्त्री के हाथ का अंगूठा लंबा हो तो वह भाग्य हीन होती है।

स्त्रियों की हस्त रेखा विचार

यदि किसी स्त्री के हाथ में बुध क्षेत्र पर छोटी-छोटी कई खड़ी रेखायें हों तो वह बहुत बातूनी होती है। यदि किसी स्त्री के हाथ में बुध का पर्वत सूर्य की ओर झुका हुआ हो तो उसे वैधव्य का कष्ट भोगना पड़ता है। उसका पति दुराचारी तथा व्यसनी होता है।

यदि किसी स्त्री के दायें हाथ में भाग्य रेखा के दाईं और अथवा बायें हाथ में भाग्य रेखा के बाईं ओर चतुष्कोण में नक्षत्र चिह्न हो तथा हृदय रेखा टूटी हुई हो तो उसका किसी पुरुष अथवा अपने पति से अत्यधिक प्रेम होता है।

यदि किसी स्त्री के हाथ की तर्जनी उंगली के द्वितीय पर्व पर नक्षत्र चिह्न हो तथा उसके दोनों ओर एक-एक खड़ी रेखा भी हो तो ऐसी स्त्री पतिव्रता होती है।

यदि किसी स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा का उदय चन्द्र पर्वत से हुआ हो वह स्पष्ट रूप से आगे बढ़ती हुई शनि के पर्वत पर चली गई हो तो ऐसी स्त्री विवाह के बाद अपने पति के अधीन रहती है। यदि स्त्री के दायें हाथ में भी ऐसी ही रेखा हो तो उसको उन्नति तथा भाग्योदय में सहायता प्राप्त होती है।

यदि स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा चन्द्र पर्वत से उत्पन्न होकर गुरु पर्वत पर गई हो तो वह धनी पुरुष की पत्नी होती है तथा उसे सुख, यश एवं विदेश गमन आदि से लाभ प्राप्त होते रहते हैं।

यदि विवाह रेखा में से एक शाखा हृदय-रेखा की ओर लटकी हुई हो परन्तु हृदय रेखा से मिली न हो तो ऐसी स्त्री का पति शराबी होता है और उसके नशे में अपनी पत्नी को दु:ख देता है। स्त्री के हाथ और पाँव की उंगलियां यदि टेढ़ी-बांकी हों तो वैधव्य अथवा हीनता का लक्षण समझना चाहिए। हृदय-रेखा श्रृंखलाकार होकर बीच में शनि क्षेत्र की ओर झुकी हुई हो तो ऐसी रेखा वाली स्त्रियों को पुरुषों की परवाह नहीं रहती।

प्रश्न विचार

जिस भाव सम्बन्धी विषय का विचार करना हो उस भाव का स्वामी कार्येश कहलाता है, और लग्न का स्वामी लग्नेश कहलाता है। अगर प्रश्न लग्न में निम्नलिखित योग हों तो कार्यसिद्धि होती है—

१. लग्न का स्वामी कार्यभाव में हो और कार्येश लग्न में हो।
२. लग्न का स्वामी लग्न में हो और कार्यभाव का स्वामी कार्यभाव में हो।
३. यदि लग्न का स्वामी और कार्यभाव का स्वामी दोनों ही लग्न में हों।
४. लग्नेश और कार्येश दोनों कार्यभाव में हों।

इन चारों योगों में से कोई एक योग हो तथा लग्नेश और कार्येश इन दोनों पर चन्द्रमा की दृष्टि हो और चन्द्रमा को भी लग्नेश कार्येश देखे तो कार्य सिद्धि जाननी चाहिए। यदि चन्द्रमा मित्रक्षेत्री हो तो और भी अधिक शुभ जानना चाहिए।

यदि लग्नेश कार्येश के ऊपर चन्द्रमा की दृषिट न हो तथा अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो प्रश्न सम्बन्धी कार्य से भिन्न कोई नवीन शुभ प्रयोजन उत्पन्न हो।

लग्नेश लग्न को और कार्येश कार्य भाव को देखता है तो कार्यसिद्धि होगी। यह कार्यसिद्धि तब होगी जब चन्द्रमा कार्यभाव पर आएगा।

धन लाभ कब होगा

१. लग्न का स्वामी लेने वाला होता है और ग्यारहवें स्थान का स्वामी देने वाला होता है। जब लग्नेश और एकादशेश का योग होता है और चन्द्रमा लाभ भाव को देखता है तो लाभ होता है।
२. यदि लग्नेश छठे, आठवें, बारहवें घर में हो तो धन का नाश होता है।

गर्भ सम्बन्धी प्रश्न

१. यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को न देखता हो और पाप ग्रह पंचम भाव में स्थित हो या पंचम भाव को देखता हो तो गर्भपात हो जाएगा।
२. यदि पंचम भाव का स्वामी पंचम भाव को देखता हो तो प्रसव होता है।
३. यदि प्रश्नकाल में जिस किसी चार स्थानों में दो-दो ग्रह हों तो एक साथ दो सन्तानों का प्रसव होता है।
४. प्रश्न लग्न से शुक्र जितने संख्यक स्थान में स्थित हो उतने महीने पर्यन्त गर्भ की स्थिति कहना और शुक्र यदि दसवें, ग्यारहवें, बारहवें भाव में हो तो पंचम भाव से लेकर शुक्र के स्थान तक गिनकर मास संख्या जानी जाती है।

यदि गर्भिणी स्त्री पिता के घर में हो तो पिता से धारित नाम और पति के घर में हो तो ससुराल का नाम ग्रहण करके जो अक्षर संख्या हो उसमें पति की नामाक्षर संख्या मिलाने फिर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर प्रश्न पूछने के दिन तक जो तिथि हो यहां तक गिनकर जोड़ दें, योगांक में तीन का भाग दें, एक शेष बचे तो पुत्र, दो बचें तो कन्या, शून्य बचे तो गर्भ नहीं है या गर्भ गिर जाएगा अथवा उत्पन्न होने पर भी उस गर्भ की सन्तति का नाश होगा, ऐसा कहना चाहिए।

सन्तान सम्बन्धी प्रश्न

- पंचम भाव में बुध या शुक्र हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति सम्भव है।
- ग्यारहवें भाव में चन्द्रमा हो तो जातक को कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
- लग्नेश की पंचम भाव में स्थिति और पंचमेश तथा बृहस्पति का बलवान् होना भी सन्तति कारक योग बनाता है।
- शुभ ग्रह दृष्ट लग्नेश और पंचमेश का केन्द्रस्थ होना सन्तान योग बनाता है।
- यदि पाँचवें भाव में सूर्य, मंगल और राहु तीनों ही हों तो सन्तान देर से होगी।
- यदि पांचवें भाव में केतु हो तो सन्तान की प्राप्ति में देर होगी।
- यदि प्रश्न कुण्डली में चौथे भाव में पाप ग्रह और पाँचवे भाव में बृहस्पति हो तो सन्तानाभाव का योग है।
- यदि तीसरे और आठवें भाव में शनि हो तो सन्तान नहीं होगी।
- यदि दूसरे, पांचवें या दशम भाव में मंगल हो तो पुत्रहीन योग बनता है।
- यदि पांचवें भाव में शनि और राहु के साथ सूर्य हो तो सन्तान उत्पन्न होते ही नष्ट हो जाती है।

भूमि, मकान सम्बन्धी प्रश्न

- यदि चतुर्थ भाव में शनि द्वारा दृष्ट राहु स्थित हो तो बटवारे में भूमि मकान आदि की प्राप्ति होती है।
- यदि चतुर्थेश द्वितीय अथवा ग्यारहवें भाव में हो तो भूमि आदि का प्रचुर लाभ होता है।
- यदि चतुर्थ भाव शुभ ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट हो तो जातक को घर, भूमि की प्राप्ति होती है।
- यदि बृहस्पति और शुक्र से दृष्ट चतुर्थेश त्रिकोण अथवा केन्द्र में हो तो जातक अपने परिश्रम से भूमि, मकान, खेत आदि प्राप्त करता है।
- यदि चतुर्थेश और दशमेश में राशि परिवर्तन योग हो तो जातक को घर, भूमि, खेती, बगीचा आदि की प्राप्ति शीघ्र होती है।

मुकदमें में जीत हार

१. यदि प्रश्न समय पाप ग्रह लग्न में बैठा है तो वादी जीते और यदि वही पाप ग्रह नीच राशि में, सूर्य के सानिध्य से अस्त या शत्रुग्रह के राशि में हो तो वादी नहीं जीतेगा अर्थात् उसकी हार होगी।
२. यदि सप्तम भाव में बली पापग्रह हो तो शत्रु की विजय हो।
३. यदि लग्न और सप्तम भाव में बराबर पापग्रह हों और वह बराबर बली हों तो मुकद्दमा अथवा लड़ाई देर तक चले और अन्त में दोनों घरों में जो ग्रह अधिक बली होगा उस भाव वाला जीतेगा— प्रश्न लग्न वाला पापग्रह अधिक बली होगा तो वादी की जीत होगी। अगर सप्तम भाव स्थित पाप ग्रह अधिक बली होगा तो प्रतिवादी की जीत होगी।

विवाह में, शत्रु को मारने में, युद्ध में, संकट (आवश्यक विवाद यात्रादि) में भी पापग्रह लग्न में हों तो विजय होती है और प्रश्न लग्न पर पापग्रह की दृष्टि हो तो पराजय होती है।

प्रवासी सम्बन्धी प्रश्न

अगर कोई प्रश्न करे कि अमुक पुरुष विदेश गया है, घर नहीं पहुँचा, बंधा हुआ है या मर गया है?

१. यदि प्रश्न लग्न में पापग्रह हो तो वह मारा नहीं गया है और बन्धन में भी नहीं है अर्थात कुशल से है, ऐसा कहना।
२. प्रश्न लग्न से सप्तम या अष्टम भाव में यदि पापग्रह, अथवा लग्न और सप्तम इन दोनों में पापग्रह हों तो मरण व बन्धन कहना।

यदि प्रश्नकाल में चर राशि अर्थात् मेष, कर्क, तुला और मकर इनमें से कोई राशि लग्न में हो तथा चर राशि का नवांश भी लग्न में हो और लग्न से चौथे भाव में चन्द्रमा हो तो विदेशी अपने घर पहुँच गया ऐसा कहना।

प्रवासी का आगमन

१. प्रश्नकाल में केन्द्र से द्वितीय स्थानों (दूसरे, पाँचवें, आठवें, ग्यारहवें) में ग्रह प्राप्त हो तो विदेश गए व्यक्ति का आगमन कहना। अगर दूसरे, पाँचवें, आठवें और ग्यारहवें भाव में ग्रह न हों तो गोचर में जब इन भावों में ग्रह आने की सम्भावना हो तो प्रवासी तब लौट कर आएगा ऐसा कहना।
२. सातवें केन्द्र को छोड़कर अन्य केन्द्र भाव (१, ४, १०) से द्वितीय भाव (२, ५, ११) में चन्द्रमा हो तो विशेष रूप से आगमन कहना।

रोगी के जीवन मरण का विचार

१. यदि प्रश्न लग्न से सप्तम, द्वादश और दूसरे भाव में पापग्रह हों और लग्न, छठे, आठवें भाव में चन्द्रमा हो तो शीघ्र मृत्यु करने वाला योग होता है अथवा चन्द्रमा के दोनो तरफ यदि पापग्रह हों तो भी शीघ्र मृत्यु कारक योग होता है।
२. लग्न में सूर्य और सातवें भाव में चन्द्रमा हो तो भी मृत्यु योग होता है।

अगर जीवन-मरण प्रश्न का न होकर अन्य विषय सम्बन्धी हो तो मृत्यु योग नहीं कहना, खाली कठिनाईयां आएंगी ऐसा कहना।

बन्धन एवं दण्ड विषयक प्रश्न विचार

१. दूसरे-बारहवें अथवा पांचवें-नवें भाव में पाप ग्रह हो तो जातक को कारावास दण्ड भोगना पड़ेगा।
२. चौथे भाव में मंगल और दसवें भाव में शनि हो तो लम्बे कारावास या मृत्युदण्ड का सूचक है।
३. यदि नवम भाव में शुक्र, शनि और सूर्य तीनों एक साथ बैठें हों तो किसी घृणित अपराध में दण्ड भुगतना होगा।
४. यदि लग्नेश और षष्ठेश राहु, केतु से युक्त या दृष्ट होकर केन्द्र अथवा त्रिकोण में बैठे हों तो कठोर कारावास का दण्ड मिलेगा।

अमुक वस्तु खरीदने में लाभ रहेगा

प्रश्नलग्न का स्वामी खरीदने वाला और ग्यारहवें भाव का स्वामी बेचने वाला होता है। यदि लग्न का स्वामी लग्न को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो उस वस्तु को खरीदने से प्रश्नकर्ता को लाभ होता है। लग्न का [illegible]

जिस ग्रहकर लग्न को जितनी दृष्टि से देखता हो, उतना ही लाभ होगा। अर्थात एक चरण दृष्टि से देखता हो तो सवाया लाभ, दो चरण दृष्टि से देखता हो तो ड्योढ़ा लाभ, ऐसा जानना।

आमुक वस्तु बेचने में लाभ रहेगा

प्रश्नकाल में प्रश्न लग्न से एकादश भाव बलवान हो तो खरीदी हुई वस्तु बेचने में लाभ होगा, अर्थात् एकादश भाव का स्वामी एकादश भाव में हो या एकादश भाव को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो लाभ होगा, ऐसा कहना।

अमुक वस्तु सस्ती रहेगी या महंगी

१. ऐसे प्रश्न में जिस ग्रह से लग्न बलयुक्त होता है वह ग्रह जितने मास तक उस प्रश्न लग्न से अशुभदायक नहीं होता तब तक वह वस्तु सस्ती रहती है।

२. यदि लग्न में पापग्रह हो अथवा लग्न पर एवं लग्नेश पापग्रहों से युक्त एवं दुष्ट हो तो वस्तु महंगी होती है। परन्तु कब तक महंगी रहेगी? इतने दिन में वह प्रश्न लग्न गोचर में शुभत्व को प्राप्त हो तब तक महंगी उसके बाद सस्ती होगी जब लग्न शुभयुक्त और शुभदृष्ट होगा।

३. क्रय-विक्रय के प्रश्न लग्न बलवान् हों तो वस्तु सस्ती और लग्न निर्बल हो तो वस्तु महंगी होती है। लग्न शुभ ग्रह और स्वामी से देखा जाता हो तथा केन्द्र (१, ४, ७, १०) में शुभ ग्रह स्थित हो तो लग्न बलवान होती है। इसके विपरीत अर्थात् पाप ग्रह से दृष्ट, केन्द्र में पाप ग्रह हों तो निर्बल कहलाता है।

अमुक स्थान में गढ़ा धन है या नहीं

१. प्रश्न कुण्डली में चौथे भाव का स्वामी चौथे भाव को देखता हो तो धन है ऐसा कहना। यदि चतुर्थ स्थान पर पापग्रह की भी दृष्टि हो तो धन है परन्तु प्राप्ति नहीं होगी।

२. चौथे भाव में कोई भी ग्रह हो तो धन उत्तम पात्र में है ऐसा जानना। यदि चौथा यानि चतुर्थ भाव पर चतुर्थेश की दृष्टि न हो तो भी यदि चन्द्रमा चतुर्थ स्थान में हो तो धन है, ऐसा कहना।

नष्ट वस्तु प्रश्न

प्रश्न, तिथि, वार, नक्षत्र, लग्न तीनों एकत्र कर उनको पांच से भाग देने से शेष १ रहे तो वस्तु पृथ्वी में है। २ बचे तो जल में है मिलेगी नहीं। ३ बचे तो आकाश में है मिलेगी नहीं। ४ बचे तो राजा ले गया। ५ बचे तो वायुगत हुई शोक जानो।

अथवा तेजी मंदी जानने का सुगम प्रकार

तिथि, वार, नक्षत्र, योग, सूर्य संक्रांति, राशि और धान्य इनके ध्रुवांकों की संख्या को जोड़कर ७ से गुणा कर ३ का भाग देने से एक शेष बचे तो भाव उस पदार्थ का समान रहेगा। २ शेष रहे तो सस्ता और ३ अर्थात् ० शेष रहे तो महंगा रहेगा।

नक्षत्र	ध्रुवा	योग	ध्रुवा	वस्तु	ध्रुवा
अश्विनी	१७	विष्कुम्भ	१३	धान्य	७७
भरणी	५	प्रीति	१२	कनक	१००
कृतिका	३२	आयुष्मान	४७	ज्वार	१३३
रोहिणी	१४	सौभाग्य	५९	मूंग	४१
मृगशिर	४	शोभन	३६	चणा	३५
आर्द्रा	१३	अतिगंड	४७	झोना	७५
पुनर्वसु	२८	सुकर्मा	१८	तोरी	७७
पुष्य	३६	धृति	४४	तेल	३९
अश्लेषा	३६	शूल	१३	घृत	९९
मघा	१५	गंड	२५	खाण्ड	९९
पूर्वाफाल्गुनी	३	वृद्धि	१७	गुड़	४७
उत्तराफाल्गुनी	३१	ध्रुव	२२	शक्कर	१०१
हस्त	१८	व्याघात	२५	कपास	१२९
चित्रा	२५	हर्षण	२५	रुई	४४
स्वाति	१४	वज्र	१४	कांस्य	३७
विशाखा	२४	सिद्धि	२२	वस्त्र	१०९
अनुराधा	२९	व्यतीपात	१३	स्वर्ण	९६
ज्येष्ठा	३७	वरीयान	३९	हल्दी	७३
मूल	१८	परिधि	१५	चंदन	१८७
पूर्वाषाढ़	७३	शिव	१३	चांदी	८१
उत्तराषाढ़	३०	सिद्धि	१९	मिर्च	६८
श्रवण	२५	साध्य	१२	पित्तल	९९
धनिष्ठा	२३	शुभ	२५	जौ	५०७
शतभिषा	२४	शुक्ल	२२	कस्तू.	१३४
पूर्वाभाद्रपद	९	ब्रह्म	१३		
उत्तराभाद्रपद	४१	ऐन्द्र	२७		
रेवती	२८	वैधृति	२६		

वार	ध्रुवा
रविवार	२१
सोमवार	१५
मंगलवार	१२
बुधवार	१२
गुरुवार	१३
शुक्रवार	१४
शनिवार	००

राशि	ध्रुवा
मेष	३
वृष	२२
मिथुन	२२
कर्क	२५
सिंह	१९
कन्या	१७
तुला	२०
वृश्चिक	१३
धन	१६
मकर	१९
कुम्भ	२३
मीन	१४

तिथि	ध्रुवा
१	१
२	२
३	३
४	४
५	५
६	६
७	७
८	८
९	९
१०	१०
११	११
१२	१२
१३	१३
१४	१४
१५	१५

मेष—सोना, चांदी, केवल, गेहूं, जौ, मसूर।
वृष—वस्त्र, पुष्प, सरसों, गेहूं, यव, चावल, महिष, बैल
मिथुन—रुई, कपास, कमलकंद, बाजरा, जुवार, मुनक्का
कर्क—केला, धान, जायफल, तमालपत्र, दालचीनी, चाय, चीनी
सिंह—शाली, षटरस, मृगछाल, गुड़, खांड
कन्या—ज्वार, बाजरा, कुलथी, मूंग, गेहूं, अलसी
तुला—उड़द, गेहूं, नारियल, सरसों, मटर, हरड़
वृश्चिक—गुड़, खांड, नागरपान, लोहा, शक्कर
धनु—रस, घोड़ा, लवण, चित्र, वस्त्र, शस्त्र, कंदफल
मकर—कनीर, सकुट, मजीठ, जमींकन्द
कुंभ—रस, पोस्त, रत्न, रंगदार वस्तुएं
मीन—सीप, मोती, समुद्र झाग, हीरा, पंसारियों की दवाएं

षट् सप्तमगो हानि वृद्धशुक्रः करोति शेषेषु उपचयसंस्थाः क्रूराः शुभदाः शेषेषु हानिकराः इति। जिस वस्तु की तेजी या मंदा देखना हो उस वस्तु की चक्र में राशि कौन सी ऐसा प्रथम देखना। फिर उस राशि में कनसा ग्रह कहां है ऐसा देखना। जिस वस्तु की राशि से बृहस्पति ४।१०।२।११।७।९।५ इतनी राशि पर हो तो वस्तु को मंदा करता है और १।३।६।८।१२ इतनी पर गुरु हो तो तेजी करता है। ऐसा हो २।११।१०।५।८ पर बुध हो तो मंदा करता है और १।३।४।६।७।९।१२ इन स्थानों पर होवे तो तेजी करता है। शुक्र ६।७ पर सर्वदा तेजी करता है और १।२।३।४।५।८।९।१०।११।१२ पर शुक्र सर्वदा मंदा करता है। मंगल, शनि, केतु, सूर्य, क्षीण चन्द्रग्रह ३।६।१०।११ मंदा करते हैं और १।२।४।५।७।८।९ पर तेजी करता है। पूर्ण चन्द्रमा का फल गुरु सदृश देखना। ऐसा मंदा तेजी का फल जानना चाहिए।

नक्षत्रों के पदार्थ—चांदी आदि धातुओं के कारक मंगल, सूर्य हैं। पुनर्वसु, पुष्य, उ.फा., चित्रा, ज्ये., श्रवण, धनि., पू.भा. उ.भा. नक्षत्र हैं। रुई—पुनर्वसु, मूला, रोहि., उ.भा., तेल पदार्थ—आर्द्रा, पुष्य, स्वाति, कृत्तिका, शत., मघा। धान्य—(मक्की, गुवार), उ.भा. पू.षा. श्ले, रोहिणी, कृत्तिका, स्वा., भर। गुड़—मघा, ज्ये., उ.भा.। गुवार—पुष्य, पू.भा.। मटर—श्ले., उ.फा.। सिल्क—पुन., म.। बिनौला—मूल। खिल—उ.भा.। ऊपर के नक्षत्रों में शुभ ग्रह के गमन से नक्षत्र पदार्थों में मंदा का असर रहेगा और अशुभ ग्रहों के गमन से तेजी का असर पड़ेगा।

स्वप्न विचार

जीव की तीन अवस्थायें कही गई हैं-जागृत, सुषुप्ति और स्वप्न। पूर्ण बोध युक्त रहकर क्रियाशील होने को जागृत, सोने अर्थात् निद्रावस्था को सुषुप्ति तथा सोने और जागने (सुषुप्ति एवं जागृत) के बीच की अवस्था स्वप्न कहलाती है। स्वप्न के मुख्यत: सात भेद हैं। बहुत लम्बे तथा बहुत छोटे स्वप्न प्राय: निष्फल होते हैं। स्वप्न का फल कब मिलेगा। इसके बारे में शास्त्रकारों का मत है कि रात्रि के प्रथम प्रहर में देखे गए स्वप्न का फल एक वर्ष पश्चात्, दूसरे प्रहर में देखे गये का छ: मास में, तीसरे प्रहर में देखे गये का तीन मास में, चौथे प्रहर में देखे गये का एक मास में, अरुणोदय अर्थात् सूर्योदय से कुछ काल पूर्व में देखे गये स्वप्न का फल एक सप्ताह में मिल जाता है।

स्वप्न	फल
आकाश में उड़ना	लम्बी यात्रा, पदोन्नति हो
आकाश से गिरना	कष्ट मिले, अवनति हो
अनाज भरना	धन लाभ हो
आग देखना	धन प्राप्ति हो
आग उठाना	कष्ट मिले
अनाज बेचना	हानि हो
अंगूठी पहनना	सुन्दर स्त्री मिले
आम खाना	लाभ मिले
आंधी देखना	यात्रा में कष्ट, चिन्ता
अनार खाना	अधिक धन लाभ हो
ऊंट देखना	लाभ, उन्नति हो
ऊंट से गिरना	अवनति हो
हंसना	कठिनाई आवे
रोना	अच्छा समाचार मिले
शत्रु के साथ खाना	समझौता हो
अपने को मृत देखना	चिन्तामुक्ति, हर्ष मिले
अपने को बूढ़ा देखना	सम्मान मिले
बाल कटाना	व्यापार में हानि
हाथ, पैर धोना	चिन्ता मुक्ति
मां का आलिंगन करना	सौभाग्य प्राप्ति
गर्भवती का आलिंगन	कष्ट, हानि
सफेद मांस देखना	लाभ मिले
काला मांस देखना	सन्तान को कष्ट
अपना कटा पैर देखना	यात्रा में विघ्न हो
स्वयं को जलते देखना	बदनामी हो
सफेद वस्त्र पहनना	लाभ मिले
काले वस्त्र पहनना	हानि चिन्ता
पीले वस्त्र पहनना	दमा रोग हो
लाल वस्त्र पहनना	शुभ , प्रशंसा मिले
वस्त्र फटे देखना	चिन्ता से मुक्ति मिले
बर्फ गिरती देखना	आयु वृद्धि हो

स्वप्न	फल
सूखा वृक्ष देखना	लाभ मिले
दूध देखना	शत्रु नष्ट हो
शराब फैंकना	मन को शान्ति मिले
शराब पीना	कष्ट मिले
कई प्रकार की शराब मिलाते देखना	झगड़े, फसाद में फंसे, अपवाद फैले
जल पीना	सौभाग्य सूचक
अपने को नंगा देखना	सम्पत्ति की हानि
अपने को गंदगी के ढेर पर बैठे देखना	कठिनाइयों का सामना करना पड़े
सांपों को पांवों से रौंदना	शत्रु का नाश हो
मिठाई खाना	विपत्ती आये
तलवार लिए व्यक्ति देखना	किसी से झगड़ा हो
बिच्छू काटे	बीमारी हो
अण्डे खाना	व्यर्थ का झगड़ा हो
कुत्ता भौंकता दिखे	शत्रुओं का नाश हो
चूहा दिखाई दे	शुभ है, लाभ हो
बर्रे (भिड़, ततैया) दिखें	शत्रु परास्त हों
मरा बैल देखना	सूखा पड़े
सुरमा लगाना	रोग हो
सूर्य देखना	उच्चाधिकारी से मिलना
बादल देखना	उन्नति हो
थूक देखना	परेशानी हो
थूकना	खर्चा बढ़े
भैंस देखना	मुसीबत आये
हंस देखना	प्रतिष्ठा बढ़े
भेड़िया देखना	राजभय हो
अपने बाल सफेद देखना	आयु बढ़े
मल (टट्टी) खाना	धन मिले
मल त्यागना	व्यय बढ़े
कोई फल दे	पुत्र हो, लाभ हो

स्वप्न	फल
फूल देखना	प्रेमी से मिलन हो
पकवान खाना	प्रसन्नता हो
पान खाना	स्त्री संग हो
पिंजड़ा देखना	कारागार मिले
तीतर देखना	अच्छा समाचार मिले
हरा वन देखना	अच्छा समाचार मिले
सूखा वन देखना	चिन्ता हो
तालाब भरा देखना	दूसरे से धन मिले
मुर्दा देखना	स्वास्थ्य लाभ हो
स्त्री से सहवास करना	धन प्राप्ति हो
चन्द्रमा देखना	प्रतिष्ठा मिले
ग्रहण देखना	आफत आये
तेल पीना	रोग हो
खाना बनाना	बच्चे बीमार हों
तिल खाना	बदनामी हो
घोड़े पर चढ़ना	व्यापार में लाभ
घोड़े से गिरना	व्यापार में हानि
बांहे कटी देखना	भाई की मृत्यु हो
सुअर देखना	आयु कम हो
बुलबुल देखना	विद्वानों से मिलन हो
चित्र देखना	राज्य से लाभ
जुआ खेलना	आर्थिक तंगी
कुएं में गिरना	परेशानी हो
कुत्ता काटे	शत्रुभय हो
सफेद सांप काटे	लाभ हो
काला सांप काटे	हानि हो
लाल सांप काटे	शौर्यपूर्ण कार्य करे
पीला सांप काटे	रोग हो
बरात देखना	रोगी हो
रीछ देखना	अच्छा समाचार मिले
विष खाना	चिन्ता, शोक हो
सोना पाना	हानि हो
सांप पकड़ना	शत्रु का नाश हो
सांप मारना	कष्ट से राहत मिले
चीता देखना	असफलता मिले
विद्यालय से भागना	सफलता मिले
ढोलक बजाना (स्त्री)	शीघ्र विवाह हो
ढोलक बजाना (पुरुष)	कठिनाई आये
हस्ताक्षर करना	धन हानि हो
स्याही देखना	इच्छाएं पूरी हों
बिल्ली देखना	हानि, भय

स्वप्न	फल
चूहा काटे	दुर्घटना से बचाव
रथ पर सवारी करना	उच्च पद मिले
जिह्वा (जीभ) कटी देखना	मन्त्री पद मिले
वमन (उलटी) पीना	राज्य पद मिले
जीभ पर लिखना	विद्या प्राप्ति हो
नगर व ग्राम को घेरना	मुखिया पद मिले
गले में मोती का हार पहनना	राज्य पद मिले
कानों में कुण्डल पहनना	राज्य पद मिले
मुकुट धारण करना	राज्य पद मिले
लिङ्ग कटा देखना	स्त्री की प्राप्ति हो
वीर्य पान करना	धन मिले
मूत्र पान करना	धन मिले
रक्त पान करना	धन मिले
शरीर से रक्त निकलना	धन मिले
अपना सिर काटना	धन मिले
गुदा से जल पीना	धन मिले
घर जलता देखना	धन मिले
इन्द्र धनुष देखना	धन मिले
शिव मंदिर देखना	धन मिले
धुंआ पीना	लक्ष्मी मिले
अग्नि खाना	लक्ष्मी मिले
मोती, मूंगा, कौड़ी देखना	धन प्राप्ति हो
चावल खाना	धन प्राप्ति हो
मूंग खाना	धन प्राप्ति हो
सूखे मेवे देखना	धन प्राप्ति हो
इलायची, लौंग इत्यादि खाते देखना	धन मिले
गन्ना चूसना	लक्ष्मी बढ़े
कुंकुम लगाना	कष्ट निवृत्ति हो
देवों, देवता देखना	कष्ट निवृत्ति हो
सुगन्धित पदार्थ देह पर लगाना	सम्मान मिले
झाग वाला दूध पीना	सम्मान मिले
फल खाना व देखना	सम्मान मिले
बादलों, तारों को छूना	सम्मान मिले
मक्खी, मच्छर काटें	स्त्री लाभ मिले
हाथ में वीणा लेना	स्त्री लाभ मिले
अगम्य स्त्रियों से कामुक क्रीड़ा करना	स्त्री लाभ मिले
गेहूँ, जौ, सरसों देखना	विद्या लाभ हो
भगवान विष्णु देखना	विद्या लाभ हो

स्वप्न	फल
सरस्वती देखना	विद्या लाभ हो
जूते फटे देखना	सन्तति नाश हो
सूअर पर बैठी स्त्री पकड़ें	मृत्यु हो
सिंह, मगरमच्छ पकड़ें	कारागार मिले
गधे पर सवार होना	मृत्यु हो
लाल वस्त्र वाली स्त्री से रमन करना	मृत्यु हो
अपना विवाह देखना	मृत्यु हो
कौवे, गीध, नोचते देखना	मृत्यु हो
कौवे, गीध सिर पर बैठे	मृत्यु हो
पिशाच, प्रेतों के साथ मदिरा पीना	मृत्यु हो
सूर्य अस्त होते देखना	मृत्यु हो
कान में सर्प घुसना	भयंकर पीड़ा हो
अपना मांस खाना	अङ्ग-भङ्ग हो
स्त्री का स्तन पान करना	मृत्यु हो
शमशान में मदिरा पीना	मृत्यु हो
पर्वत की गुफा में जाना	आपत्तियां आएं
दांतों का गिरना	धन हानि हो
नाक-कान कटना	धन हानि हो
जलमुर्गी, उल्लू देखना	धन हानि हो
हिरण, बकरा देखना	धन हानि हो
जूते चोरी चले जाना	स्त्री वियोग हो
दोनों हाथ कटे देखना	माता-पिता की मृत्यु
छिपकली देखना	दुर्भाग्य सूचक
दर्पण में मुख देखना	सन्तान प्राप्त हो
सोने, चांदी की टट्टी करना	दश माह में मृत्यु हो
अचानक मोटा होना	आठ माह में मृत्यु हो
अचानक पतला होना	आठ माह में मृत्यु हो
अपने को कीचड़ में फंसे	शीघ्र मृत्यु हो
केंचुए देखना	गुप्त शत्रु हों
हाथों में दस्ताने पहनना	सम्मान मिले
बकरी देखना	धन लाभ हो
ओले गिरते देखना	दु:ख, कष्ट मिले
टोपी फटना	मानहानि हो
टोपी सिर से गिरना	मानहानि हो
स्वर्ग में जाना	यश-गौरव मिले
नर्क में जाना	दु:ख क्लेश हो
सीढ़ी पर चढ़ना	उन्नति हो
शहतूत का पेड़ देखना	धन-सम्पत्ति बढ़े

छिपकली (कोढ़किरली) पतन फल

वर्षा ज्ञान सारणी

छिपकली (कोढ़किरली) पतन फल

अङ्ग	फल	अङ्ग	फल
सिर	राज्यलाभ	नीचे का होंठ	धन नाश
नाक की नोक	व्याधि	हृदय	धन लाभ
बायीं बांह	राज भय	उदर	भूषण लाभ
दाहिनी बांह	राजा समान सुख	कन्धा	विजय
ललाट	बन्धु मिलन	स्तन	दुर्भाग्य सूचक
गुल्फ	कारावास	नाभी	बहुत धन मिले
जानु	शुभ लाभ	नाखुन	धान्य लाभ
नेत्र	धनागम	दाहिने अंगुष्ठ	धन लाभ
भौंह	राज्याधिकार प्राप्ति	बायें अंगुष्ठ	हानि, दुःख
वाम मणिबंध	बदनामी	बायां पैर	नाश
दक्षिण मणिबंध	धन लाभ	दायां पैर	यात्रा
कपोल	स्त्री सुख	जंघा	शुभ लाभ
कण्ठ	शत्रु नाश	पादमध्य	स्त्री नाश
बायें कान	बहुलाभ	पादान्ते	मृत्यु
दायें कान	आयु वृद्धि	केशान्ते	मरण तुल्य कष्ट
मुख	मिष्ठान्न भोजन	पीठ पीछे	बुद्धि नाश
ऊपर का होंठ	ऐश्वर्य प्राप्ति	कटि प्रदेश	वाहन लाभ

अङ्ग स्फुरण विचार

सिर	यात्रा हो	बायीं भौंह	आदर, सम्मान
बायां माथा	प्रसन्नता	बायां कान	परेशानी
दायां माथा	कष्ट, यात्रा	दायां कान	पदोन्नति
दायीं आंख	खुशी होगी	गर्दन	लाभ, स्त्री सुख
बायीं आंख	स्त्री वियोग	जीभ	झगड़ा
भौंह के मध्य	प्रेम मिलन	नाक	खुशी हो
बायीं पलक	दुःख कष्ट	पेट	खुशखबरी मिले
दायीं पलक	सुख आनन्द	पीठ	बुरा समाचार मिले
दाहिनी कपोल	लाभ	अण्डकोष	भोगानन्द मिले
बायां कपोल	हानि, व्यय	दायीं बगल	ऐश्वर्य बढ़े
दायीं भौंह	पुत्र सुख	बायीं बगल	पद घटे

योगासनों का अभ्यास

१. साधना करते समय शरीर को चुस्त रखना चाहिए। किसी समय भी ढीलापन व आलस्य नहीं आने देना चाहिए। २. हर एक साधना के पश्चात् शव आसन करना चाहिए। ३. अपने आप को हर समय स्वस्थ और बलवान् मनन करना चाहिए। ४. साधना करते, खाते-पीते तथा चलते समय हर हालत में रीढ़ की हड्डी को सीधा रखना। ५. प्रत्येक आसन का अपना विशेष गुण व प्रभाव होता है। अतः यह आवश्यक है कि साधक अपनी प्रकृति व्यवसाय, आयु व ऋतु के अनुसार आसनों को करें। ६. रोगी साधक को चाहिए कि पूर्ण आरोग्यता प्राप्त होने तक ब्रह्मचर्य का पालन अवश्य करें। चक्रासन से मोटापा कम होता है व अनेक बीमारियों का ईलाज भी होता है जैसे:—१. यह कमर दर्द व गुर्दे के रोगों के लिए लाभकारी है। २. हर्नियां व नलों के रोगों से छुटकारा दिलाता है। ३. चक्रासन से पेट के वायु- विकार दूर होते हैं। ४. चक्रासन से पाचन शक्ति बढ़ती है।

वर्षा ज्ञान

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
१५	५०	४२	३९	३४	२९	३०	२८	२४	२१	१६	१५	१२

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र पर रहते नीचे लिखे दिनों में जहां कहीं थोड़ी सी वर्षा हो तो इतने दिनों तक वहां वर्षा न होवे जैसे रोहिणी में सूर्य प्रवेश के प्रथम दिन में थोड़ी सी वर्षा हो तो उस दिन से ७२ दिन तक वर्षा की खैंच रहती है। सूर्य रोहिणी पर रहे उन दिनों से गर्मी ज्यादा पड़े तो आगे वर्षा श्रेष्ठ, राजाओं में विग्रह, थोड़ी वर्षा से संवत् नष्ट, यदि अधिक वर्षा हो जावे और नदियों में वर्षा का जल भी चल पड़े तो अशुभ फल नष्ट होकर वर्षा अच्छी होती है। उन दिनों में बिजली वर्षा की कमी। अधिक दिन की बिजली में शुभ, बादल की दिशा में वर्षा की कमी, निर्मल दिशा में वर्षा अधिक होती है।

वर्षा ज्ञान ज्ञान सारणी से वर्षा जानने की रीति दिसम्बर, जनवरी, फरवरी, मार्च इन चारों मासों की तारीखों में जिन जिन तारीखों में जहाँ वर्षा होती है। उसके हिसाब से वर्षा होती है। उसके हिसाब से ही वर्षा ऋतु में जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर इन चार मासों में वहां वर्षा प्रायः हुआ करती है। प्राचीन ज्योतिष के दृष्टि विज्ञान के सिद्धान्त से आधुनिक समय के अनुसार भारत में १२ दिसम्बर के बाद ही शीतकाल में वर्षा साधारण रूप से होने का नियम है। जैसे मान लो कि शीतकाल में लुधियाना से १९ दिसम्बर को वर्षा हुई है तो वर्षा ऋतु में वहां-वहां जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार मान लिया कि शीतकाल में १५ जनवरी को देहली में वर्षा हुई है तो ऊपर की वर्षा ज्ञान सारणी यह पता देगी कि वर्षा ऋतु में वहां २९ जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार जैसे कि २२ फरवरी को शीतकाल में वर्षा हुई तो वहां ५ सितम्बर को वर्षा होगी। वर्षा ज्ञान के लिए शीतकाल में होने वाली वर्षा की तारीख चार टाईम सहित नोट करके देखने से वर्षा ऋतु की वर्षा का ज्ञान ठीक हो सकता है। विशेष सुगमता लिए मेघगर्भ तथा ग्रहों के रस नाड़ी चक्रादि का विचार करना चाहिए।

चक्रासन की विधि

भूमि पर सीधे लेट जाइये। और 3 बार 1:4:2 के अनुपात से पूरक कुम्भक व रेचक करना चाहिए। फिर दोनों हथेलियों को दोनों कन्धों के पास भूमि पर टेक लीजिए। पैरों को सिकोड़ कर श्वास की गति समान रखते हुए हाथों और पावों के बल कमर को धीरे-धीरे इस प्रकार उठायें कि वह गोलाकार हो जावे। जितनी देर हाथ व पैर सुख पूर्वक शरीर का भार सहन कर सकें इस आसन को करना चाहिए । पुनः धीरे-धीरे पूर्वावस्था में आ जाना चाहिए। यह आसन एक मिन्ट से शुरू करके तीन मिन्ट तक किया जा सकता है। जो इस तरह नहीं कर सकते उन्हें स्टूल का सहारा लेना चाहिए। योग के हर आसन जहां तक सम्भव हो अनुभवी योगाचार्य की देखरेख में ही करने चाहिए।

वर्षा ज्ञान सारणी

दिसम्बर	जून	जनवरी	जुलाई	फरवरी	अगस्त	मार्च	सितम्बर	अप्रैल	अक्टूबर
१	१४	१	१५	१	१५	१	१५	१	१५
२	१५	२	१६	२	१६	२	१६	२	१६
३	१६	३	१७	३	१७	३	१७	३	१७
४	१७	४	१८	४	१८	४	१८	४	१८
५	१८	५	१९	५	१९	५	१९	५	१९
६	१९	६	२०	६	२०	६	२०	६	२०
७	२०	७	२१	७	२१	७	२१	७	२१
८	२१	८	२२	८	२२	८	२२	८	२२
९	२२	९	२३	९	२३	९	२३	९	२३
१०	२३	१०	२४	१०	२४	१०	२४	१०	२४
११	२४	११	२५	११	२५	११	२५	११	२५
१२	९५	१२	२६	१२	२६	१२	२६	१२	२६
१३	२६	१३	२७	१३	२७	१३	२७	१३	२७
१४	२७	१४	२८	१४	२८	१४	२८	१४	२८
१५	२८	१५	२९	१५	२९	१५	२९	१५	२९
१६	२९	१६	३०	१६	३०	१६	३०	१६	३०
१७	३०	१७	३१	१७	३१	१७	O१	१७	३१
१८	J१	१८	A१	१८	S१	१८	२	१८	N१
१९	२	१९	२	१९	२	१९	३	१९	२
२०	३	२०	३	२०	३	२०	४	२०	३
२१	४	२१	४	२१	४	२१	५	२१	४
२२	५	२२	५	२२	५	२२	६	२२	५
२३	६	२३	६	२३	६	२३	७	२३	६
२४	७	२४	७	२४	७	२४	८	२४	७
२५	८	२५	८	२५	८	२५	९	२५	८
२६	९	२६	९	२६	९	२६	१०	२६	९
२७	१०	२७	१०	२७	१०	२७	११	२७	१०
२८	११	२८	११	२८	११	२८	१२	२८	११
२९	१२	२९	१२		१२	२९	१३	२९	१२
३०	१३	३०	१३		१३	३०	१४	३०	१३
३१	१४	३१	१४		१४	३१	१५		१४

अशौच व्यवस्था

अशौच दो प्रकार का होता है—(१) जननाशौच जिसे सूतक और (२) मरणाशौच जिसे पातक कहते हैं।

गर्भस्त्रावादि अशौच व्यवस्था

चार मास तक गर्भ के गिरने को 'गर्भस्त्राव' कहते हैं। पांचवे और छठे मास में 'गर्भपात' और इस के उपरान्त 'प्रसव' कहलाता है। तीन मास के भीतर किसी भी मास में गर्भ के गिराने से गर्भिणी को तीन दिन का और चौथे महीने में चार दिन का अशौच रहता है, पिता आदि सपिण्ड केवल स्नान मात्र से शुद्ध हो जाते हैं। पांचवें और छठे महीने में गर्भपात हो तो क्रम से ५ और ६ दिन का गर्भिणी को अशौच रहता है, पितादि सपिण्ड को ३ दिन का 'सूतक' होता है। गर्भस्त्राव और गर्भपात में चारों वर्णों को एकसा ही होता है।

जननाशौच व्यवस्था

सात महीने से लेकर किसी भी महीने में जन्म हो तो माता-पितादि सपिण्डों को अपने-अपने वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है। जैसे ब्राह्मण को १० दिन, क्षत्रिय को १२ दिन, वैश्य को १५ दिन और शूद्र को एक मास का सूतक रहता है, किन्तु माता को सूतक निकालने के बाद भी पुत्र जन्मा हो तो २० दिन और कन्या उत्पन्न होने से १ मास तक धर्म कार्य करने का अधिकार नहीं होता। नाल-छेदन से पीछे सूतक हो जाने के कारण जात कर्म का अधिकार नहीं होता।

जननाशौच दान भोजन निर्णय

जननाशौच में पहले तथा छठे-दसवें दिन दान, पति ग्रह का दोष नहीं है। केवल अन्न भोजन का ही निषेध है।

मृतौत्पत्ति में विचार

यदि मरा हुआ बालक उत्पन्न हो तो पितादि सपिण्डों को अपने-२ वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है। बालक जन्म लेकर नाल-छेदन से पूर्व ही मर जाय तो माता को १० दिन का सूतक और पितादि सपिण्डों को ३ दिन का जननाशौच (सूतक) होता है। नाल-छेदन के बाद १० दिन के भीतर अर्थात् नाम संस्कार से पूर्व बालक की मृत्यु हो जाये हो पितादि सपिण्डों को पूर्ण जननाशौच (सूतक) रहता है। पातक में देवकर्म और पितृकर्म का अधिकार नहीं रहता।

मृताशौच व्यवस्था

नामकरण अर्थात १० दिन के बाद ६ महीने के भीतर अर्थात् दांत आने से पहले बालक के मरने पर माता और पिता को ३ दिन का मृताशौच (पातक) होता है किन्तु सपिण्ड स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। कन्या मरने पर पिता को एक दिन का पातक लगता है। स्मरण रखना चाहिए ७वें महीने से अर्थाथ् दांत निकलने के पीछे ३ वर्ष तक अर्थात् चूड़ाकरण संस्कार न होने पर बालक के मरने पर माता-पिता को ३ दिन सपिण्डों को १ दिन तक पातक हो जाता है, और ३ वर्ष तक मुण्डन-संस्कार हो गया हो तो बालक को जलाना चाहिए।

कन्या अशौच व्यवस्था

सगाई होने से पहले कन्या मरने पर तीन पुरुषों तक १ दिन का पातक होता है, सगाई हो जाने के बाद और विवाह से पहले कन्या मरने पर पिताकुल के और पतिकुल को ७ पुरुषों तक ३ दिन का पातक रहता है। यदि विवाह हुंई कन्या पिता के घर में मर जाये व प्रसूता हो तो माता पिता और सहोदर भाइयों को ३ दिन का पातक, चाचा आदि को १ दिन का अशौच होता है। परन्तु पतिकुल में पूर्ण अशौच होता है। विवाहित कन्या को १० दिन के भीतर माता पिता की मृत्यु की खबर मिले तो ३ दिन का पातक, १० दिन के बाद सुने तो १ दिन का।

मातामह मातामही दौहित्र मरण पर विचार

नाना मरे तो दौहित्र को ३ दिन, नानी मरने पर १॥ दिन का पातक होता है। यज्ञोपवीत संस्कार हुए दौहित्र के मरने पर नाना की ३ दिन, बिना यज्ञोपवीत के १॥ दिन का पातक होता है।

सास ससुर तथा जामातृ मरण पर अशौच विचार

सास और ससुर यदि मर जायें तो जामातृ पास होने से ३ दिन, बिना समीप होने से १॥ दिन का पातक लगता है। जमाई के मरने से १ दिन का पातक होता है।

बन्धुत्रय विचार

भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को आत्मबांधव कहते हैं। पिता की भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को पितृबांधव कहते हैं। माता की भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को मातृबांधव कहते हैं। इन तीन प्रकार के बांधवों में से किसी की मृत्यु हो जाये तो ३ दिन का पातक होता है। इनकी बहिन मरे तो १॥ दिन का पातक होता है, और विवाहित कन्या मरने पर १ दिन का पातक होता है।

अशौच-सम्पात पर निर्णय

१० दिन के अशौच में यदि ५ दिन के भीतर दूसरा १० दिन का अशौच हो जावे तो पहले के अशौच की समाप्ति पर दूसरे अशौच की भी समाप्ति हो जाती है। ५ दिन के बाद ९ दिन के भीतर हो तो पिछले के साथ शुद्धि हो जाती है। यदि १० वें दिन की रात्रि में दूसरा अशौच हो जाय तो दो दिन अशौच और बढ़ जाता है। जननाशौच में मृताशौच अथवा मृतशौच में जननाशौच हो जावे तो मृताशौच के साथ शुद्धि होती है।

प्रथमाब्दे निषिद्ध कार्याणि

प्रथमाब्दे निषिद्धानि महातीर्थस्य गमनपुपवासव्रतानि च अब्दमध्यये न कुर्वीत महागुरुनिपातने। प्रभोतौ पितरौ यस्य दहस्तस्याशुचिर्भवेत्। नदेयंनापिवैपिच्यं पूर्णो न वत्सरः। प्रथमाब्दे गयाश्राद्धनिषेध उक्तः—तीर्थ श्राद्धं गयाश्राद्ध श्राद्धमञ्च पैत्रिकम्। अब्दमध्ये न कुर्वीतमहा गुरु विपत्तिषु। गयाश्राद्धं मृतानां तु पूर्णे त्वब्दे प्रशास्यते शुक्रस्यास्तमने चैव देवेज्यस्य तथैव च। प्रेतकार्य न दुष्येत प्रथम वत्सरं बिना॥ गयायां सर्वकालेषुपिंडंदद्याद्विचक्षण अधिमासे जन्मदिने, अस्ते च गुरुशुक्रयोः। गोदावर्योगयायां च श्री शैले ग्रहणाद्वये। सुरासुरगुरूणां च मौढ्यदोषो न विद्यते॥

गंगायामस्थिनिक्षेपने विचार

अस्तगते गुरौ शके तथैव चाधिमास के। गंगायास्थिनिक्षेप न कुर्यादिति गौतमः॥ दशाहाभ्यन्तरे न दोषः॥

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली को सिद्ध यंत्र ३२(बत्तीसा) के आधार पर तैयार किया गया है। निम्नांकित किसी भी इच्छित प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने के लिए इसे प्रयोग में लाया जा सकता है। इस प्रश्नावली में मुख्य-मुख्य बत्तीस प्रश्न दिये गये हैं। कोई भी पाठक साधारण (धन अथवा ऋण) गणित द्वारा अपने प्रश्न का उत्तर पा सकता है। व्यर्थ में किंवा सत्यता की परख करने में प्रश्नावली का उत्तर सही नहीं आयेगा। तीन प्रश्न (एक बार में) से अधिक प्रश्नों के उत्तर भी संदेह पूर्ण होंगे, अत: उपर्युक्त बातों का ध्यान रखना आवश्यक ही नहीं परमावश्यक है।

प्रश्नावली में उत्तर जानने की विधि यह है कि दिये बत्तीसा यंत्र के किसी भी कोष्ठक में प्रच्छक (प्रश्न पूछने वाला) अपने दाहिने (दक्षिण) हाथ की मध्यमा अंगुली रखने से पूर्व "ॐ नमो भैरवाय" मन्त्र को तीन बार जप लें। आगे प्रश्न क्रम संख्या और जिस अंक पर अंगुली रखी है दोनों का योग कर लें तथा इस योग में से १ घटा दें, शेष जो संख्या बचे उसे संख्या वाले प्रश्न के सामने देवता का नाम देख लें। जिस देवता का नाम लिखा है उसके नीचे यन्त्र कोष्ठक संख्या के आगे उत्तर देख लें-

मान लो कोई प्रश्न पूछना चाहता है कि मेरा विवाह होगा या नहीं तो यह प्रश्न संख्या हुई १२ (बारह) और प्रश्न कर्ता ने यंत्र में १५ के अंक पर अंगुली रखी। अत: यन्त्र के कोष्ठक की संख्या है १५ (पन्द्रह) दोनों का योग आया २७ (सत्ताईस)। इसमें से १ (एक) घटाया तो शेष रहे २६ (छब्बीस) २६वीं संख्या का देवता है केतु, अत: केतु के नीचे १५वीं संख्या का उत्तर आया अर्थात् विवाह उपाय से होगा।

जब प्रश्न संख्या और यंत्र संख्या कोष्ठक संख्या का योग एक घटाने से भी ३२ से अधिक आये तो इसमें से ३२ घटा कर तब उपर्युक्त विधि से उत्तर देखना चाहिये जैसे प्रच्छक का प्रश्न है मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी। प्रश्न संख्या है २९ यन्त्र के कोष्ठक (जिसमें अंगुली रखी है) की संख्या है १५ इनका योग किया तो आया ४४ इसमें १ ऋण किया शेष रहा ४३ यह बत्तीस की संख्या से अधिक है अत: इसमें से ३२ की संख्या घटाई शेष रहे ११ अब पूर्व विधि से ११ की संख्या का देवता देखा तो ज्ञात हुआ "इन्द्र" और देवता इन्द्र के नीचे १५वीं संख्या का उत्तर मिला "पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी" इसी प्रकार सभी प्रश्नों के उत्तर ज्ञात कर लें।

३२ बत्तीसा यंत्र

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

प्र. सं.	प्रश्न	अधिपति देवता
१.	मुझे सन्तान सुख मिलेगा या नहीं?	श्री भैरव
२.	मेरी मुकदमे में हार होगी अथवा जीत?	शिव
३.	मेरा भाग्योदय कब होगा?	कृष्ण
४.	मुझे नौकरी मिलेगी या नहीं?	राम
५.	मुझे उन्नति के अवसर मिलेंगे या नहीं?	सीता
६.	खेती से मुझे लाभ मिलेगा या हानि?	राधा
७.	मैं अपना मकान बना सकूँगा या नहीं?	लक्ष्मी
८.	क्या मुझे परीक्षा में सफलता मिलेगी?	विष्णु
९.	मेरे लिए विद्या प्राप्ति के योग हैं अथवा नहीं?	नारायण
१०.	मैं इस जीवन में सफलता पा सकूंगा या नहीं?	दामोदर
११.	क्या मुझे भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव है?	इन्द्र
१२.	मेरा विवाह होगा अथवा नहीं?	गणेश
१३.	अमुक रोगी रोग मुक्त होगा या नहीं?	अग्नि
१४.	मेरे स्वप्न का फल कैसा?	वायु
१५.	क्या मेरा स्थानान्तरण हो जायेगा?	वरुण
१६.	मुझे व्यापार में लाभ मिलेगा अथवा हानि?	यम
१७.	क्या मेरी चिन्ता दूर हो जायेगी?	कुबेर
१८.	मित्र के साथ मित्रता कैसी रहेगी?	सूर्य
१९.	मुझे कर्ज मिलेगा या नहीं?	चन्द्र
२०.	मेरी खोई हुई वस्तु मिलेगी अथवा नहीं?	मंगल
२१.	प्रवासी (परदेश गया हुआ) कब लौटेगा?	बुध
२२.	क्या मुझे यात्रा से लाभ मिलेगा?	बृहस्पति
२३.	मेरे भाईयों से कैसे निभेगी?	शुक्र
२४.	क्या मैं कुंआ बनवा सकूंगा?	शनि
२५.	मेरे लिए यह वर्ष कैसा है?	राहु
२६.	मेरा आज का दिन कैसा बीतेगा?	केतु
२७.	अमुक स्त्री को पुत्रोत्पन्न होगा या पुत्री?	मित्र
२८.	क्या मेरी इच्छा पूर्ण होगी?	पृथ्वी
२९.	मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी?	काल
३०.	क्या मेरा सम्बन्धी धोखा देगा?	शेष
३१.	प्रेमिका/प्रेमी का प्रेम शुद्ध है या नहीं?	यक्ष
३२.	मैं तीर्थ यात्रा करुंगा अथवा नहीं?	तक्षक

१. श्री भैरव

१. सन्तान सुख मिलेगा।
२. तीर्थ यात्रा में विघ्न पड़ेगा।
३. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
४. सम्बन्धी धोखा दे सकता है। होशियार।
५. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
६. इच्छा पूरी होने में अभी देर है।
७. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
८. यह दिन शुभ नहीं है।
९. वर्तमान वर्ष मध्यम रहेगा।
१०. कुआं बनना अभी सम्भव नहीं है।
११. भाईयों से प्रेम बना रहेगा।
१२. यात्रा में हानि होने की आशंका अधिक है।
१३. प्रवासी शीघ्र लौटेगा।
१४. खोई वस्तु शीघ्र मिल जायेगी।
१५. कर्ज मिलने में कठिनाई झेलनी पड़ेगी।

२. शिव

१. मुकदमे में जीत होगी
२. सन्तान सुख गृह देवता की पूजा से मिलेगा।
३. तीर्थ यात्रा की इच्छा पूर्ण हो जायेगी।
४. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम नहीं करता/करती।
५. संबन्धी धोखा देगा, सावधान।
६. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
७. अभी इच्छा पूरी नहीं होगी।
८. कन्या सन्तान उत्पन्न होगी।
९. आज का दिन शुभ रहेगा।
१०. यह साल उत्तम नहीं है।
११. कुआं बनवाने की इच्छा पूर्ण होगी।
१२. भाईयों में अनबन रहेगी।
१३ यात्रा लाभकारी रहेगी।
१४. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का इच्छुक नहीं है।
१५. नष्ट वस्तु (खोई) नहीं मिलेगी।

३. कृष्ण

१. आपका भाग्योदय शीघ्र होगा।
२. आप मुकदमे मे जीतें इसमें संदेह है।
३. सन्तान सुख मिलेगा किन्तु उपाय से।
४. तीर्थ यात्रा की इच्छा पुरी नहीं होगी।
५. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
६. संबंधी धोखा नहीं देगा।
७. पत्नी उत्तम स्वभाव की मिलेगी।
८. निकट भविष्य में इच्छा पूर्ण नहीं होगी।
९. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
१०. आज का दिन मानसिक परेशानी वाला रहेगा।
११. वर्ष अत्याधिक लाभप्रद रहेगा।
१२. कुआं नहीं बनवा सकोगे।
१३. भाईयों से तकरार होने का भय है।
१४. यात्रा से लाभ मिलना कठिन है।
१५. चिन्ता न करें, प्रवासी कुछ दिनों में लौट आयेगा।

४. राम

१. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
२. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
३. आप मुकद्दमा हार जायेंगे।
४. सन्तान प्राप्ति की इच्छा पूरी हो जायेगी।
५. तीर्थ यात्रा होने में संदेह है।
६. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम करता/करती है।
७. संबंधी धोखा दे सकता है सावधान रहें।
८. पत्नी के स्वभाव से मेल खा जायेगा।
९. इच्छा अवश्य पूरी होगी।
१०. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
११. यह दिन शुभ ही बीतेगा।
१२. यह वर्ष कष्टमय बीतेगा।
१३. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी हो जायेगी।
१४. भाईयों से अनबन रहेगी।
१५. यात्रा करना लाभप्रद रहेगा।

५. सीता

१. उन्नति मिलने का समय आ गया है।
२. नौकरी मिलेगी किन्तु अत्याधिक प्रयत्न से।
३. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
४. चिन्ता न करें मुकद्मा जीत जाओगे।
५. सन्तान सुख के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ करायें।
६. तीर्थ यात्रा पर अवश्य जाओगे।
७. प्रेमी/प्रेमिका का दिखावटी प्रेम है।
८. संबंधी गुप्त चाल चलेगा सावधानी से रहें।
९. पत्नी उत्तम स्वभाव वाली मिलेगी।
१०. इच्छा पूरी हो इसमें संदेह है।
११. कन्या सन्तान जन्म लेगी।

१२. आज का दिन विशेष शुभ नहीं है।
१३. वर्ष आप के लिए चुनौतियों भरा होगा।
१४. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होने में देरी होगी।
१५. भाईयों से मेल मिलाप रहेगा।

६. राधा

१. खेती से लाभ मिलेगा।
२. उन्नति में अभी देरी है धैर्य रखें।
३. नौकरी नहीं मिलेगी।
४. भाग्योदय शीघ्र होगा।
५. मुकद्दमा जीत लो ऐसी सम्भावना कम हो है।
६. सन्तान सुख अभी देर में मिलेगा।
७. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
८. प्रेमी प्रेमिका मात्र दिखावा करता/करती है।
९. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१०. पत्नी का स्वभाव अच्छा नहीं होगा।
११. इच्छा पूरी होने में सन्देह है।
१२. पुत्र सन्तान जन्म लेगी।
१३. यह दिन उत्तम प्रकार से व्यतीत होगा।
१४. यह वर्ष श्रेष्ठतम रहेगा।
१५. कुंआ बन जायेगा।

७. लक्ष्मी

१. मकान की इच्छा पूरी हो जायेगी।
२. खेती से लाभ कम मिलेगा।
३. प्रमोशन हो जाये ऐसा सम्भव नहीं दिखता।
४. नौकरी अधक प्रयत्न करने पर मिलेगी।
५. निकट भविष्य में ही भाग्योदय होने वाला है।
६. मुकदमे में जीतना कठिन है।
७. सन्तान सुख मिल जायेगा।
८. तीर्थ यात्रा पर जाने में विघ्न-बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।
९. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध नहीं है।
१०. संबंधी धोखा देने से नहीं चूकेगा।
११. पत्नी चिड़चिड़े स्वभाव की मिलेगी।
१२. इच्छा पूरी हो जायेगी।
१३. कन्या रत्न उत्पन्न होने की सम्भावना प्रबल है।
१४. आज का दिन अच्छा नहीं है।
१५. यह वर्ष मध्यम फलप्रद रहेगा।

८. विष्णु

१. परीक्षा में सफलता मिलेगी।
२. मकान निकट भविष्य में नहीं बना पाओगे।
३. खेती मत करो लाभ की आशा कम है।
४. प्रमोशन शीघ्र ही मिलने वाला है।
५. नौकरी [illegible] में अभी देरी है।
[illegible]

७. मुकदमे में जीत जाओगे।
८. संतान सुख के लिए संतान गोपाल का अनुष्ठान करें।
९. तीर्थ यात्रा सकुशल होगी।
१०. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम छल है।
११. संबंधी धोखा दे ऐसा नहीं दिख रहा।
१२. पत्नी का स्वभाव अच्छा होगा।
१३. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१४. पुत्र सन्तान जन्म ले ऐसे योग हैं।
१५. यह दिन शुभ रहेगा।

९. नारायण

१. विद्या प्राप्त कर लोगे, विश्वास करो।
२. परीक्षा में पास हो जाओ इसमें संदेह है।
३. मकान नहीं बन सकेगा।
४. खेती करने से लाभ मिलेगा।
५. प्रमोशन अभी मिलना सम्भव नहीं है।
६. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
७. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
८. मुकदमा जीतने में संदेह है।
९. सन्तान सुख अभी देरी से मिलेगा धैर्य रखें।
१०. तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर नहीं मिलेगा।
११. प्रेम का चक्कर हानिकारक है। सावधान रहें।
१२. संबंधी धोखा अवश्य देगा सावधान।
१३. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं मिलेगी।
१४. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
१५. कन्या सन्तान का जन्म होगा।

१०. दामोदर

१. जीवन सुख पूर्वक व्यतीत होगा।
२. अल्प विद्या प्राप्ति के योग हैं।
३. परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी।
४. मकान बनाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
५. खेती से अल्प लाभ की आशा रखें।
६. प्रमोशन के योग बन रहे हैं।
७. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
८. भाग्योदय निकट भविष्य में हो जायेगा।
९. मुकदमे में जीत निश्चित है।
१०. सन्तान सुख थोड़ा देरी से मिलेगा।
११. तीर्थ यात्रा पर जाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
१२. प्रेमी/प्रेमिका मन से प्रेम करता/करती है।
१३. संबंधी धोखा नहीं देगा।
१४. पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी।
१५. इच्छा पूर्ण हो जायेगी।

११. इन्द्र

१. भूमिगत धन की प्राप्ति हो जायेगी।
[illegible]

३. विद्या पूर्णतया प्राप्त कर लो इसमें संदेह है।
४. परीक्षा उत्तीर्ण कर लोगे।
५. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
६. खेती से लाभ नहीं होगा।
७. प्रमोशन हो इसमें संदेह है।
८. नौकरी अभी नहीं मिलेगी।
९. भाग्योदय शीघ्र हो जायेगा।
१०. मुकदमे में जीत जाने का अवसर क्षीण है।
११. सन्तान सुख मिलेगा। लेकिन उपाय से।
१२. तीर्थ यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
१३. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम झूठा है, बच कर रहें।
१४. संबंधी धोखा देने की योजना बना रहा है।
१५. पत्नी अति नम्र और स्नेहशील होगी।

१२. गणेश

१. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
२. भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव नहीं है।
३. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
४. विद्या प्राप्त कर लोगे।
५. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के चांस नहीं हैं।
६. मकान अभी देर से बनेगा।
७. खेती से लाभ मिलेगा।
८. उन्नति (प्रमोशन) अभी नहीं होगी, देर है।
९. नौकरी मिल जायेगी।
१०. भाग्य का सितारा चमकने वाला है।
११. ऐसे आसार हैं कि मुकद्दमा हार जाओगे।
१२. संतान सुख मिल जायेगा।
१३. तीर्थ यात्रा को नहीं जा सकोगे।
१४. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम नहीं है।
१५. संबंधी गुप्त रूप से सहायता करेगा।

१३. अग्नि

१. बीमार अच्छा हो जायेगा।
२. विवाह होने के आसार नहीं हैं।
३. गड़ा धन मिलेगा, गृह देवता की पूजा करें।
४. जीवन में सफलता मिलेगी।
५. विद्या प्राप्त कर लोगे।
६. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
७. मकान शीघ्र ही बन जायेगा।
८. खेती से लाभ मिलेगा।
९. फिलहाल तरक्की मिलना कठिन है।
१०. नौकरी मिलने के आसार नहीं हैं।
११. भाग्योदय शीघ्र होगा।
१२. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१३. सन्तान सुख मिल जायेगा।
१४. तीर्थयात्रा करने की इच्छा पूर्ण होगी।

१४. वायु

१. स्वप्न का फल उत्तम फलप्रद है।
२. रोगी के रोगमुक्त होने में अभी देरी है।
३. विवाह संबंध के लिए उपाय करना।
४. भूमिगत धन मिलने की सम्भावना है।
५. जीवन में सफलता मिलने में संदेह है।
६. विद्या प्राप्त हो जायेगी शिवार्चन करें।
७. परीक्षा में उत्तीर्ण होना कठिन है।
८. मकान बनाने में कठिनाइयां आयेंगी।
९. खेती से लाभ होने की आशा है।
१०. प्रमोशन होने में अभी समय लगेगा।
११. नौकरी निकट भविष्य में नहीं मिलेगी।
१२. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
१३. मुकदमे में जीत निश्चित मिलेगी।
१४. सन्तान सुख पाने के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
१५. तीर्थयात्रा नहीं हो सकेगी।

१५. वरुण

१. तबादला शीघ्र ही हो जायेगा।
२. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
३. बीमार के ठीक होने के आसार नहीं हैं।
४. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
५. गड़ा धन मिल जायेगा लेकिन उपाय से।
६. जीवन में अधिक सफलता मिले आशा कम है।
७. विद्या प्राप्ति में विघ्न आयेंगे।
८. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिवार्चन करें।
९. मकान बन जायेगा।
१०. खेती से विशेष लाभ की आशा रखना निर्मूल है।
११. उन्नति शीघ्र मिल जायेगी।
१२. नौकरी निकट भविष्य में मिल जायेगी।
१३. भाग्योदय अभी नहीं हो रहा देर लगेगी।
१४. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
१५. संतान सुख भाग्य में नहीं है।

१६. यम

१. व्यापार में लाभ मिलेगा, परन्तु सावधानी आवश्यक है।
२. तबादले के योग बन रहे हैं।
३. स्वप्न का फल अच्छा है।
४. बीमार अच्छा हो जायेगा।
५. विवाह के लिए कुमार मन्त्र का सवा लाख जप करें।
६. गड़ा धन मिल जायेगा।
७. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
८. उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए गणपति मन्त्र जपें।
९. परीक्षा में पास हो जाओगे।

११. खेती से लाभ हो इसमें संदेह है।
१२. प्रमोशन कठिनाई से मिलेगा।
१३. नौकरी मिलने में संदेह है।
१४. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
१५. मुकदमे में जीत निश्चित है।

१७. कुबेर

१. चिन्ता अभी देर से मिटेगी।
२. व्यापार में लाभ मिलेगा।
३. स्थानांतरण अभी नहीं होगा।
४. स्वप्न शुभ फलप्रद है।
५. बीमार के अच्छा होने की संभावना कम है।
६. विवाह होने की संभावना नहीं है।
७. गड़े धन प्राप्ति के लिए आसुरी सिद्धि करें।
८. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
९. विद्या से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. उत्तीर्ण होने के लिए हनुमत् उपासना करें।
११. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१२. खेती से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तरक्की मिल जाये ऐसा योग नहीं है।
१४. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
१५. भाग्योदय होने के लिए स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का जप करें।

१८. सूर्य

१. मित्र धोखा दे सकता है सावधान रहें।
२. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।
३. व्यापार से लाभ नहीं रहेगा।
४. तबादला हो जायेगा।
५. स्वप्न का फल उत्तम नहीं है।
६. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
७. विवाह शीघ्र हो जायेगा।
८. गड़ा धन भाग्य में नहीं है।
९. जीवन में सफलता प्राप्त करने की सम्भावना नहीं है।
१०. विद्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी।
११. परीक्षा में पास होने में संदेह है, मन लगाकर पढ़ो।
१२. मकान शीघ्र बन जायेगा।
१३. खेती से लाभ मिलेगा।
१४. प्रमोशन के योग प्रयत्न साध्य हैं।
१५. नौकरी देर से मिलेगी।

१९. चन्द्र

१. कर्ज मिलने में विघ्न-बाधाएं आयेंगी।
२. मित्र कपट करेगा सावधानी अपेक्षित है।
३. चिन्ता मिट जायगी, ईश्वराधना करें।
४. व्यापार से लाभ रहेगा।

७. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
८. विजय के लिए विष्णु मन्त्र का अनुष्ठान करें।
९. गड़ा धन पितृ पूजन करने से मिलेगा।
१०. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
११. विद्या प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।
१२. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
१३. मकान बन जाये इसमें सन्देह है।
१४. खेती से अधिक लाभ नहीं मिलेगा।
१५. उन्नति होने के योग क्षीण हैं।

२०. मंगल

१. खोई वस्तु मिल जायेगी प्रयत्न करें।
२. कर्जा मिल जायेगा।
३. मित्र के साथ निभ जाये ऐसा नहीं लगता।
४. चिन्ता शीघ्र दूर हो जायेगी।
५. व्यापार में हानि होने के योग हैं।
६. ट्रांसफर नहीं हो सकेगा।
७. स्वप्न का फल उत्तम है।
८. बीमार के अच्छे होने की सम्भावना नहीं है।
९. विवाह अभी देर से होगा।
१०. गड़ा धन मिलने में सन्देह है।
११. जीवन में सफलता कष्ट से मिलेगी।
१२. विद्या प्राप्त कर लोगे।
१३. पास होना कठिन है।
१४. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
१५. खेती से लाभ रहेगा।

२१. बुध

१. प्रवासी लौट कर आ रहा है।
२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
३. कर्जा इस समय नहीं मिलेगा।
४. मित्र के साथ मित्रता बनी रहेगी।
५. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
६. व्यापार से लाभ मिलेगा।
७. तबादला हो जायेगा।
८. स्वप्न का फल मध्यम है।
९. बीमार अच्छा हो जायेगा।
१०. विवाह हो जायेगा।
११. गड़ा धन मिल जायेगा।
१२. जीवन में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।
१३. विद्या प्राप्ति का योग नहीं है।
१४. उत्तीर्ण होने के लिए परिश्रम एवं हनुमत मन्त्र जपें।
१५. मकान नहीं बन सकेगा।

२२. बृहस्पति

१. यात्रा लाभदायक रहेगी।

३. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
४. कर्जा विलम्ब से मिलेगा।
५. मित्र के साथ नहीं निभ सकेगी।
६. चिन्ता दूर हो जायेगी।
७. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
८. तबादला हो जायेगा आश्वस्त रहें।
९. स्वप्न का फल अशुभ है।
१०. बीमार अच्छा नहीं होगा।
११. गड़ा धन मिलना सम्भव नहीं है।
१२. विवाह होना सम्भव नहीं है।
१३. जीवन में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त कर लोगे।
१४. विद्या प्राप्ति के योग नहीं हैं।
१५. परीक्षा में पास हो जाओगे चिन्ता न करो।

२३. शुक्र

१. भाईयों से अनबन रहेगी।
२. यात्रा से लाभ कम मिलेगा।
३. परदेशी (बाहर गया हुआ) शीघ्र लौट जायेगा।
४. खोई हुई वस्तु बहुत जल्दी मिल जायेगी।
५. कर्जा नहीं मिलेगा।
६. मित्र के साथ अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।
७. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
८. व्यापार से लाभ मिलेगा।
९. तबादला के योग बन रहे हैं।
१०. स्वप्न का फल शुभ है।
११. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१२. विवाह के लिए उपाय करो।
१३. भूमिगत धन शीघ्र मिलेगा।
१४. जीवन में सफलता पाना कठिन है।
१५. विद्या प्राप्ति के लिए गायत्री उपासना करें।

२४. शनि

१. कुंआ बनवाने की इच्छा पूरी होगी।
२. भाईयों से बन जाएगी।
३. यात्रा लाभकारी रहेगी।
४ प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का विचार नहीं कर रहा।
५. खोई वस्तु प्रयत्न करने पर मिल सकती है।
६. कर्ज मिल जाएगा।
७. मित्र से अनबन होने की सम्भावना है।
८. चिन्ता मिट जाएगी, श्री बटुक भैरवार्चन करें।
९. व्यापार में लाभ मिलने की आशा क्षीण है।
१०. तबादला प्रयत्न करने पर हो सकता है।
११. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
१२. बीमार का स्वास्थ्य लाभ लेना असम्भव ही है।

१४. गड़ा धन नहीं मिलेगा।
१५. जीवन में अच्छी सफलता मिलेगी।

२५. राहु

१ यह वर्ष मध्यम रहेगा।
२. कुंआ बन जाएगा।
३. भाईयों से नहीं बनेगी।
४. यात्रा से लाभ मिलेगा।
५. परदेशी शीघ्र ही लौट आएगा।
६. नष्ट वस्तु मिल जाएगी।
७. कर्ज मिल जाएगा।
८. मित्र धोखा देगा सावधान।
९. चिन्ता मिट जाएगी।
१०. व्यापार में लाभ होगा।
११. तबादला हो जाएगा।
१२. स्वप्न का फल शुभ है।
१३. बीमार के अच्छा होने में संदेह है।
१४. विवाह हो जाएगा लेकिन उपाय से।
१५. गड़ा धन इष्ट देव के पूजन से मिलेगा।

२६. केतु

१. यह दिन शुभ नहीं है।
२. यह वर्ष अच्छा रहेगा।
३. कुंआ नहीं बन सकेगा।
४. भाईयों के साथ प्रेम रहेगा।
५. यात्रा से कोई लाभ नहीं मिलेगा।
६. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा बीमार है।
७. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
८. कर्ज देरी से मिलेगा।
९. मित्र कपटी है अतः उसका त्याग करें।
१०. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
११. व्यापार से लाभ की सम्भावना नहीं है।
१२. तबादला नहीं होगा।
१३. स्वप्न का फल शुभ नहीं है।
१४. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
१५. विवाह उपाय से होना सम्भव है।

२७. मित्र

१. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
२. यह दिन शुभ है।
३. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
४. कुंआ बन जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
५. भाईयों से बिगाड़ रहेगा।
६. यात्रा से लाभ मध्यम रहेगा।
७. प्रवासी आने के लिए चल चुका है।

९. कर्ज कठिनाई से मिलेगा।
१०. मित्र के साथ अच्छी पट जायेगी।
११. चिन्ता मिट जाएगी।
१२. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१३. तबादला हो जाएगा।
१४. स्वप्न का फल उत्तम है।
१५. रोगी के स्वस्थ होने में संदेह है।

२८. पृथ्वी

१. इच्छा पूरी होने में देरी है।
२. कन्या रत्न की प्राप्ति होगी।
३. यह दिन मध्यम रहेगा।
४. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
५. कुंआ बनने में बाधाएं हैं।
६. भाइयों से मिलाप रहेगा।
७. यात्रा में लाभ मिलेगा।
८. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
९. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
१०. कर्ज नहीं मिलेगा।
११. मित्र के साथ बनने की संभावना नहीं है।
१२. चिन्ता बढ़ सकती है।
१३. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
१४. तबादले की सम्भावना क्षीण है।
१५. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।

२९. काल

१. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
२. इच्छा पूरी होगी।
३. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
४. यह दिन शुभ है।
५. यह वर्ष अशुभ रहेगा।
६. कुंआ बन जाएगा।
७. भाईयों से अनबन रहेगी।
८. यात्रा में लाभ प्राप्त करना असम्भव है।
९. परदेशी निकट भविष्य में नहीं लौट रहा है।
१०. खोई वस्तु शीघ्र नहीं मिलेगी।
११. कर्ज देर से मिलेगा।
१२. मित्र के साथ नहीं बनेगी।
१३. चिन्ता शीघ्र दूर होगी।
१४. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
१५. तबादला हो जाएगा।

३०. शेष

१. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
२. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।

४. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
५. यह दिन मध्यम रहेगा।
६. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
७. कुआं बनने में आकस्मिक बाधा आएगी।
८. भाईयों से बनना मुश्किल है।
९. यात्रा से लाभ नहीं मिलेगा।
१०. परदेशी शीघ्र लौट कर आने वाला है।
११. खोई वस्तु मिलना कठिन है।
१२. कर्ज अभी नहीं मिलेगा।
१३. मित्र के साथ मेल-जोल रहेगा।
१४. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
१५. व्यापार से लाभ मिलेगा।

३१. यक्ष

१. प्रेमी-प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
२. सम्बन्धी से धोखे की आशा नहीं है।
३. पत्नी का स्वभाव सरल होगा।
४. इच्छा देरी से पूरी होगी।
५. पुत्रोत्पत्ति होगी।
६. दिन शुभ रहेगा।
७. यह वर्ष मध्यम शुभप्रद है।
८. कुआं निर्माण की इच्छा पूरी होगी।
९. भाइयों से साधारण मेल रहेगा।
१०. यात्रा से लाभ मिलेगा।
११. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा।
१२. खोई वस्तु मिल जायेगी।
१३. कर्ज मिल जायेगा।
१४. मित्र के साथ नहीं निभेगी।
१५. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।

३२. तक्षक

१. तीर्थ यात्रा अभी नहीं हो सकेगी।
२. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
३. सम्बन्धी धोखा दे सकता है।
४. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं होगी।
५. इच्छा पूरी होने में देरी है।
६. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
७. दिन शुभ रहेगा।
८. यह वर्ष अरिष्टप्रद होगा।
९. कुंआ देर से बनेगा।
१०. भाईयों से मेल कम रहेगा।
११. यात्रा से लाभ नहीं होगा।
१२. प्रवासी नहीं लौटेगा।
१३. खोई वस्तु मिलना सम्भव नहीं है।
१४. कर्ज मिलने में सन्देह है।
१५. मित्र का साथ कम रहेगा।

मंत्रों द्वारा कामना सिद्धि प्रयोग

पुत्र प्राप्ति के लिये:- ''ऊँ ह्रां ह्रीं ह्रूं पुत्र करू स्वाहा'' इस द्वादशक्षर मंत्र का आम के वृक्ष पर बैठकर एकाग्र मन से जो एक वर्ष तक निरंतर जप करता है, उसको अवश्य ही पुत्र की प्राप्ति होती है, ऐसा भगवान शंकर जी ने कहा है।

पत्नी की प्राप्ति के लिए:- पत्नी मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्। तारिणीं दुर्गसंसारसागरस्य कुलाद्भवाम्॥ (दुर्गा सप्तसती) इस मंत्र का सवा लाख जप स्वयं करने से शीघ्र पत्नी की प्राप्ति (विवाह) हो जाता है और 'पत्नी मनोरमां देहि.' इस मंत्र के सम्पुट से दुर्गा के 100 पाठ अर्थात् शतचण्डी कराने से शीघ्र विवाह हो जाता है। स देवि नित्यं परितप्यमानस्त्वामेव सीतेत्यभिभाषमाणः। दृढ़व्रतो राजसुतो महात्मा तवैव लाभाय कृतप्रयत्नः॥ (बाल्मीकीय रामायण, सुंदरकांड 36/46) इस यंत्र का सवा लाख जप करने और इसी मंत्र के सम्पुटित बाल्मीकीय रामायण के सुदंर कांड का कम से कम 1 पाठ स्वयं अथवा ब्राह्मण से कराने पर शीघ्र विवाह हो जाता है।

वर प्राप्ति के लिये:- हे, गौरि! शकड़राधंगिड़्! तथा त्वं शड़करप्रियाता। तथा मां कुरु कल्याणि! कान्त कान्तां सुदुर्लभाम्॥ भगवती पार्वतीजी का पूजन करके उपर्युक्त मंत्र का प्रतिदिन 5 माला जप करने से शीघ्र पति (वर की) की प्राप्ति हो जाती है। पार्वती जी का पूजन कर जो कन्या श्री रामचरित मानस के बालकाण्ड के 234 दोहे के बाद 'जय जय गिरिराज किशोरी' से 'मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे' यहां तक 236 दोहों का प्रतिदिन श्रद्धा विश्वास पूर्वक पाठ करती है, उसका शीघ्र विवाह हो जाता है। **कात्यायनि महामाये महायोगिनीधीश्वरी। नन्दगोपसुतं देवि पतिं में कुरु ते नमः॥** (श्री मद्भागवत 10/ 22/ 4) कात्यायनि देवी अथवा पार्वती देवी की फोटो सामने रखकर जो कन्या उसका पूजन कर उपर्युक्त मंत्र की 1 माला जप प्रतिदिन करती है, उसका विवाह शीघ्र हो जाता है। **ऊँ देवेन्द्रामणि नमस्तुभ्यं देवन्द्रप्रियभामिनी। विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रलाभं च देहि मे॥** उपर्युक्त मंत्र का 108 बार कन्या को जप करना चाहिए। जप करने की विधि यह है कि तुलसी के पौधे का पूजन करके उसके सामने तुलसी की माला पर 108 बार जप पूर्ण होने पर तुलसी के पौधे की 12 बार परिक्रमा करनी चाहिए। प्रत्येक परिक्रमा में दुग्ध और जल से भगवान् सूर्यनारायण को अर्घ्य देते हुए 'ऊँ देवेंद्राणि नमस्तुभ्यम्' मंत्र को भी [illegible] ही 12 बार देना चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त विधि से जप और सूर्य को अर्घ्य प्रदान करती है, उसको बहुत शीघ्र वर की प्राप्ति हो जाती है। **ऊँ शं शंकराय सकल जन्मर्जितपापविध्वंसनाय। पुरुषार्थचतुष्टयलाभाय च पतिं देहि कुरू कुरू स्वाहा॥** उपर्युक्त मंत्र का जप तीन माला तुलसी की माला पर करने से कन्या का विवाह शीघ्र हो जाता है। जप की विधि यह है कि भगवान् शंकर और अन्न पूर्णा की फोटो सामने रखकर उसका प्रतिदिन पूजन करके धूप बत्ती जलाकर जप करे। जप जहां किया जाय, वहां मिट्टी के गमले में अथवा टीन में केले के स्तंभ को रखकर उसको मौजी (नाला) से 9 अथवा 11 बार लपेट कर उस केले के वृक्ष की पूजा प्रतिदिन करनी चाहिए और जप के बाद केले के स्तंभ की 4 बार अथवा 9 बार परिक्रमा करनी चाहिए। जो कन्या उपर्युक्त अनुष्ठान नित्य करती है उसका शीघ्र विवाह हो जाता है।

ज्वर से मुक्त होने के लिए:- ऊँ भस्मायुधाय विद्महे **एकदंष्ट्राय धीमहि। तन्नो ज्वरः प्रचोद्यात॥** इस मंत्र की उत्पत्ति संहारोत्पत्ति क्रम से 7 दिन तक जप स्वयं करने से अथवा 21 दिन तक दूसरे विद्वान् से जप कराने से सभी प्रकार का ज्वर ठीक हो जाता है। दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्टैव कालानलसन्निभानि। दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद देवेश जगन्निवास॥ (श्रीमद्भागवद् गीता 11/25) इस मंत्र का उत्पत्ति संहारोत्पति क्रम से 7 दिन तक जप स्वयं करने से अथवा 21 दिन तक दूसरे विद्वान से जप कराने से सभी प्रकार का ज्वर ठीक हो जाता है।

लक्ष्मी प्राप्ति के लिए:- ऊँ श्रीं श्रियै नमः स्वाहा। इस मंत्र से बाल्मीकीय रामायण के सुदंरकाण्ड के प्रत्येक श्लोक से घी की आहुति अग्नि में देनी चाहिए। अनन्तर सर्ग की समाप्ति पर 'ऊँ रामभद्र महेष्वास रघुवीर नृपोत्तम। भो दशास्यान्तकास्माकं रक्षां देहि श्रियं च ते।' इस मंत्र का पाठ करना चाहिए। 'ऊँ श्रीं श्रियै नमः महां श्रियं देहि देहि दापय दापय स्वाहा।' इससे बाल्मीकि रामायण के सुदंरकांड के प्रत्येक श्लोक से घी की आहुति देनी चाहिए। **विधिः-** इस अनुष्ठान का प्रारम्भ दीपावली की रात्रि को दीपक जलाने के बाद करना चाहिए। 8 दिनों तक प्रतिदिन सात सर्ग का और 9 वें दिन बारह सर्ग का पाठ करके नौ दिन में पाठ पूरा करना चाहिए। अथवा प्रतिदिन सात, पांच, तीन या एक सर्ग का पाठ करके अड़सठ दिनों में [illegible] का 7, 3 अथवा 1 पाठ पूर्ण करना चाहिए।

भूत प्रेत बाधा की निवृत्ति के लिए:- **स्थाने हृषिकेश तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनु च। रक्षांसि भतानि दिशो द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसंघा॥** (गीता 11/36) इस मंत्र का सवा लाख जप करके सर्वप्रथम सिद्ध करना आवश्यक है। पश्चात् उपर्युक्त मंत्र काम करता है। भूत-प्रेत आवेश होने पर मिट्टी के किसी शुद्ध पात्र में गंगाजल लेकर अथवा कूप का जल लेकर 7 बार उपर्युक्त मंत्र को बोलकर उसमें दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली को फिरा (घुमा) दें। फिर उस जल में से थोड़ा सा रोगी को पिला देना चाहिए। बा हुआ जल रोगी के समस्त अंगों पर छिड़क देना चाहिए। जब तक रोगी की भूत-प्रेत बाधा शांत न हो, तब तक प्रतिदिन दो बार प्रातः और सायंकाल इस प्रयोग को करना चाहिए।

मस्तक पीड़ा की निवृत्ति के लिए :- ऊँ नमो आंदेश गुरु को बाल में कपाल, कपाल में भेजी, भेजी में कीड़ा करे पीड़ा, सोने का शाला का रूप का हथोड़ा, ईश्चर गढ़े गौरिया तोड़े इनका श्राप श्री महादेव तोड़े शब्द सांचा पिण्ड काचा फुरो मंत्र ईश्वर वाचा। अपने बाएं हाथ में 7 बार थोड़ी-थोड़ी पवित्र राख (भस्म) को लेकर दाहिने हाथ से ढककर उपर्युक्त मंत्र को 7 बार पढ़कर दर्द वाले मस्तक पर लगाने से दर्द दूर हो जाता है।

मित्रता के लिए:- ऊँ दमयन्तीनलाभ्यां च नमस्कारं करोभ्यहम। अभिवादी भवेदत्र कलिदोष प्रशान्तिदः॥1॥ ऐकतत्यं भवेदेषां ब्राह्मणानां पृथधियाम्। निर्बैरिता च जायेत संवादाग्ने प्रसीद में ॥2॥ उपर्युक्त दोनों मंत्रों से अलग-अलग पायस (खीर) में घृत डालकर हवन करने से शत्रुता हटकर मित्रता हो जाती है। यह अनुष्ठान कम से कम 61 दिन का है।

शत्रुता कराने के लिए:- ऊँ महाभैरवाय श्मशान- अमुको-विद्वेषं कुरु फट्। इस मंत्र का 41 दिन तक 108 बार जप करने से प्रेमियों का प्रेम हटकर परस्पर शत्रुता हो जाती है। मंत्र में जिन जगहों पर अमुक-अमुक शब्द लिखा है, उस स्थान पर प्रेमियों का नाम लिखना चाहिए जिसकी शत्रुता करानी हो।

शूल निवृत्ति के लिए:- **ऊँ मीढुष्टम शिवतम शिवो नः सुमना भवः। परमे वृक्षऽआयुधं कृत्तिंवसानऽआचार पिनाकं विभ्रदागहि॥** (शुक्ल यजुर्वेद 16/51) इस मंत्र का पाठ अथवा जाप करने से मनुष्य के दर्द दूर हो जाते हैं।

[illegible]

गर्भिणी स्त्री को जल पिलाने से उसको सुख से प्रसव होगा।

पति को वश में करने के लिए:- ॐ नमो महायक्षिणि पतिं में वश्यं कुरू कुरू स्वाहा। इस मंत्र को दीपावली अथवा ग्रहण के दिन 108 बार जप करके सिद्ध कर लें। पश्चात् 31 दिन 108 बार जप करने से स्त्री का पति उसके वश में हो जाता है।

जलती अग्नि शीतल हो:- ॐ नमो कोरा करावा जल सा भरिया, ले गौरा के सिर पर धरिया, ईश्वर ले गौरा नहाय, ई जलती अग्नि शीतल हो जाय। शब्द सांचा पिंड काचा फुरो मंत्र ईश्वरो वाचा॥ इस मंत्र को ग्रहण या दीपावली में जगा लेवें। **विधि:-** कुंए के सन्निकट से सात कंकड़ी लेकर प्रत्येक पर सात बार मंत्र पढ़कर अग्नि की ओर फैंके।

नजर झाड़ने का मंत्र:- गुरु चरणे दिया मन, श्रीहरी मोक्ष कारन, देव दानव दैत्यानी लाई, नरसिंह वरा आसी सब उड़ाई, आलाली पालाली चोटी चोटी हुंकारे फुंकारे उड़ाय, माटी शलिकेर पांव देख टुकरियाजय अमुकार अंगे डाइनेर दृष्टि पलाय कार अक्षावीर नरसिंह आज्ञा। दीपावली में सिद्ध करके इस मंत्र को झाड़ने का विधान है।

सर्प विषनाशक मंत्र औषधि:- गरुड़ास्य मंत्र ॐ सुपर्णोसि गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्बृहद्रयन्तरेवक्षी। सोम गरुत्मांस्त्रिवृतो शिरो गायंत्र चक्षुर्बृहद्रयन्तरेवक्षी। सोम आत्माछन्दास्यंकानि यजूंषिपनाम। साम ते तनुर्वामदेव्यं यज्ञयज्ञियम्पुच्छन्धिष्ठायाऽशम्या सपुर्णोसि गरुश्रमन्दिवं गच्छ स्वः पत ॐ। इसे ग्रहण में सिद्ध कर नीम की टहनी या अपामार्गा से झाड़े का विधान है। दधि मधु नवनीता, पीप्पली शृंगवेरं, मीरचमपि कूटो प्रतिहंन्सा सुकेशी। यदि दसति सर्पो, तक्षको वासुकी वा, यमस दनगतानां नास्ति मृत्युर्नराणम्॥ गाय के ताजे दूध से निकाला जाता मक्खन, गाय का दही, शहद, पीपल, अदरक, मिर्च और कूट बराबर मात्रा में मिलाकर सांप से डसे हुए व्यक्ति को पिला देने से विष उतर जाएगा।

चिन्ता निवारण लक्ष्मी प्राप्ति मंत्र:- ॐ ह्रीं कमले कमल वालेय प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।

स्थायी धनस्थिति मंत्र:- ॐ ह्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै नमः।

प्रसव समये जल मंत्र:- आकाश टले पवन राम लक्ष्मण दुई लाचा सुन की कर कोका कोकी रिक्ता कुण्डली बसिया बाहिर हव असिया सिद्ध गुरु कालिका चराडीर वरे शीघ्र करिया भूमे पड़े। **विधि:-** ताजा शुद्ध जल को सात बार मंत्र पढ़कर परोसने के पश्चात् पिलाने का विधान है।

मृत्युंजय मंत्र:- ॐ हौ ॐ जूं सः भूर्भव स्वः त्र्यम्बकं यजामहे स्वरो जूं सः हौं ॐ। पुरोणोक्तमृत्युंजय मंत्र- मृत्युंजयाय रुद्राय नीलकण्ठाय शम्भवे। अमृतेशाय शर्वाय महादेवाय ते नमः।

धनधान्य पूर्ण कर अन्नपूर्णा मंत्र:- ॐ ह्रीं क्लीं नमो भगवती माहेश्वरी अन्नपूर्णे स्वाहा क्लीं श्रीं ह्रीं ॐ। इस मंत्र के प्रभाव से धन धान्य पूर्ण रहता है। दो लक्ष जप, तिल, लाल धान की लाई, खीर, दाख, गोघृत से हवन करना चाहिए। दो लक्ष का पुरश्चरण क्षेत्र के भीतर यंत्र या ताबीज गाड़ देते हैं, उससे धान्य बढ़ता है।

सर्वसिद्धि हनुमानजी का अष्टादशाक्षर मंत्र:- ॐ नमो भगवते आंजनेयाय महाबलाय स्वाहा। खीर, दाख, उखरस, पला, पीपल, शैर की लकड़ी से हवन एक लक्ष का पुरश्चरण। भेद यह है कि कामना के लिए अनुकूल हवन वस्तु होनी चाहिए।

बिच्छु झाड़ने का मंत्र:- ॐ छः फट् स्वाहा। जल अभिमंत्रित करके देना। आदित्यरथ वेगेन विष्णुबाणबलेन च तार्क्ष्य पक्षनिपातेन भूम्यां गच्छ महाविष॥ **विधि:** राई से उतारना।

आंख झाड़ने का मंत्र:- शर्यातिंच संकन्यांच च्यवनं शुक्रमश्विनौ। संध्ययो: स्मरतां नित्यं तस्य चक्षुर्न नश्यति॥ मंत्र पढ़कर जल से धुलवायें।

ज्वर झाड़ना:- 1. ॐ नमो नरहरे रोगापहारिणे ज्वरं नाशय नाशय सुखमारोग्यं कुय स्वाहा। इस मंत्र को सात बार पढ़कर झाड़ें तो ज्वर न रहे। 2. ॐ नमों अजैपालकी दुहाई जो ज्वर रहे तो महादेव की दुहाई फुरो मंत्र ईश्वरों वाचा। इस मंत्र को दीपावली की रात्रि में सात बार पढ़कर तथा धूप दीप देकर सिद्ध कर लेना चाहिए।२

अन्तर तिजारा चौथिया का मंत्र:- ॐ लंकायाम तीरे कुमुदी नाम वानरः। तस्य स्मरणमात्रेण ज्वरो याति दिशोदश॥ से पीपल के पत्ते पर लिखकर डोर से बांध देवे।

यात्रा में स्मरण करने का मंत्र:- यः स्मरेततुलसी सीता रामं सौमित्रिणा सह। कार्य कृत्वा रिपूंजित्वा क्षेमेणायाति वै नरः॥ थोड़ा सा दही खाकर यात्रा आरंभ करें और चंदन तिलक से सदा पूर्ण रहें।

बीमारी दूर भगाने के लिए:- गांव में पशुओं की बीमारी न आवे इसके लिए गुरु पुष्य हस्तार्क अथवा उत्तम पर्व में मिट्टी के बड़े सकोरे के भीतर मंत्र लिखकर गोशाला में लटका दें तो बीमारी नहीं होगी। मंत्र:- अर्जुनः फाल्गुनो जिष्णुः किरीटी श्वेतवाहनः। बीभत्सुविजयी पार्थ सव्यसाची धनंजयः। कपिध्वजो गुड़ाकेशो गांडीव कृष्णसारथिः। एतान्यर्जुननामानि गवां गोष्ठे च यो लिखेत्। न तत्र पशुरोगादि शुभं शीघ्र प्रजायते।

झाड़ फूंक शाबर मंत्र -सिरपीड़ा दूर करने के लिए:- लंका में बैठ के माथ हिलावै हनुमंत। सो देखिके राक्षसगण पराय मन में॥ गई उर विषाद देवी थिथर दरशाय। 'अमुक' के नहीं कछु पीर नहिं कछु भार। आदेश कामाख्या हरिदासी चण्डी की दोहाई॥ सिर के पीड़ा से पीड़ित व्यक्ति को दक्षिण की ओर मुख करके बैठा दें। सिर को हाथ से पकड़कर मंत्रोच्चारण करते हुए झाड़ें। 'अमुक' के स्थान पर रोगी का नाम ले लें।

आधासीसी दूर करने के लिए:- 1. बन में ब्याई कच्चे वनफल खाय। हाँक मारी हनुमंत ने इस पिंड से आधा सीसी उत्तर जाय॥ 2. ॐ नमों बन में ब्याई बानरी, उछल वृक्ष पै जाय। कूद-कूद शाखानरी, कच्चे वनफल खाय। आधा तोड़े आधा फोड़े. आधा देय गिरायं। हंकारत हनुमान जी, आधासीसी जाय॥ किसी एक मंत्र का उच्चारण करते हुए भस्म से झाड़ें।

नेत्र रोग शमन करने के लिए:- ॐ नमों वने बिआई बानरी जहां-हजां हनुमंत आँखि पीड़ा कषवरी गिहिया थनै लाई चरिउ जाइ। भस्मन्तन गुरु की शक्ति मेरी भक्ति फुरो मंत्र ईश्वरोवाचा॥ आंख पर हाथ फेरते हुए सात बार मंत्र पढ़कर मंत्र फूंके। व्यथा मिट जाएगी॥

कर्णमूल पीड़ा दूर करने के लिये:- वनरा गांठि वावरी तो डांटे हनुमान कंठ। बिलारी बाघी थनैजी कर्णमूल सम जाइ॥ श्री रामचन्द्र की बानी पानी पथ होई जाइ॥ विभुति से सात बार झाड़ने से कर्णरोग नष्ट होता है।

बिच्छू का विष झाड़ने के लिए:- 1. पर्वत ऊपर सुरही गाइ। कारी गाइ की चमरी पूछी तेकरे गोबरे बिछी बिआइ। बिछी तोरे कर अठारह जाति। छ कारी छ पीअरी छ भूमाधारी छ रत्नपवारी। छ कुं हुं कुं हुं छारि। उतरू का बिछी हाड-हाड पोर-पोर ते। कस मारे लीलकंठ गरमोर महादेव की दुहाई गौरा पार्वती की दुहाई अनीत टेहरी शंडार बन छाइ उतरहिं बीडी हनुमंत की आज्ञा दुहाई हनुमंत की। 2. ॐ हरमर्कटमर्कटाय स्वाहा॥ मंगलवार को एक लाख जप तथा दशांश हवन करने से सिद्धि होती है।

अंड वृद्धि रोग दूर करने के लिए:- ॐ नमो आदेश गुरु को जैसे के लेहु रामचन्द्र कबूत ओई करहु राध बिनि कबूत पवनपूत हनुमंत धाउ हर-हर रावन कूट मिरावन श्रवइ अण्ड खेतहि श्रवइ अण्ड-अण्ड विहण्ड खेतहि श्रवइ बाजं गर्भ हि श्रवइ स्त्री षीलहि श्रवइ शाप हर हर जंबीर हर जंबीर हर हर हर॥ मंत्र पढ़कर फूले हुए अण्डकोश को हल्के हाथ से मलें तथा अभिमंत्रित जल पिलायें तो अण्डवृद्धि शांत हो जाती है। मिट्टी दे। आंगन और बरामदों में सिर्फ उड़द के दाने ही बिखेरना चाहिए। मात्र इतनी ही क्रिया से ग्रह दोष सदा के लिए दूर हो जाता है।

यंत्र-मंत्र-तंत्र एक साधना एवं सफलता

विश्वासम् फलमदायकम्। भद्धारूपेण कर्म साधनम्॥ गुरुत्व गुरु ग्राह्य मंत्रम्। आज्ञानुसारेण साधना सफलम्॥

साधक को आवश्यकतानुसार अपने जीवन में तंत्र साहित्य का प्रयोग मंत्र-यंत्र के रूप में करना हो तो भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। हां उसमें अपने भाव समर्पित होना नितान्त आवश्यक है। तंत्र में शक्ति का योगदान, मंत्र में गुरु का योगदान तथा यंत्र में बुद्धि सरस्वती का योगदान प्राप्त करके अपना कदम रखा जाय या शाबर तंत्र की सामान्य प्रक्रिया को भी यदि अपनाया जाय तो कोई भी यंत्र-मंत्र-तंत्र में विफलता का आना संभव नहीं है। अवश्य सफलता प्राप्त होती है। जरूरत है साधना के नियमों-उपनियमों एवं सीमांकन की। शिव+शक्ति=साधना का आधार। इसीलिए **सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम्** की उक्ति चरितार्थ होती है।

आईये जन हिताय-सुखाय-लाभाय कुछ सरल यंत्रों एवं मंत्रों की जानकारी सर्व कल्याण की भावना से परीक्षित यंत्रों की जानकारी आप भी प्रयोग करके देखें। तथा अपनी मंजिल प्राप्त होने पर हमें जरूर संकेत डाक द्वारा/फोन द्वारा बतायें। जिससे विश्वास, श्रद्धा भावना एवं कर्म का सटीक प्रमाण मिल सके। स्वयं करें, फिर लिखें। अनुभव की पाठशाला में जीवन पर्यन्त पढ़ना पड़ता है। यंत्र इस प्रकार है:-

मनोकामना पूर्ण करने के लिए-विधि- इस यंत्र को हल्दी के रस से कागज पर या भोजपत्र के ऊपर लिखें तथा इस यंत्र के नीचे अपना मनोरथ लिख दें। फिर इसका पलीता बनाकर रविवार के दिन जला दें। इस तरह सात रविवार तक प्रयोग करने से तथा साथ ही मंत्र का नित्य हल्दी की माला से जप करें तो शीघ्र ही मनोरथ पूर्ण होगा। मंत्र-ॐ ह्रीं ह्रां सः॥ सूर्य का पूजन भी करें। अवश्य ही लाभ होगा। प्रत्येक मनोरथ की पूर्ति अलग-अलग करें।

८	१५	२	[illegible]
६	३	२	११
१०	२	८	१
४	५	१०	१३

व्यापार में लाभ प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को केसर की स्याही से नदी का जल डालकर चमेली की कलम से भोजपत्र के ऊपर शुक्रवार के दिन २१००० यंत्र लिखकर (२४ घंटों में) फिर २१००० आटे की गोलियां बनाकर मछलियों को खिलाने पर यह यंत्र सिद्ध होगा। तब इस सिद्ध यंत्र को भोजपत्र या चांदी में या सोने की पतरी पर लगायें तो दिन-प्रतिदिन लाभ होगा।

५०	५७	२	[illegible]
६	३	५२	५२
५६	५१	८	५१
४	५	५२	५५

बूरी नजर दूर करने का यंत्र-विधि- हल्दी के द्वारा पीले रंग से रंगे सूती कपड़े पर यंत्र लिखकर पोटली सी बनाकर अजवायन डालकर काले धागे से बच्चे के गले में बांधने से बुरी नजर दूर होती है। अथवा इस यंत्र को बुधवार के दिन हल्दी से भोजपत्र पर लिखकर बालक के गले में बांधने से नजर दोष का निवारण होता है।

१४८	१३	१३८	६
२	१४६	१३	१३९
६३	७	१४०	९
३०	१३४	९	[illegible]

गर्भ धारण के लिए यंत्र-विधि- इस ताबीज (यंत्र) को भोजपत्र के ऊपर केसर से रविवार को लिखकर स्त्री के गले में शुभ समय में बांधे तो गर्भ धारण होगा। रजस्वला समय को त्यागना है। तथा गौरी शंकर की पूजा स्त्री २१ दिन तक करें। अवश्य लाभ होगा।

३४२	३४९	२	[illegible]
६	३	३४६	३४१
४४८	३४३	८	१
४	५	३४४	३४८

प्रत्येक कार्य में सफलता के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को भोजपत्र के ऊपर रविपुष्य / गुरुपुष्य / सर्वार्थ सिद्धि योग में शुभ की होरा में केसर की स्याही से अनार की कलम से लिखें। तथा अपने पास रखें तो लाभ होगा। गुरु मंत्र जपें।

विद्या प्राप्ति के लिए यंत्र-विधि- इस यंत्र को सरस्वती मंत्र से सिद्ध करके अपनी भुजा पर बांधे तो लाभ होगा। यंत्र केसर से भोजपत्र के ऊपर गुरु पुष्य, रवि हस्त बसंत पंचमी को तैयार करें। अनार की कलम से तथा ५१ दिन तक सरस्वती उपासना करें, लाभ होगा।

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

भाग्योन्नति

भाग्योन्नतिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन भोजपत्र पर केशर से 625 यंत्र लिखें। जितने दिनों में संख्या दस हजार पूरी हो जाय, उतने दिनों तक प्रतिदिन यंत्रों को लिख-लिखकर नदी के जल में प्रवाहित करते रहें, तो भाग्य ...

परीक्षा में सफलताः- परीक्षा आरंभ होने से 15 दिन पूर्व इस यंत्र को केसर द्वारा भोजपत्र के ऊपर लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र लिखकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। सोलहवें दिन एक यंत्र को यथा विधि पूजकर ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा गले में धारण कर लें और परीक्षा देने जायें तो उसमें सफलता मिलती है।

२	१	२	७
६	३	६	५
८	३	८	१
४	५	४	७

परीक्षा में सफलता

या हाफज	३३३	३३८	३३१
या हाफज	३२२	३३४	३३६
९९	३३७	३३०	३३५
कैदी का नाम मां का नाम	९९	या हाफज	या हाफज

बंधन मुक्ति

बंधन मुक्तिः- इस यंत्र को रविवार के दिन कागज या भोजपत्र के ऊपर चंदन से लिखकर एक जंगली कबूतर के गले में बांधकर कबूतर को छोड़ दें। इस यंत्र में जिस स्थान पर कैदी का नाम लिखा है, वहां 'कैदी के नाम' का तथा जहां 'मां का नाम' लिखा है वहां कैदी की मां का नाम लिखना चाहिए। बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

कारावास मुक्तिः- इस चक्र को पुए के ऊपर घी से लिखकर बीच में देवदत्त के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखें जो जेल में पड़ा हो। गंध, पुष्प आदि से यंत्र वाले पुए का पूजन करके, वह पुआ उस कैदी व्यक्ति को खिला दें। इस यंत्र के प्रभाव से वह कैदी व्यक्ति तीन अथवा सात दिन के भीतर ही कैद से छूट जाता है। यह भी बड़ा प्रभावकारी यंत्र है।

ह्रीं
ह्रीं देवदत्त ह्रीं
ह्रीं

कारावास मुक्ति

गये हुए व्यक्ति का लौटनाः- घर से लड़का, लड़की, स्त्री, पुरुष, भाई, बहिन, सेवक अथवा अन्य व्यक्ति रूठकर या किसी भी कारण से चुपचाप बाहर चला गया हो और न आ रहा हो तो उसे वापिस बुलाने के लिए इस यंत्र को रविवार के दिन भोजपत्र पर चंदन से लिखकर चरखे पर बांध दें और कुंवारी कन्या के हाथ से उल्टा चरखा चलवाकर सूत कतवायें तो गया हुआ व्यक्ति वापिस लौट आता है।

क्रोध शमनः- इस यंत्र को लोहे के कांटे से गोरोचन द्वारा ताड़ पत्र पर सोमवार के दिन लिखें। मध्य में 'देवदत्त' के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए जिसका क्रोध शांत करना हो फिर यंत्र को कुम्हार की मिट्टी में रखकर 7 दिन तक पूजन करें। अंत में ब्राह्मण को भोजन करावें। इसके प्रभाव से शत्रु मित्र अथवा अन्य व्यक्ति का क्रोध दूर हो जाता है।

देवदत्त

क्रोध शमन

११	१	८
४	७	९
५	१२	३

विद्या प्राप्ति

विद्या प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखें और उन यंत्रों को उसी दिन पूजन करके नदी के जल में प्रवाहित कर दें। 15 दिन तक इसी प्रकार निरंतर करता रहे तो साधक को इच्छित विद्या की प्राप्ति होती है।

६ १० ४
१०
९ ४ ८
१
आजीविका प्राप्ति

आजीविका प्राप्तिः- इस यंत्र को मंगलवार अथवा गुरुवार के दिन से लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखें। जब 5 हजार लिखे जा चुके हों तो उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इसके प्रभाव से आजीविका (नौकरी आदि) की प्राप्ति होती है।

भागे हुए व्यक्ति को बुलाने का यंत्रः- खोए या भागे हुए व्यक्ति के पहने हुए, बिना धुले हुए वस्त्र पर गुरु से इस यंत्र को बनायें और पत्थर की सिर के नीचे दबा कर रख दें। व्यक्ति के वापस आने तक रोज सांयकाल इसके ऊपर दीप जलाकर रखें। ऐसा करने से व्यक्ति आ जाता है। शीघ्र न लौटे तो पत्थर को कोड़े से मारें। इस तरह वह व्यक्ति जीवित होगा तो लौट आवेगा। नहीं तो समाचार तो मिल ही जाएगा।

८	१	६
३	५	७
४	९	२

भागे व्यक्ति को बुलाना

राजदण्ड से मुक्तिः- इस यंत्र को कपूर कुंकुम से एक बड़े भोजपत्र पर लिखकर बीच में 'देवदत्त' के स्थान पर साध्य व्यक्ति का नाम लिखें। फिर यंत्र का गंध, पुष्प आदि से पूजन कर, गिलोह के ताबीज में भरकर कंठ अथवा भुजा में धारण करें तो इसके प्रभाव से राजदण्ड अथवा बंदन (कैद भय से) दूर हो जाता है। यदि किसी ने किसी को जबरदस्ती रोक रखा हो तो छुटकारा मिल जाता है।

देवदत्त
राजदंड से मुक्ति

शत्रु विजयः- इस यंत्र को शमशान के कोयले द्वारा शत्रु के वस्त्र पर लिखकर उसे धूप, दीप दें। तत्पश्चात् उस वस्त्र को जमीन में गाड़ दें या किसी नदी में बहा दें तो शत्रु पर विजय प्राप्त होती है। इस यंत्र के प्रभाव से शत्रु देश छोड़कर चला जाता है अथवा क्षमा मांगकर शत्रुता छोड़ देता है।

हं.	तं.	तं.	हं.
तं.	हं.	तं.	तं.
हं.	तं.	हं.	हं.
हं.	हं.	हं.	तं.

शत्रु विजय

खोई हुई वस्तु का मिलनाः- इस यंत्र को कनेर के वृक्ष की छाया में बैठकर बकरे की हड्डी से पृथ्वी पर 108 बार लिखें। तत्पश्चात् भगवान् शिव का यथाविधि पूजन करें तो इसके प्रभाव से खोई वस्तु मिल जाती है। इस यंत्र को मंगलवार या शनिवार के दिन लिखना चाहिए।

हं.	हं.	हं.	हं.
ईं.	ईं.	ईं.	ईं.
जं.	जं.	जं.	जं.
ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.	ह्रीं.

खोई हुई वस्तु का मिलना

पुत्री का विवाहः- इस यंत्र को सोमवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 225 यंत्र भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही से लिखें। जब तक पांच हजार यंत्र लिखे जा चुकें, तब सबको एकत्र कर, धूप दीप देकर नदी के जल में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से पुत्री का विवाह आनन्दपूर्वक हो जाता है और उसके लिए चिन्ता नहीं करनी पड़ती।

पुत्री का विवाह

पारिवारिक सुखः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना प्रारंभ करें। यंत्र को भोजपत्र पर केशर द्वारा लिखना चाहिए। जब 5000 की संख्या पूरी हो जाय तब से यंत्रों का पूजन कर उन्हें नदी के जल में विसर्जित कर दें। इसके प्रभाव से पारिवारिक सुख प्राप्त होता है।

पारिवारिक सुख

यश प्राप्तिः- इस यंत्र को रविवार के दिन प्रातःकाल 5 बजे से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 101 यंत्र भोजपत्र पर केशर या गोरोचन से लिखें। जब 2400 यंत्र लिखे जा चुकें, तब उन्हें किसी नदी या समुद्र के जल में प्रवाहित कर दें तो इसके प्रभाव से यश और संतान की प्रासि होती है।

यश प्राप्ति

सम्मान प्राप्तिः- यंत्र को केसर अथवा अष्टगंध द्वारा भोजपत्र पर सवा लाख की संख्या में लिखें। लिखने का प्रारंभ शुक्ल पक्ष के गुरुवार अथवा पूर्णिमा के दिन करना चाहिए। निश्चित संख्या में लेखन कार्य पूरा हो जाने पर यंत्र लेखक को सर्वत्र सम्मान की प्राप्ति होती है। यंत्र लिखते समय धूप दीप भी जलानी चाहिए।

दं.	दं.	दं.	दं.
वं.	वं.	वं.	वं.
सं.	सं.	सं.	सं.
अं.	अं.	अं.	अं.

सम्मान प्राप्ति

संतान सुखः- इस यंत्र को रविवार के दिन से लिखना आरंभ करें। प्रतिदिन 201 यंत्र लिखें। जब 2500 यंत्र पूरे हो जायें, तब उनका पूजन करके नदी में प्रवाहित कर दें। इस यंत्र के प्रभाव से संतान का सुख प्राप्त होता है तथा बिगड़ी हुई संतान सुधर जाती है।

६	११	३
४	७	९
१०	२	८

संतान सुख

स्थानांतरणः- इस यंत्र को मंगलवार के दिन से प्रतिदिन 101 की संख्या में लिखना आरंभ करें। सफेद कागज या भोजपत्र पर केशर से यंत्र लिखने चाहिए। जब 2400 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें किसी नदी के जल में प्रवाहित कर दें तो साधक व्यक्ति का स्थानांतरण उसके इच्छित स्थान पर हो जाता है।

स्थानान्तरण

आत्म रक्षाः- इस यंत्र को शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र वाले दिन अष्टगंध से भोजपत्र पर लिखकर यथाविधि धूप दीप आदि से पूजा कर त्रिलोहर के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा अथवा कंठ में धारण करें तो आत्म रक्षा होती है। ऐसे व्यक्ति को कहीं भय नहीं होता।

आत्म रक्षा

धन प्राप्तिः- इस यंत्र को गुरुवार के दिन से केशर द्वारा भोजपत्र पर लिखना प्रारंभ करें। प्रतिदिन 125 यंत्र लिखें, जब 5000 यंत्र लिख जायें, तब उन्हें जल में प्रवाहित कर दें तथा एक यंत्र को चांदी के ताबीज में भरकर अपनी दांई भुजा में धारण करें, तो धन की प्राप्ति होती है।

धन प्राप्ति

शत्रु विनाश :- शत्रु का उच्चाटन करने तथा शत्रु से छुटकारा पाने के लिए इस यंत्र को लोहे की कलम से तांबे के यंत्र (ताम्र पत्र) पर लिखकर गंध पुष्पादि से पूजन करें तथा जिस शत्रु का विनाश करना हो, उसका ध्यान करें तो यंत्र के प्रभाव से शत्रु का उच्चाटन होता है। वह उस स्थान को छोड़कर दूर चला जाता है तथा शत्रुता करने का कभी नाम भी नहीं लेता।

लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.
लं.	लं.	लं.	लं.

शत्रु विनाश

सर्वकामना सिद्ध, इक्कीसा यंत्रः- इस इक्कीसा यंत्र को शुभ मुहुर्त में भोजपत्र पर अनार की कलम व अष्टगंध की स्याही से लिखकर भुजा में बांधे। इससे सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होकर सर्वकार्य सिद्ध होते हैं। ❖

४	१२	५
८	७	६
९	२	१०

इक्कीसा यंत्र

रमल अरबी ज्योतिष बताएगा धन लाभ कब और कैसे?

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में यह द्वितीय घर का सवाल है। जबकि रमल ज्योतिष शास्त्र में 16 घर होते हैं और यह सभी घर जीवन की समस्त स्थावर और जंगम साथ ही भूत-भविष्य-वर्तमान बातों से सम्बन्धित रखते हैं। प्रश्नकर्ता इसी नियत से प्रश्न करे कि मुझे या अमुक व्यक्ति को धन लाभ और धन से सम्बन्धित शान्ति कब कैसे प्राप्त होगी? यदि प्रस्तार यानी कि जायचे के द्वितीय घर में शुभ शकल हो और गवाहन भी शुभ हो साथ ही नजर-ए-मिकारना हो तो उसे धन लाभ और धन से सम्बन्धित प्राप्ति शीघ्र आसानी से होती है। यह स्थिति जीवन के आधे से अधिक समय तक रहेगी। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में महान अशुभ शकल हो तो धन लाभ व शान्ति प्राप्ति नहीं होती है। यदि शकल साबित हो तो देरी और परेशानी विशेष के बाद ही धन की प्राप्ति होती है। साथ ही जितना और जो चाहते हैं प्राप्ति का योग नहीं होना पाया जाता है। यदि प्रस्तार के प्रथम घर में शकल लहियान जो कि गुरु ग्रह की शकल है साथ ही शकुन पंक्ति की प्रथम घर की मालिक भी है। नुस्तुल खारिज यह भी गुरु ग्रह की शकल है और दो बिन्दुओं को विद्यमान रखने वाली है तो धन की बाबत् भाग्य का उत्थान का प्रतीक होना पाया जाता है। लेकिन अन्तिम समय तक टिकाऊ नहीं होना दिखाई देता है। यदि शकल अतवे खारिज, कब्जुल खारिज प्रथम घर हो तो प्रश्नकर्ता का भाग्य कमजोरी की स्थिति में स्थायी तौर पर पाया जाता है। जिससे धन लाभ प्राप्ति का योग नहीं बनता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में अँकिश शकल हो जो कि शनि ग्रह की शकल है और एक बिन्दु वाली शकल है। भाग्य की भाग्यहीनता के कारण भाग्य निर्बल है व आगामी समय में भी यह स्थिति रहेगी। अत: कभी किसी स्थिति में धन लाभ व स्थायी सम्पत्ति की प्राप्ति का योग नहीं होना दिखाई देता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में व चतुर्थ घर में उक्ला शकल हो जो कि शनि ग्रह की महान अशुभ शकल है, साथ ही नजर-ए-मिकारना और नजर-ए-तसरीक रखती हो तो दफीना यानी कि खजाना (गढ़ा धन) प्राप्ति होती है। जिसमें स्वर्ण मुद्राएं या स्वर्ण के आभूषण की प्राप्ति होती है। मगर शर्त है कि सारी शकलें बलावल के अनुसार शुभ दाखिल होना अवश्य चाहिए। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में कब्जुल दाखिल शकल हो या अतवे दाखिल शकल हो इनकी नजर गवाहन घर पर बराबर पड़े साथ ही नजर-ए-तररीर की दृष्टि होती है। प्रश्नकर्ता को आजीवन धन की कमी का सामना नहीं करना पडेगा। साथ किसी ना किसी कार्य और बात द्वारा स्थायी तौर पर धन की प्राप्ति, एकत्रित धन और स्थायी सम्पत्ति का योग भी नहीं पाया जाता है। यदि प्रस्तार के द्वितीय घर में महान अशुभ शकलें और उन महान अशुभ शकलों की दृष्टि हो तो जातक जीवन भर हर वक्त दरिद्रता की स्थिति में बना रहेगा। वह दाने-दाने को मुंहताज रहेगा। अन्य कोई व्यक्ति मदद को तैयार नहीं होगा।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में बिना कुण्डली के भविष्य कथन जाना जाता है। इस शास्त्र में किसी प्रकार की जन्म कुण्डली की आवश्यकता कभी किसी स्थिति में नहीं होती है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में प्रश्नकर्ता के हाथ पर पासे जिसे अरबी भाषा में "कुरा" कहते हैं। इन पासों को किसी शुद्ध पवित्र स्थान पर डलवाए जाते हैं। इन पासों से प्राप्त शकलों (आकृतियों) के मुताबिक जो शकल आती है। उससे रमल ज्योतिष शास्त्र में प्रश्नकर्ता का नाम, माता-पिता का नाम, वार, दिन, तिथि और तो और पंचाग की आवश्यकता नहीं होती है। यह सारी स्थिति प्रश्नकर्ता द्वारा विद्वान् रमलाचार्य के समक्ष होने पर होती है। यदि प्रश्नकर्ता रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के विद्वान् के समक्ष ना हो तो प्रश्नकर्ता को "प्रश्न-फार्म" के माध्यम से अमुक धन से सम्बन्धित या अन्य किसी सवाल के जबाव मय समाधान के फलादेश किया जा सकता है।

डॉ० नरेन्द्र कुमार "भैया" रमलाचार्य
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.)

रमल अरबी ज्योतिष शास्त्र बताएगा सन्तान सुख कब?

रमल (अरबी ज्योतिष)शास्त्र में बिना कुण्डली के यानी कि ज्योतिष शास्त्र के पासे जिसे अरबी भाषा में "कुरा" कहते हैं। यदि स्त्री प्रश्नकर्ता हो तो सबसे अच्छा रहता है। यदि किसी कारणवश स्त्री प्रश्नकर्ता ना हो तो उसके पति के द्वारा उक्त प्रश्न पासे के द्वारा किया जा सकता है। यदि ये महाशय भी ना हो तो माता-पिता के द्वारा भी पासे डाले जा सकते हैं। उन पासों के मुताबिक बनाए गये प्रस्तार (जायचे)के अनुसार मार्ग दर्शन व समाधान प्राप्त होता है। रमल (अरबी ज्योतिष)शास्त्र में इस प्रश्न के अतिरिक्त किसी भी प्रश्न में जातक का नाम, माता-पिता का नाम, जन्म-तिथि, वार, घड़ी और तो और पंचाग की आवश्यकता नहीं होती है। मात्र पासे द्वारा ही प्रश्न करवाकर उक्त प्रश्न का सन्तान सुख और कैसे ही बाबत् मार्ग दर्शन व समाधान प्राप्त किया जा सकता है। यह सारी कार्य प्रणाली जातक के रमलाचार्य के सम्मुख होती है। मगर रमल ज्योतिष का विद्वान् ना होने की स्थिति में "प्रश्न-फार्म" के माध्यम से भी उक्त कार्य को सम्पादित किया जा सकता है। यह दोनों कार्य प्रणाली एक ही हैं मगर गणितीय स्थिति अलग-अलग अवश्य है। जो कि प्रत्येक कार्य बात में विभिन्न समयानुसार आती रहती है।

रमल (अरबी ज्योतिप)शास्त्र में प्रस्तार (जायचे)के प्रथम, पांचवे, छठे घर में यदि शुभ शकलें हों और साक्षी घर भी शुभ हो साथ ही नजर-ए-मिकारना भी हो व निकटवर्ती व दूरवर्ती साक्षी शुभ हो तो सन्तान विशेष सुन्दर, सुशील, भाग्यशाली और परिवारजनों की भाग्यहीनता को नष्ट करने वाली, रंग साफ गोरा होती है। यदि इसके विपरीत हो और नजर-ए-तसदीर की दृष्टि हो तो सन्तान परिवार की [illegible] भाग्यहीनता में तब्दीली करने में सहायक होती है। शिशु का रंग कुरूप होता है। यदि प्रश्नकर्ता के प्रस्तार में शकल जमात लग्न पर दृष्टि रखती हो तो सन्तान विकलांग होती है। यदि पंचम घर में अशुभ शकलें हों व छठे घर में किसी प्रकार से अशुभ शकल हो तो सन्तान के अतिरिक्त स्त्री की किसी दुष्ट आत्मा की नजर यानी कि छाया (साया) होना स्पष्ट रूप से होना पाया दिखाई देती है। जिससे प्रश्नकर्ता स्त्री को शारीरिक-मानसिक-आर्थिक और पारिवारिक साथ ही दाम्पत्य जीवन में बराबर परेशानी व टकराव रहने का योग स्थायी तौर पर कायम होता है। प्रश्नकर्ता को सन्तान सुख के अतिरिक्त मन का उदासीनता व तनाव ग्रस्त स्थिति भी होना पायी जाती है। साथ ही जीवन बराबर असन्तुष्ट और टकरावमय, जिससे शोकाकुल की स्थिति में स्थायी तौर पर होना दिखाई देती है। यदि प्रस्तार के [illegible]

फरह हो यह शकलें तुला राशि की है व स्त्री संज्ञक से सम्बन्धित रखती हैं, साथ ही मुनकलिब शकल है। यह स्थिति में प्रश्नकर्ता को सन्तान सुख विशेष ही परेशानी के साथ वृद्ध अवस्था में होगी। यदि प्रस्तार में अधिकांशतः शकलें इज्जतमा और जमात हो तो पुरुष के वीर्य में सन्तानोत्पत्ती के शुक्राणु की कमी होने के कारण सन्तान सुख प्राप्ति का योग नहीं होता है। यदि उसी प्रस्तार के दशम् घर में महान अशुभ शकलें कब्जुल खारिज, अतबे खारिज हो व मिकाराना की दृष्टिपात हो तो प्रश्नकर्ता को इस वास्ते चिकित्सक द्वारा दी जाने वाली दवाओं से लाभ और वांछित शान्ति का योग भी नहीं होना पाया जाता है।

यदि प्रश्नकर्ता के प्रस्तार के छठे घर में इज्जतमा व जमात शकल हो जो कि बुध ग्रह की साबित शकलें हैं। जो कि उक्त जातक को किसी प्रेत-आत्मा (मसान) की दृष्टिता नजर (छाया) का स्पष्ट रूप से संकेत देती है। जिससे गर्भधान में परेशानी व गर्भपात का बराबर भय, साथ ही गर्भपात से होने वाली बीमारियों की आशंका बराबर बनी रहती है। जिससे शिशु सन्तान को तो हानि होती है। यदि प्रस्तान के अष्टम घर में उक्ला शकल हो जो कि शनि ग्रह की महान शकल है। माता को भी जीवनकाल की बाबत मृत्यु योग बनाती है। प्रश्नकर्ता को इन समस्त स्थिति द्वारा मार्ग दर्शन होने के बावजूद यह जानना आवश्यक है कि वर्तमान में किस ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) बराबर चल रही है। जिससे उक्त सन्तान सुख को बाबत लाभ-हानि द्वारा समाधान हो सके। इस वास्ते जातक रमल सिद्धयंत्र धारण करें अथवा उस ग्रह के वास्ते नग या ग्रह शान्ति विधि-विधान द्वारा कराने से लाभ व शान्ति प्राप्ति होती है।

रमल अरबी ज्योतिष बताएगा किस माह में होगा विवाह?

भारतीय संस्कृति में शुभ-विवाह 16 संस्कारों में से एक मुख्य है। भारतीय संस्कृति के अतिरिक्त अन्य पाश्चात्य संस्कारों एवं अन्य संस्कृति में भी शुभ-विवाह सृष्टि के संचालन का एक अद्‌भुत अद्वितीय संस्कार है। यह संस्कार दो व्यक्तियों का अनमोल मिलन तो है ही, साथ ही दो परिवारों का महान पवित्र व आत्मिक मिलन और सम्बन्ध भी है। वैदिक पुरातन आर्ष परम्परा से वैदिक विवाह आठ प्रकार के होते हैं। ब्रह्म विवाह, दैव विवाह, आदर्श विवाह, प्रजापत्य विवाह, गान्धर्व विवाह, आसुर विवाह, राक्षस विवाह और अन्तिम पैशाच विवाह। उपरोक्त विवाहों के कुछ अंश यहां पर दिये जा रहे हैं।

ब्रह्म विवाह-वह विवाह है जिसमें वर कन्या दोनों यथावत् ब्रह्मचर्य से पूर्व विद्वान् धार्मिक और सुशील हो, उनका परस्पर प्रसन्नता से विवाह होना ही ब्रह्म विवाह कहलाता है। दैव विवाह-वह विवाह है विस्तृत यज्ञ करने में ऋत्विक कर्म करते हुए जामाता (दामाद) को अलंकार युक्त कन्या का देना, दैव विवाह कहलाता है। आदर्श विवाह-वे विवाह है जो वर से कुछ लेकर विवाह हो, यह विवाह आदर्श विवाह कहलाता है। प्रजापत्य विवाह-वे विवाह है जो कि दोनों का विवाह धर्म की वृद्धि के अर्थ होना ही प्रजापत्य विवाह की श्रेणी में आता है। गान्धर्व विवाह-वह विवाह है जो कि अनियम, असंयम किसी कारण से दोनों की इच्छा पूर्वक वर-कन्या का परस्पर संयोग होना ही गान्धर्व विवाह कहलाता है। आसुर विवाह-वह विवाह है वर कन्या को कुछ देके विवाह होना ही आसुर विवाह की श्रेणी में आता है। राक्षस विवाह-वह विवाह है जो कि लड़ाई करके बलात्कार अर्थात् छीन, झपटकर, कपट के रूप में कन्या को ग्रहण किया जाता है। ये विवाह राक्षस की श्रेणी में आता है। पैशाच विवाह-ये विवाह वह है जो कि शयन के दौरान या मद्यपान कराके, पागल कन्या से बलात्कार कर ले जाना ही पैशाच विवाह की श्रेणी में आता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक विद्वान् रमलाचार्य के सम्मुख अमुक सवाल जातक के द्वारा, उनके माता-पिता, भाई-बहिन या निकटतम रिश्तेदारों के द्वारा किया जाता है कि किस माह (महीने) में मेरा या मेरे अमुक व्यक्ति का शुभ-विवाह होगा? इस वास्ते जातक द्वारा पासे जिसे अरबी भाषा में "कुरा" कहते हैं। एक शुद्ध पवित्र स्थान पर डलवाए जाते हैं। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में जातक की जन्म कुण्डली और न ही पंचाग की जरूरत होती है। मात्र पासों के अनुसार प्रस्तार यानी कि जायचा बनाया जाता है। यदि जातक विद्वान् के समक्ष ना हो तो "प्रश्न-फार्म" के द्वारा भी उक्त कार्य को सम्पादित किया जा सकता है। इन दोनों कार्य प्रणाली का परिणाम एक ही आता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के सोपान चक्र के प्रथम, सप्तम्, तेरह बिन्दु लें साथ ही नजर-ए-मिकरना व निकटवर्ती दृष्टि भी बराबर हो और बलावल भी होना आवश्यक है। निम्न सारणी के अनुसार शुभ-विवाह अमुक माह (महीने) में या सम्बन्ध होने का योग बनता है।

क्र.	शकल	माह
1-	लहियान	मार्गशीर्ष
2-	कब्जुल दाखिल	श्रावण
3-	कब्जुल खारिज	माघ
4-	जमात	भाद्रपद
5-	फरह	कार्तिक
6-	उक्ला	पौष
7-	अंकित	पौष
8-	हुमरा	चैत्र
9-	ब्याज	आषाढ़
10-	नुस्तुल खारिज	श्रावण
11-	नुस्तुल दाखिल	मार्गशीर्ष
12-	अतबे खारिज	अश्विनी
13-	नकी	फाल्गुन
14-	अतबे दाखिल	बैसाख
15-	इज्जतमा	ज्येष्ठ
16-	तरीक	आषाढ़

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के प्रस्तार के लग्न स्थान में शुभ शकल हो, साथ ही नजर-ए-तरवीर की दृष्टि हो तो वैवाहिक जीवन शारीरिक-मानसिक-आर्थिक व पारिवारिक सम्पन्नता की ओर होना दिखाई देता है। यदि प्रस्तार के लग्न घर में नजर-ए-तरवीर की पूर्ण दृष्टि ना हो तो परिवार में बराबर प्रत्येक कार्य व बात के वास्ते स्नेहकारी का नहीं होना पाया जाता है। ससुराल पक्ष से बराबर समय-समय पर लाभ का योग कायम नहीं होना भी नजर आता है। इस वास्ते समय रहते हुए, रमल सिद्ध यन्त्र विधि-विधान से धारण करने पर अमुक कार्य में वांछित लाभ व उचित समय कार्य की सिद्धी का योग बनता है।

डॉ० नरेन्द्र कुमार "भैया" रमलाचार्य
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.)
3, महल खास, किला, भरतपुर (राजस्थान)
94142 68172, 838698 1718, (05644) 22 3216
Website- www.ramalarabicastrology.com
E-mail- narendrabhaiya9@gmail.com

रमल ज्योतिष में बिना कुण्डली के जाने सुखी दाम्पत्य जीवन के सूत्र

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र एवं आध्यात्मिक शास्त्रों के मुताबिक आदिकाल से ही मानव जाति अपने जीवन को सुखी, सुन्दर आनन्दित और सुरक्षित बनाए रखने के वास्ते हमेशा प्रयत्नशील रहा है। इसी प्रयास के अन्तर्गत ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेदिक शास्त्र व आध्यात्मिक ज्ञान का आविष्कार हुआ है। तथा समय-समय पर शोधकर्ताओं द्वारा अनेकानेक शोध भी होते आ रहे हैं। ग्रहों का प्रभाव प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मानव जीवन पर बराबर पड़ रहा है। इसको मानव अपने आप में बराबर भुगत भी रहा है। वैज्ञानिक परीक्षणों द्वारा यह स्पष्ट हो चुका है कि चन्द्रमा का ज्वार-भाटे से सीधा सम्बन्ध है। शरीर की रचना में अधिकांशतः भाग में जल की मात्रा है। चन्द्रमा के प्रभाव से जब समुद्र में ज्वार-भाटा आता है। इसी विचार में हमारे ऋषि-मुनियों ने चन्द्रमा को रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में प्रमुख माना है।

प्रायः देखने में आया है कि घर से गायब हो जाने से सम्बन्धित समस्याएं तथा मानसिक द्वन्द्व व अन्य मानसिक परेशानी की बावत् परेशानी वैवाहिक जीवन में विशेष उतार-चढ़ाव और आत्म-हत्या आदि पूर्ण चन्द्रमा-पूर्णमासी, क्षीण चन्द्रमा-अमावस्या के समय लगभग अधिक घटित होती है। संसार में जलवायु बाढ़, जल ग्रस्तता, भूकम्प आदि अधिकांशतः इन्हीं समय होती हैं।

माता के गर्भ से उत्पन्न शिशु जब इस दुनिया में आता है। तब ब्रह्माण्डीय ग्रहों के प्रभाव उस पर आकर समस्त शुभ-अशुभ फल देना प्रारम्भ कर देते हैं। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक प्रत्येक नौ ग्रह किसी विशेष कारक शरीर के अंग, व्यवसाय, क्षैत्र, कार्य प्रणाली इत्यादि को प्रभावित करते हैं। जैसे रवि ग्रह-आत्मा व पिता का, चन्द्रमा ग्रह-अन्तरात्मा और विचार धारा और किसी विशेष कार्य प्रणाली पर तथा माता का, मंगल ग्रह-शक्ति, शौर्य और वीरता तथा वीरता पूर्ण वार्ता की क्रियाओं का, बुध ग्रह-बुद्धि, विवेक और ज्ञान, धार्मिक आध्यात्मिक क्षैत्र-शान्ति प्रमुख, रवि ग्रह-क्रिया और पति अथवा पत्नि का, शनि ग्रह- आयु (वय) व मृत्यु व मृत्यु कार्य का कारक होता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक यानी कि जायचे के 16 घर होते हैं। प्रस्तार के चार घर गवाहन यानी कि साक्षी घर के होते हैं। जो केन्द्र के घर होते हैं। यही उम्हान्त घरों के भी होते हैं। बाकी 12 घर के अलग-अलग क्षेत्रों के प्रतीक होते हैं। जैसे प्रथम घर व्यक्ति के रंग-रूप, स्वभाव, वैचारिक, भाग्य की उन्नति व अवनति, द्वितीय घर मनुष्य के धन, आजीविका, व्यापारिक स्थिति, क्रय-विक्रय, तेजी-मंदी का, पुत्रों की कला, तृतीय घर निकटवर्ती व्यक्तियों के आने-जाने, मित्रता इत्यादि। चौथा सुख-समृद्धि, अचल सम्पत्ति, भूमि, पांचवा घर-पुत्र-पुत्री, धर्म भाई, पेय पदार्थ, व्यभिचार, छटा घर-निकटतम व्यक्ति, नौकर-दास, नौकरी, बीमारी, सातवां घर-रवि ग्रह तथा राहू ग्रह से सम्बन्धित होता है साथ ही वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव, तनाव और तलाक व शुभ-अशुभ साथ ही ससुराल पक्ष को भी प्रभावित करता है। इसी प्रकार से अन्य घर भी प्रत्येक बातों से निर्धारित होते हैं।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के द्वारा मानव को सुखी अथवा दुःखी वैवाहिक जीवन के प्रस्तार को बारीकी से अध्ययन कर तथा रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के गणित के मार्गदर्शन मय समाधान सहित मालूम किया जा सकता है। सुखी वैवाहिक जीवन के मतभेद तनाव, दाम्पत्य जीवन की समस्याएं, शुभ-विवाह पूर्व व उपरान्त धन की प्राप्ति या नहीं। सन्तान सुख शीघ्र या देरी से, ससुराल पक्ष से लाभ व शान्ति की प्राप्ति या नहीं अन्य बातों की जानकारी भी की जा सकती है।

यदि रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के प्रस्तार के सातवें घर में क्रूर ग्रह हो और नजर-ए-तसदीक या तालीम की तो वैवाहिक जीवन में अनेकानेक प्रकार की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बराबर रहेंगी। साथ ही प्रतिकूलता (अशुभता) भी बराबर कायम रहेगी। यह सारी स्थिति जीवन की स्थिति की जानकारी मय समाधान सहित प्रश्नकर्ता द्वारा पासे डलवाकर की जाती है। पासे को अरबी भाषा में "कुरा" के नाम से जाना जाता है। यह क्रिया रमलाचार्य के सम्मुख होने पर ही होती है। यदि प्रश्नकर्ता विद्वान रमलाचार्य के समक्ष ना हो तो एक नवीन शोध विषय "प्रश्न फार्म" के द्वारा भी यह कार्य किया जा सकता है। इन दोनों कार्य प्रणाली से प्राप्त फलादेश एक समान ही आता है। मगर रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र की गणितीय पद्धति भिन्न अवश्य है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र द्वारा प्रश्न नहीं पूछने पर और भारतीय ज्योतिष में कुण्डली के सही मिलान ना किए जाने पर अथवा दोनों या दोनों के अतिरिक्त अन्य किसी भी ज्योतिष शास्त्र के द्वारा जानकारी नहीं किए जाने पर आज समाज में प्रायः तलाक, पति-पत्नि में टकराव, मान-प्रतिष्ठा में हानि, ससुराल पक्ष द्वारा निरन्तर लाभ ना होने पर दाम्पत्य जीवन में निरन्तर कभी तथा कई परेशानियों का समय-समय पर सामना करना पड़ता है। यदि प्रस्तार के चौथे घर में अशुभ ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) हो या पाप ग्रहों से सम्बन्धित स्थिति हो तो दीर्घायु (वय) में कमी आ जाती है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मतानुसार पिछले जीवन के कर्मों के फल लगभग 36 वर्ष की आयु तक कायम रहते हैं। यदि रवि ग्रह किसी प्रकार से ताजीक पंक्ति के अनुसार अशुभ स्थिति में हो तो मृत्यु का कारण अग्नि हो सकती है। ये बुरे प्रभाव के द्वारा समय-समय पर प्रभाव कम और अधिक होता रहता है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक जीवन के सुख-समृद्धि के वास्ते जिस ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) हो उस ग्रह का रत्न रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के शुभ-मुहूर्त में विधि-विधान द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा करवाकर जातक को उचित समय पर धारण करना चाहिए या उस ग्रह का रमल ज्योतिष शास्त्र का अधिष्ठाता मन्त्र जाप करना अथवा करवाना चाहिए या रमल सिद्ध यंत्र जातक को उचित समय पर धारण करने से लाभ वांछित प्राप्त होता है।

डॉ० नरेन्द्र कुमार "भैया" रमलाचार्य
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.)
3, महल खास, किला, भरतपुर (राजस्थान)
94142 68172, 838698 1718, (05644) 22 3216
Website- www.ramalarabicastrology.com
E-mail- narendrabhaiya9@gmail.com

रमल अरबी ज्योतिष बिना कुण्डली के बताएगा रत्न कैसे पहनें?

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक रत्न मुख्य रूप से नौ प्रकार के होते हैं। वेदों में ऋग्वेद द्वारा रत्नों के अग्नि तत्व का जिक्र आता है। गरुड़ पुराण, अग्नि पुराण और वृहद् संहिता में रत्नों की व्याख्या दैवी महाशक्ति के रूप में ज्योतिष शास्त्र के अतिरिक्त कई तरह की चिकित्सा पद्धति के वास्ते भी की गयी है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में प्रश्नकर्त्ता की जन्म कुण्डली की आवश्यकता कदापि नहीं होती है। प्रश्नकर्त्ता द्वारा किए गये प्रश्न के द्वारा बनाए गये प्रस्तार (जायचे) द्वारा किया जाता है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक बारीकी से अध्ययन करें कि जातक को वर्तमान में किस ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) चल रही है। उस ग्रह से वांछित लाभ व शांति प्राप्त करने के वास्ते प्रश्नकर्ता के हाथ पर पासे जिसे अरबी भाषा में कुरा कहते हैं, इन्हें एक विशेष सथान पर डलवाए जाते हैं। यह सारी कार्य प्रणाली प्रश्नकर्ता के समक्ष होने पर होती है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में प्रश्नकर्ता की जन्म कुण्डली नाम, माता-पिता का नाम, तिथि, वार, यहां तक कि पंचांग की आवश्यकता नहीं होती है। प्रश्नकर्ता का मन व किए जाने वाले प्रश्न की बावत् भावनापूर्ण आस्था की ओर होना चाहिए। क्योंकि किसी भी ज्योतिष शास्त्र में श्रद्धा व विश्वास का होना आवश्यक है। यदि प्रश्नकर्ता रमलाचार्य के समक्ष न हो तो रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में नवीन शोध विषय द्वारा प्राप्त की गयी विधि प्रश्न-फार्म या वाट्सएप्प के माध्यम से भी शीघ्र यह कार्य किया जा सकता है। इन प्रणाली द्वारा प्राप्त समाधान मय फलादेश के एक ही आता है। मगर गणितीय पद्धति पूर्णतः भिन्न अवश्य होती है।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में 16 शकलों (आकृतियों) पर नौ ग्रहों पर निम्न प्रकार से विभाजित किया गया है। जिसके नाम हिन्दी व उर्दू में निम्न प्रकार से यहां वर्णित हैं।

नाम ग्रह	शक्ल	नाम ग्रह	शक्ल
1-रवि (शम्स)		2-चन्द्रमा (कमर)	
3-मंगल (जैनख)		4-बुध (मुश्तरी)	
5-गुरु (मरीख)		6-शुक्र (जोहरा)	
7-शनि (रास)		8-राहु (अतारू)	
9-केतु (जुहल)			

नौ प्रकार के रत्नों एवं उसके प्रतिनिधि ग्रहों का विवरण निम्न प्रकार है।

1. **माणिक**–इसका प्रतिनिधित्व रवि (शम्स) ग्रह है यानि कि सूर्य ग्रह है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र में रवि ग्रह की दो शुभ शकलें कब्जुल दाखिल, नुस्तुल खारिज है। रत्न माणिक का रंग गुलाबी होता है। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक जिस जातक को रवि ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) वर्तमान में चल रही हो, उन्हें रत्न धारण करना चाहिए। इस रत्न को अनामिका उंगली में सोने या तांबे की अंगूठी में मढ़वाकर धारण करना चाहिए। इसको धारण करने से नेत्र रोग, हृदय रोग, हड्डियों की कमजोरी में लाभ प्राप्त होता है। इसे वैद्य, हकीम भस्म बनाकर रोगी को नियमित नियमानुसार सेवन करने की सलाह देते हैं। इसको सूर्य के सामने रखने में लाल रंग की किरणें निकलती हैं। इस रत्न को रविवार के दिन रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के शुभ मुहूर्त में धारण करना चाहिए।

2. **मोती**–इसका प्रतिनिधित्व ग्रह चन्द्रमा (कमर) है। चन्द्रमा ग्रह दो शकलें ब्याज व तरीक होती हैं। चन्द्रमणि और मोती एक से गुणों के धारणकर्ता हैं। फिर भी बारीकी से देखें तो एक जैसे तो नहीं हो सकते हैं। चन्द्रमणि पत्थर है पर मोती रत्न है। रत्न महंगे होने की स्थिति में चन्द्रमणि पहनी जाती है। जिसका असर मोती जैसा नहीं होता है। मगर अपना असर अवश्य करता है। इसको भी अनामिका उंगली में चांदी में जड़वाकर धारण करना चाहिए। विद्वान् वैद्य-हकीम औषधि के रूप में मोती रत्न को भस्म मिलाकर देते हैं। मगर चन्द्रमणि को कदापि नहीं। इसे सोमवार के दिन रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र द्वारा धारण करना चाहिए। इसके धारण करने से मानसिक अशांति, मन का उचाटना, मन में विभिन्न प्रकार की बात का आना, साथ ही सुन्दरता में व अन्य कार्यों में लाभ अभिष्ट होता है। जिस मनुष्य को चन्द्रमा ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) चल रही हो, उसे यह रत्न धारण करना चाहिए।

3. **मूंगा**–इसका प्रतिनिधित्व मंगल (जैनख) ग्रह होता है। मंगल ग्रह की दो शकलें हुमरा और नकी हैं। यह स्वयं लाल रंग का कीड़ा होता है। साथ ही लकड़ीनुमा एक लाल रंग की लकड़ी भी बनता है। इसका जन्म समुद्र में होता है। वैज्ञानिक इसे आइसिस नौबोल्ज नाम का लेसेदार कीड़ा के नाम से जानते हैं। इसके तत्व कैल्शियम के होते हैं। मूंगा रत्न का रंग लाल व सिन्दूरी रंग का होता है। इस रत्न को धारण करने से चर्म रोग, रक्त विकार, रक्तचाप, पट्ठों की कमजोरी, पुराना जुकाम तक ठीक हो जाता है। इस रत्न को अनामिका उंगली में स्वर्ण या तांबा की अंगूठी में मढ़वाकर धारण करना चाहिए। रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के मुताबिक जिस जातक को मांगलिक की स्थिति हो, उसे अवश्य ही विधि-विधान से मंगलवार को धारण करना चाहिए। जिससे कि मांगलिक स्थिति में लाभ और शांति प्राप्त हो सके। जातक को मांगलिक स्थिति शुभ-विवाह से पूर्व और बाद में भी प्रभावित करती है। रमल (अरबी ज्योतिष) विद्या के शुभ-मुहूर्त में विधि-विधान द्वारा पहनाने से लाभ व शांति प्राप्त होती है।

4. **पन्ना**–यह बुध (मुश्तरी) ग्रह को प्रतिनिधित्व करता है। इनकी दो शकलें-जमात और इज्जतमा हैं। इस रत्न को संस्कृत में मरकत कहते हैं। हिन्दी में पन्ना, अंग्रेजी में इमरल्ड, उर्दू में जमर्रुद के नाम से जाना जाता है। यह चार प्रकार की गैसों से बना है। आक्सीजन, बैरीजिलम, एल्युमिनियम और सीलिका। बुध ग्रह व्यापार का अधिष्ठाता ग्रह है। व्यापार को आर्थिक लाभार्थ प्रदान करने वाला साथ ही ख्याति, लाभ तथा शांति प्रदान भी करता है। पन्ना को धारण करने से हर्निया, फेफड़ों में रोग, दमा रोग, मिर्गी, मानसिक बीमारी और पागलपन को दूर करने में सहायक है। यह रत्न हरे रंग का कुछ पारदर्शी जैसा होता है। इस रत्न को कनिष्का उंगली में स्वर्ण या तांबा धातु की अंगूठी में जड़वाकर धारण किया जाता है। इस रत्न का बुधवार को रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के अनुसार धारण किया जाता है।

5. **पुखराज**–इसका प्रतिनिधित्व गुरु (मरीख) यानि कि वृहस्पति ग्रह है। गुरु ग्रह की दो शुभ शक्लें-लहियान एवं नुस्तुल दाखिल हैं। यह रत्न असली कुछ पारदर्शी जैसा होता है। इसे कसौटी पर रगड़ने से रंग निखरता है। यह तीन रंगों में पाया जाता है। सफेद, बसन्ती और हल्के पीले रंग का होता है। जहरीले किसी कीड़े ने डंक मार दिया हो तो असली पुखराज को घाव पर रगड़ने से जहर धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है। यह रत्न फ्लोरिन और एल्यूमिनियम से बनता है। जब नमी हवायें ग्रेनाइट और प्रेमनाइट नाम की शिलाओं से टकराती हैं, तब पुखराज रत्न बनता है। पुखराज रत्न धारण करने से तिल्ली रोग, पीलिया, जिगर की सूजन तन्त्र के दोष की बीमारियों में लाभ प्राप्त होता है। जिस व्यक्ति को रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के अनुसार गुरु ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) हो, उसे शुभ मुहूर्त में पहनना चाहिए। इस रत्न को तर्जनी उंगली में स्वर्ण अथवा तांबा धातु में जड़वाकर धारण किया जाता है। यह रत्न शुभ-विवाह के शीघ्र व आसानी से तथा दाम्पत्य जीवन में मधुरता स्नेहकारी के वास्ते विशेषकर धारण किया जाता है। साथ ही आध्यात्मिक अध्ययन और प्रत्येक कार्य में उज्जवलता, ख्याति, लाभ व शांति के वास्ते नियमानुसार धारण किया जाता है। रत्न पुखराज की प्राण-प्रतिष्ठा कराकर गुरुवार को धारण करने का विधान है। यदि गुरु-पुष्य योग में इसे धारण एक रमल विशेष शुभ-मुहूर्त में पहना जाये तो अति उत्तम व वांछित लाभ व शांति अमुक कार्य की बावत् प्राप्त होगा।

6. हीरा–इसका प्रतिनिधित्व शुक्र (जोहरा) ग्रह है। शुक्र ग्रह की दो शक्लें-फरह व अतबे दाखिल हैं। यह रत्न रोडेशिया, ब्राजील, बेल्जियम और भारत में मिलता है। हीरा रत्न तीन प्रकार का होता है। नर हीरा, नारी हीरा और नपुंसक हीरा। जो हीरा चमकदार और हल्का होता है। वह नर हीरा कहलाता है। जो रत्न चपटा हो, वह नारी हीरा कहलाता है। जो रत्न गोल हो व चमक रहित एवं छोटा हो तथा नारी हीरा हो, वह नपुंसक हीरा कहलाता है। यह सफेद व चमकदार होता है। इस रत्न को संतान व संतान सुख के वास्ते भी धारण किया जाता है। हीरा नग को अनामिका उंगली में शुक्रवार को विधि-विधान से धारण करना होता है।

7. नीलम–इसका प्रतिनिधित्व शनि (रास) ग्रह है। इसकी दो अशुभ शक्लें-उक्ला व ओंकिश हैं। यह रत्न कुछ सफेद रंग लिए हुए यानि कि हल्का पीला और नीले रंग का होता है। असली नीलम हल्के रंग का होता है। साथ ही पारदर्शी होता है। एक साधारण नीलम को घुमाकर देखने से केवल नीली झलक दिखाई देती है। किसी भी दागी रत्न को नहीं पहनना चाहिए। विशेषकर नीलम रत्न को। दागी नीलम रत्न पहनने से झगड़ा हो सकता है। इल्जाम लग सकता है। व मुकद्दमा कायम हो सकता है। जातक को मानसिक परेशानी हो सकती है। यह रत्न वायु प्रकोप के कारण होने वाली बीमारियों, जोड़ों का दर्द आदि रोगों में लाभकारी होता है। इस रत्न को मध्यमा उंगली में धारण करने का विधान है। रमल शास्त्र के मुताबिक जिनको शनि ग्रह की प्रतिकूलता हो, उन्हें नीलम धारण करना चाहिए। इसे शुभ मुहूर्त में शनिवार को धारण करना चाहिए। इस रत्न को चांदी या पंच धातु में पहना जाता है।

8. गोमेद–इसका प्रतिनिधित्व राहु (अतारू) ग्रह है। इस ग्रह की एक ही कब्जुल खारिज शकल होती है। यह रत्न तीन रंगों में पाया जाता है। एक गौ मूत्र, द्वितीय काला व अंतिम कत्थई रंग का सिलौनी होता है। यह समुद्र के अंदर जो चट्टानें पानी के अंदर घुल-मिलकर नीचे तह में बैठ जाती हैं। वह गोमेद रत्न बन जाता है। यह रत्न श्रीलंका जिसे सिलौन कहते हैं, यह सबसे अच्छा माना जाता है। इस रत्न को धारण करने से चर्मरोग, मिर्गी, पांडू रोग दूर होते हैं। मनोबल बढ़ाने में, मानसिक भटकन को दूर करने में काम आता है। इस रत्न को मध्यमा उंगली में धारण किया जाता है।

9. लहसुनियां–इसका प्रतिनिधित्व केतु (जुहल) ग्रह है। इस ग्रह की एक शकल अतबे खारिज होती है। इसको संस्कृत में विडाल्याक्ष कहते हैं। हिन्दी और उर्दू में लहसुनियां कहते हैं। अंग्रेजी में कैट्स आई कहते हैं। इस रत्न का रंग बिल्ली की आंख की भांति होता है। असली लहसुनियां को हिलाने से सफेद रंग की झलक पड़ती है। इसे मध्यमा उंगली में रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के अनुसार शुभ मुहूर्त में शनिवार को धारण करना चाहिए।

रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र द्वारा याचक को अमुक रत्नों द्वारा लाभ और शांति होगी। मगर लाभार्थ तब ही अच्छा होगा जब वर्तमान में किस ग्रह की प्रतिकूलता (अशुभता) कहां-कहां पर है। यह स्थिति रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के द्वारा सही गणना कर की गयी होगी। साथ ही रत्न कितने वजन (भार) का धारण करना चाहिए। इस बात का तय प्रश्न करने पर ही होती है। किसी भी रत्न को रमल (अरबी ज्योतिष) शास्त्र के उसी शुभ-मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा कराकर पूर्ण विधि-विधान द्वारा ही धारण करना चाहिए। रत्न कोई भी खण्डित कदापि नहीं पहनना चाहिए। यदि किसी कारणवश जातक रत्न धारण नहीं करना चाहता है तो रमल सिद्धयंत्र विधि-विधान से धारण करना शास्त्रानुसार विधान है। ऐसा पूर्व मूर्धन रमल ज्योतिष शास्त्र के विद्वानों का मत है।

लेखक : कु. गीतिका रानी (पुत्री)
डॉ. नरेन्द्र कुमार "भैया" रमलाचार्य
रमल (अरबी ज्योतिष) शोध संस्थान (रजि.)
3, महल खास, किला-भरतपुर (राजस्थान)
Ph : 8386981718, 9414268172, 05644-223216

विवाह एवं सप्तम भाव

लेखक :
डॉ. कमल प्रकाश अग्रवाल

भारतीय संस्कृति के सोलह संस्कारों में से प्रमुख विवाह संस्कार दो नये जीवन साथियों में सहसंबंध स्थापित करता है। पति और पत्नी परिवार के आधार स्तंभ हैं। दोनों के जीवन की सफलता, समृद्धि और सौभाग्य के लिए दोनों में अधिकाधिक प्रेम, मानसिक, शारीरिक और वैचारिक स्तर पर समानता होनी चाहिए। ज्योतिष में विवाह का विचार करते समय जन्मांग में प्रमुखतः सप्तम, द्वितीय, पंचम और द्वादश भावों पर विचार किया जाता है। सप्तम भाव या जाया भाव से वैवाहिक सुख, उच्च कुल के विवाह, विवाह और उसका समय, प्रेम-विवाह, तलाक और कामसुख की संतुष्टि का विवेचन किया जाता है। विवाह कब होगा? इस प्रश्न का विवेचन सप्तमाधिपति की प्रकृति पर निर्भर होता है।

यदि बुध सप्तमाधिपति हो तो विवाह अतिशीघ्र, 18 से 22 वर्ष की आयु के बीच सम्पन्न हो जाता है। इसके पश्चात् क्रमशः मंगल, शुक्र, चन्द्र, गुरु, सूर्य और शनि को समझना चाहिए। दूसरे शब्दों में यदि शनि सप्तमाधिपति हो तो विवाह में बहुत विलम्ब हो जाता है और विवाह 28 से 30 वर्ष की आयु के बाद जाकर सम्पन्न होता है।

विवाह काल

१. यदि सप्तमेश और लग्नेश 33 अंश के भीतर हों तो विवाह छोटी उम्र में हो। २. दशमेश की महादशा और अष्टमेश की अंतर्दशा में विवाह होना चाहिए। ३. शुक्र के साथ सप्तमेश हो और उसकी दशा में लग्न आवे। ४. शुक्र और चन्द्रमा में जो बली हो, उस बली ग्रह की महादशा में जब वृहस्पति का गोचर होता है। ५. सप्तमस्य ग्रह पर दृष्टि डालने वाले ग्रह की दशा में विवाह होवे। ६. जब लग्नेश गोचर के अनुसार सातवें पर की राशि में जाता हो। ७. सप्तमस्य व सप्तमेश से कोई भाव न बैठता हो तो द्वितीयेश जिस राशि में बैठा हो, उस राशि के स्वामी की दशा व अंतर्दशा में विवाह होवे। ८. लग्नेश जिस नवांश में हो, उसका अधिपति जिस राशि में हो, उस राशि से दूसरे स्थान में जब गोचर का चन्द्रमा और वृहस्पति आता है, तो विवाह होना संभव है। ९. सप्तमस्य राशि में जो संख्या राशि है, जैसे-कन्या 6, तुला 7, उसमें 8 जोड़ दो तो उसी वर्ष में विवाह हो। १०. वृहस्पति और चन्द्रमा जातक के केन्द्र में आ जाते हैं, धनु लग्न वालों के तब संभव होगा।

लग्न, द्वितीय और सप्तम और शुक्र के पीड़ित होने से विवाह में देरी से होता है। इसके विपरीत सप्तमेश बलवान होकर केन्द्र व त्रिकोणगत हो तो बचपन में विवाह हो जाता है।

अनैतिक विवाह

1. शुक्र सप्तमेश होकर पापग्रह के साथ हो अथवा शुक्र कन्या का होकर शत्रु नवांश को हो, तो स्त्री कुमार्गी होवे और पड़ोसियों के घर ज्यादा जावें।

2. शनि सप्तमेश हो और नीच नवांश में हो अथवा पापग्रह के साथ शत्रु नवांश में हो तो स्त्री अनैतिक होती है।

3. शुक्र शनि के द्वारा दृष्ट हो तथा वे एक-दूसरे के घरों में हो तो परिजनों में किसी संबंधी के साथ उसका अनैतिक संबंध हो।

4. कुण्डली में सूर्य से आगे शुक्र और मंगल हो तो पुरुष अपनी चचेरी बहनों से और स्त्री अपने चाचाओं से छिपा अनैतिक सम्बन्ध रखें।

5. राहु व केतु सप्तम भाव में पापग्रह के साथ हो और क्रूर नवांश में हो तो वह स्त्री अपने पति को विष देवे।

सप्तम भाव में कौन सा ग्रह स्थित है। उसकी उपस्थिति मंगलकारी होगी या अनिष्टकारक। इसका विवेचन भी अति महत्वपूर्ण होता है। सप्तम भाव में सूर्य की उपस्थिति को विद्वानों ने मध्यम माना है। ऐसे व्यक्ति की पत्नी अधिकांशतः रोगग्रस्त रहती है। अन्य स्त्रियों से संबंधों की संभावना रहती है। यदि सूर्य सिंह राशि में स्थित होने से स्वगृही हो तो मनुष्य पूर्णतः चरित्रवान होता है। चन्द्र के सप्तम भाव में स्थित होने पर जातक को अपना जीवन साथी बहुत ही सुन्दर प्राप्त होता है। यदि चन्द्रमा वृष या कर्क राशि में हो तो विवाह पूर्णतः सफल माना जाता है और ऐसे जातक का भाग्योदय अधिकांशतः विवाह के पश्चात् होता है। सप्तम भाव में

मंगल की उपस्थिति मांगलिक योग तो प्रदान करती है, यह वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न करता है। ऐसे जातक का स्वभाव उग्र होने के कारण विवाह-विच्छेद या तलाक की बहुत अधिक संभावना रहती है। सप्तम भावस्थ मंगल व्यक्ति अपने से छोटी आयु की स्त्रियों से संबंध स्थापित करता है। यदि सप्तमस्थ मंगल के साथ शुक्र की युति हो तो ऐसे व्यक्ति चारित्रिक दृष्टि से विवादास्पद होते हैं। जायाभाव का मंगल समय से पूर्व जीवन साथी के प्राण हर लेता है। परन्तु यदि मंगल मकर राशि में हो जैसा कि कर्कलग्न में ही संभव है या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो तो अशुभ फल प्राप्त नहीं होते। सप्तम भाव में बुध की स्थिति को सभी आचार्यों ने शुभ और मांगलिक माना है। उसका जीवन साथी प्रखर, बुद्धिमान और ज्ञानी होता है। परन्तु बुध का वायु तत्व प्रधान होने के कारण उसकी वाणी कर्कश होती है। ऐसी पत्नी पति की आदर्श प्रेरणा स्रोत बनकर पति को सफलता के चरम-शिखर तक पहुंचाती है। बुध को ज्योतिष शास्त्र में नपुंसक ग्रह माना गया है। अतः सप्तम भावस्थ बुध कामशक्ति में न्यूनता लाता है। सप्तम भावस्थ बुध का पापग्रहों से युक्त होना या पाप ग्रहों द्वारा दृष्ट होना अमंगलकारी माना गया है। भाग्यशाली व्यक्तियों के ही सप्तम भाव में वृहस्पति स्थित होता है। ऐसे जातक का जीवन साथी सुन्दर और चरित्रवान होता है। पत्नी पक्ष से स्थायी सम्पति और योग्य पुत्र प्राप्त होते हैं। यदि मकर लग्न हो और सप्तम भाव में गुरु हो तो कालिदास कृत उत्तरकालामृत के अनुसार अतीव शुभदायक हंस योग घटित होता है। सप्तम गुरु जातक का विशेष लगाव अपने पूर्व पक्ष से इंगित करता है अर्थात् विवाह के पश्चात् भी पत्नी का झुकाव अपने मायके के पक्ष से और पति का अपने माता-पिता से रहता है। शुक्र स्वयं पुरुष के विवाह के कारण ग्रह है। सप्तमस्थ शुक्र दाम्पत्य जीवन में कुछ असामान्य अवश्य कर देता है। शुक्र भोगप्रिय और सौन्दर्य का ग्रह है। अतः अत्यंत सुन्दर और लावण्यमयी पत्नी प्राप्त होती है। शुक्र कामवासना को संवर्धित कर यौन जीवन को पूर्णतः सफल बनाता है। शुक्र चरित्र को छोड़कर अधिकांशतः शुभ फल ही देता है। यदि सप्तम भाव में शुक्र के साथ गुरु स्थित हो तो मणिकांचन का संयोग होता है। ऐसे जातक का वैवाहिक जीवन पर्णतः सफल होता है। शुक्र-मंगल, शुक्र-राहु, शुक्र-शनि की युति श्रेयस्कर नहीं मानी गयी है।

मदन भाव में शनि की उपस्थिति जातक को रहस्यमयी व्यक्तित्व प्रदान करती है। और जातक के विवाह में निश्चित रूप से विलंब होता है। ऐसे जातक का विवाह अपने से अधिक आयु की स्त्री या पुरुष से होता है। या जीवन साथी विधुर या विधवा हो सकती है। फलदीपिका के अनुसार ऐसी कन्या का विवाह 37वें वर्ष में होता है। यदि शनि इस भाव में तुला, मकर या कुंभ के हों तो शश योग बनता है जो व्यक्ति को जीवन में महत्वपूर्ण उच्च पद देता है। राहु और केतु छाया ग्रह हैं और यदि कोई भी एक ग्रह सप्तम भाव में हो तो दूसरा निश्चित रूप से लग्न में होगा। ऐसे शुभ फल की आशा करना व्यर्थ है। सप्तमस्थ राहु हो तो दो विवाह होते हैं और केतु स्थित हो तो निर्धन ससुराल मिलती है। और स्त्री के मासिक धर्म में काफी अनियमितताएं होती हैं। यदि राहु पर गुरु की दृष्टि या प्रभाव हो तो अशुभ फलों में कमी आ जाती है। परन्तु सप्तमस्थ केतु तो किसी भी दृष्टि से शुभ नहीं होता। वृहस्पति कन्या की कुंडली में उसका पति होता है और यह मेरा स्वयं का अनुभव है कि यदि गुरु उच्च का हो या स्वगृही हो और पाप ग्रहों के प्रभाव से मुक्त हो तो ऐसी कन्या का वैवाहिक जीवन पूर्णतः सौभाग्यशाली होता है। उसे पति के जीवन में कोई कष्ट या दुःख नहीं मिलता। इसी प्रकार पुरुषों की कुंडली में शुक्र का कारक ग्रह के रूप में विवेचन करना चाहिए।

विवाह प्रतिबन्धक योग

1. सप्तमेश बारहवें भाव में हो।
2. छठे, आठवें व बारहवें पर के स्वामी सातवें में हों।
3. शुक्र-बुध के साथ सप्तम भाव में रहने से विवाह न होवे। शुभ ग्रह की दृष्टि होने पर अधिक उम्र में विवाह होवे।
4. शुक्र और मंगल दोनों सप्तम भाव में हों या शुक्र किसी पापग्रह के साथ होकर पांच, सात और नवम भाव में बैठा हो।
5. लग्न में, सप्तम में और द्वादश भाव में पापग्रह बैठे हों और पंचमस्थ चन्द्रमा निर्बल हो तो विवाह न हो। अन्य योग से हो भी जाए तो स्त्री बन्ध्या रहे।

गोचर से विवाह

विवाह कब होगा? इस प्रश्न को हल करने के लिए जातिका की कुण्डली में सूर्य और शुक्र की स्थिति को देखना चाहिए। सरल विधि यह भी है-

1. लग्नेश और सप्तमेश की राशि, अंश और कला को आपस में जोड़कर 12 का भाग दो। उस भागफल में जो भी राशि शेष रहे, उस पर से जब गोचर का वृहस्पति आवे और सप्तम में भ्रमण करे तो विवाह हो।
2. जन्म-राशि के स्वामी की राशि, अंश और कलादि को अष्टमेश के राशि, अंश, कलादि में जोड़कर 12 से भाग दो। जो भी शेष आये, उस पर से गोचर का वृहस्पति भ्रमण करें।
3. शुक्र एवं चन्द्रमा में से बलवान ग्रह की महादशा में जब गोचर के वृहस्पति की वही स्थिति हो तो विवाह होवे।
4. लग्नेश गोचर के अनुसार सप्तमेश की राशि में जब भ्रमण करे तो अंतर्दशा में विवाह हो (बली ग्रह की महादशा की)।
5. सप्तमेश जिस राशि व नवांश में हो, उन दोनों के स्वामियों में जो बली हो, उसकी दशा-अंतर्दशा में जब गोचर का वृहस्पति सप्तमेश जिस राशि में भ्रमण करे, तभी विवाह होवे।

विवाह में विलम्ब

1. शनि की दृष्टि सूर्य अथवा चन्द्रमा पर हो या उनके साथ हो तथा शुक्र द्वारा प्रभावित हो तो विवाह देरी से होवे।
2. यदि शनि और चन्द्रमा लग्न और सप्तम भाव के स्वामी होकर एक-दूसरे को देख रहे हों, तो भी विलम्ब होवे। जो कर्क व मकर लग्न वालों के लिए ही संभव है।
3. लग्न से शनि पंचम, सप्ताम व दशम में हो तो भी देरी हो सकती है। पुरुष की कुंडली में सप्तम में शनि विवाह में देरी का कारण नहीं बनता।
4. यदि शुक्र, सूर्य व चन्द्रमा की राशि में (कर्क-सिंह में) हो और सूर्य और चन्द्रमा उससे दूसरे व 12वें भाव में हो तो विवाह न होवे। (शुक्र-चन्द्र, शत्रु, चन्द्र सूर्य, शुक्र के शत्रु हैं)
5. यदि सप्तमेश शुक्र हो और उसके साथ सूर्य और चन्द्रमा स्थित हों तो शुक्र अधिक पापी हो जाता है।
6. राहु और शुक्र लग्न में होने में भी देरी होती है।
7. यदि सप्तमेश व नवमेश अष्टमस्थ हों या अष्टमस्थ ग्रह के नक्षत्र में हो तो विवाह विलम्ब से हो।
8. किसी जातिका की कुण्डली में गुरु व शनि से शुक्र सप्तम में हो या सप्तमेश सप्तमस्थ हो तो भी देरी होवे।
9. यदि शुक्र, बुध तथा शनि शत्रु व नीच राशि में नवांश में हो तो विवाह दुःसमय रहे।

नोट—उपर्युक्त बिन्दु कन्या की कुण्डली से देखने चाहिए।

द्वितीय भाव सातवें से अष्टमस्थ होने के कारण विवाह के आदि और अंत की सूचना देता है। इसी प्रकार पंचम भाव विवाह के सामाजिक पक्ष, संतान सुख को इंगित करता है। अतः पंचम भाव पर भी दृष्टि डालनी चाहिए। पंचमस्थ सूर्य प्रथम संतान की निश्चित हानि करता है। चन्द्र अधिक कन्याएं देता है। मंगल बाधक होता है जबकि गुरु अतीव शुभ फलदायक और निश्चित रूप से पुत्रदायक होता है। यहां शनि की उपस्थिति विशेष विचारणीय है क्योंकि शनि यहां से विवाह भाव को भी देखता है। इसके अतिरिक्त मांगलिक योग को तो विशेष रूप से देखना चाहिए। क्योंकि अधिकांशतः मांगलिक योग भयकारक अधिक है। परन्तु कई विशिष्ट स्थितियों में शनि और गुरु अधिकांशतः इसे निष्फल कर देते हैं। पंचम भाव आज के युग में प्रेम-विवाह या गंधर्व-विवाह का भी प्रतिनिधित्व करता है। पंचम और सप्तम के स्वामियों में परस्पर घनिष्ठ संबंध प्रेम-विवाह कराता है। फलित ज्योतिष के अनुसार विवाह के लिए नवांश कुंडली पर भी विचार करना चाहिए। इसके अतिरिक्त मेलापक प्रक्रिया में वैसे सभी गुण महत्वपूर्ण हैं। परन्तु नाड़ी दोष विशेष विचारणीय है।

लेखक-डॉ. कमल प्रकाश अग्रवाल
श्रीधाम, विल्ला नं. 2, चन्दौसी ग्रीन
ग्राम-देवरखेरा, पोस्ट-चन्दौसी-244412
मो. 9412140444, 9927311629

श्रम एवं सौभाग्य की प्रतीक : लक्ष्मी

लेखक :
वरुण चक्रपाणि

लक्ष्मी श्रम से जुड़ी है। अत: लक्ष्मी निष्क्रिय लोगों से दूर रहती है। लक्ष्मी को उद्यमी और श्रमशील लोगों का सानिध्य ही प्रिय है। पुराणों के अनुसार देवताओं ने अहंकार के कारण लक्ष्मी का तिरस्कार किया। असुरों ने अपनी लक्ष्मी विलासिता और निकम्मेपन के कारण दूर कर दी। लक्ष्मी परेशान होकर समुद्र में चली गयी। पुन: सबने निश्चय कर समुद्र का मंथन किया और घोर श्रम के बाद लक्ष्मी का धरती पर पुन: आगमन हुआ। लक्ष्मी के साथ समुद्र से विपुल सम्पदा, रत्न, मणि, औषधि, अमृत, विष, वाहन, अप्सरा आदि की प्राप्ति हुई।

लक्ष्मी के समुद्र से उत्पन्न होने के कारण समुद्र उनका पितृ गृह भी है। समुद्र में ही विष्णु का निवास है। वहां पर लक्ष्मी विष्णु के पैर दबाती है। वास्तव में देखा जाये तो जहां पौरुष और उद्यम होगा, श्रम और कर्म के प्रति निष्ठा, दृढ़ता होगी। उसके पांवों में लक्ष्मी को रहना ही पड़ेगा। जो सत्कार्यों एवं सत्यता के साथ कार्य करता है तो उसके यहां लक्ष्मी दोनों हाथों से स्वर्ण की वर्षा करती है। लक्ष्मी के साथ दो सफेद हाथी सौभाग्य के प्रतीक हैं। लक्ष्मी के अनेकों रूपों में पूजा होती है। पत्नी के रूप में गृहलक्ष्मी, धरती के रूप में भूलक्ष्मी, राजाश्रय के प्राप्त होने वाली राज्यलक्ष्मी, धन-धान्य आदि के रूप में प्राप्त होने वाली धनलक्ष्मी। इसी प्रकार पशुलक्ष्मी, सौभाग्य लक्ष्मी, श्री लक्ष्मी, कीर्ति लक्ष्मी, यश लक्ष्मी आदि हैं।

युगों-युगों से पुरुष समाज में श्री सम्पन्न कहाने के लिए कंचन और यश का भूखा है। जहां एक ओर श्रीपति बनने की होड़ है तो दूसरी ओर कर्तव्यहीन, दारिद्रयता, ईर्ष्या, असफलता के कारण मनुष्य का पतन भी होता है। कारण दृढ़ संकल्प शक्ति का अभाव और कर्मण्यता है। वही राष्ट्र, परिवार या समाज सम्पूर्ण उन्नति कर सकता है। जिसमें दुर्गुणों का अभाव हो, विवेकशील व व्यसनहीन हो। रचनात्मक विचारधारा व कर्तव्य परायण व्यक्ति लक्ष्मीपति कहलाता है।

जैन साहित्य में भगवान महावीर की माता को स्वप्न में एक ऐसी देवी का दर्शन हुआ जो जल के बीच कमल पर बैठी थी। जिनको सफेद हाथी स्नान करा रहे थे। गजलक्ष्मी का यही रूप हमारे यहां प्रचलित है। चीनी बौद्ध ग्रन्थों में लक्ष्मी को कुबेर के मुख्य पार्षद मणिभद्र की पुत्री बतलाया गया है। जापान की बौद्ध कथा में लक्ष्मी को हारीति की पुत्री कहा गया है। धम्मपद अट्ठ कथा में लक्ष्मी को पूर्व दिशा में लोकपाल धतरट्ठ की पुत्री बतलाया गया है।

इस प्रकार लक्ष्मी के जन्म के बारे में अनेकों कथायें प्रचलित हैं। जो लक्ष्मी के विशाल प्रभाव क्षेत्र तथा लोकप्रियता को प्रमाणित करती है। इन कथाओं में नायिका का स्वरूप भले ही कुछ रहा हो लेकिन वर्तमान में धन और श्रम की देवी का लक्ष्मी नाम ही सर्वव्यापक है। इसके अतिरिक्त लक्ष्मी के नाम हरिप्रिया (हरि की प्रेमिका), जलधिजा (समुद्र की पत्नी), चंचला (एक जगह न ठहरने वाली या चंचल मनवाली), लोकमाता (दुनिया की माँ), हिरण्य वर्णा (स्वर्ण के रंग के समान) जैसे हजारों नाम हैं। इनको तांत्रिक साहित्य में लक्ष्मी सहस्त्रनाम से जाना जाता है। श्रीयंत्र एक तांत्रिक चमत्कारपूर्ण रेखागणित की जटिल पहेली है जिसका सम्मोहन करने के लिए विशेष प्रयोग है। जिनका पूजन कूर्म स्फटिक शिला में होता है।

एक पुराण कथा के अनुसार विश्व को मोह में डालने के लिए विष्णु ने संसार को दो भागों में बांट दिया। पहले अधर्म और अलक्ष्मी, दूसरे में धर्म तथा लक्ष्मी। अलक्ष्मी पहले उत्पन्न होने के कारण ज्येष्ठा कहलायी। अकर्मण्य और मत्सर की भावना के कारण अलक्ष्मी कहलायी। वैदिक मंत्रों की प्रार्थना के अनुसार किसी ऋषि ने अलक्ष्मी को दुत्कारते हुए कहा था कि "हे कुरूप, कानी, कलहप्रिया अलक्ष्मी तू पहाड़ पर चली जा।" यहां पहाड़ से अभिप्राय जनहीन, दुर्गम, उजड़े वन प्रदेश तथा रेतीले मरुस्थल मैदान हैं जहां अलक्ष्मी अट्टहास करती डोल रही है। भूख ही सारे पाप-बुद्धि का कारण बताया है। भूख और दरिद्रता ही अलक्ष्मी है।

समृद्धि की सीधी पहचान है, जहां भोजन बहुतायत हो कि खाने वाले भी भोजन से कम पड़ जाये, वह समृद्धि है। संसार के सभी प्राणियों का भरण-पोषण करने के कारण ही लोकमाता कहा गया है। लक्ष्मी की पूजा विधि वैदिक श्रीसूक्त में उन्हें विभूति, उन्नति, कांति, कीर्ति, विनम्रता, प्रसन्नता, उत्कर्ष, समृद्धि आदि कहकर नमस्कार किया गया है। पुराणों में लक्ष्मी का कहना है जो अपनी सम्पत्ति में से दूसरों को हिस्सा देता है, प्रिय वचन बोलता है, ज्ञानियों, वृद्धों की सेवा करता है, जो बढ़-बढ़कर नहीं बोलता है, ऐसे पुरुष के यहां मैं सदा निवास करती हूं। जो माता-पिता, गुरु-असहाय का भरण-पोषण नहीं करता, संग्रह करके स्वयं भक्षण करता है, उसके यहां नहीं जाती।

विष्णु के साथ गरुड पर बैठी लक्ष्मी के साथ गरुड के पंजों में सर्प का पकड़े होना। मनुष्य ने विरोधी शक्तियों के प्रतीक स्वरूप सदा इन दो जीवों का उपयोग किया है। यहां पर वे न केवल एक दूसरे के विरोधी हैं बल्कि पूरक भी हैं। आकाश एवं सूर्य का प्रतीक गरुड़ है। जल तथा पृथ्वी तत्व का प्रतीक सर्प है। एक-दूसरे के विरोधी तत्व होते हुए भी पूरक हैं। क्योंकि इनके बिना पृथ्वी पर जीवन चक्र कायम नहीं रह सकता।

लक्ष्मी पूजा के लिए मुख्य पर्व दीपावली है। दीपावली शरद ऋतु में कार्तिक माह में सूर्य की तुला राशि में आने पर मनाया जाता है। पर्व कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुरू होकर कार्तिक शुक्ल दूज तक पांच दिनों तक मनाया जाता है। इस पर्व में कुम्हार, कृषक, हलवाई, आतिशबाज, लघु-कुटीर उद्योग के उत्पादन से लेकर रजत-स्वर्ण के जवाहरात तक के सामान की खरीद होती है। इसी पर्व की विविधता, एकता का प्रतीक है। भारतीय जनमानस में प्रचलित है-पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया। इस दृष्टिकोण से स्वास्थ्य सम्वर्द्धन के लिए औषधि का एकत्रित करना इस पर्व की विशेषता है। इसके अतिरिक्त घर में सजावट करना तथा घर के टूटे-फूटे बर्तनों को भी बदलना। एक दिन का विशेष महत्व है। सायं को यमराज के लिए अकाल मृत्युनाश के लिए दीपक का दान भी दिया जाता है। धनतेरस पर आयुर्वेद के संस्थापक धन्वन्तरि का जन्मोत्सव मनाया जाता है। जिनसे आयु और यौवन का स्थायित्व ही मांगा जाता है।

नरक चतुर्दशी दीपावली का अगला पर्व है जो कि तिथि को प्राग्ज्योतिषपुर (गोहाटी) के एक असुर का विनाश करने के उपरांत उसकी स्मृति में मनाने की प्रथा है। वास्तव में स्नान में अपामार्ग या औंधा (बूटी) को कूट कर पानी में डालकर अभ्यंग स्नान (सम्पूर्ण शरीर) के रोम-रोम को स्वच्छता करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त घर को अंतिम रूप से स्वच्छ साफ करके अलक्ष्मी को दूर करते हैं।

अमावस्या या दीपावली इस दिन ज्योतिष की गणनानुसार सबसे बड़ी अंधकारमय रात्रि होती है। अत: अधिक से अधिक ज्योति जलाना ही उद्देश्य है तथा शक्ति पूजा (काली, दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी) एवं ब्रह्मांड में स्थित अदृश्य शक्तियों (योगिनियों) की पूजा का विशेष पर्व है। ज्योतिष के अनुसार सूर्य (आत्मा), चन्द्र (मन) एक राशि तुला लग्न में दोनों की स्थिति दीपावली पर होती है। इसी तुला लग्न में किया गया जप, यज्ञ अनंत गुणा शक्तिवर्द्धक होता है। मानसिक दृढ़ता भी प्राप्त होती है। सच में अंधकार पर प्रकाश की विजय का ही पर्व है।

चौथे दिन गोवर्धन की पूजा होती है। वास्तव में इस पर्व का उद्देश्य कृषकों के जीवन से अधिक है। गाय के गोबर को खाद रूपी धन माना जाता है। साथ में मयूर पंख, तृण, कपास, तुलसी का पूजन, भू-पूजन, पशु-पूजन आदि से कृषकों का ही विशेष पर्व है। साथ में मिश्रित सब्जियों और मिश्रित अन्न का मिश्रण करके प्रसाद रूप में खाना विभिन्नता में एकता के साथ विभिन्न विटामिनों का एक साथ प्रयोग कर स्वास्थ्य के सम्वर्द्धन का ही सफलतम प्रयोग है।

पांचवे दिन भैया दूज का पर्व भाई-बहन के असीमित स्नेह का पर्व है। इस दिन भाई-बहन यमुना में स्नान कर सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करते हैं।

लक्ष्मी की तीन गति हैं। दान, भोग और संचय। मनुष्य को जिससे सुख मिले वह लक्ष्मी है। सुख मन की समृद्धि है। वस्तु से सुख कभी नहीं मिलता। अत: हमारे लक्ष्मी की अनुपगामिनी (स्थायी) गति की मांग की गई है। श्री सूक्त में लक्ष्मी के आवाहन के लिए अग्नि की प्रसन्नता तथा उपासना करने का ही विधान बताया गया है। साथ में लक्ष्मी को काम (सृजन) की माता भी माना गया है जो प्राकृतिक नियमों की अवहेलना करके जीना चाहते हैं तब लक्ष्मी का स्वरूप उलूक वाहन बन जाता है जो स्वास्थ्य एवं समाज दोनों को ही घातक है। विभिन्न कामनाओं, मन की गतियों को साधने के लिए लक्ष्मी की विशेष रूपों में विविध भाँति से उपासना का प्रावधान अनादिकाल से प्रचलन में है। इसी कारण "कराग्रे बसते लक्ष्मी" अर्थात् कर के अग्रभाग उंगलियों में कर्म के रूप में लक्ष्मी स्थायी निवास है।

लेखक : वरुण चक्रपाणि
श्रीधाम, विल्ला नं. 2, चन्दौसी रोड
ग्राम-देवरखेड़ा, पोस्ट-चन्दौसी-244412
मो. 9412140444; 9927311629

कुण्डली में धन योग

कुण्डली में धन योग

लेखक : डॉ. कमल प्रकाश अग्रवाल

संसार को वैभव एवं श्री सम्पन्न बनाने वाली प्रमुख शक्ति धन है। वेदों में भी एक वेद अथर्ववेद है जिसमें अर्थ उपार्जन संबंधी मंत्र दिये हैं। अर्थ से तात्पर्य है जीवन, प्राण-शरीर की रक्षा के लिये कर्म द्वारा नदी, वृक्ष, खनिज, प्रकाश, ध्वनि, वायु, अणु आदि का दोहन तथा उनके उपयोगी मंत्र का प्रयोग। अथर्ववेद में नक्षत्र आदि का भी ज्ञान है। देवासुर संग्राम व्यक्ति के महत्वाकांक्षाओं का युद्ध है। पृथ्वी के अतिरिक्त समुद्र द्वारा मंथन करके औषधि, अमृत, विष, मणि, रत्न, शंख, कल्पवृक्ष, गाय, ऐरावत हाथी, अश्व आदि की प्राप्ति की थी। त्रिपुर संग्राम अंतरिक्ष में स्थित तीन उपग्रह का युद्ध था। यज्ञों की कामना के लिए श्री सूक्त और विल्व वृक्ष की उत्पत्ति की। पुत्र व संतान की कामना के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ किये गये।

वर्तमान संदर्भ में राजा, गज, राज्य आदि के अर्थ बदल गये हैं। जैसे राजा का स्थान जिलाधीश, मंडलाधीश, मुख्यमंत्री, सुखी सम्पन्न व्यक्ति आदि हैं। गज का अर्थ मर्सडीज गाड़ी, अश्व का अर्थ कार, राज्य का अर्थ पंचायत प्रमुख, क्षेत्राधिकारी आदि है। किसी से कहना है कि जातक राज्य में नौकरी करेगा तो सामने वाला व्यक्ति कहेगा कि किस विभाग में तथा किस पद में, तब इसके लिए ज्योतिष में सूक्ष्म से सूक्ष्म गणना करना होगा। सूर्य का पूर्ण बली होना राजकीय सेवा से संबंध है। यदि आजीविका प्रधान ग्रह बुध हो तो व्यापार में सफलता मिलती है। निम्न राशि के ग्रह संबंधित ग्रह के प्रभाव वाली जगह नौकरी करा देते हैं। तथा उच्च ग्रह वहां के उद्योगपति बन जाते हैं।

धन योगों के लिये कुण्डली में 1, 2, 3, 4, 5, 7, 9, 10 एवं 11 (आयेश) भाव व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, व्यवसाय, नौकरी, दिशा, समय, ऐश्वर्य आदि निर्णय करते हैं। द्वितीय भाव जातक की आर्थिक स्थिति को विशेष रूप से स्पष्ट करता है। लेकिन द्वितीय भाव का स्वामी, भाव पर दृष्टि, द्वितीय में ग्रह व राशि, इसके अतिरिक्त एकादश भाव से आय का निश्चय किया जाता है। सप्तम भाव से जातक की दैनिक आमदनी तथा साझेदारी, नवम से भाग्यशाली व भाग्यहीन, दशम से पद एवं आकस्मिक लाभ के लिए चतुर्थ, पंचम तथा अष्टम भाव से स्थिति जानी जाती है। चतुर्थ से जातक की पैतृक संपत्ति, पंचम से सट्टा-लॉटरी या विदेश द्वारा आय जानकारी की जाती है। अष्टम भाव से रिश्वत, सट्टा, धन का लाभ, परस्त्री आदि से धन लाभ की गणना की जाती है। लग्न में जिन ग्रहों की स्थिति अथवा दृष्टि हो उसका प्रभाव भी दृष्टिगोचर होगा। राशि तथा ग्रहों का बलाबल भी फलादेश में अंतर ला देता है। ग्रह के उच्च नीच चक्रम से ग्रह की दशा फल तथा ग्रह दृष्टि चक्रम से आयेश तथा धनेश पर विशेष दृष्टियां देखना चाहिये।

धनेश जिस राशि में होगा, उसी दिशा से लाभ होगा एवं भाग्योदय होगा। उस राशि में कोई ग्रह बैठा हो तो ग्रह की संबंधित दिशा से लाभ होगा। इसके अतिरिक्त फिर नक्षत्र आदि से विंशोत्तरी दशा फिर अंतर्दशा चक्रम से जातक की दशा-अंतर्दशा ज्ञात करके ही फल पर विचार करना चाहिए।

ग्रहों का विशेष वर्ष

सूर्य का 22वां, चन्द्र का 24वां, मंगल का 28वां, बुध का 32वां, वृहस्पति का 16वां, शुक्र का 25वां, शनि का 36वां, राहु का 42वां, केतु का 48वां वर्ष विशेष होता है।

भाग्योदय काल

रवि भाग्येश 22वां वर्ष, चन्द्र का 24वां, मंगल का 28वां, बुध का 32वां, वृहस्पति का 16वां, शुक्र का 25वां, शनि का 36वां, राहु-केतु से 42वां वर्ष में भाग्योदय समझना चाहिये।

राशि स्वभाव से आजीविका विचार

यदि कुण्डली में चार राशि (मेष, कर्क, तुला, मकर) में ग्रह अधिक हों तो स्वतंत्र व्यवसाय, अन्वेषक, नेता तथा महत्वाकांक्षी होता है। जिस व्यवसाय में चतुराई, सद्व्यवहार, विनम्रता, युक्ति, कौशल आदि की आवश्यकता पड़ती हो वे सिद्धीदायी होते हैं।

यदि कुंडली में स्थिर राशि (वृष, सिंह, वृश्चिक, कुंभ) में ग्रह अधिक हों तो जातक धैर्यवान, शांत, स्थिर, सहनशील तथा दृढ़ विचारों का होता है। चिकित्सा कार्य, सरकारी नौकरी आदि में सफल होने के लिए उपरोक्त गुण वाले व्यक्ति विशेष सफल होते हैं।

यदि कुंडली में द्विस्वभाव गत राशियां (मिथुन, कन्या, धनु, मीन) में ग्रह अधिक हों तो ऐसे व्यक्ति व्यवसाय की अपेक्षा, एकाउन्टेंट, कमीशन-एजेंसी, दलाली, ट्यूशन, बीमा-एजेंट आदि के कार्यों तथा इनसे संबंधित जगह पर नौकरी से लाभ होता है।

यदि तीनों प्रकार की राशियों में से दो में बराबर की संख्या में ग्रह हों तथा तीसरी प्रकार राशि में कम ग्रह हों तो अधिक ग्रह वाली राशियों के बलाबल को देखकर जातक के व्यवसाय तथा नौकरी का निर्णय करना चाहिये।

राशि एवं ग्रह के तत्वों से आजीविका विचार

अग्नि तत्व की राशियां (मेष, सिंह, धनु), भूमि तत्व की राशियां (वृष, कन्या, मकर), वायु तत्व की राशियां (मिथुन, तुला, कुंभ), जल तत्व की राशियां (कर्क, वृश्चिक, मीन) हैं। उक्त राशियों में जो प्रबल हो, उसी के तत्व से संबंधित व्यवसाय अथवा नौकरी आदि करता है। लेकिन ग्रह के तत्वों का भी विचार आवश्यक है। अग्नि तत्व (सूर्य-मंगल), भूमि तत्व (बुध), वायु तत्व (शनि), जल तत्व (चन्द्र-शुक्र), आकाश तत्व (गुरु) का संबंध है। कुंडली में आजीविका देने वाले ग्रह किस तत्व का है और वह किस तत्व वाली राशि में बैठा है। इसके अतिरिक्त लग्न, लग्नेश, दशम भाव से संबंधित तत्व की राशियों को आधार मानकर व्यवसाय की स्थिति बतानी चाहिये।

अग्नि तत्व प्रधान राशि वाले व्यक्ति बौद्धिक, मानसिक चमत्कार आदि प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं। ऐसे व्यक्ति साहसी, कर्मठ और प्रतिभाशाली होते हैं।

पृथ्वी तत्व की प्रधानता वाले शारीरिक श्रम वाले कार्य-कृषि, भूमि, भवन निर्माण आदि क्षेत्रों में सफल होते हैं।

जल तत्व की प्रधानता वाले व्यक्ति चंचल होते हैं। ऐसे व्यक्ति व्यवसाय बदलते रहते हैं। जातक विदेश यात्रा, जलयान, तेल, द्रव्य पदार्थ आदि के व्यवसाय में सफल होते हैं।

वायु तत्व प्रधान व्यक्ति कलाकार, साहित्यकार, संवाददाता, बैंकिंग, प्रकाशक, परामर्शदाता, एजेन्ट आदि व्यवसाय में सफल होते हैं।

पृथ्वी तत्व प्रधान धन के देवता-कुबेर, जल तत्व प्रधान कोष के देवता-वरुण, अग्नि तत्व प्रधान धन के रक्षक-बटुक भैरव, वायु तत्व प्रधान शनि देवता की तंत्र, मंत्र, उपासना आदि से तत्वों का अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है।

लग्न, चन्द्र-लग्न, सूर्य-लग्न इन तीनों में से जो सबसे अधिक बलशाली हो उसके दशम स्थान में स्थित विभिन्न ग्रहों द्वारा व उनके स्त्रोतों से धन लाभ होता है। जैसे-सूर्य-पैतृक संपत्ति, चन्द्र-माता द्वारा, मंगल-शत्रु द्वारा, बुध-मित्र द्वारा, गुरु-भाई द्वारा, शुक्र-स्त्री द्वारा, शनि-सेवक द्वारा धन की प्राप्ति होती है।

यदि दशम में कोई ग्रह न हो तो दशमेश के नवांशेश द्वारा धन प्राप्ति के संबंध में विचारना चाहिए। जैसे-दशमेश के नवांशेश में सूर्य हो तो चिकित्सा, युद्ध, ठेकेदारी आदि। चन्द्रमा हो तो जलीय पदार्थ, वस्त्र आदि के व्यवसाय। मंगल हो तो धातु, शस्त्र, मशीनरी आदि। बुध हो तो लेखन, शिल्प, व्याख्यान। गुरु हो तो धार्मिक अथवा न्याय संबंधी कार्य। शुक्र हो तो पशु, वाहन, स्त्री आदि। शनि हो तो मजदूर, मजदूरी, श्रम आदि ग्रहों का फल जानना चाहिये।

महासागर योग–लग्न में बुध, चतुर्थ में गुरु, सप्तम में शुक्र, दशम में चन्द्रमा, तृतीय में राहु, षष्टम में मंगल, एकादश में शनि हो तो महासागर योग होता है। इसमें व्यक्ति मंत्री, राज्यपाल, राजदूत, सांसद आदि होते हैं।

लक्ष्मी प्राप्ति योग–पंचम-नवम भाव तथा इनके भावेश से ही लक्ष्मी योग बनता है। विश्व विख्यात कार निर्माता हेनरी फोर्ड के पंचम का स्वामी गुरु तथा नवम का स्वामी तृतीय भाव में स्थित है। एवं गुरु की चन्द्रमा पर गुरु से पाचवें भाव में स्थित होने के कारण दृष्टि है। इस कारण लक्ष्मीयोग बन रहा है।

महिला चिकित्सक–कर्क लग्न जल राशि है इसके स्वामी चन्द्र उच्च के आयेश हैं। नवें घर का स्वामी दशम (आजीविका) में है। मंगल जो दशम घर का स्वामी भी है उसे पूर्णरूपेण देख रहा है। शनि सप्तम अपने घर को देख रहा है। सूर्य आयेश को भी देख रहा है जो कि राजकीय चिकित्सक बनने का प्रतीक है।

लेखन द्वारा धन प्राप्ति–दशम का स्वामी बुध भाग्य स्थान पर है। दशम में सूर्य हैं, व्ययेश कर्म भाव में हैं, सूर्य से दशम में गुरु हैं। गुरु से लेखन, बुध से गणित, सूर्य से ज्योतिष, मंगल से वैद्यक, केतु से तंत्र, शनि योग, चन्द्र से कामकला का संबंध है। अत: जातक उपरोक्त से संबंधित लेखन कार्य से जुड़ा रहेगा। इनकी राशि में जल तत्व राशि का प्रभाव ज्यादा होने के कारण शुक्र की दशा में किसी स्त्री के सहयोग से या स्त्री के धन से विदेश व्यापार भी कर सकते हैं।

पाठशाला के संस्थापक–कर्मभाव में गुरु स्वराशि का शैक्षिक व्यवसाय का द्योतक है। नवम का स्वामी शनि, आयेश का स्वामी मंगल, धनेश चन्द्रमा का लग्न में होना व्यक्ति का स्वयं का जीविकोपार्जन का प्रतीक है।

महिला सम्पादिका एवं लेखक–विद्या के घर में स्थित चन्द्र राहु के सामने आयेश अपने स्वामी सहित चार ग्रहों के साथ बैठा है। कर्म भाव का स्वामी बुध लेखन प्रतिभा को बताने वाला भी आयेश है। इसी कारण इसकी समस्त आय का साधन लेखन है।

कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवन में ग्रहों, राशियों, लग्नों इत्यादि का प्रभाव निम्न प्रकार है-

भारत के प्रमुख उद्योगपति **सर जमशेद जी टाटा**–कर्क लग्न कुछ विशिष्ट व्यक्तियों को प्राप्त होती है। उच्च का शुक्र भाग्य स्थान पर, भाग्येश गुरु की इस पर दृष्टि है जो कि सौभाग्यदायी है। भाग्येश में राहु संघर्षशील बनाता है। दशमेश मंगल पराक्रम भाव में स्थित होकर भाग्येश को अधिक संघर्षमय बनाता है।

महात्मा गांधी–धनेश में शनि-केतु की युति, वृश्चिक राशि में होने से इनका जीवन मितव्ययी हुआ। भाग्येश बुध शुक्र के साथ लग्न में है। बुध-मंगल-शुक्र तीनों ग्रह लग्न में प्रतिस्पर्धात्मक व्यवसाय भी बनाते हैं।

महाराजा जयाजीराव सिन्धिया–लग्न का स्वामी कर्मेश होकर दशम में शनि उच्च का बैठा है। षष्टम् में मंगल योद्धा भी बनाता है। लग्न में सूर्य अहंकारी, शुक्र शान-शौकत वाला तथा बुध प्रतिभाशाली बनाता है। जो किसी राजा का ही हो सकता है। सप्तम में चन्द्र स्वराशि बहुत भोगवादी बनाता है।

क्रूर महत्वाकांक्षी हैदर अली–धनेश में सूर्य, शनि, गुरु, बुध, चन्द्र लग्नेश होकर लुटेरे से राजा बना। चतुर्थेश शुक्र का धनेश होने के कारण एक प्रमुख नगर बसाने में सफलता मिली।

प्रतिभाशाली टीपू सुल्तान–पंचम में चन्द्र ने प्रतिभाशाली बनाया। पंचमेश मंगल पराक्रम भाव में होने से युद्ध प्रिय बनाया। दशमेश शुक्र पर मंगल की 8वीं दृष्टि है। आयेश भी कर्मेश है। लेकिन षष्टेश गुरु ने अपनी दशा में युद्ध में धराशायी कर दिया।

वीर योद्धा महाराणा प्रताप–महान पराक्रमी, दुर्जेय योद्धा, शासक, देशभक्त का जन्म वृश्चिक लग्न में हुआ। पराक्रम भाव में शनि की राशि में सूर्य, शनि के कारण दु:ख व अपमान झेलना पड़ा। भाग्य स्थान में चन्द्र-राहु की युति जहां कठोर संघर्षशील बनाती है, वहां पराक्रम भाव में गुरु पर दृष्टि होने से संतान को भी मरणशील बना रही है। आज भी घुमन्तु जीवन जीने वाली कई जातियां अपने को महाराणा का वंशज बताती हैं। लग्नेश मंगल मृत्यु के घर में होने से अपने बंधुओं से विश्वासघात बताता है।

छत्रपति वीर शिवाजी–भारत को हिन्दू राष्ट्र का सपना देखने वाले, महान योद्धा, दुर्जेय सेनानी तथा विदेशी मुस्लिम शासकों से स्वतंत्र कराने का सपना देखने वाले शिवाजी महाराज का लग्न अधिपति सूर्य, सप्तम में गुरु व सूर्य से द्रष्ट है। गुरु की लग्न पर दृष्टि महान कृपा करके अपमृत्यु से बचाती है। सप्तमेश शनि पराक्रम भाव में उच्च का होकर बैठा है। दशम का स्वामी शुक्र भाग्य स्थान पर राजसी स्तर के वैभव प्रदान करता है। राहु-मंगल का योग युद्ध की छापामार तरीके से आय का द्योतक है।

रावण–सिंह लग्न में सूर्य और गुरु का होना यह स्पष्ट करता है कि रावण बहुत ही सुन्दर, तेजस्वी एवं गौरवर्ण काया का व्यक्ति होगा। द्वितीय भाव में आयेश, धनेश बुध है। जिस कारण वह अपार सम्पत्ति एवं धन का स्वामी हुआ। पंचमेश का गुरु सूर्य के साथ लग्न में है एवं द्वितीय भाव के कन्या का बुध है। अत: वह महान विद्वान, अनेक भाषाओं का पंडित, आत्मविश्वास का व्यक्ति रहा। सूर्य का लग्न में होना अहंकारी प्रवृत्ति का बोध कराता है। भाग्य भाव में मेष का राहु उस पर उच्च के शनि की पूर्ण दृष्टि के साथ है। जिस कारण राजनीति का भी वह प्रकांड विद्वान हुआ। पराक्रम भाव तृतीय भाव में उच्च का शनि एवं केतु है। उसे अपने ही भाई का विरोध सहना पड़ा। तृतीय भाव का स्वामी शुक्र दशम भाव में है। वह बहुत ही भोगी एवं विलासी व्यक्ति भी रहा। अनेक तरह की शक्तियों के स्वामी रावण के पतन का कारण छठे भाव की चन्द्र-मंगल की युति थी। चन्द्र नारी का बोध कराता है। सिंह लग्न का मंगल शत्रु भाव की वृद्धि करता है। मंगल छठे भाव में उच्च राशि मकर में होने के कारण रावण की हत्या हुई।

कुबेर–कुबेर की कुंडली का लग्न वृषभ है। जिसका स्वामी शुक्र है। जो स्वयं सुख, वैभव एवं सम्पत्ति का प्रतिनिधित्व करता है। तीन अन्य ग्रहों के साथ विपुल सम्पत्ति योग बनाकर तृतीय भाव में शुक्र बैठा है। तृतीय भाव का स्वामी चन्द्रमा है, जो कुडली के लिहाज से चतुर्थ भाव है। जो पुन: सुख, सम्पत्ति व शांति को दर्शाता है। कुंडली का कारक शनि नवम भाव में स्थित होकर एकादश, तृतीय एवं षष्ठ भाव को देखता है। एकादश भाव में अप्रभावित राहु कामना, लाभ, इच्छापूर्ति में अपनी प्रमुख भूमिका निभा रहा है। उच्चस्तरीय राजयोग, धनयोग कुंडली को विलक्षण बना देते हैं। इतनी विलक्षणताओं से युक्त कुंडली नि:संदेह कुबेर की ही हो सकती है।

धन के तीन उपयोग हैं-भोग, संचय एवं दान। इसमें दान तो कुछ ही व्यक्ति कर पाते हैं। जैसे पुराणों के अनुसार नव सम्वत् चलाने से पहले प्रजा का समस्त ऋण राजकोष से चुकाया जाता था। तीर्थों में जाकर पुष्कल दान करके स्वयं भी वैरागी हो जाते थे। अब कोई दिखाई नहीं देता। पुराणों में इस प्रकार की कथाओं में राजा हरिश्चन्द्र, शांतिदेव, मोरध्वज, राजा शिवि, किसी तपस्वी ने अपना भोजन के सर्वस्व त्याग के बाद जमीन पर गिरे अन्न-कणों, नेवले का शरीर स्वर्णमय हो जाना, जो धर्मराज युधिष्ठर के राजसूय यज्ञ के सामने फीका पड़ गया था। महाभारत इस प्रकार की कथाओं से भरा-पड़ा है।

धन का संबंध व्यक्ति के प्रारब्ध कर्मों से है, जो स्वप्न और पुनर्जन्म में विश्वास रखते हैं उन्हें आसानी से यह बात समझ आ जावेगी कि प्रारब्ध कर्म क्या होते हैं? और कर्मफल से ग्रह कैसे उच्च-नीच के बनते हैं। अत: समस्त विश्व कर्म प्रधान है। हमें भाग्यवादी नहीं, कर्मवादी बनना चाहिये। कर्म से ही भाग्य बनता है।

लेखक-डॉ. कमल प्रकाश अग्रवाल
श्रीधाम, विल्ला नं. 2, चन्दौसी ग्रीन
ग्राम-देवरखेरा, पोस्ट-चन्दौसी-244412
मो. 9412140444, 9927311629

भारत के सुप्रसिद्ध विद्वान् लेखक (व्यापारिक मंदा-तेजी व अन्य लेख)

नोट-व्यापार में किसी प्रकार की लाभ-हानि की जिम्मेदारी लेखक व प्रकाशक की नहीं होगी। अतः अपनी समझ से व्यापार करें।

E-mail : dharmsondiaries@gmail.com

अक्टूबर–धनागमन में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। विरोधी पराजित होंगे। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। सफलता से मन उत्साहित रहेगा। पद-प्रतिष्ठा-प्रभाव में वृद्धि होगी। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों से सहायता मिलेगी। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। बहुमूल्य उपहार मिलेंगे। व्यवसायिक बाधायें समाप्त होंगी। धातुओं के व्यापार तथा यात्राओं से लाभ मिलेगा। 18 से 26 के मध्य व्यर्थ विवादों से बचें। अपमानजनक स्थितियों के प्रति सचेत रहें। शुभ दिवस-02, 08, 12, 15, 17, 20, 22, 25 हैं। अशुभ दिवस-04, 06, 27, 29, 31 हैं।

नवंबर–11 नवम्बर तक आय वृद्धि से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संचित धन की स्थिति संतोषजनक रहेगी। दाम्पत्य जीवन के विवाद समाप्त होंगे। मतभेदों का समाधान। यात्राओं, व्यवसाय से अपेक्षित लाभ। ता. 11 से मासान्त तक परिश्रम के अनुरूप परिणाम नहीं मिलेगा। सुख एवं धन की हानि होगी। कार्यों में अवरोध से वाणी में कठोरता आयेगी। मानसिक तथा शारीरिक दुर्बलता रहेगी। पित्तजनित व्याधियों से पीड़ित होंगे। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति में बाधा आयेगी। शिक्षा में बाधा से मन चिन्तित रहेगा। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। शुभ दिवस-02, 04, 07, 11, 16, 19, 23, 29। अशुभ दिवस-09, 14, 21, 25, 27।

दिसंबर–ता. 27 तक मिथ्या अपवाद का भय रहेगा। मन संतप्त रहेगा। कार्यों में विघ्न बाधायें आयेंगी। यात्रायें निरस्त होंगी। सम्बन्धियों तथा सहोदरों से वैमनस्य रहेगा। रोग पीड़ित होंगे। किसी बहुमूल्य वस्तु की हानि होगी। प्रशासकीय कारणों से संकट में पड़ेंगे। मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। इसके बाद वाक्चातुर्य का लाभ मिलेगा। पदोन्नति होगी। विरोधी परास्त होंगे। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। सामाजिक कार्यों में समय देंगे। किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त रहेगा। शुभ दिवस-01, 04, 06, 09, 14, 16, 18, 21, 27, 29, 31 हैं। अशुभ दिवस-11, 22, 25 हैं।

वृष-ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो

वृष

स्वामी-शुक्र नग-हीरा शुभ

जनवरी २०२२–अकारण ही धन तथा पुण्य की हानि होगी। मिथ्या अपवाद तथा अपमान से प्रतिष्ठा गिरेगी। आय में कमी आयेगी। मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास कमजोर होगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। 16 जनवरी में किंचित शुभ फल होंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। ऐक्सीडेन्ट्स से बचाव होगा। लोन चुकता करने में सफलता मिलेगी। 16 जनवरी से मासान्त तक प्रत्येक कार्य में रुकावट तथा बाधायें आयेंगी। किसी धारदार वस्तु से चोट लगेगी। पारिवारिक जीवन तथा सुख बाधित होगा। स्थान परिवर्तन का योग रहेगा। शुभ दिन-01, 08, 12, 17, 22, 24, अशुभ दिन-03, 05, 10, 15, 20, 27, 29, 31 हैं।

फरवरी–धन हानि होगी। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वरिष्ठों एवं सम्मानित व्यक्तियों के साथ वैचारिक मतभेदों से हानि होगी। कार्यों में असफलता का सामना करना पड़ेगा। पद-अवनति का भय रहेगा। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। पारिवारिक सुख बाधित होगा। पद-प्रतिष्ठा तथा मान-सम्मान में कमी आयेगी। आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। शारीरिक निर्बलता अनुभव करेंगे। भोगोपभोग की वस्तुओं से हानि होगी। यात्राओं में कष्ट होगा। कई यात्रायें निरस्त होंगी। किसी बहुमूल्य वस्तु के खोने का भय रहेगा। प्रशासकीय कारणों से संकट में पड़ेंगे। आर्थिक दंड का भय रहेगा। शुभ दिन-04, 06, 09, 14, 16, 18, 21, अशुभ दिन-02, 11, 23, 25, 27 हैं।

मार्च–14 मार्च तक नेगोसियेशन तथा साक्षात्कारों में सफल रहेंगे। पदोन्नति होगी। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। मान, प्रतिष्ठा मिलेगी। विरोधी परास्त होंगे। दाम्पत्य जीवन [illegible] 15 मार्च में किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मन अशान्त रहेगा। आर्थिक हानि होगी। आध्यात्मिक अथवा मांगलिक कार्य स्थगित होगा। 16 मार्च से मासान्त तक वरिष्ठों से मतभेद रहेंगे। प्रशासकीय सहयोग नहीं मिलेगा। रोग ग्रस्त होंगे। प्रतिष्ठा, मान-सम्मान विपरीत रूप से प्रभावित होगा। सन्तान के विषय में चिन्ता बनेगी। विरोध बढ़ेगा। महिलाओं के कारण कलह की स्थिति बनेगी। खानपान बिगड़ेगा। शुभ दिन-03, 06, 08, 13, 18, 20, 22, 24, 28, अशुभ दिन-01, 11, 15, 26, 31।

अप्रैल–ता. 07 तक स्वास्थ्य खराब रहेगा। कार्यों में अपेक्षित सफलता न मिलने से मन खिन्न रहेगा। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। 08 से 12 अप्रैल के मध्य वार्तालाप से प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। पदोन्नति सम्बन्धी वाद-विवाद समाप्त होंगे। 14 से 24 अप्रैल तक घर-परिवार का सुख रहेगा। यात्राओं में सफलता मिलेगी। कार्यों में सन्तुष्टि रहेगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा। 25 अप्रैल से मासान्त तक दाम्पत्य-जीवन में असंतोष बनेगा। प्रेम सम्बन्धों में मतभेद होगा। ब्रेकअप की सम्भावना बनेगी। महिलाओं के कारण हानि होगी। हृदय रोग की आशंका रहेगी। नौकरी तथा रोजगार में विघ्न-बाधायें आयेंगी। पदोवनति की आशंका रहेगी। शुभ दिन-02, 04, 12, 14, 16, 18, 23, 25, 29, अशुभ दिन-07, 09, 20, 27 हैं।

मई–शारीरिक पीड़ा कष्ट एवं भानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। आर्थिक उन्नति होगी। मान-सम्मान मिलेगा। भूमि-भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्राओं में लाभ होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों, मुकद्दमों में अनुकूल परिणाम मिलेंगे। खोई हुई वस्तु अथवा उधार दिया गया धन वापस प्राप्त होगा। दुर्घटनाओं से आकस्मिक रूप से बचाव होगा। सफेद वस्तुओं का व्यापार लाभ देगा। कुछ कार्यों में सफलता के उपरान्त भी आर्थिक हानि होगी। नये अनुबंधों के क्रियान्वयन में अवरोध आयेंगे। शुभ दिन-02, 09, 12, 14, 16, 20, 27, 29, अशुभ दिन-04, 07, 18, 22, 24, 31 हैं।

जून–धन हानि के प्रति सावधानी अपेक्षित रहेगी। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा मिल सकता है। स्वभाव की कठोरता से मुक्ति पाने का प्रयास करें। 18 जून से मास के अन्त तक शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। अविवाहितों का विवाह योग रहेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। तरल पदार्थों, सुगन्धित द्रव्यों, शृंगारिक वस्तुओं तथा सौन्दर्य प्रसाधनों के माध्यम से आय होगी। व्यापार में उन्नति होगी। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। सुख ऐश्वर्य बढ़ेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। सन्तान के कार्यों से मिले मान-सम्मान की प्रसन्नता रहेगी। शुभ दिन-06, 08, 10, 12, 16, 20, 23, 25, 28 हैं। अशुभ दिन-03, 14, 18, 30 हैं।

जुलाई–अत्यधिक वाचालता तथा वाक्चातुर्य से हानि होगी। सम्बन्धियों के कारण आर्थिक हानि का योग रहेगा। मन चिन्तित रहेगा। सम्मानित व्यक्तियों से मतभेद होंगे। प्रशासकीय कारणों से मन व्यथित रहेगा। बन्धन तथा आरोपों का भय रहेगा। सन्तान के विषय में मन चिंताग्रस्त होगा। विरोधी स्वर मुखर होंगे। 14 तथा 15 जुलाई अपेक्षाकृत शुभ रहेगी। 16 जुलाई में महिलावर्ग से हानि होगी। प्रेमी युगलों के लिये समय प्रतिकूल रहेगा। 17 जुलाई से मास के अन्त तक मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक उलझनें समाप्त होंगी। विरोधियों से छुटकारा मिलेगा। शुभ दिन-03, 05, 08, 10.12, 14, 16, 22, 25, 30, अशुभ दिन-18, 20, 28 हैं।

अगस्त–आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। विद्वत्जनों से वैचारिक मतभेद होंगे। महिलाओं से मनमुटाव होगा। स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। पारिवारिक जीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। शासकीय कारणों से प्रताड़ित होंगे। आपरेशन अथवा चोट लगने का भय बनेगा। मन खिन्न रहेगा। 17 से 30 अगस्त के मध्य मानसिक तथा शारीरिक कष्टों का निवारण होगा। भू-सम्पत्ति सम्बन्धित विघ्न-बाधायें समाप्त होंगी। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। जीवन साथी तथा संतान का सुख सहयोग मिलेगा। प्रेम-प्रकरण तथा वार्ताओं में [illegible]

10, 19, 26, 31 हैं। अशुभ दिन- 01, 08, 12, 14, 16, 21, 24, 29 हैं।

बढ़ेगा। आरोपों से छुटकारा मिलेगा। स्वास्थ्य में

शुभ दिवस-02, 04, 16, 27, 29, अशुभ दिवस-07, 09, 12, 14, 18, 20, 23, 25 हैं।

10, 19, 26, 31 हैं। अशुभ दिन- 01, 08, 12, 14, 16, 21, 24, 29 हैं।

सितंबर—मन किसी के प्रति आसक्त होगा। व्यय बढ़ने से आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। भ्रम की स्थिति बनने से मन व्यग्र रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक शक्ति का ह्रास होगा। मित्रों एवं हितैषियों से असुविधा होगी। सन्तान सुख में कमी आयेगी। चिन्ता बढ़ेगी। परिवार से मतभेद होंगे। प्रशासनिक अधिकारियों से वाद-विवाद होंगे। पद तथा अधिकारों में कमी आयेगी। यात्राओं में दुर्घटना का भय बनेगा। विरोधी बढ़ेंगे। प्रेमी युगलों में झगड़ा होगा। विभागीय परीक्षाओं में असफलता मिलेगी। मनोरंजक गतिविधियों के लिये समय का अभाव रहेगा। शुभ दिन-02, 06, 15, 23, 29 हैं। अशुभ दिन-04, 09, 11, 13, 18, 20, 25, 27 हैं।

अक्टूबर—परिश्रम के अनुरूप सफलता का अभाव रहेगा। स्वभाव में कठोरता आयेगी। राजकीय भय बनेगा। चोरी अथवा अग्निकांड से धन सम्पत्ति की हानि होगी। पित्तजनित व्याधियों से कष्ट रहेगा। विरोधी मुखर होंगे। 18 से 25 अक्तूबर के मध्य विरोध समाप्त प्रायः रहेगा। मामले, मुकद्दमों में अनुकूल परिणाम होंगे। इच्छित कार्यों में वांछित सफलता मिलेगी। सहयोगियों से वैचारिक समानता रहेगी। दाम्पत्य जीवन का आनन्द मिलेगा। सफल यात्रायें होंगी। 26 अक्तूबर से मासान्त तक कार्यों में आर्थिक हानि होगी। मान-सम्मान में गिरावट आयेगी। विरोधी मुखर होंगे। शिक्षण में अरुचि रहेगी। शुभ दिन-04, 20, 25, 27, 29, 31 हैं। अशुभ दिन-02, 06, 08, 10, 12, 15, 17, 22 हैं।

नवंबर—आर्थिक कठिनाईयां बनी रहेंगी। जीवन-यापन के लिये कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। आजीविका परिश्रम से प्राप्त होगी। जीवन साथी के रोगग्रस्त होने की सम्भावना रहेगी। स्वयं भी जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग से पीड़ित होंगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। महिलाओं के कारण हानि तथा अपमान की स्थिति बनेगी। 13 नवम्बर में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या रहेगी। चोट लगने का योग रहेगा। दाम्पत्य सुख में बाधा आयेगी। उपद्रवों से मन खिन्न रहेगा। 14 नवंबर से सुधार होगा। विवादों-मतभेदों का सम्मानजनक समाधान होगा। व्यवसायिक लाभ होगा। शुभ दिन-02, 09, 11, 16, 21, 23, 27 हैं। अशुभ दिन-04, 07, 14, 19, 25, 29 हैं।

दिसंबर—04 दिसं. तक आय के नये साधन बनेंगे। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। कार्यों में मनोवांछित सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। ता. 5 से 28 के मध्य राजकीय दंड का भुगतान करना होगा। आर्थिक संकट बनेगा। सुखोपभोग तथा विलासिता की सामग्री में कमी आयेगी। शिक्षा बाधित होगी। यात्राओं में हानि होगी। सम्बन्धियों तथा सहोदरों से वैमनस्य रहेगा। मास के अन्त में बहुमूल्य उपहार मिलेगा। प्रशासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। लम्बी दूरी की यात्रायें होंगी। आर्थिक स्थिति संतोषजनक बनेगी। मन तथा शरीर ऊर्जावान रहेगा। शुभ दिन-06, 14, 18, 25 हैं। अशुभ दिन-01, 04, 09, 11, 16, 21, 23, 27, 29, 31 हैं।

मिथुन-क, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह

मिथुन

स्वामी-बुध नग-पन्ना शुभ

जनवरी २०२२—15 जनवरी तक प्रशासनिक भय की स्थिति बनेगी। किन्हीं कारणों से राजकीय दंड का भुगतान करना होगा। दाम्पत्य जीवन में अवरोध आयेगा। व्यय बढ़ेगा। स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। शरीर में कमजोरी रहेगी। 16 जनवरी से मास के अन्त तक स्वास्थ्य में सुधार होगा। स्वजनों का सहयोग मिलेगा। व्यय में कमी आयेगी। पारिवारिक सुख सहयोग रहेगा। व्यवसायिक लाभ होगा। घर-परिवार के साथ समय आनन्द पूर्वक व्यतीत होगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में प्रगति होगी। इण्टरव्यूज में सफलता मिलेगी। शुभ दिवस-05, 08, 15, 20, 22, 27, अशुभ दिवस-01, 03, 10, 12, 17, 24, 29, 31 हैं। ... का योग रहेगा। धन लाभ होगा। ... बढ़ेगा। आरोपों से छुटकारा मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शांति मिलेगी। अकारण भय समाप्त होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। प्रयत्नों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। 26 फरवरी से मास के अन्त तक प्रत्येक कार्य में अवरोध आयेगा। रोग पीडित होंगे। किसी धारदार वस्तु से चोट लगेगी। स्थान परिवर्तन होगा। पारिवारिक सुख में कमी रहेगी। व्यर्थ व्यय होगा। शिक्षा में अवरोध बनेगा। परीक्षा तथा साक्षात्कारों में वांछित सफलता का अभाव रहेगा। शुभ दिवस-02, 04, 11, 16, 18, 23, अशुभ दिवस-06, 09, 14, 21, 25, 27 हैं।

मार्च—14 मार्च तक यात्राओं में असुविधा होगी। खानपान बिगड़ेगा। कार्यों में विघ्न-बाधाओं से मन चिंतित रहेगा। स्थापित सिस्टम में कमियां निकालने की प्रवृति से वैमनस्य बढ़ेगा। 15 से 23 मार्च तक वरिष्ठों एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होंगे। पदोन्नति होगी। पारिवारिक सुख-समृद्धि बढ़ेगी। 24 से 30 मार्च तक वाचालता से हानि होगी। विरोध बढ़ेगा। पदोन्नति अथवा कार्य परिवर्तन में अवरोध आयेगा। सामाजिक कार्यों में समय व्यर्थ होगा। किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त रहेगा। मासान्त में बहुमूल्य उपहार मिलेगा। शुभ दिवस-01, 03, 11, 15, 20, 31, अशुभ दिवस-06, 08, 13, 18, 22, 24, 26, 28 हैं।

अप्रैल—13 अप्रैल तक कार्यों पर सुचारू रूप से ध्यान नहीं दे पायेंगे। स्वभाव में जड़ता आयेगी। शरीर निर्बल रहेगा। व्यर्थ विवादों में समय व्यतीत करेंगे। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। सन्तान के विषय में चिन्तित रहेंगे। अनिष्ट का भय रहेगा। भ्रष्ट अधिकारियों का सहयोग प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। 14 से 26 अप्रैल के मध्य रोगों से छुटकारा मिलेगा। कार्यों में प्रगति होगी। विवाद समाप्त होंगे। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में प्रगति होगी। परीक्षाओं में सफलता। 27 अप्रैल से मासान्त तक पिता ... शुभ दिवस-02, 04, 10, 27, 29, अशुभ दिवस-07, 09, 12, 14, 18, 20, 23, 25 हैं।

मई—16 मई तक घर-परिवार का सुख रहेगा। सफल यात्रायें होंगी। कार्य सन्तुष्टि रहेगी। प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। रोग मुक्त रहेंगे। 17 से 22 मई के मध्य जंक फूड से स्वास्थ्य खराब होगा। रोजी-रोजगार तथा कार्यस्थल पर परिस्थितियों में परिवर्तन होगा। कार्यों में बाधायें आने से मन खिन्न रहेगा। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। 23 मई से मासांत तक आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। दाम्पत्य-जीवन का सुख रहेगा। प्रेम-सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। मित्रों तथा सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। शुभ दिवस-02, 14, 18, 24, 27, 29, अशुभ दिवस-04, 07, 09, 12, 16, 20, 22, 31 हैं।

जून—उदर विकार होगा। शारीरिक अवस्था के अनुरूप थकावट, नेत्र रोग, रक्तचाप अथवा हृदय रोग के कारण स्वास्थ्य बिगड़ेगा। परिवार से दूर किसी सुदूर स्थान पर रहने से पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। निरर्थक यात्राओं में थकावट से कष्ट रहेगा। नये अनुबंधों के क्रियान्वयन में बाधायें बनेंगी। भूमि-भवन से हानि। अतः भूमि-भवन से लाभ के लिये अभी इस विषय के विचार को निरस्त रखें। मुकद्दमों में इच्छित परिणाम नहीं मिलेंगे। सुख ऐश्वर्य में कमी आयेगी। सहोदरों से मतभेद होंगे। किसी भी नगण्य सी बात पर उत्तेजित होने की प्रवृति रहेगी। शुभ दिवस-10, 14, 23, 25, अशुभ दिवस-03, 06, 08, 12, 16, 18, 20, 28, 30 हैं।

जुलाई—मास में प्रथम दो सप्ताहों में कष्ट फल अधिक होंगे। झगड़े-झंझट बढ़ेंगे। स्पैकुलेशन तथा इन्वेस्टमेन्ट में हानि होगी। सन्तान को घर से दूर रहना होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब होगा। विद्यार्थी अध्ययन में पिछड़ेंगे। अतिप्रिय व्यापार-व्यवसाय में अवनति होगी। अतिप्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा होगा। 17 जुलाई से वाक्चातुर्य का लाभ मिलेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेंगे। शिक्षा में प्रगति होगी। सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं

सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। शुभ दिवस-08, 12, 20, 22, 28, अशुभ दिवस-03, 05, 10, 14, 16, 18, 25, 30 हैं।

अगस्त–प्रथम सप्ताह में सन्तान के विषय में चिन्ताग्रस्त रहेंगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। परिश्रम तथा साहस में कमी। अध्ययन से अरुचि रहेगी। द्वितीय सप्ताह में व्यय पर नियन्त्रण रख पायेंगे। घर-परिवार का सुख मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। मतभेद समाप्त होंगे। तीसरे सप्ताह में मन में उमंग तथा प्रसन्नता का अभाव रहेगा। प्रेमी युगलों के लिये समय अनुकूल नहीं है। धैर्यपूर्वक कार्य करने पर सफलता मिलेगी। चतुर्थ सप्ताह में विभिन्न माध्यमों से लाभ मिलेगा। भूमि-भवन के कार्यों से लाभान्वित होंगे। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी। शुभ दिवस-04, 10, 14, 16, 19, 24, 31 तथा अशुभ दिवस-01, 06, 08, 12, 21, 26, 29 हैं।

सितंबर–तीसरे सप्ताह तक असुविधाजनक यात्रायें होंगी। झगड़े-झंझटों के कारण सुख-शांति का अभाव रहेगा। समय कुसमय का खानपान होगा। सहयोगियों से मतभेद होंगे। स्वभाव की जिद्द, अहम तथा मनमानी से हानि होगी। शरीर थका-थका रहेगा। चतुर्थ सप्ताह से मित्रों तथा परिवार के सहयोग से इच्छित सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में सुख रहेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। सामान्य जनों से सम्पर्क बढ़ेगा। शरीर तथा मन प्रफुल्लित रहेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। सुख, वैभव तथा ऐश्वर्य प्राप्ति होगा। शुभ दिवस-11, 13, 15, 25, 27 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 06, 09, 18, 20, 23, 29 हैं।

अक्टूबर–तीसरे सप्ताह के अन्त तक आपरेशन अथवा चोट लगने का भय बनेगा। पारिवारिक मतभेद बढ़ेंगे। जीवन साथी का स्वास्थ्य निर्बल रहेगा। अग्नि से हानि होगी। कार्यों में असफलता की आशंका रहेगी। यात्राओं में कष्ट होगा। पद तथा अधिकारों में कमी आयेगी। प्रेमी युगलों में झगड़ा होगा। विभागीय परीक्षाओं में विलम्ब होगा। चतुर्थ सप्ताह से आकस्मिक रूप से झगड़े-झंझटों से बचाव होगा। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट समाप्त होंगे। योजनाबद्ध कार्य करने से सफलता मिलेगी। प्रेम-प्रकरण तथा वार्ताओं में प्रगति होगी। शुभ दिवस-08, 10, 12, 25 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 06, 15, 17, 20, 22, 27, 29, 31 हैं।

नवंबर–दूसरे सप्ताह तक वाद-विवाद तथा कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। विरोधी पक्ष परास्त होगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। घर-परिवार का सुख मिलेगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। साझेदारों से वैचारिक साम्यता बढ़ेगी। अन्जानी-अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। लेखन, संगीत, वाद्यकला में ख्याति प्राप्त होगी। सन्तान के कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। मन प्रसन्न रहेगा। 16 नवम्बर से मासान्त के मध्य स्वास्थ्य खराब होगा। प्रशासनिक कारणों से मानसिक तनाव बढ़ेगा। कार्यों में अपेक्षित प्रगति तथा सफलता का अभाव रहेगा। शुभ दिवस-07, 09, 19, 21, 29 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 11, 14, 16, 23, 25, 27 हैं।

दिसंबर–आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी। मतभेदों का सम्मानजनक समाधान मिलेगा। प्रत्येक कार्य में अपेक्षित सहयोग मिलेगा। यात्राओं तथा व्यवसाय से लाभ होगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। 16 दिसम्बर के बाद सन्तान को किसी रोग से पीड़ा होगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति के लिये मन चिन्तित रहेगा। व्यवसायिक बाधायें आयेंगी। थका देने वाली यात्राओं में कष्ट होगा। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। खानपान बिगड़ेगा। सुखोपभोग तथा विलासिता में कमी रहेगी। शुभ दिवस-01, 06, 18, 29, 31 हैं। अशुभ दिवस-04, 09, 11, 14, 16, 21, 23, 25, 27 हैं।

कर्क-ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो

स्वामी-चन्द्र नग-मोती शुभ

जनवरी २०२२–प्रथम दो सप्ताह तक परिवारजनों एवं मित्रों से मतभेद एवं विवाद रहेगा। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। सन्तान रोग पीड़ित होगी। कार्यों में व्यवसायिक बाधायें आयेंगी। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि रोगों से पीड़ित होंगे। 16 जनवरी से मास के अंत तक आय के नवीन साधन बनेंगे। उत्तम धनागम होगा। बहुमूल्य धातुयें क्रय होंगी। रोगों से छुटकारा मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। भूमि-भवन से अचानक लाभ मिलेगा। विवादों का अन्त होगा। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ दिवस-08, 10, 24 हैं। अशुभ दिवस-01, 03, 05, 12, 15, 17, 20, 22, 27, 29, 31 हैं।

फरवरी–26 फरवरी तक सामान्य दाम्पत्य सुख मिलेगा। कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। विरोधियों से विवाद होगा। शासन-प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। राजकीय दंड का भुगतान करना होगा। व्यय बढ़ेगा। भाई अथवा सन्तान से वैचारिक मतभेद होंगे। स्वभाव में कुछ न कर पाने की विवशता से आक्रोश रहेगा। मास के अन्त में परिश्रम के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे। आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। जीवनयापन सुगम बनेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। उपहार मिलेगा। घर-परिवार का सुख रहेगा। वैवाहिक अड़चनें दूर होंगी। योग्य दम्पत्ति, सन्तान सुख प्राप्त करेंगे। शुभ दिवस-04, 06, 21, अशुभ दिवस-02, 09, 11, 14, 16, 18, 23, 25, 27 हैं।

मार्च–06 से 23 मार्च तक सन्तान के दायित्वों की पूर्ति के लिये मन चिन्तित रहेगा। लिक्विड कैश में कमी आयेगी। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। खानपान बिगड़ेगा। मन में अन्जाना भय रहेगा। प्रयत्नों में असफलता से निराशा पनपेगी। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। 24 से 31 मार्च के मध्य विघ्न-बाधायें समाप्त होंगी। कार्य-व्यवहार सुचारु रूप से चलेगा। लाभकारी यात्रायें होंगी। सफलता मिलेगी। सम्बन्धियों तथा सहोदरों का सहयोग मिलेगा। सुखोपभोग की सामग्री क्रय करेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शिक्षा में रुचि रहेगी। शुभ दिवस-06, 08, 18, 22, 24, अशुभ दिवस-01, 03, 11, 13, 15, 20, 26, 28, 31 हैं।

अप्रैल–मास के प्रथम सप्ताह में रोग पीड़ित होंगे। कार्य व्यवसाय में रुकावट बनती दिखाई पड़ेगी। ई.एम.आई. चुकाने में कठिनाई अनुभव करेंगे। चोट लगेगी। स्थान परिवर्तन होगा। परिवार सुख में कमी रहेगी। द्वितीय तथा तृतीय सप्ताह में इण्टरव्यूज में सफल होंगे। पद मिलेगा, प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। भूमि-भवन से अचानक लाभ मिलेगा। घर-परिवार का सुख रहेगा। सामाजिक कार्यों में किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मिथ्या आरोप लगेंगे। मन अशान्त रहेगा। खानपान विगड़ेगा। चतुर्थ सप्ताह में यात्रायें निरस्त होंगी। शुभ दिवस-02, 04, 07, 09, 14, 18, 20, 29, अशुभ दिवस-12, 16, 23, 25, 27 हैं।

मई–मास के तीसरे सप्ताह तक कार्यों पर सुचारु रूप से ध्यान देने से सफलता मिलेगी। वरिष्ठों का अनुग्रह मिलेगा। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। आर्थिक उन्नति होगी। परिवार में मांगलिक उत्सव होंगे। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। 23 मई से मासान्त तक महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। मानसिक व्यथा एवं शारीरिक पीड़ा का कारण बनेगा। शरीर में निर्बलता आयेगी। धन हानि होगी। विरोध एवं विरोधी प्रभावी होंगे। शुभ दिवस-02, 04, 07, 12, 16, 18, 27, 29, 31, अशुभ दिवस-09, 14, 20, 22, 24 हैं।

जून–26 जून सफल यात्रायें होंगी। घर-परिवार का सुख रहेगा। व्यवसायिक सन्तुष्टि रहेगी। बन्धु-बान्धवों तथा मित्रों के सहयोग से सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। रोग मुक्त होंगे। महिलाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। प्रेम-सम्बन्धों में सफलता मिलेगी। मित्रों तथा सहकर्मियों का सहयोग रहेगा। 27 जून से मासान्त तक अपौष्टिक भोजन से स्वास्थ्य खराब होगा। कार्यस्थल पर कठिन परिस्थितियों से सामना होगा। अवांछित मार्ग को अपनाकर मुसीबत मोल लेंगे। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। शुभ दिवस-03, 12, 14, 23, 25, 28, 30, अशुभ दिवस-06, 08, 10, 16, 18, 20 हैं।

कार्यों में सफलता मिलेगी। पदोन्नति सम्बन्धी विरोध तथा वाद-विवाद समाप्त होंगे। स्थानान्तरण तथा यात्रायें निरस्त होंगी। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। खोई हुई वस्तु प्राप्त होगी। विद्यार्थियों की शिक्षा में प्रगति होगी। परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। भय दूर होने से मानसिक शांति मिलेगी। ऐश्वर्य साधनों में कमी आयेगी। श्वेत वस्तुओं के व्यापार से लाभ होगा। शुभ दिवस-10, 12, 14, 22, 25, 28, अशुभ दिवस-03, 05, 08, 16, 18, 20, 30 हैं।

अगस्त–16 अगस्त तक प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक उन्नति होगी। विरोध समाप्त होगा। साक्षात्कार तथा नेगोशियेशन्स में सफलता मिलेगी। उपहार प्राप्त होंगे। शिक्षा में प्रगति होगी। अविवाहितों का विवाह योग बनेगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों मे इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। 17 अगस्त से मासांत तक निकटस्थ व्यक्तियो से धोखा मिलेगा। मन भयग्रस्त रहेगा। अपव्यय होगा। स्वभाव की कठोरता से हानि होगी। कार्यस्थल पर सावधानी पूर्वक कार्य करें। शुभ दिवस-01, 06, 08, 10, 19, 21, 24, 26। अशुभ दिवस-04, 12, 14, 16, 29, 31।

सितंबर–16 सितम्बर तक प्रशासकीय लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। उपहार प्राप्त करेंगे। 17 सितम्बर से मास के अन्त तक अधीनस्थों तथा सहायकों से प्रबल विरोध रहेगा। धन हानि होगी। स्वास्थ्य गिरेगा। महिला वर्ग से हानि होगी। प्रेमी युगलों के लिये समय अनुकूल नहीं है। भाग्योन्नति में अवरोध रहेगा। सुख सौभाग्य में कमी अनुभव होगी। भाग्योदय में रुकावट रहेगी। कार्यों में सफलता के लिये धैर्य पूर्वक प्रयास करें। शुभ दिवस-02, 04, 06, 09, 13, 15, 18, 20, 23, 29। अशुभ दिवस-11, 25, 27।

अक्टूबर–मास में व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। मतभेद समाप्त होंगे। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। सन्तान के कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। शरीर तथा मन प्रफुल्लित रहेगा। स्वभाव में जिद तथा अहम बढ़ेगा। मनमाने व्यवहार से हानि होगी। शुभ दिवस-02, 04, 10, 12, 15, 17, 22, 27, 29, 31। अशुभ दिवस-06, 08, 20, 25।

नवंबर–आकस्मिक झगड़े-झंझटों से बचाव होगा। योजनाबद्ध कार्य करने से सफलता मिलेगी। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। आय के नये मार्ग बनेंगे। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। भूमि-भवन से लाभ होगा। वार्तालाप से प्रशासनिक अधिकारियों को संतुष्ट करने में सफल होंगे। भ्रम की स्थिति का निवारण होगा। मन की चंचलता समाप्त होगी। विवादों में मनोनुकूल परिणाम मिलेंगे। प्रेमी युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। शुभ दिवस-07, 09, 11, 23, 27 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 14, 16, 19, 21, 25, 29 हैं।

दिसंबर–27 दिसम्बर तक कला क्षेत्र में ख्याति प्राप्त करेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। साझेदारों का सहयोग मिलेगा। वैचारिक साम्यता बढ़ेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों मे अनुकूल परिणाम होंगे। विरोधी परास्त होंगे। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता होगी। दाम्पत्य जीवन का आनन्द रहेगा। यात्राओं में सफलता मिलेगी। 28 से 30 दिसम्बर के मध्य पारिवारिक मनमुटाव तथा वैचारिक मतभेद बनेंगे। मासांत में लग्जरी वस्तुयें क्रय करेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ दिवस-04, 09, 18, 21, 23, 25, 29, 31 हैं। अशुभ दिवस-01, 06, 11, 14, 16, 27 हैं।

सिंह-टा, टी, टू, टे, मा, मी, मू, मे, मो

सिंह

स्वामी-सूर्य नग-माणिक शुभ

जनवरी २०२२–वर्ष के प्रारम्भ के दो सप्ताहों में प्रतिष्ठित व्यक्तियों से परिचय होगा। ... बढ़ेगा। पाचन सम्बन्धी रोगों से स्वास्थ्य खराब होगा। कार्यों में अपेक्षित सफलता का अभाव रहेगा। सन्तान की बीमारी से अथवा सन्तान के कारण कष्ट होगा। आर्थिक संकट बनेगा। अनुचित इच्छाओं तथा आकांक्षाओं के विचार बनेंगे। अवैधानिक कार्यों में रुचि लेने से हानि उठायेंगे। शुभ दिवस-01, 05, 10, 12, 17, 24, 27, 29, अशुभ दिवस-03, 08, 15, 20, 22, 31।

फरवरी–25 फरवरी तक व्यवसायिक क्षेत्र में असुविधा आयेगी। मतभेद होंगे। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। सन्तान रोग पीड़ित होगी। यात्राओं में कष्ट रहेगा। धन तथा मान हानि से मन व्यथित रहेगा। 26 फरवरी में कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। विरोध समाप्त प्रायः रहेगा। विवादों का अन्त होगा। मान-प्रतिष्ठा तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। 27 तथा 28 फरवरी में परिस्थितियों के वशीभूत होकर समझौतों के लिये विवश होना पड़ेगा। यात्राओं में दुर्घटनाओं का भय रहेगा। शुभ दिवस-02, 06, 09, 14, 21, 23, 25, 27, अशुभ दिवस-04, 11, 16, 18 हैं।

मार्च–शरीर निस्तेज रहेगा। शिथिलता बढ़ेगी। व्यय अधिक होगा। यात्राओं तथा व्यवसाय में अपेक्षित लाभ से असन्तोष रहेगा। मन खिन्न होगा। राजकीय दंड लगेगा। प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। आर्थिक संकट बनेगा। बुद्धि-चातुर्य काम नहीं करेगा। मास के अन्त में आर्थिक कठिनाईयों का समाधान मिलेगा। परिश्रम के अनुरूप परिणाम प्राप्त होगा। रोग से छुटकारा मिलेगा। उपहार प्राप्त करेंगे। महिलाओं के माध्यम से लाभ मिलेगा। अतिरिक्त कार्यभार मिलेगा। स्थान परिवर्तन होगा। शुभ दिवस-01, 06, 08, 13, 15, 20, 22, 26, अशुभ दिवस: 03, 11, 18, 24, 28, 31।

अप्रैल–24 अप्रैल मिथ्या आरोपों से मन संतप्त रहेगा। वैचारिक मतभेद बढ़ेंगे। कामकाज में अवरोध बनेंगे। महत्वाकांक्षी कार्यों में कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। प्रतिष्ठा पर आंच आयेगी। छिद्रान्वेषण की प्रवृति रहेगी। भाग्योदय ... सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। सामाजिक कार्यों में किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त होगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में रुचि रहेगी। परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में सफलता मिलेगी। नेगोशियेशन में फेवर मिलेगा। शुभ दिवस-02, 04, 12, 16, 18, 23, अशुभ दिवस-07, 09, 14, 20, 25, 27, 29 हैं।

मई–16 मई तक प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होंगे। पदोन्नति का योग बनेगा। पारिवारिक सुख-समृद्धि बढ़ेगी। वरिष्ठों एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। 17 मई से मासान्त तक ई.एम.आई. रिपेमेन्ट में कठिनाई आयेगी। कार्यों में अवरोध बनेंगे। भोगोपभोग की वस्तुओं से हानि होगी। चोट लगेगी। स्थान परिवर्तन होगा। बहुमूल्य वस्तु के खोने का भय रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य स्थगित होगा। प्रशासकीय कारणों से संकट में पड़ेंगे। रोग पीड़ित होंगे। पारिवारिक जीवन बाधित होगा। यात्रायें निरस्त होंगी। शुभ दिवस-02, 04, 09, 14, 18, 20, 29, 31, अशुभ दिवस-07, 12, 16, 22, 24, 27 हैं।

जून–प्रशासकीय कारणों से संकट में पड़ेंगे। रोग पीड़ित होंगे। पारिवारिक जीवन बाधित होगा। यात्रायें निरस्त होंगी। दूषित विचार बनेंगे। वरिष्ठों से मतभेद होंगे। प्रशासकीय सहयोग नहीं मिलेगा। मान-प्रतिष्ठा विपरीत रूप से प्रभावित होगी। शरीर निर्बल रहेगा। कार्यों पर सुचारु रूप से ध्यान नहीं दे पायेंगे। महिलाओं के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। अपमानजनक स्थिति बनेगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। आर्थिक हानि होगी। शुभ दिवस-03, 06, 10, 14, 16, 25, 28, 30, अशुभ दिवस-08, 12, 18, 20, 23 हैं।

जुलाई–16 जुलाई तक शुभ कार्यों में प्रवृति रहेगी। भूमि-भवन का लाभ मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे। व्यवसाय तथा अन्य कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ मिलेगा। पदोन्नति होगी। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। 16 जुलाई से मासान्त तक व्यर्थ के वाद-विवादों में फसेंगे।

धनागम में कमी रहेगी। पारिवारिक सुख शांति भंग होगी। सन्तान के विषय में चिन्ता बनेगी। पारिवारिक सम्बन्धों में तनाव रहेगा। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। व्यवसायिक कठिनाईयां बनेंगी। शुभ दिवस-03, 12, 14, 20, 22, 30, अशुभ दिवस-05, 08, 10, 16, 18, 25, 28 हैं।

अगस्त–पहले सप्ताह में बैंक बाईटिंग से दूर रहें। झगड़े झंझट रहेंगे। अपव्यय होगा। बन्धन भय बनेगा। बातचीत में अभद्रता आयेगी। दुर्जनों से मेलजोल बढ़ेगा। दूसरे सप्ताह में नया सहयोग क्रियान्वित होगा। आर्थिक लाभ मिलेगा। चोट लगने का भय रहेगा। कपड़े के व्यापार से हानि होगी। तीसरे सप्ताह में कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभकारी यात्रायें होंगी। आर्थिक उन्नति होगी। मान-सम्मान मिलेगा। 21 अगस्त से मास के अन्त तक वाचालता तथा वाक्चातुर्य के साथ सम्बन्ध बनाये रखने के चक्कर में आर्थिक हानि होगी। बहुमूल्य वस्तु से हाथ धो बैठेंगे। शुभ दिवस-06, 10, 16, 24, 26, 31। अशुभ दिवस-01, 04, 08, 12, 14, 19, 21, 29।

सितंबर–तनाव समाप्त होगा। सरदर्द तथा नेत्र पीड़ा से छुटकारा मिलेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मेल-मिलाप बढ़ेगा। विचारों में सात्विकता रहेगी। कृषि तथा वाणिज्य दोनों ही से लाभ प्राप्त करेंगे। 24 सितम्बर से मास के अन्त तक प्रशासकीय कारणों से मन व्यथित रहेगा। सन्तान सम्बन्धी चिन्तायें बनी रहेंगी। शरीर रोग ग्रस्त होगा। आर्थिक हानि होगी। शिक्षा तथा अध्ययन में मन नहीं लगेगा। कम्पीटीशन बढ़ेगा। शुभ दिवस-02, 04, 06, 13, 20, 23, 25, 27, 29 हैं। अशुभ दिवस-09, 11, 15, 18 हैं।

अक्टूबर–25 अक्तूबर तक धैर्यपूर्वक कार्य करेंगे। आर्थिक कठिनाई से बचे रहेंगे। रोजी-रोजगार तथा कार्यालय की उलझनें समाप्त होंगी। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। परन्तु भूमि-भवन से लाभ में विलम्ब होगा। स्वास्थ्य गिरेगा। चले आ रहे मुकद्मों में इच्छित परिणाम नहीं मिलेंगे। महिलावर्ग से हानि होगी। प्रेमी युगलों के लिये समय अनुकूल नहीं है। 26 अक्तूबर से मासान्त तक विरोधियों से छुटकारा मिलेगा। पारिवारिक उलझनें समाप्त होंगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा।

मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम तथा साहस का परिणाम मिलेगा। शुभ दिवस-02, 04, 08, 10, 12, 20, 27, 31 हैं। अशुभ दिवस-06, 15, 17, 22, 25, 29 हैं।

नवंबर–द्वितीय सप्ताह तक वांछित कार्यों में प्रगति होगी। मनोकामनायें पूर्ण होंगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। सुख, वैभव तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी। आर्थिक लाभ मिलेगा। शरीर तथा मन प्रफुल्लित रहेगा। स्वभाव की जिद् तथा अहम से बचें, अधिक लाभ में रहेंगे। तीसरे सप्ताह से मासांत तक अपौष्टिक भोजन से स्वास्थ्य खराब होगा। मातृतुल्य महिलाओं से मनमुटाव होगा। व्यय बढ़ेगा। स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। किसी कार्यवश विदेश अथवा सुदूर स्थान की कष्टपूर्ण यात्रा होगी। शुभ दिवस-07, 09, 14, 16, 21, 23, 25, 27 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 11, 19, 29 हैं।

दिसंबर–मास के द्वितीय सप्ताह तक अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। आय के नये मार्ग बनेंगे। विभिन्न स्त्रोतों से आय के कारण आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। सन्तान सुख मिलेगा। प्रेमी युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में अनुकूलता रहेगी। तीसरे तथा चौथे सप्ताह में विरोधी परास्त होंगे। अपव्यय होगा। मन व्यग्र रहेगा। यात्राओं में दुर्घटना का भय बनेगा। अधिकारियों से वाद-विवाद होंगे। विद्यार्थियों को परीक्षाओं में वांछित सफलता मिलेगी। किसी क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करेंगे। जॉब अपोरचुनिटी मिलेगी। मासांत घर-परिवार से अलग रहेंगे। शुभ दिवस-04, 06, 11, 18, 21, 23, 31। अशुभ दिवस-01, 09, 14, 16, 25, 27, 29।

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

कन्या

स्वामी-बुध नग-पन्ना शुभ

जनवरी २०२२–दूसरे सप्ताह तक मन में किसी के प्रति आकर्षण रहेगा। व्यग्रता बढ़ेगी। अपव्यय करेंगे। मित्रों से असुविधा होगी। अधिकारियों से विवाद होगा। यात्राओं में दुर्घटना का भय रहेगा। 16 जन. से मासांत तक आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विधिसम्मत कार्य सम्पन्न करने में रुचि बनेगी। सुखोपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। भूमि-भवन अथवा स्थाई सम्पत्ति अर्जित करेंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा। नये स्थान पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। पदोन्नति तथा अधिकार सम्पन्नता का सुख रहेगा। शुभ दिवस-01, 08, 12, 15, 27, 29, अशुभ दिवस-03, 05, 10, 17, 20, 22, 24, 31 हैं।

फरवरी–पद-प्रतिष्ठा की हानि होगी। मानसिक तनाव रहेगा। कार्य-व्यवसाय में अवरोध बनेंगे। पाचन-सम्बन्धी रोगों से स्वास्थ्य खराब होगा। अनुचित इच्छाओं तथा आकांक्षाओं के विचार बनेंगे। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यों से हानि होगी। सन्तान के सम्बन्ध में चिन्तित रहेंगे। मास के अन्तिम दिनों में स्थिति में सुधार होगा। अतिरिक्त अधिकार मिलेंगे। आय के नवीन साधन बनेंगे। प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। प्रेमी युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफल होंगे। सन्तान प्राप्ति का योग बनेगा। शुभ दिवस-04, 09, 11, 23, 25, अशुभ दिवस-02, 06, 14, 16, 18, 21, 27।

मार्च–लेखन अथवा कला क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक उन्नति होगी। अध्ययन-अध्यापन में रुचि रहेगी। तीसरे सप्ताह से व्यवसायिक बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। मन तथा शरीर थका-थका रहेगा। यात्रायें होंगी। व्यवसायिक मतभेद होंगे। विवादों में फसेंगे। मास के अन्त में कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। साझेदारों के साथ वैचारिक साम्यता बढ़ेगी। सन्तान के कार्यों से मन प्रसन्न रहेगा। अन्जानी-अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। शुभ दिवस-03, 08, 11, 20, 22, 24, अशुभ दिवस-01, 06, 13, 15, 18, 26, 28, 31 हैं।

अप्रैल–शुभ कार्य के लिये यात्रा होगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से परिचय होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में अनुकूल परिणाम होंगे। साझेदारों के साथ वैचारिक साम्यता रहेगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता मिलेगी। अन्जानी-अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। शेयर-मार्केट अथवा गेम्बलिंग से हानि होगी। केश फ्लो बिगड़ेगा। स्नेह सम्बन्धों तथा पार्टनरशिप के लिये समय अनुकूल रहेगा। 14 अप्रैल से मास के अन्त तक कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। छिद्रान्वेषण की प्रवृति से मिथ्या आरोप लगेंगे। शुभ दिवस-02, 04, 07, 16, 18, 20, 29, अशुभ दिवस-09, 12, 14, 23, 25, 27।

मई–मिथ्या अपवादों से छुटकारा मिलेगा। प्रयत्नों में सफलता प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मानसिक शांति मिलेगी। स्वास्थ्य सुधरेगा। वरिष्ठों तथा मित्रों का सहयोग रहेगा। तीसरे सप्ताह में जीवनसाथी के स्वास्थ्य में गिरावट रहेगी। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट होगा। चतुर्थ सप्ताह से सुखोपभोग में समय व्यतीत होगा। कष्ट मुक्त रहेंगे। विद्यार्थियों की शिक्षा में प्रगति होगी। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक उन्नति होगी। सुखोपभोग में समय व्यतीत होगा। शुभ दिवस-02, 04, 12, 14, 16, 18, 22, 27, 29, 31, अशुभ दिवस-07, 09, 20, 24 हैं।

जून–प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। पदोन्नति होगी। वरिष्ठों एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। पारिवारिक सुख-समृद्धि बढ़ेगी। उत्तम स्वास्थ्य का सुख मिलेगा। तीसरे सप्ताह में भोगोपभोग की वस्तुओं से हानि होगी। रोग ग्रस्त होंगे। प्रशासकीय कारणों से संकट में पड़ेंगे। यात्रायें निरस्त होंगी। मास के अन्त में सफलता मिलने का उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। लोन चुकता होगा। ऐक्सीडेन्ट्स से बचाव होगा। घर-परिवार का सुख रहेगा। परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में अनुकूलता रहेगी। शुभ दिवस-08, 10, 12, 14, 16, 18, 23, 25, 28, अशुभ दिवस-03, 06, 20, 30 हैं।

जुलाई–साक्षात्कारों में सफलता मिलेगी। पद प्राप्त होगा। विरोधी परास्त होंगे। व्यवसायिक उन्नति होगी। सामाजिक कार्यों में समय देंगे। परन्तु खानपान बिगड़ेगा। किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त रहेगा। शरीर में निर्बलता आयेगी। महिलाओं के कारण पारिवारिक सुख में न्यूनता रहेगी। तीसरे सप्ताह से वरिष्ठों का अनुग्रह रहेगा। विभागीय सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा

रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक कार्य सम्पन्न होंगे। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। शुभ दिवस-03, 05, 08, 10, 12, 14, 20, 25, 28, 30, अशुभ दिवस-16, 18, 22।

अगस्त–वार्तालाप से अनेक कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यवसायिक वाद-विवाद समाप्त होंगे। विभागीय सहयोग मिलेगा। सम्मानजनक स्थिति बनेगी। स्वास्थ्य सुख रहेगा। विद्यार्थी शिक्षा में प्रगति करेंगे। परीक्षाओं में सफल होंगे। प्रेम-सम्बन्धी प्रकरणों में प्रगति होगी। तीसरे सप्ताह में कार्यों पर समुचित ध्यान नहीं दे पायेंगे। रोजगार हानि होगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। 21 अगस्त से नवीन प्रोजेक्ट पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। सुखद परिवर्तन का अनुभव होगा। शुभ दिवस-04, 16, 21, 24, 31 हैं। अशुभ दिवस-01, 06, 08, 10, 12, 14, 19, 26, 29 हैं।

सितंबर–मास के प्रारम्भ के तीन सप्ताहों में आर्थिक उन्नति होगी; मान-सम्मान प्राप्त करेंगे। कार्यों में सफलता का सुख रहेगा। शारीरिक कष्ट एवं मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक सुख मिलेगा। परस्पर सम्बन्धों में सुधार होगा। लाभकारी यात्रायें होंगी। चतुर्थ सप्ताह में व्यापार से अपेक्षित लाभ में कमी रहेगी। सन्तान सुख में कमी रहेगी। अविवाहितों के विवाह में विलम्ब रहेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में अधिक परिश्रम की आवश्यकता होगी। मन में सदाचार की भावना बनेगी। शुभ दिवस-02, 13, 20, 27, 29 हैं। अशुभ दिवस-04, 06, 09, 11, 15, 18, 23, 25 हैं।

अक्टूबर–16 अक्तूबर तक जॉब सैटिस्फेक्शन रहेगा। विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा निरस्त होगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में कार्यकारी स्थितियां बनेंगी। कार्य करने का आनन्द मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। तीसरे सप्ताह में निकटस्थ व्यक्तियों से धोखा मिलेगा। मन व्यथित रहेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में मन नहीं लगेगा। स्वभाव की कठोरता से विरोध बढ़ेगा। चतुर्थ सप्ताह में वाक्चातुर्य से लाभ मिलेगा। शिक्षा में प्रगति होगी। कम्पीटीशन योग रहेगा। शुभ दिवस-10, 17, 20, 25, 27 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 06, 08, 12, 15, 22, 29, 31 हैं।

नवंबर–पदोन्नति होगी। वर्क प्रेशर रहेगा। कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। केरीहोम सेलरी कम रहेगी। आर्थिक कठिनाई अनुभव करेंगे। व्यवसायिक उलझनें बनेंगी। शारीरिक निर्बलता से कार्यों पर ध्यान नहीं दे पायेंगे। परिश्रम से बचने का प्रयास रहेगा। मित्रों के सहयोग से विरोध समाप्त होगा। मासान्त में उच्चाधिकारियों के सम्पर्क में आयेंगे। विभागीय सहायता मिलेगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। सद्व्यवहार से कठिनाईयों का समाधान कर पाने में सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शुभ दिवस-07, 11, 14, 21, 23 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 09, 16, 19, 25, 27, 29 हैं।

दिसंबर–आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। भूमि-भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन का सुख रहेगा। शरीर तथा मन प्रफुल्लित रहेगा। 16 दिसम्बर से स्वभाव की जिद तथा अहम् से हानि होगी। व्यसनों से लगाव बढ़ेगा। यात्राओं में असुविधा होगी। प्रेम-प्रकरण तथा वार्ताओं में असन्तोष रहेगा। मास के अन्त में अतिरिक्त अधिकार मिलेंगे। कार्य-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। प्रेमी-युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफल होंगे। शुभ दिवस-04, 09, 11, 18, 21, 31 हैं। अशुभ दिवस-01, 06, 14, 16, 23, 25, 27, 29 हैं।

तुला-रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते

स्वामी-शुक्र नग-हीरा शुभ

जनवरी २०२२–परिश्रम के अनुरूप फल न मिल पाने से मन चिन्तित रहेगा। कार्यों की ... कारण सुख-शांति का अभाव रहेगा। मानसिक, शारीरिक तथा कुसमय के खानपान से स्वास्थ्य खराब होगा। यात्राओं में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति क्रय करने में अड़चनें आयेंगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद बढ़ेंगे। तार्किक क्षमता वाद-विवाद में परिवर्तित हो जायेगी। आत्मविश्वास डगमगायेगा। प्रशासनिक कर्मियों का कोपभाजन होंगे। मानहानि होगी। धातुओं के व्यापार से हानि होगी। शुभ दिवस-01, 12, 17, 20, 27, 29, अशुभ दिवस-03, 05, 08, 10, 15, 22, 24, 31 हैं।

फरवरी–26 फरवरी तक सामान्य सफलता मिलेगी। मित्रों तथा परिवारजनों का सहयोग रहेगा। आर्थिक लाभ होगा साथ ही व्यर्थ व्यय भी बढ़ने से मन में असंतोष रहेगा। प्रबल विरोध के चलते स्वयं को मानसिक रूप से असहाय अनुभव करेंगे। वाद-विवाद बढ़ेंगे। मन में प्रतिशोध का भाव जागृत होगा। अवैधानिक कार्यों की ओर झुकेंगे। दुर्घटना का भय बनेगा। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्यायें उत्पन्न होंगी। स्थान परिवर्तन होगा। स्वभाव की जिद्द, अहम तथा मनमाने रवैये से हानि होगी। महिलाओं के माध्यम से लाभ मिलेगा। शुभ दिवस-09, 14, 16, 18, 23, 25 है। अशुभ दिवस-02, 04, 06, 11, 18, 21, 27 हैं।

मार्च–23 मार्च तक प्रेम-प्रकरण तथा वार्ताओं में प्रगति का अभाव रहेगा। आकस्मिक रूप से किसी झगड़े-झंझट में फसेंगे। कार्यों में अपेक्षित सफलता की कमी रहेगी। प्रशासनिक कारणों से हानि होगी। 24 से 30 मार्च के मध्य कला तथा शिक्षा क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। सन्तोषजनक प्रगति होगी। परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। मनोरंजन की सामग्री क्रय करेंगे। मास के अन्त में प्रेमी युगलों में विवाद होगा। विभागीय परीक्षायें स्थगित होंगी। पदोन्नति में विलम्ब होगा। शुभ दिवस-08, 13, 24, 26, अशुभ दिवस-01, 03, 06, 11, 15, 18, 20, 22, 28, 31 हैं।

अप्रैल–13 अप्रैल तक यात्राओं में कष्ट होगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में विपरीत परिणाम प्राप्त होंगे। शार्ट-सर्किट तथा अग्निकांडों से हानि का भय रहेगा। वैचारिक साम्यता से साझेदारों का सहयोग मिलेगा। व्यवसायिक बाधायें समाप्त होंगी। अन्जानी विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। मतभेद एवं विवाद समाप्त होंगे। विवाहितों का सन्तान योग रहेगा। 29 तथा 30 अप्रैल में स्वास्थ्य गिरेगा। व्यवसायिक समस्यायें बनेंगी। मन सात्विक कार्यों की ओर अग्रसर होगा। शुभ दिवस-02, 07, 20, 23, 29, अशुभ दिवस-04, 09, 12, 14, 16, 18, 25, 27 हैं।

मई–15 मई तक पूर्व में किये गये कार्यों का परिणाम मिलेगा। कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। व्यय अधिक होगा। प्रशासकीय कारणों से भय की स्थिति बनेगी। दाम्पत्य सुख में बाधा आयेगी। 16 मई से स्वास्थ्य लाभ होगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। आय के नवीन साधन बनेंगे। आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। धातुओं के व्यवसाय से लाभ होगा। कोर्ट-कचहरी के मामले पक्ष में निर्णीत होंगे। विवादों का अन्त होगा। किसी स्थान पर सम्मानित होंगे। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महिलाओं के माध्यम से लाभ मिलेगा। शुभ दिवस-04, 16, 18, 20, 31, अशुभ दिवस-02, 07, 10, 12, 14, 22, 24, 27, 29 हैं।

जून–26 जून तक मिथ्या आरोपों से छुटकारा मिलेगा। कार्य सम्पन्न करने के लिये किये गये प्रयत्नों में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। स्वास्थ्य सुधरेगा। अकारण भय का निवारण होगा। किसी प्रियजन से सम्पर्क होगा। वरिष्ठों, मित्रों तथा सहोदरों का सहयोग रहेगा। शिक्षा में प्रगति रहेगी। परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में सफल होंगे। 27 जून से व्यर्थ व्यय होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। आंख अथवा पेट के रोगों से कष्ट रहेगा। परिवार के सदस्यों से वैचारिक मतभेद होंगे। शुभ दिवस-14, 16, 28, अशुभ दिवस-03, 06, 08, 10, 12, 18, 20, 23, 25, 30 हैं।

जुलाई–11 जुलाई तक कार्यों में विलम्ब होगा। छिद्रान्वेषण की प्रवृति से झूठे आरोपों से घिरेंगे। 12 जुलाई में स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक लाभ होगा। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। 13 से 16 जुलाई के बीच बहुमूल्य वस्तु के

खोने की आशंका रहेगी। विभागीय कारणों से संकट में पड़ेंगे। व्यर्थ वाद-विवादों से बच सके तो लाभ होगा। 17 जुलाई के बाद वाक्‌चातुर्य से विरोध समाप्त होगा। व्यवसायिक सफलता मिलेगी। पदोन्नति होगी। पारिवारिक सुख रहेगा। सामाजिक कार्यों में समय देंगे। परन्तु किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त रहेगा। शुभ दिवस-12, 14, 18, 20, 25, अशुभ दिवस-03, 05, 08, 10, 16, 22, 28, 30।

अगस्त–आर्थिक उन्नति होगी। विरोध समाप्त होगा। महिलाओं के माध्यम से लाभ होगा। सन्तान के सम्बन्ध में चिन्तित रहेंगे। 10 से 16 अगस्त के मध्य कैश फ्लो बिगड़ेगा। ऋण चुकता करने में कठिनाई आयेगी। स्थान परिवर्तन का योग होने से पारिवारिक जीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। चोट लगने का भय रहेगा। 17 अगस्त से मास के अन्त तक पदोन्नति सम्बन्धी विवाद समाप्त होंगे। व्यवसायिक उन्नति होगी। सीनीयर्स का अनुग्रह रहेगा। विभागीय सहयोग मिलेगा। इण्टरव्यूज तथा नेगोशियेशन में अनुकूल परिणामों की प्रसन्नता रहेगी। परिवार में मांगलिक उत्सव होगा। शुभ दिवस-01, 04, 08, 10, 12, 14, 21, 29, 31 हैं। अशुभ दिवस-06, 16, 19, 24, 26।

सितंबर–व्यवसायिक स्थिति कठिन बनेगी। कार्यों में अवरोध आयेगा। यात्रा में किसी वस्तु की चोरी होगी। स्थान परिवर्तन होगा। व्यय बढ़ेगा। नौकरी-पेशा वर्ग में टर्मिनेशन सस्पेन्शन का भय रहेगा। आंखों तथा उदर सम्बन्धी रोगों से कष्ट रहेगा। चोट लगेगी। सफेद वस्तुओं के कारोबार में हानि होगी। मास के अन्तिम सप्ताह में शुभ परिणाम मिलेंगे। आर्थिक लाभ होगा। सुख ऐश्वर्य के साधन बनेंगे। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। नये मित्र बनेंगे। किसी नये स्थान पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। घर-परिवार का सुख रहेगा। शुभ दिवस-06, 11, 18, 27 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 09, 13, 15, 20, 23, 25, 29 हैं।

अक्टूबर–25 अक्तूबर तक व्यवसायिक तथा आर्थिक उन्नति होगी। सुगन्धित द्रव्यों के व्यवसायी लाभ में रहेंगे। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। मान-सम्मान मिलेगा। शारीरिक निर्बलता दूर होगी। यात्राओं से लाभ मिलेगा। सम्बन्धों में मधुरता आयेगी। मन भोग विलास की ओर आकर्षित होगा। योग्य व्यक्तियों को सन्तान लाभ मिलेगा। अविवाहितों का विवाह का योग बनेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में प्रगति का सन्तोष रहेगा। 26 अक्तूबर के बाद व्यर्थ व्यय के कारण परिवार से विरोध होगा। बातचीत में अभद्र भाषा का प्रयोग करेंगे। सम्बन्ध खराब होंगे। झगड़े-झंझट बढ़ेंगे। जीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। शुभ दिवस-02, 04, 08, 15, 25, 29, 31। अशुभ दिवस-06, 10, 12, 17, 20, 22, 27।

नवंबर–13 नवम्बर तक प्रशासकीय लाभ तथा अनुग्रह मिलने का उत्साह रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। बहुमूल्य वस्तुयें प्राप्त करेंगे। विरोधी परास्त होंगे। स्वास्थ में सुधार होगा। एक्सीडेंट्स से बचाव होगा। लोन फ्री होंगे। 13 से 15 नवम्बर के मध्य सम्बन्धियों के कारण आर्थिक हानि का योग रहेगा। बहुमूल्य वस्तु खोने से मन चिंतित रहेगा। मतभेद होंगे। वाचालता तथा वाक्‌चातुर्य से हानि होगी। शिक्षा में असंतोषजनक प्रगति होगी। 16 नवम्बर से मासान्त तक मानसिक तनाव से मुक्त होंगे। कृषि तथा वाणिज्य दोनों ही से लाभ प्राप्त करेंगे। शुभ दिवस-04, 07, 11, 21, 23, 25, 27। अशुभ दिवस-02, 09, 14, 16, 19, 29।

दिसंबर–15 दिसम्बर तक विरोधियों से छुटकारा मिलेगा। परिश्रम तथा साहस से कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। आर्थिक कठिनाई से बचे रहेंगे। नवीन कार्य प्रारम्भ होगा। सद्व्यवहार से परिस्थितियां अनुकूल बनेंगी परन्तु अधीनस्थों तथा सहायकों के कार्यों से कष्ट होगा। शासकीय कारणों से प्रताड़ित होंगे। 16 दिसम्बर से मास के अन्त तक उच्चाधिकारियों के सम्पर्क में आयेंगे। विभागीय उलझनें समाप्त होंगी। दूसरे के विचारों को यथायोग्य समाहित कर कार्य करने पर लाभ मिलेगा। भूमि-भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ दिवस-01, 06, 09, 18, 23, 25, 29 हैं। अशुभ दिवस-04, 11, 14, 16, 21, 27, [illegible] हैं।

वृश्चिक-तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

वृश्चिक

स्वामी-मंगल नग-मूंगा शुभ

जनवरी २०२२–मास पर्यन्त स्वस्थ रहेंगे। तनाव समाप्त होगा। दुर्बलता दूर होगी। परिश्रम के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे। उच्चाधिकारियों के सम्पर्क में आयेंगे। विभागीय भय समाप्त होगा। खोई वस्तु तथा उधार दिया गया पैसा वापस मिलेगा। पुत्र तथा मित्रों के माध्यम से धन लाभ होगा। विरोधियों पर नियन्त्रण रहेगा। नया अभिगम प्रारम्भ होगा। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। घर परिवार का सुख मिलेगा। विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होंगे। शुभ दिवस-01, 03, 10, 12, 15, 22, 27, 29, 31, अशुभ दिवस-05, 08, 17, 20, 24 हैं।

फरवरी–26 फरवरी तक कार्यों की असफलता से मन निराश रहेगा। परिवार में झगड़े-झंझट होंगे। यात्राओं में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति के मामलों में अवरोध आयेंगे। तर्क-वितर्क विवादों में परिवर्तित होंगे। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों का कोपभाजन होंगे। आत्मविश्वास गिरेगा। मानहानि होगी। धातुओं के व्यापार में किसी बहुमूल्य धातु के कारण हानि होगी। भाग्योदय में रुकावट रहेगी। मास के अन्त में रोजी रोजगार तथा कार्यालय की उलझनें समाप्त होंगी। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। आर्थिक कठिनाई दूर होगी। शुभ दिवस-06, 09, 11, 18, 21, 23, 27, अशुभ दिवस-02, 04, 14, 16, 25 हैं।

मार्च–भूमि-भवन के कार्यों में सफलता मिलेगी। स्थाई सम्पत्ति का विस्तार होगा। विभिन्न माध्यमों से लाभ होगा। [illegible] बढ़ेगा। व्यर्थ व्यय पर नियन्त्रण कर पाने में सफल रहेंगे। भ्रम की स्थिति का निवारण होगा। विभागीय अधिकारियों को संतुष्ट करने का प्रयास अच्छे परिणाम देगा। उच्च पदस्थ व्यक्तियों का अनुग्रह रहेगा। पारिवारिक जीवन का सुख मिलेगा। आत्मविश्वास से व्यक्तित्व में प्रखरता आयेगी। यात्राओं में दुर्घटना से बचाव होगा। उत्तम स्वास्थ्य का सुख रहेगा। विद्यार्थी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रेम-सम्बन्धों में प्रगति होगी। शुभ दिवस-06, 08, 26, 28, अशुभ दिवस-01, 03, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 24, 31 हैं।

अप्रैल–13 अप्रैल तक स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्याओं का समाधान मिलेगा। विधि-सम्मत कार्य होंगे। वैभवी वस्तुओं का संग्रह होगा। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। शैक्षणिक कार्यों में प्रगति होगी। परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में सफल रहेंगे। मन एडवेंचरस कार्यों की ओर आकर्षित होगा। प्रशासकीय लाभ मिलेगा। 14 से 24 अप्रैल के मध्य कार्यों में अपेक्षित सफलता में कमी रहेगी। 25 अप्रैल से मास के अन्त तक योग्य व्यक्तियों को सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। प्रेमी युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। पदोन्नति का अवसर आयेगा। शुभ दिवस-04, 07, 09, 12, 23, 25, अशुभ दिवस-02, 14, 16, 18, 20, 27, 29 हैं।

मई–यात्राओं में कष्ट रहेगा। समय-कुसमय का भोजन होगा। व्यवसायिक बाधायें बनेंगी। सन्तान रोग पीड़ित होगी। मन में अनुचित विचार बनेंगे। असामाजिक कार्यों की ओर अग्रसर होंगे। आर्थिक स्थिति कठिन होगी। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। पारिवारिक मतभेद बनेंगे। 23 मई से ग्रह गोचर में परिवर्तन के साथ ही इच्छित कार्यों में सफलता मिलेगी। साझेदारों के साथ वैचारिक साम्यता बढ़ेगी। वाद-विवाद तथा कोर्ट-कचहरी के मामले पक्ष में निर्णित होंगे। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता मिलेगी। अन्जानी- अनचाही विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। शुभ दिवस-02, 07, 09, 20, 22, अशुभ दिवस-04, 12, 14, 16, 18, 24, 27, 29, 31 हैं।

जून–उच्च रक्तचाप अथवा कफजन्य बीमारियों से पीड़ित होंगे। पूर्व में किये गये नियम विरुद्ध कार्यों के कारण मुसीबत में पड़ेंगे। शासन-प्रशासन का भय रहेगा। राजकीय दंड लगेगा। दाम्पत्य जीवन में साथी से विरोध होगा। अपमानजनक स्थिति बनेगी। 18 जून से आय के नवीन विकल्प बनेंगे। धनागम बढ़ेगा। आर्थिक कठिनाईयां समाप्त होंगी। रोगों से छुटकारा मिलेगा। उपहार मिलेगा। महिलाओं के माध्यम से लाभ होगा। विवादों का अन्त होगा। परिवार में आनन्दोत्सव होंगे। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ दिवस-03, 06, 16, 18, 30, अशुभ दिवस-08, 10, 12, 14, 20, 23, 25, 28 हैं।

जुलाई–11 जुलाई तक सन्तान सुख बाधित रहेगा। करीहोम आय कम रहेगी। कार्यों में असफलता से विपक्ष को मुखर होने का अवसर मिलेगा। बुद्धि चातुर्य काम नहीं करेगा। खानपान बिगड़ेगा। मन में चिन्ता बढ़ेगी। 12 से 15 जुलाई के मध्य साक्षात्कारों तथा नेगोशियंसन्स में सफल होंगे। नौकरी मिलेगी परन्तु आर्थिक संकट बना रहेगा। शिक्षा में अवरोध बनेगा। 16 जुलाई से आरोपों से छुटकारा मिलेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रियजन के सम्पर्क में आयेंगे। 17 जुलाई से मासान्त तक यात्राओं में असुविधा होगी। छिद्रान्वेषण से वैमनस्य बढ़ेगा। प्रेम-सम्बन्धों में विवाद होगा। शुभ दिवस-03, 14, 16, 22, 28, 30, अशुभ दिवस-05, 08, 10, 12, 18, 20, 25 हैं।

अगस्त–06 अगस्त तक वाचालता से हानि होगी। व्यर्थ समय नष्ट करेंगे। परिवार सुख में कमी रहेगी। किसी के दुर्व्यवहार से मन अशान्त रहेगा। 07 से 20 अगस्त तक भाग्योन्नति होगी। अपेक्षा से अधिक सफलता मिलेगी। शरीर स्वस्थ्य रहेगा। भोगोपभोग की वस्तुयें क्रय करेंगे। भाईयों में स्नेह रहेगा। लम्बी दूरी की यात्रायें होंगी। आकांक्षाओं तथा इच्छाओं की पूर्ति होगी। वरिष्ठों एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य मिलेगा। 21 अगस्त से मासान्त तक सन्तान के विषय में चिन्तित रहेंगे। व्यय बढ़ेगा। शरीर में कमजोरी रहेगी। शुभ दिवस-10, 12, 19, 24, 26, 31 हैं। अशुभ दिवस-01, 04, 06, 08, 14, 16, 21, 29 हैं।

सितंबर–मास में वरिष्ठों का अनुग्रह प्राप्त होगा। विभागीय सहयोग मिलेगा। व्यवसाय एवं अन्य कार्यों में सफलता मिलेगी। पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान प्राप्त होगा। धन लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। नये व्यवसायिक अनुबंध होंगे। पारिवारिक मांगलिक उत्सव से मन प्रसन्न रहेगा। मन कर्म में सात्विकता आयेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। प्रेम-सम्बन्धों में प्रगति होगी। नये अनुबंध होंगे। परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में अनुमानित परिणाम मिलेंगे। नवीन स्थान पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। शुभ दिवस-06, 09, 11, 15, 20, 23। अशुभ दिवस-02, 04; 13, 18, 25, 27, 29।

अक्टूबर–मास में अरिष्ट फल अधिक अनुभव होंगे। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। नये मित्र बनेंगे। किसी वस्तु की चोरी अथवा खोने का भय रहेगा। कार्य में रुकावट तथा बाधायें बनती दिखाई पड़ेंगी। नौकरी-पेशा वर्ग में टर्मिनेशन, सस्पेन्शन तथा स्वरोजगार कर रहे व्यक्तियों को रोजगार हानि का सामना करना पड़ेगा। किसी नये प्रोजेक्ट पर कार्य करेंगे। धारदार वस्तु से चोट लगेगी। पारिवारिक सुख में कमी आयेगी। भोग-विलास के साधनों पर अधिक व्यय करेंगे। साधारण आर्थिक लाभ मिलेगा। ई.एम.आई. चुकाने में देरी होगी। शिक्षा में विघ्न रहेगा। क्रियेटिविटी में कमी आयेगी। शुभ दिवस-06, 12, 17, 20 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 08, 10, 15, 22, 25।

नवंबर–13 नवम्बर तक विरोधी मुखर रहेंगे। धन प्राप्ति में बाधा आयेगी। मन भोग विलास से हटेगा। अविवाहितों के विवाह में देरी होगी। सौन्दर्य प्रसाधनों से हानि होगी। शिक्षा तथा अध्ययन में प्रगति का अभाव रहेगा। बैंक बाईटिंग से दूर रहने से अपेक्षाकृत लाभ में रहेंगे। अभद्र भाषा से हानि होगी। झगड़े-झंझट बढ़ेंगे। 16 नवम्बर से सम्बन्धों में सुधार होगा। पारिवारिक सुख मिलेगा। मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थ्य लाभ होगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभकारी यात्रायें होंगी। आर्थिक लाभ मिलेगा। शुभ दिवस-02, 14, 29 हैं। अशुभ दिवस-04, 07, 09, 11, 16, 19, 21, 23, 25, 27 हैं।

दिसंबर–05 दिसम्बर तक अत्याधिक वाक्चातुर्य से बचें। शिक्षा में धीमी प्रगति से असंतोष होगा। 06 से 28 दिसम्बर के मध्य प्रशासकीय लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे। मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। विचारों में सात्विकता आयेगी। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। इसके बाद विभागीय कारणों से प्रताड़ित होंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मतभेद होंगे। किसी बहुमूल्य वस्तु के खोने से मन चिंतित रहेगा परन्तु आर्थिक कठिनाई से बचे रहेंगे। शुभ दिवस-06, 09, 11, 23, 25, 27, 29 हैं। अशुभ दिवस-01, 04, 14, 16, 18, 21, 31 हैं।

धनु-ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे

स्वामी-गुरु नग-पुखराज शुभ

जनवरी २०२२–स्वास्थ्य लाभ होगा। आपरेशन अथवा चोट लगने की आशंका दूर होगी। अग्निकांड अथवा फूड प्वाईजनिंग से बचाव होगा। पारिवारिक सुख-शांति रहेगी। बन्धु-बान्धवों का सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। असामाजिक तत्वों से पीछा छूटेगा। कार्यों में सफलता का सुख रहेगा। यात्राओं से लाभ मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। साक्षात्कारों में सफल होंगे। नया अनुबंध मिलेगा। अविवाहितों का विवाह का योग। प्रेम-प्रकरणों में प्रगति। शुभ दिवस-01, 05, 08, 12, 15, 17, 20, 27, 29, 31, अशुभ दिवस-03, 10, 22, 24।

फरवरी–परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेंगे। सभी कार्यों में सफल होंगे। स्वभाव तथा वाणी में नम्रता रहेगी। दुर्जनों से पीछा छूटेगा। राजकीय भय समाप्त होगा। चोरी अथवा अग्निकांड से बचेंगे। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क बनेंगे। मान, सम्मान तथा प्रतिष्ठा बढ़ेगी। सन्तान के दायित्वों की पूर्ति होगी। पुत्र तथा मित्रों के माध्यम से धन लाभ होगा। किसी नये स्थान पर कार्यभार संभालने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। मानसिक दृढ़ता रहेगी। अविवाहितों का विवाह योग रहेगा। शुभ दिवस-02, 04, 09, 11, 14, 16, 25, 27. अशुभ दिवस-06, 18, 21, 23 हैं।

मार्च–मानसिक तथा शारीरिक व्यथायें समाप्त होंगी। घर-परिवार में सुख-शांति बनेगी। सुख-ऐश्वर्य रहेगा। व्यसनों से बचेंगे। सुविधापूर्ण यात्राओं से लाभ होगा। भू-सम्पत्ति के मामलों में लाभ मिलेगा। दाम्पत्य-जीवन का सुख रहेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। सहयोगियों के अनुभव तथा समर्पण से सफलता मिलेगी। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होंगे। पदोन्नति होगी। सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। महिलाओं का सहयोग मिलेगा तथा उनके माध्यम से लाभ मिलेगा। शुभ दिवस-01, 03, 08, 11, 13, 15, 18, 20, अशुभ दिवस-06, 22, 24, 26, 28, 31।

अप्रैल–धनागमन प्रभावित होगा। स्वास्थ्य निर्बल रहेगा। विरोधी प्रभावी होंगे, उनका वर्चस्व बढ़ेगा। परिश्रम के अनुरुप फल न मिल पाने की निराशा रहेगी। कार्यों की असफलता से मन खिन्न रहेगा। उत्साह तथा उमंग का अभाव रहेगा। मान, पद तथा प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियों का कोपभाजन होंगे। तार्किक क्षमता, वाद-विवाद में परिवर्तित हो जायेगी। आत्म विश्वास डगमगायेगा। धातुओं के व्यापार में किसी बहुमूल्य धातु के कारण हानि होगी। मन व्यग्र रहेगा। शुभ दिवस-02, 07, 09, 14, 16, 23, अशुभ दिवस-04, 12, 18, 20, 25, 27, 29।

मई–पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ऐश्वर्य तथा दैनिक उपभोग की वस्तुओं का संग्रह होगा। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्यायें बढ़ेंगी। माता अथवा मातृतुल्य महिलाओं को कष्टों से छुटकारा मिलेगा। मान-सम्मान,

प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विधि सम्मत कार्य सम्पन्न करने में रुचि बनेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेंगे। रोगों से छुटकारा मिलेगा। देश के अन्दर ही लम्बी दूरी की यात्रायें करेंगे। शुभ दिवस-04, 12, 14, 16, 24, 31, अशुभ दिवस-02, 07, 09, 18, 20, 22, 27, 29 हैं।

जून–मतभेद समाप्त होंगे। वाद-विवादों का अन्त होगा। जीवन साथी से सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आयेगी। सन्तान सुख मिलेगा। कार्यों में सफलता का सुख रहेगा। व्यवसायिक उन्नति होगी। लम्बी यात्राओं में लाभ मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। धन तथा मान सम्मान बढ़ेगा। 27 जून से सन्तान की बीमारी से अथवा सन्तान के कारण कष्ट होगा। अनुचित इच्छाओं तथा आकांक्षाओं के विचार बनेंगे। अवैधानिक तथा असमाजिक कार्यों में रुचि होगी। गौरव, मान तथा प्रतिष्ठा में कमी आयेगी। शुभ दिवस-06, 08, 12, 20, 28, अशुभ दिवस-03, 10, 14, 16, 18, 23, 25, 30 हैं।

जुलाई–स्वयं के किये गये कार्यों का शुभ परिणाम मिलेगा। विवाद समाप्त होंगे। विरोधियों से छुटकारा मिलेगा। उच्च रक्तचाप, ज्वर अथवा खांसी आदि कफजन्य बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। अपच दूर होगा। शासन-प्रशासन का सहयोग मिलेगा। राजकीय पुरस्कार मिलेगा। भाग्योन्नति का सुख रहेगा। दाम्पत्य-जीवन का सुख रहेगा। भय तथा अपमान की स्थिति समाप्त होगी। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। देश के अन्दर लम्बी दूरी की यात्रायें करेंगे। शुभ दिवस-03, 05, 14, 28, अशुभ दिवस-08, 10, 12, 16, 18, 20, 22, 25, 30 हैं।

अगस्त–आय के नवीन साधनों से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। बहुमूल्य धातुओं की हानि होगी। आनन्द उत्सवों में बाधा आयेगी। रोग ग्रस्त होंगे। कार्यों में विलम्ब होने तथा प्रगति के अभाव से मन खिन्न रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में विपरीत परिणाम मिलेंगे। विरोधियों का वर्चस्व बढ़ेगा। मन अज्ञात कारणों से भयग्रस्त रहेगा। प्रयत्नों में असफलता से मन निराश तथा खिन्न रहेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। वरिष्ठों, मित्रों तथा सहोदरों से विरोध होगा। मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा पर आंच आयेगी। यात्राओं में असुविधा तथा हानि होगी। शुभ दिवस-01, 04, 12, 14, 24, 26 हैं। शुभ दिवस-06, 08, 10, 16, 19, 21, 29, 31 हैं।

सितंबर–धन लाभ होगा। उत्तम स्वास्थ्य सुख रहेगा। वरिष्ठों एवं सम्मानित व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। सज्जनों के माध्यम से लाभ होगा। किसी प्रतिष्ठित कार्य के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने का आनन्द रहेगा। पद तथा अधिकार मिलेंगे। अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त करेंगे। बहुमूल्य वस्तुयें प्राप्त होंगी। सन्तान के कार्यों से प्रसन्नता रहेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेंगे। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति के कार्यों में प्रगति होगी। प्रेमी युगलों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओं में सफल होंगे। शुभ दिवस-06, 11, 18, 20, 23, 25, 29 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 09, 13, 15, 27 हैं।

अक्टूबर–सुखोपभोग में कमी आयेगी। परिवारजनों विशेषकर जीवन साथी से मनोमालिन्य रहेगा। स्वास्थ्य में गिरावट आयेगी। स्वजनों से मानसिक तथा शारीरिक कष्ट होगा। भाई से विग्रह तथा सन्तान से वैचारिक मतभेद से नपुंसक क्रोध जन्मेगा। नेत्र तथा उदर रोगों से पीड़ा होगी। 17 अक्टूबर के बाद आर्थिक लाभ मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा, मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वरिष्ठों का अनुग्रह प्राप्त होगा। घर में किसी आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव से मन प्रसन्न रहेगा। स्वभाव में सात्विकता रहेगी। प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। रोगों से छुटकारा मिलेगा। शुभ दिवस-08, 10, 17, 22, 25, 31। अशुभ दिवस-02, 04, 06, 12, 15, 20, 27, 29 हैं।

नवंबर–पारिवारिक सम्बन्धों में तनाव रहेगा। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में कठिन परिस्थितियां उत्पन्न होंगी। नौकरी-पेशा वर्ग में सस्पेन्शन तथा स्वरोजगार कर रहे व्यक्तियों को रोजगार हानि का सामना करना पड़ेगा। प्रशासनिक भय रहेगा। व्यय बढ़ेगा। सम्बन्ध खराब होंगे। अपमानजनक स्थितियां बनेंगी। आंखों तथा उदर सम्बन्धी रोगों से कष्ट रहेगा। पठन-पाठन, अध्ययन-अध्यापन से अरुचि रहेगी। इण्टरव्यूज में असफलता से मन खिन्न रहेगा। शुभ दिवस-11, 14, 16, 19, 27 हैं। अशुभ दिवस-02, 04, 07, 09, 21, 23, 25, 29 हैं।

दिसंबर–शारीरिक पीड़ा, कष्ट एवं मानसिक व्यथा समाप्त होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। रक्तचाप अथवा हृदय रोग का भय समाप्त होगा। पारिवारिक उलझनें दूर होंगी। घर-परिवार का सुख रहेगा। सज्जनों, मित्रों तथा सम्बन्धियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यों में सफल होंगे। यात्राओं से लाभ होगा। स्वभाव में विनम्रता आयेगी। बहुमूल्य उपहार प्राप्त करेंगे। किसी नये स्थान पर कार्यभार संभालने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से परिस्थितियों को अनुकूल करने में सफलता मिलेगी। शुभ दिवस-01, 09, 11, 14, 25, 29। अशुभ दिवस-04, 06, 16, 18, 21, 23, 27, 31।

मकर-भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

मकर

स्वामी-शनि नग-नीलम शुभ

7	-15।27।29	04।33।58	15।14।44	02।39।05	24।48।57	-00।13।21	-21।30।49	-01।09।32	01।47।41	-01।24।14	-07।46।07	-01।15।08	-13।50।10	7
8	-15।08।44	04।02।29	10।15।01	02।38।28	24।50।31	-00।21।40	-21।25।14	-01।09।22	01।52।32	-01।22।55	-07।16।14	-01।15।11	-13।47।44	8
9	-14।49।44	03।19।44	04।49।44	02।37।50	24।52।06	-00।29।44	-21।18।26	-01।09।13	01।57।24	-01।21।33	-06।46।09	-01।15।13	-13।45।19	9
10	-14।30।28	02।27।16	-00।50।08	02।37।12	24।53।43	-00।37।33	-21।10।26	-01।09।03	02।02।18	-01।20।06	-06।15।54	-01।15।16	-13।42।53	10
11	-14।10।58	01।27।03	-06।33।32	02।36।33	24।55।21	-00।45।05	-21।01।12	-01।08।54	02।07।14	-01।18।35	-05।45।29	-01।15।19	-13।40।26	11
12	-13।51।14	00।21।23	-12।08।13	02।35।55	24।56।59	-00।52।20	-20।50।44	-01।08।45	02।12।11	-01।16।59	-05।14।55	-01।15।22	-13।38।00	12
13	-13।31।16	-00।46।55	-17।19।40	02।35।15	24।58।38	-00।59।19	-20।39।00	-01।08।36	02।17।11	-01।15।20	-04।44।13	-01।15।25	-13।35।33	13
14	-13।11।05	-01।54।38	-21।49।49	02।34।36	25।00।18	-01।06।00	-20।26।01	-01।08।27	02।22।12	-01।13।37	-04।13।23	-01।15।29	-13।33।06	14
15	-12।50।40	-02।57।54	-25।16।46	02।33।57	25।01।57	-01।12।23	-20।11।46	-01।08।18	02।27।14	-01।11।50	-03।42।26	-01।15।32	-13।30।39	15
16	-12।30।03	-03।52।26	-27।16।38	02।33।17	25।03।37	-01।18।29	-19।56।14	-01।08।10	02।32।18	-01।09।58	-03।11।24	-01।15।36	-13।28।12	16
17	-12।09।14	-04।33।42	-27।28।43	02।32।37	25।05।16	-01।24।16	-19।39।25	-01।08।02	02।37।24	-01।08।03	-02।40।16	-01।15।39	-13।25।45	17
18	-11।48।13	-04।57।33	-25।43।12	02।31।57	25।06।55	-01।29।44	-19।21।18	-01।07।53	02।42।31	-01।06।04	-02।09।04	-01।15।43	-13।23।18	18
19	-11।27।01	-05।01।00	-22।06।17	02।31।17	25।08।33	-01।34।53	-19।01।55	-01।07।45	02।47।39	-01।04।02	-01।37।48	-01।15।47	-13।20।50	19
20	-11।05।38	-04।43।08	-16।58।59	02।30।36	25।10।10	-01।39।43	-18।41।13	-01।07।37	02।52।49	-01।01।55	-01।06।29	-01।15।51	-13।18।23	20
21	-10।44।05	-04।05।27	-10।50।36	02।29।56	25।11।46	-01।44।13	-18।19।13	-01।07।29	02।58।00	-00।59।45	-00।35।07	-01।15।55	-13।15।56	21
22	-10।22।21	-03।11।40	-04।11।46	02।29।15	25।13।21	-01।48।23	-17।55।56	-01।07।22	03।03।12	-00।57।31	-00।03।45	-01।15।59	-13।13।28	22
23	-10।00।28	-02।06।49	02।30।04	02।28।35	25।14।54	-01।52।11	-17।31।20	-01।07।14	03।08।26	-00।55।14	00।27।38	-01।16।03	-13।11।01	23
24	-09।38।26	-00।56।16	08।52।21	02।27।54	25।16।26	-01।55।39	-17।05।25	-01।07।06	03।13।41	-00।52।54	00।59।02	-01।16।07	-13।08।34	24
25	-09।16।15	00।15।06	14।37।21	02।27।13	25।17।56	-01।58।45	-16।38।13	-01।06।59	03।18।56	-00।50।29	01।30।24	-01।16।12	-13।06।07	25
26	-08।53।56	01।23।24	19।31।12	02।26।33	25।19।23	-02।01।30	-16।09।42	-01।06।52	03।24।13	-00।48।02	02।01।46	-01।16।16	-13।03।40	26
27	-08।31।30	02।25।36	23।22।57	02।25।52	25।20।48	-02।03।51	-15।39।53	-01।06।45	03।29।31	-00।45।31	02।33।05	-01।16।21	-13।01।13	27
28	-08।08।55	03।19।31	26।04।13	02।25।11	25।22।11	-02।05।49	-15।08।46	-01।06।38	03।34।50	-00।42।58	03।04।21	-01।16।26	-12।58।46	28

शर क्रांति—मार्च सन् 2023 ई.

ता.	सूर्य	चन्द्र		मंगल		बुध		गुरु		शुक्र		शनि		ता.
मार्च	क्रांति	शर	क्रांति	शर	क्रांति	शर	क्रांति	शर	क्रांति	शर	क्रांति	शर	क्रांति	मार्च
1	-07:46:14	04:03:32	27:29:25	02:24:30	25:23:31	-02:07:24	-14:36:20	-01:06:31	03:40:10	-00:40:21	03:35:34	-01:16:31	-12:56:20	1
2	-07:23:26	04:36:25	27:36:24	02:23:50	25:24:48	-02:08:35	-14:02:36	-01:06:25	03:45:31	-00:37:41	04:06:42	-01:16:36	-12:53:54	2
3	-07:00:32	04:57:12	26:27:02	02:23:09	25:26:02	-02:09:21	-13:27:35	-01:06:18	03:50:53	-00:34:58	04:37:45	-01:16:41	-12:51:28	3
4	-06:37:31	05:05:11	24:06:55	02:22:29	25:27:13	-02:09:41	-12:51:16	-01:06:12	03:56:15	-00:32:12	05:08:42	-01:16:46	-12:49:02	4
5	-06:14:26	04:59:56	20:44:34	02:21:48	25:28:21	-02:09:35	-12:13:39	-01:06:06	04:01:38	-00:29:23	05:39:32	-01:16:52	-12:46:37	5
6	-05:51:15	04:41:27	16:30:14	02:21:08	25:29:24	-02:09:03	-11:34:45	-01:06:00	04:07:02	-00:26:32	06:10:15	-01:16:57	-12:44:12	6
7	-05:28:00	04:10:11	11:34:58	02:20:27	25:30:24	-02:08:04	-10:54:35	-01:05:54	04:12:27	-00:23:38	06:40:50	-01:17:03	-12:41:48	7
8	-05:04:40	03:27:09	06:10:08	02:19:47	25:31:20	-02:06:36	-10:13:08	-01:05:48	04:17:53	-00:20:42	07:11:16	-01:17:08	-12:39:23	8
9	-04:41:16	02:33:53	00:27:15	02:19:06	25:32:12	-02:04:41	-09:30:27	-01:05:42	04:23:18	-00:17:43	07:41:33	-01:17:14	-12:37:00	9
10	-04:17:48	01:32:29	-05:21:35	02:18:26	25:33:00	-02:02:16	-08:46:30	-01:05:37	04:28:45	-00:14:42	08:11:40	-01:17:20	-12:34:36	10
11	-03:54:17	00:25:33	-11:03:17	02:17:46	25:33:43	-01:59:21	-08:01:20	-01:05:31	04:34:12	-00:11:39	08:41:35	-01:17:26	-12:32:13	11
12	-03:30:43	-00:43:52	-16:23:01	02:17:06	25:34:22	-01:55:56	-07:14:57	-01:05:26	04:39:40	-00:08:34	09:11:20	-01:17:32	-12:29:51	12
13	-03:07:07	-01:52:23	-21:03:30	02:16:26	25:34:56	-01:52:00	-06:27:24	-01:05:21	04:45:08	-00:05:27	09:40:51	-01:17:38	-12:27:29	13
14	-02:43:28	-02:56:18	-24:45:00	02:15:46	25:35:25	-01:47:32	-05:38:41	-01:05:16	04:50:37	-00:02:18	10:10:10	-01:17:44	-12:25:07	14
15	-02:19:47	-03:51:43	-27:06:33	02:15:06	25:35:50	-01:42:33	-04:48:52	-01:05:11	04:56:05	00:00:52	10:39:15	-01:17:51	-12:22:46	15
16	-01:56:05	-04:34:46	-27:49:38	02:14:26	25:36:09	-01:37:01	-03:57:58	-01:05:06	05:01:35	00:04:05	11:08:06	-01:17:57	-12:20:26	16
17	-01:32:22	-05:01:51	-26:43:23	02:13:46	25:36:23	-01:30:56	-03:06:04	-01:05:01	05:07:05	00:07:19	11:36:41	-01:18:04	-12:18:06	17
18	-01:08:38	-05:10:10	-23:48:54	02:13:07	25:36:31	-01:24:19	-02:13:11	-01:04:57	05:12:35	00:10:34	12:05:01	-01:18:11	-12:15:47	18
19	-00:44:54	-04:58:11	-19:19:44	02:12:27	25:36:34	-01:17:09	-01:19:26	-01:04:52	05:18:05	00:13:51	12:33:04	-01:18:18	-12:13:29	19
20	-00:21:10	-04:26:12	-13:38:20	02:11:48	25:36:31	-01:09:26	-00:24:53	-01:04:48	05:23:35	00:17:09	13:00:50	-01:18:25	-12:11:11	20
21	00:02:33	-03:36:32	-07:11:20	02:11:08	25:36:23	-01:01:12	00:30:22	-01:04:44	05:29:06	00:20:28	13:28:17	-01:18:32	-12:08:54	21
22	00:26:16	-02:33:13	-00:25:38	02:10:29	25:36:09	-00:52:26	01:26:12	-01:04:40	05:34:37	00:23:48	13:55:26	-01:18:39	-12:06:38	22
23	00:49:58	-01:21:25	06:13:50	02:09:50	25:35:48	-00:43:09	02:22:30	-01:04:36	05:40:08	00:27:09	14:22:16	-01:18:46	-12:04:22	23
24	01:13:38	-00:06:30	12:25:23	02:09:11	25:35:22	-00:33:24	03:19:06	-01:04:32	05:45:39	00:30:31	14:48:45	-01:18:54	-12:02:07	24
25	01:37:16	01:06:40	17:50:46	02:08:32	25:34:50	-00:23:12	04:15:51	-01:04:29	05:51:10	00:33:53	15:14:53	-01:19:01	-11:59:54	25
26	02:00:52	02:14:12	22:15:17	02:07:53	25:34:11	-00:12:34	05:12:34	-01:04:25	05:56:40	00:37:16	15:40:39	-01:19:09	-11:57:41	26
27	02:24:25	03:13:11	25:27:52	02:07:15	25:33:25	-00:01:35	06:09:01	-01:04:22	06:02:11	00:40:39	16:06:04	-01:19:16	-11:55:28	27
28	02:47:55	04:01:39	27:21:27	02:06:36	25:32:34	00:09:42	07:05:02	-01:04:19	06:07:42	00:44:02	16:31:05	-01:19:24	-11:53:17	28
29	03:11:22	04:38:18	27:53:31	02:05:58	25:31:35	00:21:15	08:00:22	-01:04:15	06:13:13	00:47:25	16:55:42	-01:19:32	-11:51:07	29
30	03:34:44	05:02:17	27:06:02	02:05:20	25:30:30	00:32:59	08:54:48	-01:04:12	06:18:43	00:50:49	17:19:55	-01:19:40	-11:48:57	30
31	03:58:03	05:13:05	25:04:58	02:04:41	25:29:18	00:44:49	09:48:04	-01:04:09	06:24:13	00:54:12	17:43:42	-01:19:48	-11:46:49	31

व्यापार भविष्य वैज्ञानिक अनुसंधान पर सम्वत् 2079 वि.

लेखक-
पी.सी. जैन पोरसा वाले

(नोट-व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी लेखक और प्रकाशक की किसी प्रकार से नहीं होगी। अत: स्व-विवेक से व्यापार करें।)

20 दिसंबर 2021, पौष मास में 5 सोमवार होने पर एवं 2 जनवरी 2022 रविवारी पौष अमावस्या को मूल नक्षत्र होने से-रवी फसल में पैदावार अच्छी होने की आशा है। 8 फर. 2022 से 21 मार्च 2022 तक 1550 रुपये की तेजी आ सकती है। 21 मार्च से 8 अप्रैल 2022 तक चांदी में 2425 रुपये की मंदी। 8 से 15 अप्रैल 2022 तक 1225 रुपये की तेजी बन सकती है। 15 से 28 अप्रैल 2022 तक 100 रुपये की मंदी। 28 अप्रैल से 2 मई 2022 तक 1110 रुपये की तेजी चल सकती है। 2 से 16 मई 2022 तक चांदी में 1275 की मंदी आने की संभावना है।

18 जनवरी 2022, माघ मास में 5 मंगलवार होने से-19 दिसंबर 2021 से 30 जन. 2022 तक शुक्र वक्री रहेगा। 15-20 दिन में सोयाबीन तेल-बिनौला-सरसों-मूंगफली तेल, चना, धनियां में अच्छी मंदी चलने की संभावना है। शेयर्स मार्केट में अच्छी तेजी चल सकती है।

17 फरवरी 2022, फाल्गुन मास में पांच गुरुवार होने से एवं गुरु अस्त होने व मार्केट राशि में मंगल होने से-अभी शनि मकर राशि में, 25 फर. 2022 से गुरु पश्चिम में अस्त तथा फर. 2022 मंगल मकर राशि में होने से चांदी, मूंगफली में अच्छी तेजी चल सकती है। 14 से 28 फरवरी 2022 तक गेहूं में 12 रुपये की मंदी तो 28 फर. से 11 मार्च 2022 तक गेहूं में 11 रुपये की तेजी चलने की संभावना है। 11 मार्च से 6 अप्रैल 2022 तक 16 की मंदी तो 6 से 22 अप्रैल 2022 तक 24 रुपये की तेजी चल सकती है। व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी नहीं होगी।

19 मार्च 2022, चैत्र मास में 5 शनिवार होने से-1 अप्रैल 2022 अमावस्या तथा गुरु कुंभ राशि में चल रहे हैं। 2 अप्रैल 2022 नया संवतारंभ एवं रोहिणी वास समुद्र में व माली के घर होने से अच्छी वर्षा होने की आशा है।

17 अप्रैल 2022, वैशाख मास में 5 रविवार होने से-मूंगफली तेल, बिनौला तेल, सरसों में अप्रैल-मई के महीने में अच्छी तेजी चलने की संभावना है। मई एवं जून में चांदी में अच्छी मंदी। 30 अप्रैल को शनि कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। 4 से 13 अप्रैल 2022 तक 10 रुपये की तेजी बन सकती है। 13 से 27 अप्रैल 2022 तक चना में 110 रुपये की मंदी चल सकती है। 27 अप्रैल से 4 मई 2022 तक चना में 310 की तेजी तो 4 से 9 मई 2022 तक 10 रुपये की मंदी आ सकती है। 9 से 15 मई 2022 तक 110 रुपये की तेजी चल सकती है।

16 मई 2022, ज्येष्ठ मास में 5 सोमवार-मंगलवार होने से-चांदी, सोना, गुवार में जोरदार मंदी का झटका लग सकता है। शेयर्स मार्केट में अच्छी मंदी का दौर चल सकता है। 12 अप्रैल 2022 गुरु मीन में, 11 अप्रैल राहु मेष राशि में प्रवेश करेंगे।

15 जून 2022, आषाढ़ मास में 5 बुधवार होने से-7 जून 2022 तक गुंवार में 150 रुपये की तेजी आने की संभावना है। 20 से 30 जून 2022 तक 320 रुपये की मंदी। 30 जून से 11 जुलाई 2022 तक 125 की तेजी तो 11 से 17 जुलाई 2022 तक 125 की मंदी चल सकती है। 17 से 28 जुलाई 2022 तक 150 की तेजी तो 28 जुला. से 2 अग. 2022 तक गुंवार में 100 रुपये की मंदी चलने की संभावना है।

14 जुलाई 2022, श्रावण मास में 5 गुरुवार होने से एवं 13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा तथा 28 जुलाई को गुरुवारी हरियाली अमावस्या होने से-ता. 2 से 11 अगस्त 2022 तक गुंवार में 110 रुपये की तेजी तो 11 अगस्त से 5 सितंबर 2022 तक 375 की भयंकर तेजी बन सकती है। 5 से 16 सितंबर 2022 तक गुंवार में 75 की तेजी तो 16 से 21 सितंबर 2022 तक गुंवार में 150 रुपये की मंदी चलने की संभावना है। 21 से 29 सितंबर 2022 तक गुंवार में 275 रुपये की तेजी आने की संभावना है। व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी नहीं होगी।

12 अगस्त 2022, भाद्रपद मास में 5 शुक्रवार होने से-धनियां, हल्दी, गुंवार में अच्छी तेजी आ सकती है। 12 अगस्त को रक्षा बंधन पूर्णिमा है। 5 अगस्त तक मेंथा में 50 रुपये की मंदी तो 10 अगस्त से 16 सितंबर 2022 तक मेंथा में 310 रुपये की तूफानी तेजी चल सकती है। 16 से 26 सितंबर 2022 तक मेंथा में 100 रुपये की मंदी आने की संभावना है। 11 से 15 अगस्त 2022 तक हल्दी में 275 रुपये की मंदी तो 15 से 24 अगस्त 2022 तक हल्दी में 225 रुपये की तेजी आ सकती है। 24 अगस्त से 9 सितंबर 2022 तक हल्दी में 910 रुपये की मंदी बन सकती है। 9 से 26 सितंबर 2022 तक हल्दी में 675 की तेजी तो 26 से 30 सितंबर 2022 तक 400 की मंदी बन सकती है।

11 सितम्बर 2022, आश्विन मास में 5 रविवार होने से-सोयाबीन, मूंगफली तेल में डेढ़ महीने में अच्छी मंदी चल सकती है। 1 अक्टूबर 2022 शुक्र पूर्व दिशा में अस्त होगा। 18 अक्टू. को शुक्र का तुला राशि में प्रवेश तथा 1 सितं. 2022 गुरुवारी प्रदोष पंचमी है। 28 जुलाई से 9 अगस्त 2022 तक चना में 10 रुपये की मंदी तो 9 से 15 अगस्त 2022 तक चना में 10 रुपये की तेजी आने की संभावना है।

10 अक्टूबर 2022, कार्तिक मास में 5 सोमवार होने से-तेल-तिलहन में अच्छी मंदी, गुंवार में तेजी, चांदी में मंदी आ सकती है। 24 अक्टूबर 2022 को सोमवार की शुभ दीपावली है। 25 अक्टू. 2022 को सूर्यग्रहण है। जिससे धनियां में तेजी आ सकती है।

9 नवंबर 2022, अगहन मास में 5 बुधवार तथा पांच ही गुरुवार होने से-धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी। महंगाई कम होने से राहत मिलेगी। ज्वार, बाजरा, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ आदि में मंदा होगा। चांदी में यदि अब तक तेजी रही तो मंदा होगा अन्यथा मंदा होने पर तेजी आयेगी। 5 नवंबर 2022 को मंगल वक्री होगा।

9 दिसंबर 2022, पौष मास में 5 शुक्रवार होने से-तेलों व गुंवार में मंदी आ सकती है। चांदी, सोना में तेजी की संभावना। 23 दिसंबर 2022 को पौष मास शुक्रवारी अमावस्या से मंहगाई पर रोक लगेगी।

7 जनवरी 2023, माघ मास में 5 शनिवार होने से-9 जनवरी से 21 फरवरी 2023 तक बी.एस.ई. सेन्सेक्स में 1125 प्वाइंट की तेजी आ सकती है। 21 से 28 फरवरी 2023 तक बी. एस.ई. सेन्सेक्स में 225 प्वाइंट की मंदी आने की संभावना है। 28 फरवरी से 13 मार्च 2023 तक 210 प्वाइंट की तेजी तो 13 मार्च से 1 अप्रैल 2023 तक बी.एस.ई. सेन्सेक्स में 650 प्वाइंट की मंदी आ सकती है।

सोयाबीन तेल (0-2-3)-11 जनवरी से 1 फरवरी 2023 तक सोयाबीन तेल, पाम आयल, मूंगफली तेल, सरसों में भयंकर मंदी तो 3 फरवरी से 3 मार्च 2023 तक तेल-तिलहन में घटाबढ़ी से तेजी तो बाद में मंदी। 21 मार्च से 15 अप्रैल 2023 तक तेजी तो 15 मई 2023 तक तिलहन तेलों में भयंकर मंदी नीचे भाव हो सकते हैं।

6 फरवरी 2023, फाल्गुन मास में 5 सोमवार होने से एवं 30 जनवरी 2023 को शनि अस्त होने से तथा 7 मार्च

2023 फाल्गुन मास में मंगलवारी होलिकादहन होने से-12 मार्च 2023 में मिथुन राशि में मंगल का प्रवेश, 9 मई 2023 को कर्क में मंगल का प्रवेश होने से चना, सरसों, अरहर, सोयाबीन तैल में भयंकर तेजी चलने की संभावना है।

8 मार्च 2023, चैत्र मास में 5 बुधवार होने से-21 मार्च 2023 को मंगलवारी चैत्र अमावस्या है। 22 मार्च 2023 को नया संवत् प्रारंभ होगा। अप्रैल 2023 गुरु अस्त होगा।

तांबा तेजी-मंदी की रिपोर्ट

23 से 27 दिसंबर 2021 तांबा में 19 रुपये की मंदी तो 27 दिसंबर से 12 जनवरी 2022 तक 21 रुपये की तेजी चलने की संभावना है। 12 से 27 जनवरी 2022 तक तांबा में 18 की मंदी आ सकती है। 27 जनवरी से 1 फर. 2022 तक तांबा में 10 रुपये की तेजी तो 1 से 13 फरवरी 2022 तक तांबा में 22 रुपये की मंदी आ सकती है। 13 फरवरी से 13 मार्च 2022 तक तांबा में 32 रुपये की भयंकर तेजी चलने की संभावना है। 13 से 19 मार्च 2022 तक 13 की मंदी तो 19 मार्च से 9 अप्रैल 2022 तक 17 रुपये की तेजी आ सकती है। 9 से 17 अप्रैल 2022 तक 15 रुपये की मंदी तो 17 से 26 अप्रैल 2022 तक तांबा में 28 रुपये की तेजी आ सकती है। 26 अप्रैल से 6 जून 2022 तक तांबा में 60 रुपये की झड़पी मंदी चल सकती है। 6 से 11 जून 2022 तक तांबा में 15 रुपये की तेजी बन सकती है। 11 से 20 जून 2022 तक तांबा में 14 की मंदी तो 20 से 27 जून 2022 तक 10 रुपये की तेजी आ सकती है। 27 जून से 3 जुलाई 2022 तक 17 रुपये की मंदी तो 3 जुलाई से 12 अगस्त 2022 तक 44 रुपये की भयंकर तेजी चलने की संभावना है। 12 से 15 अगस्त 2022 तक तांबा में 10 रुपये की मंदी तो 15 से 22 अगस्त 2022 तक तांबा में 14 रुपये की तेजी बन सकती है। 22 अगस्त से 19 सितंबर 2022 तक तांबा में 23 रुपये की मंदी आ सकती है। व्यापार में किसी प्रकार की गारंटी नहीं होगी।

विशेष नोट:

गुरु ग्रह 20 नवंबर 2021 को कुंभ राशि में, 14 अप्रैल 2022 को मीन में तथा 22 अप्रैल 2023 को मेष में प्रवेश करेंगे।

मंगल ग्रह 10 अगस्त, 16 अक्टूबर 2022 को मिथुन में, 29 अक्टूबर 2022 से 12 जनवरी 2023 तक वक्री रहेगा। 12 नवंबर 2022 को वक्र गति से पुनः वृष राशि में, 12 मार्च 2023 को मिथुन में प्रवेश करेंगे। जिससे शेयर्स मार्केट, चांदी मार्केट और तेलहन में भयंकर घटाबढ़ी चलने की संभावना है। 10 मई 2023 को मंगल कर्क राशि में, 1 जुलाई 2023 को सिंह राशि में प्रवेश करने से अरहर, सरसों, धनियां में भयंकर घटाबढ़ी से तेजी आने की संभावना है। 25 दिसंबर 2022 से 19 फरवरी 2023 तक सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल में भयंकर तेजी आ सकती है। 25 मार्च से 15 मई 2022 तक सरसों, मूंगफली तेल, चांदी, सोना में अच्छी तेजी आ सकती है।

2 अक्टूबर 2021 को शुक्र वृश्चिक राशि में, 8 दिसंबर 2021 को मकर में तथा 29 दिसंबर 2021 को वक्र गति से धनु राशि में, 27 फरवरी 2022 को मकर राशि में प्रवेश करने से सोना, चांदी, शेयर्स, तेल-तिलहन में नीचे-ऊंचे भाव होने की संभावना है।

23 मई 2022 को शुक्र मेष राशि में होने से गुंवार में मंदी। 18 जून 2022 वृष में होने से गुंवार में मंदी। 12 जुलाई 2022 को शुक्र मिथुन राशि में, 7 अगस्त 2022 को कर्क में, 1 सितंबर 2022 को सिंह राशि में होने से धनियां, गुंवार में अच्छी तेजी आ सकती है। व्यापार में किसी प्रकार की गारंटी नहीं होगी।

29 अप्रैल 2022 को शनि कुंभ राशि में, 11 जुलाई को वक्र गति से चलते हुये मकर राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे तेलों में भयंकर घटाबढ़ी चल सकती है। 17 जनवरी 2023 को शनि कुंभ राशि में, 29 जनवरी 2025 को मीन राशि में तो 2 जून 2027 को शनि मेष राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे गुंवार एवं छोटी ईलायची, सरसों, मूंगफली तेल में अच्छी तेजी आ सकती है।

16 मार्च 2022 की रात राहु मेष राशि में, 30 नवंबर 2023 को मीन में होने से चांदी, सोना में अच्छी तेजी चलने की संभावना है। 28 मई 2025 को राहु कुंभ राशि में प्रवेश करेगा तो शेयर्स मार्केट में 3 महीने पहले से 6 माह बाद तक जोरदार तेजी चल सकती है। 25 नवंबर 2026 को राहु मकर राशि में होने से गुंवार, छोटी ईलायची में तेजी का तूफान चल सकता है। 20 अप्रैल 2027 को राहु श्रवण नक्षत्र में होने से छोटी ईलायची, गुंवार में भयंकर तेजी आ सकती है। 24 मई 2028 को राहु धनु राशि में होने से चांदी, सोना में भयंकर तेजी का तूफाल चलेगा। 5 जुलाई 2024 को राहु उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र से 8-9 महीने में पीपरमेन्ट, मेंथा में भयंकर तेजी चलने का पूर्वानुमान है।

व्यापारिक दिग्दर्शिका तेजी-मंदी पुस्तक-2022

जनवरी 2022 से जुलाई 2023 तक 19 महीने की तेजी-मंदी की गाईड लाइनें। लेखक श्री पी.सी.जैन पोरसा वाले। पुस्तक मूल्य 550 रु.। VPP नहीं होगी। इस वर्ष तेजी-मंदी लेख में जबरदस्त संशोधन व रिसर्च करके तूफानी चांस लिखे गये हैं। इस पुस्तक में सरसों, सोयाबीन तेल, गुंवार, अरहर, हल्दी, जीरा, सोना-चांदी, शेयर्स मार्केट, रुई के तेजी-मंदी चांस लिखे गये हैं। तेजी-मंदी के स्वप्न फल भी लिखे गए हैं। व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी नहीं होगी। इस साल सन् 2022-23 में सोना-चांदी, सरसों, चना, गुड़, शक्कर, शेयर्स मार्केट में भयंकर घटाबढ़ी चलने की संभावना है। धनियां अभी 55 रुपये प्रति किलो चल रहा है, वो तीन साल के अंदर 200 रुपये से 250 रुपये प्रति किलो के भाव हो सकते हैं। गुंवार-गम 14 जुलाई 2017 को 6880 रुपये, 2 फरवरी 2018 को 10700 भाव, 25 मार्च 2020 को घटकर 4700 के नीचे भाव बने। 10 अगस्त 2020 को 5960 के भाव बन गए। 4 सितंबर 2018 को ब्रेंट क्रूड ऑयल 5114 रुपये प्रति बैरल के भाव थे एवं 6 जनवरी 2020 को 4670 रुपये प्रति बैरल थे। 22 अप्रैल 2020 को 848 रुपये के नीचे भाव बने और 26 अगस्त 2020 को 3255 के भाव हो गए। पुस्तक में इन तेजी-मंदी के लिए ग्रह पोजिशन पुस्तक में प्रस्तुत की गई हैं। 18 मार्च 2020 को चांदी भाव 33580 था वो 7 अग. 2020 को 77949 का टॉप भाव हो गया। 12 अगस्त 2020 को चांदी 60910 के नीचे भाव बने। जो सोना कभी 31500 था वो अगस्त 2020 में 55 से 56 हजार हो गया। सन् 2020 के पंचांग में बड़ी तेजी-मंदी की संभावना पहले ही बता दी गई थी। सन् 2020 में लहसुन 25 रुपये प्रति किलो वाला 124-140 रुपये प्रति किलो हो गया। अक्टूबर 2008 को शेयर्स बी.एस.ई सेन्सेक्स इन्डेक्स 7697 था वो 20 जनवरी 2020 को बढ़कर 42273 के करीब टॉप इंडेक्स बना। वो 24 मार्च 2020 को घटकर 25638 रह गया। वो अभी 38 हजार के करीब भाव चल रहे हैं। सवा तीन साल में कभी भी 99,999 इंडेक्स हो सकता है। सन् 2023 में चांदी-सोना में अच्छी तेजी चलने की संभावना है। छोटी ईलायची पिछले वर्षों में 4000 रुपये प्रति किलो के भाव थे। वो सन् 2021 में 1100 रुपये प्रति किलो के भाव चल रहे हैं। वो 2 या ढाई वर्ष में नीचे में 700 से 900 के भाव होकर सन् 2027-28 में 8000 से 10000 के टॉप भाव हो जायेंगे। सन् 2022-23 में बड़ी ईलायची, धनियां में घटाबढ़ी से अच्छी तेजी चलने की संभावना है। सरसों तेल, सोयाबीन में 12 मई 2021 को 7500 एवं रिफायंड तेल (10 किलो) 1471 रुपये के ऊंचे भाव होकर दो साल में 2022-23 में अच्छी तेजी आयेगी। सरसों 7500 वाली 4100 के नीचे भाव हो सकते हैं। सोयाबीन तेल 1475 वाला 899 के भाव होने का पूर्वानुमान लगा सकते हैं। अतः बाजार रुख देखकर व्यापार करें। व्यापार में लाभ-हानि की जिम्मेदारी कभी नहीं होगी।

पुस्तक मंगाने का नाम व पता-श्रीमति चंपा देवी जैन
C/o पी.सी. जैन पोरसा वाले,
ग्रोबर होस्पीटल के पीछे बारादरी चौराहा,
मुरार-474006 (ग्वालियर)
मो.-8305930896, 8103254349, 9806803495

सन् 2022 ई. का वार्षिक व्यापार भविष्यफल

लेखक-
पं. सुनील व्यास

प्रिय पाठकगण, मैं अपने पिता श्री स्व. ज्योतिष सम्राट डॉ. बसन्त लाल व्यास जी व अपने भाई स्व. श्री अनिल व्यास ज्योतिषाचार्य जी के निर्देशन में प्राप्त की गई इस ज्योतिष विद्या के अनुसार विगत कई वर्षों से तेजी-मंदी का लेख लिख रहा हूं। मुझे आपके मार्गदर्शन में आपका स्नेह आशीर्वाद मिल रहा है। मैं अपने पूर्वजों का अनुसरण करते हुए इस वर्ष भी प्रत्येक मास में आने वाले ग्रह योग, चन्द्रदर्शन, संक्रांति, नक्षत्र व राशियों, ग्रहादि का ध्यान रखते हुए तेजी-मंदी का विवरण लिख रहा हूं। यह विवरण पूर्णतया ग्रह-नक्षत्र का प्रभाव व ग्रह चाल पर आधारित है। जिन्स धातुओं, किराना, तिलहन, दलहन, सोना-चांदी, आलू, लोहा, रुई, शेयर्स मार्केट आदि में आने वाली तेजी-मंदी विवरण तैयार किया गया है। मार्केट में कभी-कभी अफवाहों, उत्पादन-खपत, आयात-निर्यात या अन्य प्राकृतिक कारणों से बाजार का रुख परिवर्तित होता रहता है। अत: व्यापारी गणों को स्वयं विवेक से बाजार रुख देखकर व्यापार करना चाहिए।

जनवरी 2022

यह मास पौष कृष्ण 14 शनिवार से प्रारंभ होकर माघ कृष्ण 14 सोमवार तक रहेगा। मास में पांच सोमवार होने से धान मंदा। ता. 2 रविवार को अमावस्या, मूल नक्षत्र होने से धान्य के भावों में महर्घता हो। ता. 5 शुक्रास्त पश्चिम से सोना, चांदी, गुड़, सूत, कपड़ा, घी, तेल, अलसी, अरण्ड, बिनौला, रुई, मूंगफली में मंदी रहेगी। ता. 8 श्रवणे बुध से 10 दिन में गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावल, चांदी, सफेद वस्तुओं में तेजी। ता. 11 शुक्रोदय से अनाज सहित प्रमुख पदार्थों में मंदी का योग। ता. 13 को लालवर्ण की वस्तुओं में तेजी बनेगी। ता. 14 मकर संक्रांति से लालमिर्च, लाल चन्दन, गेहूं, जौ, चना, चावल, गुड़, शक्कर में मंदी तो सरसों, अलसी, अरण्ड, मक्का, ज्वार, बाजरा, पोस्ता, ऊन, रेशम, मजीठ, लकड़ी में तेजी। सोना, चांदी में घटाबढ़ी। लोहा, जस्ता, पीतल में तेजी के बाद मंदी। किराना व मेवा में मंदी। गाय, बकरी में मंदी। चना, चावल खरीदकर बैशाख मास में बेचकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ता. 20 शनि अस्त से वस्त्र, रुई, शेयर मार्केट, सोना में मंदी तो सभी प्रकार के अनाज में तेजी। ता. 24 श्रवणे सूर्य से 14 दिन में गेहूं, जौ, चना, चावल, रुई, सूत, सन, सोना, चांदी, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग, जायफल, पीपल में तेजी। ता. 30 शुक्र मार्गी से गुड़, नारियल, अलसी तेजी के बाद मंदी।

सोमस्य पंचवारास्यु यत्र मासे भवन्तिहि। धन-धान्य समृद्धि स्यात् सुख भवन्ति सर्वदा॥ पौष बदी कुज द्वितीय जो बरसे जान। अन्न महंगा करे घृत अलसी की हान॥ पौष सुदी एकादशी जो कृतिका में आय। लाल रंग की वस्तुओं में कृष्णा तेजी जाय॥ शुक्रवार दिन सूर्य संक्रमण होय। हाथी, घोड़ा, ऊंट, गुड़ में महंगो होय॥

फरवरी 2022

यह मास माघ कृष्ण 30 मंगलवार सं. 2078 से आरंभ होकर फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 सोमवार तक रहेगा। मास में पांच गुरुवार होने से धान सस्ता हो एवं पांच शुक्रवार होने से प्रजा की वृद्धि हो। ता. 2 बुधवारी मावस से दुर्भिक्ष, सोमवारी संक्रांति से धान्य सहित सभी अनाजों में मंदी। ता. 3 पूषायां भौम: से सोना, चांदी, चावल, उड़द, घी, तिल, तेल, सरसों, मूंगफली में तेजी तो गेहूं, आलू में मंदी आयेगी। ता. 6 धनिष्ठायां रवि: से 15 दिन के अंदर सोना, चांदी, मोती, माणिक, जवाहरात, मूंग, मसूर, गेहूं, जौ, चना, चावल, अलसी, रुई में मंदी का रुख रहेगा। ता. 12 कुंभ संक्रांति से दूध व दूध से बने पदार्थों, गेहूं, जौ, चना, नमक, मिर्च में तेजी। मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, मोठ, उड़द, सरसों, तिल, तेल, अलसी, राई में मंदी तो दाख, छुहारे, खोपरा, हल्दी, धनियां, खटाई, जीरा, मिर्च सहित अन्य किराने की वस्तुओं, सोना-चांदी, पीतल, जस्ता, तांबा, लोहा, रुई, कपास, सूत, सूती वस्त्र, बिनौला के भाव में घटाबढ़ी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, लकड़ी, कोयला के भाव सम रहेंगे। ऊन, सूत, सन, रेशम तेज होकर मंदी लें। काले रंग के पशुओं में लाभ। ता. 19 शतभिषा के सूर्य 14 दिन में सोना, चांदी, सूत, सन, कपड़ा, तिल, तेल, अरण्ड, खल, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सौंठ, हल्दी, गुड़, गेहूं, अजवायन तेज करेगा। ता. 23 उपायां शुक्र: से गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, अरण्डा में मंदी तो अनाज के भावों में तेजी। रुई में घटाबढ़ से मंदी के बाद तेजी। ता. 22 गुरु अस्त से धान में मंदी। ता. 25 शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव। आलू में मंदी। ता. 28 शनि उदय अनाज में मंदी। लोहा, लकड़ी, पाम आयल में तेजी करेगा।

माघ अमावस जल पड़े तो भादो सुखकार। पावस भलि न जानिये जो नहीं माघ तुसार॥ जेहि पखवारे तिथि घटे वाहि में बढ़ जाय। सभी वस्तु सस्ती रहे महंगाई घट जाय॥ चन्द्र फाल्गुन मास में पड़ै पांच वार। प्रजा वृद्धि सुख सम्पदा गावै मंगलाचार॥

मार्च 2022

यह मास फाल्गुन कृष्ण 14 मंगलवार से आरंभ होकर चैत्र कृष्ण 14 गुरुवार सं. 2078 तक तक चलेगा। मास में पांच गुरुवार होने से धान सस्ता हो। यत्र मासे पंचवारा जायन्ते च वृहस्पते:। विग्रह पश्चिमे देशो खड्ग युद्धश्च जायते॥ अर्थात् पश्चिम देश-प्रदेशों में राज विग्रह व सीमाओं पर युद्ध का योग बन रहा है। ता. 3 पूभा. के बुध से सोना, तांबा, लोहा, गेहूं, जौ, बाजरा, मक्का में मंदी तो रुई में उतार-चढ़ाव। ता. 9 बुधास्त से चौपाये पशुओं में तेजी। ता. 11 श्रवणे शुक्र से सोना, चांदी गुड़, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द, अनाजों में मंदी तो तिल, तेल में तेजी तो रुई गिरकर तेजी ले। ता. 18 पूर्णिमा, उभायां रवि से 15 दिन में चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, तेलों में तेजी। ता. 14 मीन संक्रांति से गेहूं, जौ, चना पहले तेजी लेकर गिरें। ज्वार, बाजरा, तिल, अलसी, सरसों, राई, कोयला, लकड़ी, पत्थर, गाय, बकरी, घोड़ा, बैल में मंदी। मूंग, अरहर, मसूर, उड़द, रुई, सूत, सोना, चांदी, शेयर्स, गुड़, शक्कर सम रहें। लोहा, जस्ता, तांबा, जीरा, धनियां, हल्दी, अन्य मसाले, किशमिश, बादाम, मुनक्का, छुहारे, मखाने एवं अन्य मेवाओं में घटाबढ़ी रहे। दूध, घी में तेजी। व्यापारी इस संक्रांति में मंदा हुआ माल खरीदकर अगली संक्रांति में बेचें तो अच्छा लाभ होगा। ता. 20 मेष के भानु गेहूं, जौ, चना, मटर, सभी प्रकार के अनाज, घी में तेजी करेगा। सोना, चांदी, शेयर्स में अच्छी तेजी का योग है। गुड़, शक्कर, बारदाना, पाट, पटसन में घटाबढ़ी के बाद तेजी। ऊन, ऊनी वस्त्र, तिल, तेल, सरसों, अलसी, अरण्ड में गिरावट के बाद मंदी। ता. 21 धनिष्ठा के भौम से 20 दिन में राई, जौ, पीपल, सोना, चांदी, तांबा, पीतल, जस्ता, लोहा में तेजी तो गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी, रुई, सूत, अनाज में मंदी संभावित है। ता. 26 मकरे भौम से रुई, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, घी, तेल, अलसी, अरण्डी, ऊन में तेजी। अनाजों में मंदी। ता. 28 शनि उदय से अनाजों व काले रंग के पदार्थों, पाम आयल, आलू में तेजी।

शुक्ल पड़वा शुक्रवार की भये सुभिक्ष योग बनाय। कृषक वर्ग सुखी रहे ज्योतिषी यह बतलाय॥ कृष्ण पक्ष में तिथि घटै शुक्ल पक्ष में बढ़ जाय। सभी वस्तु मंदी बिकै लोग सुखी हो जाय॥ फाल्गुन कारी दूज दिन निर्मल रहे आकाश। श्रावण भादी जल पड़ै सुधा जाय चौमास॥

अप्रैल 2022

यह मास चैत्र कृष्ण 30 शुक्रवार सं. 2078 से प्रारंभ होकर वैशाख कृष्ण 30 शनिवार सं. 2079 तक चलेगा। ता. 1 शुक्रवारी अमावस से अतिवृष्टि, खेती को नुकसान हो। ता. 6 शतभिषा के शुक्र से गेहूं, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चांदी में तेजी का योग बनता है। ता. 8 मेष के अश्विन से मूंग, मोती, जवाहरात, सोना, चांदी, हीरा अन्य धातुओं व गेहूं, चना, मक्का, बाजरा, तिल-तिलहन, सरसों, रुई, कपास, घी, गुड़ में मंदी। चीनी में तेजी। पशुओं में तेजी। ता. 14 मेष संक्रांति से गेहूं, जौ, चना, चावल, बाजरा में मंदी। ता. 18 भाद्रपद के शुक्र से रुई, ऊनी वस्त्रों में तेजी तो शेयर्स, आलू, लोहा में घटाबढ़ी तो अनाजों में मंदी। ता. 22 कृतिका के बुध से 8 दिनों में चांदी, अफीम में अच्छी घटाबढ़ी के बाद मंदी। रुई, अनाजों के भावों में तेजी। पाम ऑयल, रिफायंड, सोयाबीन में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा। ता. 24 से 15 दिनों के अंदर रुई गिरकर तेजी ले। प्रमुख

वस्तुओं में घटाबढ़ी की लाईन चलेगी। गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, कपास, सूत, तिल, तिल तेल, मूंगफली में तेजी रहेगी। ता. 27 मीन के शुक्र से चांदी में मंदी के बाद अच्छी तेजी। अनाज, सरसों, तेल, तिलहन, सोयाबीन, सोया, अलसी, अरण्डी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, शुगर में मंदी रहेगी। ता. 30 अमावस्या से चावल, मोती, चांदी, कपूर, नमक, खाण्ड, रुई, कपास, सफेद रंग की वस्तुओं में मंदी। फलों में तेजी। आलू तेजी लेकर मंदी ले।

क्रूर पाप के मध्य में रवि के राहु संग। अनहोनी होवे तभी होय किसी से जंग॥ चैत्र सुदी में चतुर्थी तक जो वर्षे दिन चार। वर्षा ऋतु में जानिये वर्षा हो भली प्रकार॥ बैशाखी पड़वा प्रथम दिन बादल निकसे भानु। उत्तम सम्वत् यही है उत्तम पहचानु॥

मई 2022

यह मास वैशाख शुक्ल पक्ष 1 रविवार से ज्येष्ठ शुक्ल 1 मंगलवार तक रहेगा। मास में पांच रविवार नेष्ट फलप्रद हैं। **एक मासे रवेर्वारा: पंचनस्यु शुभावहा:।** पांच सोमवार होने से धान में मंदी रहेगी। सोमवारी अमावस्या से सुभिक्ष, वर्षा अधिक हो, धान्य में बढ़ोतरी, प्रजा में सुख होगा। ता. 3 पूभा. के मंगल से तिल तेल, मूंगफली, अरण्डा, अलसी, नारियल, सुपारी, रुई, कपास, सोना, चांदी में तेजी रहेगी। मूंग, मसूर, मोंठ, अरहर, चना, चावल, शेयर मार्केट में तेजी की लाईन निकलेगी। ता. 10 बुध वक्री से सभी प्रकार के अनाजों, तांबा, लोहा, पीतल, जस्ता, जिंक, कॉपर के भावों में अच्छी तेजी। ता. 14 वृष संक्रांति से गेहूं, जौ, चना, चावल, धान, फल, मेवा, किशमिश, बादाम, छुहारे, मुनक्का, काजू, रुई, सूत, ऊनी वस्त्र, सूती वस्त्र, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, मजीठ, कुमकुम, हल्दी, धनियां, जीरा, मिर्च, खटाई, राई, हींग में तेजी। रसीले पदार्थ में तेजी। कृतिका के रवि से 15 दिन में घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, अरण्डी, गेहूं, जौ, मूंग, मोंठ, मसूर, सरसों, तिल, तिलहन, राई में तेजी रहेगी। ता. 17 मीन भौम से रुई, घास, काष्ठ, लकड़ी से निर्मित वस्तुओं में तेजी। चांदी में घटाबढ़ी, पहले मंदी आकर फिर तेजी। चौपाये पशुओं में तेजी। ता. 30 सोमवती अमावस्या से वर्षा अधिक हो। धान की पैदावार में वृद्धि। प्रजा में सुख-सुविधा की वृद्धि होगी।

बैशाखी सातै दिन श्रवण धनिष्ठा आय। काली वस्तुयें तेज हों सस्ती सफेद सुहाय॥ बैशाखी पड़वा प्रथम दिन बादल निकले भानु। उत्तम संवत् की यही है उत्तम पहचानु। बैशाख सुदी में जब सूरज हो अस्त। पुरवा पवन चले यदि तो करो संग्रह धान समस्त॥

जून 2022

यह मास ज्येष्ठ शुक्ला 2 बुधवार से प्रारंभ होकर आषाढ़ शुक्ला 1 गुरुवार तक रहेगा। पूर्णिमा ज्येष्ठा युक्त एवं मंगलवारी होने से दुर्भिक्ष हो, वर्षा अधिक होगी। मास में पांच बुधवार से रसीली वस्तुओं का अभाव रहेगा। ता. 3 बुधोदय से अन्न में तेजी रहेगी। ता. 5 शनि वक्री व चन्द्रमा के धनु राशि में होने से तिल, तेल, तिलहन, सरसों, अलसी, मूंगफली, अरण्डी, धान, चावल का संग्रह कर चौथे मास में बेचने से अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ता. 15 मिथुन संक्रांति मोती, शंख, सीप में तेजी। रेशम, पाट, पटसन, सरसों, आयरन, सोना में तेजी। चांदी में घटाबढ़ी। उड़द, चना, चावल, मसूर में उतार-चढ़ाव। आलू में तेजी। सोयाबीन, अरण्डी, मूंगफली में तेजी। ता. 18 बुध के शुक्र से रुई, कपास में मंदी। सोना-चांदी में घटाबढ़ी से मंदी के बाद तेजी। अनाजों में गिरावट आयेगी। ता. 26 रोहिणी के शुक्र से 12 दिनों में सोना, चांदी धातुएं, अलसी, अरण्डी, सोयाबीन, भांग, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, छुहारा, सुपारी, ऊन, नारियल में मंदी तो अफीम में तेजी। ता. 28 मृगशिरा के बुध रुई में 8 दिन में तेजी करेगा। चांदी में उतार-चढ़ाव में तेजी होकर गिरावट। गेहूं, तिल, सरसों, उड़द, मूंग, मोंठ, मसूर, लोबीया में मंदी का योग। ता. 29 अमावस्या आर्द्रा युक्त होने से रुई, कपास, तिल, तेल तेज। खांडसारी, जूट, पाट, किराना, सिमेन्ट, दवाईयां, सुपारी, चांदी, सोना, शेयर्स मार्केट में तेजी एवं मंदी का भी मास में मिला-जुला असर रहेगा।

ज्येष्ठ सुदी द्वितीय-तृतीय में जो आवे आर्द्रा नक्षत्र। वर्षे तो वर्षे नमी दरसे दुख दुर्भिक्ष॥ चन्द्रदर्शन मुहूर्त तीस का मानो प्रभाव तेज। घृत तेल लवण रस कपूर सभी हो जाये तेज॥ ज्येष्ठ अमावस रजनी बादल जोय। चौमासा सूखा रहे भारी गड़बड़ होय॥

जुलाई 2022

यह मास आषाढ़ शुक्ल 2 शुक्रवार से आरंभ होकर श्रावण शुक्ल 3 रविवार तक चलेगा। ता. 2 मिथुने बुध से 15 दिन में रुई, सोना, चांदी में मंदी। सरसों में घटाबढ़ी। पशुओं के भावों में तेजी। आलू में मंदी। ता. 7 मृगे शुक्र से गेहूं, चना, चावल, ज्वार में 12 दिन में मंदी का योग। गुड़, खांड, शक्कर, शेयर्स, सोना में उतार-चढ़ाव के बाद तेजी। ता. 12 पुनर्वसु के बुध से चांदी में मंदी। रुई, कपास, सूत, सन, पाट, पटसन में 8 दिन मंदी रहे। ता. 16 कर्क संक्रांति से गेहूं, जौ, चना, चावल में तेजी। सोना, चांदी, तांबा, पीतल, आयरन आदि धातुओं में मंदी। इस समय तेजी होने पर पूर्व में खरीदा धान बेचकर लाभ लें। ता. 18 आर्द्रा का शुक्र गेहूं, जौ, चना, बाजरा के भाव में अचानक मंदी। ता. 24 आश्लेषा के बुध तिल, तेल, तिलहन, सरसों, गुड़, खांड, चीनी, उड़द, मूंग, मसूर, मोंठ, अरहर, मूंगफली में तेजी करेगा। शेयर्स मार्केट, सोना, चांदी में घटाबढ़ी। ता. 28 हरियाली मावस से सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मंदी। आलू में सुधार। रियल इस्टेट कम्पनी के शेयर्स व प्रमुख कंपनियों के शेयर्स में अचानक बिकवाली से मंदी बन सकता है। ता. 30 सुपारी, लौंग, गुग्गल, हींग, ऊन, ऊनी वस्त्र, सोना, चांदी में तेजी। रुई में मंदी का झटका। सूत, सन, शेयर्स, पाट, पटसन, चपड़ा, लाख, पारा, चौपाये पशुओं में तेजी।

पड़वा आठैं पूर्णिमा जो बुधवारी आय। सभी वस्तु की न्यूनता महंगी भाव बिकाय॥ पौष माघ बैशाख का श्रावण या आषाढ़। दुखदायी बुध उदय अस्त होय सुख बाढ़॥ श्रावण कृष्ण चौथ दिन जल बरसै तो ठीक। निर्मल दिन बादल रहित मांगे मिले न भीख॥

अगस्त 2022

यह मास श्रावण शुक्ला 4 सोमवार से प्रारंभ होकर भाद्रपद शुक्ला 4 बुधवार तक चलेगा। मास में पांच सोमवार से अच्छी वर्षा से कृषि उत्पादन अच्छा। धन-धान्य की वृद्धि हो। व्यापारिक वस्तुओं में अच्छी घटाबढ़ी का रुख रहे। **सोमस्य पंच वारास्तु यत्र मासे भवति हि। धन-धान्य समृद्धि स्यात् सुखम भवति सर्वदा॥** ता. 3 आश्लेषा के रवि से 14 दिन में सोना, चांदी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, अरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, नील, कॉपर, कपास, कॉटन, ऊनी व रेशमी वस्त्र, गमग्वार, अमचूर, जीरा, ईलायची में घटाबढ़ी से तेजी निकल सकती है। ता. 6 कर्क शुक्र से रुई में मंदी। अलसी, अरण्डी, तेल, घी, शक्कर में तेजी। चांदी, गेहूं, चना, मटर, तिलहन, खल, कालीमिर्च, शेयर्स, चावल, चना, पटसन, लालमिर्च में घटाबढ़ी। ता. 12 पूर्णिमा से इस्पात, सिमेन्ट, शेयर्स, कॉपर, जिंक, आलू, तेल, तेलवाना, धातुओं में तेजी। ता. 17 सिंह संक्रांति से अनाजों में मंदी। धान्य, घास, रसीली वस्तुओं के भाव मध्यम रहे। सोना, चांदी, रुई, इस्पात के भावों में मंदी रहेगी। ता. 20 आश्लेषा के शुक्र सफेद रंग की वस्तुओं में अस्थिरता लायेगी। जिंक व धातुओं में घटाबढ़ी। रुई में आंशिक मंदी। तुआर, चावल में मंदी। चांदी में घटाबढ़ी। गेहूं, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, हल्दी में तेजी। ता. 23 कन्या के शुक्र से चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी। गेहूं, जौ, चना, ग्वार, गम, खाण्ड, घास, ऊन, ऊनी-रेशमी वस्त्रों में तेजी। चावल में अच्छी तेजी। सुगन्धित वस्तुओं के भाव में गिरावट। ता. 27 शनिवारी अमावस्या से तेल, तिलहन में तेजी। निकिल, जिंक, इस्पात, सोना, चांदी में उतार-चढ़ाव। ता. 30 पूफायां रवि से जीरा, हल्दी, मिर्च, गेरू, सोना, गुड़, सरसों, तिल, तिलहन, दालवाना, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़ा, रुई, सूत में तेजी। चांदी में घटाबढ़ी।

श्रावण में सूरयो चलो भाद्रपद में परवाई। आश्विन में अघूणां पवन कार्तिक साख सुवाई॥ श्रावण शुक्ला सप्तमी जो बरसे जलधार। सुख सम्पत्ति सर्वदा बढ़े राजी सब संसार॥ जिस पखवारे तिथि बढ़े वाहि में घट जाय। सभी वस्तु मंदी रहै महंगाई हट जाय॥

सितम्बर 2022

यह मास भाद्रपद शुक्ल 5 गुरुवार से प्रारंभ होकर आश्विन शुक्ल 5 शुक्रवार तक रहेगा। मास में पांच गुरुवार होने से धन-धान्य सस्ता रहने का योग बन रहा है। यत्र मासे पंचवारा जायन्ते च बृहस्पते। विग्रह पश्चिमे देशे खड्गयुद्धञ्च जायते॥ के योग से

पश्चिमी देश व प्रदेशों में राजविग्रह का योग है। ... आसार बनते हैं। ता. 9 बुधास्त से रुई, कपास के भावों में मंदी। चांदी में तेजी का रुख रहे। ता. 10 बुध वक्री से शक्कर, चावल, घी, सोयाबीन, अलसी, अरण्डी में पहले तेजी के बाद मंदी। दूध पाउडर, सिल्वर, निकिल, पीतल, जस्ता, तांबा में तेजी या घटाबढ़ी चल सकती है। ता. 13 पूफा. के रवि-मंगल से जीरा, हल्दी पाउडर, कालीमिर्च, धनियां, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, वनस्पति घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी वस्त्रों, रुई, सूत में तेजी। चांदी में घटाबढ़ी। बारदाना, सोयाबीन में तेजी। ता. 17 कन्या संक्रांति शनिवारी से सभी प्रकार की वस्तुओं को नुकसान होने से प्रजा में कष्ट बढ़े। धान्य भाव तेज रहेंगे। गेहूं, चावल, चना, ग्वार, मक्का, गुड़, खांड, सोना, चांदी में तेजी। सरसों, तिल, तिलहन, घी, आयल, पाम आयल, क्रूड आयल में घटाबढ़ी। शेयर्स मार्केट में तेजी। सभी प्रमुख शेयरों में तेजी की धारणा बनेगी। ता. 21 उफा. के शुक्र से गेहूं, अन्य अनाजों, रुई में 12 दिन में अच्छी तेजी बनेगी। सोना, चांदी, मूंगफली, लालमिर्च, इलायची, सुपारी, हींग, जीरा, कपूर, मजीठ, छुहारा, मौठ, मसूर में घटाबढ़ी। ता. 29 बुधोदय से धान्य के भावों में मंदी चलेगी। अन्य सभी धातुओं में 15 दिन में अच्छी तेजी चलेगी।

भाद्रपद शुक्ला पंचमी स्वाती नक्षत्र होय। संवत् नीका सुख भरा मन में डर न रहे कोय॥ लोक महाजन प्रसन्न हो करें व्यापार। प्रजा में सद्भाव बढ़कर देखो व्यवहार॥ आश्विन में संध्या समय जो बादल घन होय। जो तुम अब जान लो निश्चय वर्षा होय॥

अक्टूबर 2022

यह मास आश्विन शुक्ल 6 शनिवार से आरंभ होकर कार्तिक शुक्ला 7 सोमवार तक रहेगा। मास में पांच शनिवार होने से महंगाई में बढ़ोतरी होगी। **शनिवारा यदा पंच जायन्ते पाताल कम्पते फणी। ईशान देश भंगश्च वह्निदाहो महर्घता॥** के अनुसार प्राकृतिक आपदा, अग्निकांड, आतंकी घटना का योग बनता है। ता. 2 बुध मार्गी से रुई में मंदी के बाद तेजी। चांदी घटाबढ़ी से तेजी ले। काष्ठ में तेजी। 8 दिनों में गेहूं, जौ, चना, चावल, मक्का, मोठ, बाजरा में तेजी। रेशम, अलसी, अरण्डी, सोयाबीन तेल, तिलहन, मूंगफली, बिनौला, कपूर, चन्दन, शेयर्स, कॉपर, जिंक, आयरन, आलू में मंदी। सोना में तेजी। ता. 4 कपास में मंदी। ता. 9 पूर्णिमा शुभ फलदायक है। ता. 13 चित्रा के शुक्र से सोना, चांदी, अनाजों के भाव सम रहेंगे। बुधास्त से रुई, कपास, ऊनी वस्त्रों में मंदी। चांदी में तेजी। गमग्वार, तिलहन, कॉपर, जिंक, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर में उतार-चढ़ाव। ता. 17 तुला संक्रांति से दक्षिण की वायु चले। धान में मंदी। रसकस, घी, हल्दी, जीरा, धनियां, सौंफ, मैथी, इलायची, मिर्च में तेजी। गेहूं, जौ, चना, तिलहन, तेल, सोना, चांदी, सूत, सफेद वस्त्रों में तेजी। उड़द, मूंग, मोठ, मक्का, लोबिया, बाजरा में मंदी। लौंग, जायफल, नारियल, खोपरा, गुग्गल के भाव सम रहें। चौपाये पशुओं में तेजी रहेगी। ता. 25 अमावस्या व सूर्यग्रहण के प्रभाव से घी, सभी अनाजों में मंदी। रुई, गुड़, मूंग, गेहूं, चावल आदि अनाजों का संग्रह कर दो माह पश्चात् व साढ़े चार माह के बीच बेचने से अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कृष्ण पक्ष की तिथि बढ़ै शुक्ल पक्ष में घट जाय। एक वस्तु क्या घटे सभी वस्तु घट जाय॥ कार्तिक शुक्ल एकादशी कहिये देव उठान। तिजनी घड़िया हो गयी आधा सेरा धान॥ कार्तिक शुक्ल द्वादशी निर्मल रजनी होय। पूनों भरणी देख तो सुख में सुख अवलोय॥

नवम्बर 2022

इस मास का आरंभ कार्तिक शुक्ल 8 मंगलवार से मार्गशीर्ष शुक्ल 7 बुधवार तक रहेगा। मास में पांच मंगलवार होने से-**यत्र मासे मही सूनोर्जायन्ते पंचवासराः। रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभंगस्तदा भवेत्॥** के अनुसार किसी प्रमुख व्यक्ति का देहावसान व दैहिक, दैविक, भौतिक संताप दुख का कारण बनेंगे। ता. 3 विशाखा के शुक्र से रुई, ऊन, ऊनी वस्त्र, चांदी, गेहूं, जौ, चना, बाजरा, मक्का, मोठ में मंदी चलेगी। ता. 7 विशाखा के बुध अनाज के भावों में मंदी करेगा। रुई के भाव में गिरावट। ता. 8 पूर्णिमा चन्द्रग्रहण से रुई, सुपारी, अलसी, अरण्डी, मूंगफली, सोयाबीन में तेजी। राई, मैथी, जस्ता का संग्रह कर चार मास बाद बेचने पर अच्छा लाभ मिलेगा। अन्न में तेजी रहेगी। ता. 9 प्रतिपदा बुधवार यदि कृष्ण पक्ष प्रतिपदा बुधवार को हो तो दुर्भिक्ष रहे तथा अनाज के भावों में तेजी बनती है। ता. 11 वृश्चिक के शुक्र से रुई, शेयर्स, चांदी, अफीम, भांग व अन्य नशीली वस्तुओं में पहले मंदी के बाद तेजी। गुड़, खांड, शक्कर में उतार-चढ़ाव। गेहूं, जौ, चना, मटर, मूंग, मोठ, ग्वार, गम, बाजरा, मक्का आदि अनाजों में तेजी। अलसी, अरण्डी, सिमेन्ट, आयरन, इस्पात में तेजी रहेगी। ता. 16 वृश्चिक संक्रांति बुधवारी होने से रसकस, घी में तेजी। रुई, वस्त्र में मंदी। चांदी, चावल, गुड़, खांड, लौंग, सूत, कपास मे मंदी। जायफल, गुग्गल, सुपारी, खोपरा, लाल चंदन, लालमिर्च व अन्य लाल रंग वाली वस्तुओं, नारियल में अच्छी तेजी। चना, जौ, जस्ता, रांगा, शीशा, रेशम, लकड़ी के भाव सम रहेंगे। ता. 19 अनुराधा के रवि से जौ, चना, चावल, धान, शेयर्स, ग्वार गम, सोना, चांदी, पीतल, तांबा, स्टील, लोहा, जस्ता, धातुओं में तेजी। गेहूं, अलसी, मिर्च में तेजी के बाद भाव गिरकर मंदी ले। ता. 26 शुक्रोदय से सभी प्रमुख वस्तुओं, धातुओं, तिलहन, दलहन में अच्छी तेजी।

जेहि पखवारे तिथि बढ़ै वाहि में घट जाय। सभी वस्तु मंदी बिकें महंगाई हट जाय॥ अगहन शुक्ल तिथि घटे, बढ़ै कृष्ण पक्ष तास। ऐसा हो रुख पौष में छत्र भंग जल नाश। वृश्चिक गत् जब सूर्य हो ऊन वस्त्र सम भाव। लालद्रव्य मंदे बिकें तो खरीददार लाव॥

दिसम्बर 2022

यह मास मार्गशीर्ष शुक्ल 8 गुरुवार से आरंभ होकर पौष शुक्ला 9 शनिवार तक रहेगा। मास में पांच गुरुवार से पश्चिमी राज्यों में विद्रोह व राज निग्रह का योग बनेगा। **यत्र मासे जायन्ते पंचवारा च वृहस्पतेः। विग्रह पश्चिम देशे खड्ग युद्धश्च जायते॥** ता. 2 ज्येष्ठा के रवि से वस्त्र, सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, अरण्डी, हींग, जीरा, मैंथी, कस्तूरी, गुग्गल, पारा, लौंग, गुड़, खांड में तेजी। रुई गिरकर तेजी ले। ता. 5 बुधोदय से गेहूं, रुई, कपास में सुधार। चांदी में मंदी। सोना में आंशिक तेजी। ता. 11 पूषायां रविः से तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खांड, गुग्गल, चपड़ा, कपूर, रार, मजीठ, ऊनी वस्त्र, ऊन, सूत, सन, चांदी में तेजी। ता. 16 धनु संक्रांति से गेहूं, जौ, चना, मटर, ज्वार, बाजरा, कपास के भाव सम। सोना, चांदी, सूत, सन, पाट, जूट में तेजी। गेरू, नमक, लाल चन्दन, लालमिर्च, लोहा, जस्ता, पीतल, तांबा, रांगा, गुड़, शक्कर, अलसी, अरण्डी में उतार-चढ़ाव में तेजी के बाद गिरे। सरसों, क्रूड आयल, पाम आयल में उतार-चढ़ाव। ता. 26 उषायां शुक्रः से सोना, चांदी, पारा, जस्ता, शेयर्स मार्केट में मंदी। अलसी, अरण्ड में गिरावट। गेहूं, जौ, ज्वार, मक्का, बाजरा, चावल, चना में तेजी। रुई में घटाबढ़ी में सुधार। ता. 29 वक्री बुध से शक्कर, चावल, घी, तिलहन, तेल, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल में तेजी के बाद गिरे। ता. 31 धनु के बुध से रुई, कपास, वस्त्र, सूत, चांदी में गिरावट।

पौष बदी कुज द्वितीया जो बरसै जान। अन्न भाव महंगा करे घृत अलसी की हानि॥ कारी सातै पौष में बरसै आधी रात। पावस ऋतु नीकी रहे चिड़ियां मल-मल नहात॥ जो तिथि घटबढ़ हो नहीं साधारण फल जोय। कृष्ण घटे तो शुभ फले श्वेत महा भय होय॥

विशेष–यह लेख ग्रहों की विभिन्न पोजिशनों को आधार बनाकर लिखा गया है। अतः व्यापारी भाईयों को बाजार का रुख का भी ख्याल रखना आवश्यक है। लाभ-हानि में हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। यह लेख सूक्ष्म रूप से लिखा गाया है। पूरी मास रिपोर्ट प्रतिदिन की जानकारी जानने के लिए आप प्रत्येक वस्तु की मासिक रिपोर्ट हमारी संस्था से मंगाकर लाभ उठा सकते हैं। व्यापार भविष्य फल, तेजी-मंदी गाइड, मासिक चांस व विशेष चांस भी आप मंगा सकते हैं। शेयर्स मार्केट, सोना-चांदी, शेयर्स, जिंक, कॉपर, अलसी, आलू, लहसुन, गेहूं, जौ, चना, चावल, कपास, रुई, सरसों, मूंग, मोठ, मसूर, अरहर, अन्य दलहन व तिलहनों, किराना मार्केट की दैनिक लाईनें व दैनिक तेजी-मंदी रिपोर्ट मंगाकर लाभ प्राप्त करें। एक वस्तु एक मास की रिपोर्ट 500/-, अर्द्धवार्षिक 3000/-रु. व वार्षिक 6000/-रु. है। तेजी-मंदी सट्टा पुस्तक 251/-रु. + डाक खर्च। राशियों का पृथक भविष्यफल 251/-रु.। व्यापार में आ रही बाधा-अड़चनों तथा व्यापार वृद्धि यंत्र 501/-रु. तथा अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। स्पेशल मासिक रिपोर्ट 1000/-रु. एक वस्तु एक मास। उचित मार्ग दर्शन हेतु सम्पर्क करें। नोट-फोन पर संपर्क शाम 7 बजे के बाद करें।

लेखक-सुनील कुमार अनिल कुमार व्यास
श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया (मथुरा), उ.प्र.-281204
सम्पर्क सूत्र-9719822007, 9720686322

सन् 2022 ई. में ग्रहों का शेयर्स मार्केट पर प्रभाव

जनवरी 2022–ता. 1 जन. नववर्ष की शुभकामनाएं। ता. 3 दोपहर बाद अधिक बिकवाली से बाजार रुख में परिवर्तन। ता. 6 संस्थागत व विदेशी निवेशकों के समर्थन में सभी प्रमुख शेयरों में तेजी। ता. 10 म्यूचुअल फंड, साफ्टवेयर, फार्मा तथा ऑटो साफ्टवेयर में अच्छी तेजी। ता. 12 चलती लाईन बदलेगी। भाव मंदी ले सकते हैं। ता. 14 दूरसंचार, मीडिया, सूचना, प्रोद्योगिकी, बैंकिंग शेयरों में अधिक बिकवाली से मंदी। ता. 17 भारी उतार-चढ़ाव में रहे। रुख देखकर कार्य करें। ता. 19 भावों में तेजी का उछाल। ता. 21 बजाज, होण्डा, टिस्को, टेल्को, पावर, ब्लूचिप, दवायें, आयरन, सिमेन्ट के भावों में तेजी। ता. 24-25 बाजार में अचानक मंदी का झटका। ता. 27 भावों में मंदी रहेगी।

फरवरी–ता. 1 इन्फोसिस, विप्रो, रैनबैक्सी, सनफार्मा, बैंकिंग, मीडिया, शेयरों की बिकवाली से तेजी। ता. 3 भावों में गिरावट। ता. 7 भावों में मंदी। ता. 9 भावों में उठापटक अधिक, संभलकर काम करें। ता. 14 बाजारों में सुधार होगा। ता. 16 अफवाहों से चलती लाईन में परिवर्तन। ता. 18 साफ्टवेयर, फार्मा, मीडिया, सिमेन्ट, दवा, रबर के शेयरों में मजबूती, अन्य में मंदी। ता. 21 मार्केट एकतरफा चले। दोपहर बाद चलती लाईन में परिवर्तन। ता. 23 भावों में मंदी। ता. 26 भावों में अच्छी तेजी। ता. 28 बाजार कभी तेजी या मंदी में चलता रहेगा। अतः रुख देखकर कार्य करें।

मार्च–ता. 1 भावों में तेजी। सभी मुख्य शेयरों में सुधार। ता. 7 बाजार में एकतरफा लाईन चलेगी। तेजी हो तो तेजी, मंदी हो तो मंदी भाव चले। ता. 10 धातु, सिमेन्ट, लघु उद्योग के शेयरों में उतार-चढ़ाव रहेगा। ता. 14 भावों में दोपहर बाद परिवर्तन हो। ता. 16 भावों में घटाबढ़ी के बाद तेजी। ता. 21 ऑटो, फार्मा, वित्तीय संस्थानों, टिस्को, टेल्को, प्रमुख शेयरों में बिकवाली से मंदी। ता. 23 बाजार में मंदी का रुख रहेगा। ता. 24 को बाजार खुलते ही तेजी बाद में गिरावट। ता. 28 भावों में मंदी। ता. 30 भावों में उतार-चढ़ाव से मार्केट में दबाव बनेगा। चलती लाईन में परिवर्तन। मास में 40 प्रतिशत मंदी व 6 प्रतिशत तेजी चलेगी।

अप्रैल–ता. 2 संवत् 2079 प्रारंभ। ता. 3 भावों में अच्छी तेजी। सभी प्रमुख शेयरों में उछाल। ता. 5 सिमेन्ट, ऑटो मोबाईल, इंजीनियरिंग, गैस, पेट्रोलियम, विद्युत शेयरों में तेजी। ता. 8 भावों में मंदी। ता. 13 भावों में घटाबढ़ी में मंदी। ता. 15 अधिक बिकवाली से तेजी। ता. 18 साफ्टवेयर, फार्मा, दवा, रबर, दूरसंचार के शेयरों में अचानक बिकवाली से मंदी का झटका। ता. 25 भावों में सुधार। ता. 27 म्यूचुअल फंड, स्मॉल इंडस्ट्रीज, आई.टी. कंपनी के शेयरों में उतार-चढ़ाव अधिक रहे। ता. 29 भावों में तेजी का रुख। दोपहर में घटाबढ़ी चले।

मई–ता. 3 बाजार मंदी में खुलकर दोपहर में तेजी। बंद के समय मंदी में रहे। ता. 6 चल रही मंदी में सुधार। ता. 10 रिलायंस, इण्डिको, टाटा, स्टील, ऑटो सैक्टरों, अम्बूजा सिमेन्ट सहित प्रमुख शेयरों में तेजी। ता. 12 भावों में तेजी रहेगी। ता. 14 भावों में मंदी। सभी शेयरों में गिरावट। ता. 15 भावों में सुधार। ता. 18 भावों में गिरावट। ता. 22-23 सभी प्रमुख शेयरों में उछाल। ता. 26 भाव मंदी में रहकर बंद के समय तेजी। ता. 30 भावों में उतार-चढ़ाव रहे। आयरन शेयरों में मंदी।

जून–ता. 3 भावों में मंदी रहेगी। ता. 6 मुनाफा वसूली में प्रमुख शेयर्स धराशायी होंगे। ता. 9 सभी प्रमुख शेयरों में अच्छी तेजी। ता. 13 बाजार में मंदी का रुख रहेगा। ता. 15 भावों में गिरावट। ता. 17-18 मोबाईल, बैंक, पेट्रो-रसायन, गैस कंपनियों के शेयरों में अच्छी तेजी। ता. 20 भावों में तेजी को ब्रेक। ता. 25 किसी अप्रत्याशित घटना से प्रमुख शेयरों सहित सभी शेयरों में मंदी को बल। ता. 27 भावों में सुधार। परन्तु उतार-चढ़ाव लगा रहे। अतः रुख देखकर कार्य करें। ता. 30 भावों में तेजी रहेगी।

जुलाई–ता. 1 बाजार तेजी में खुले। परन्तु घटाबढ़ी से शाम को गिरे। ता. 5 ब्लूचिप, साफ्टवेयर, दूरसंचार, मीडिया, बैंक, फार्मा में अच्छी तेजी। ता. 6 भावों में मंदी के झटके। ता. 11 भावों में घटाबढ़ी बाद तेजी को बल। ता. 13 साफ्टवेयर, फार्मा, दवा, फाईनेन्स, रियल इस्टेट व प्रमुख शेयरों में तेजी का झटका। ता. 15 बाजार तेजी के साथ खुले। ता. 19 भावों में अच्छी तेजी। ता. 23 भावों में उतार-चढ़ाव से तेजी। शाम को मंदी। ता. 25 भाव तेज रहे। ता. 30-31 बाजार में उतार-चढ़ाव व्यापक रहे।

अगस्त–ता. 1 भावों में तेजी रहे। ता. 5 बाजार मंदी में रहे। फार्मा, पेट्रो-रसायन, धातुओं के शेयरों में मंदी। ता. 9 भावों में उतार-चढ़ाव में मंदी। ता. 12 भाव तेजी का मान करें। ता. 15 अग. चलती लाइन में परिवर्तन। बाजार आंधी की तरह गिरे। ता. 17 भावों में सुधार। ता. 19 भावों में मंदी का दौर चलेगा। ता. 23 भावों में मंदी। ता. 25 भाव तेजी ले। आयरन में मंदी। ता. 30 भावों में तेजी, दोपहर में घटाबढ़ी।

सितंबर–ता. 2 अधिक बिकवाली से सभी प्रमुख शेयरों में मंदी का झटका। ता. 7 भावों में सुधार। ता. 9 सभी शेयरों में तेजी। ता. 12 भारी इंजीनियरिंग, पावर, गैस, रसायन, टेक्नॉलोजी, इस्पात में तेजी। ता. 14 साफ्टवेयर, फार्मा, रिलायंस, रैनबैक्सी, रियल इस्टेट, बैंक के शेयरों में उछाल। ता. 19 प्रमुख शेयरों में तेजी का उछाल। ता. 22 चलती लाईन परिवर्तन ले। मंदी हो तो तेजी, तेजी हो तो मंदी चले। ता. 23 भावों में सुधार। ता. 26 अधिक बिकवाली से भाव गिरें। ता. 30 बाजार [illegible]

अक्टूबर–ता. 4 बाजार में बिकवाली का दबाव तेजी में खुलकर गिरे। ता. 6 भावों में अच्छी तेजी। ता. 10 भावों में दोपहर बाद गिरावट। ता. 13-14 एस.बी.आई, आई.सी.आई.सी.आई, एच.डी.एफ.सी. आदि बैंकों सहित अन्य प्रमुख शेयरों में उछाल। ता. 18 भावों में उतार-चढ़ाव में मंदी। ता. 20 प्रमुख शेयर्स तेजी के बाद गिरे। ता. 23-24 फार्मा, वस्त्र, दवा, टायर्स, सिमेन्ट, बैंक, साफ्टवेयर, धातुओं के शेयरों में तेजी। ता. 26 भाव में मंदी फिर दोपहर बाद तेजी। ता. 31 घटाबढ़ी अधिक, मंदी में बंद हो।

नवम्बर–ता. 1 भावों में अच्छी तेजी। ता. 3 भावों में दोपहर बाद परिवर्तन। ता. 8 स्टॉक एक्सचेंज, विप्रो, सत्यम, रिलायंस समूह, ऑटो सैक्टर के शेयरों में उछाल। अन्य में मंदी। ता. 11 भावों में घटाबढ़ी के बाद शाम को तेजी। ता. 14 घटाबढ़ी। ता. 16-17 सभी प्रमुख कंपनियों व आयरन शेयर्स में उछाल। ता. 21 भाव गिरें। ता. 24 भावों में दोपहर को मंदी के झटके। ता. 28 भावों में मुनाफा वसूली के कारण चलती लाईन परिवर्तन लें।

दिसम्बर–ता. 2 भावों में तेजी। ता. 8 घटाबढ़ी से बाजार में तेजी। ता. 12 चलती लाईन में परिवर्तन। ता. 15 में मंदी। ता. 16-17 साफ्टवेयर, धातुवाना, रियल इस्टेट, टायर्स, दूरसंचार, बैंक, मीडिया के शेयरों में अच्छी तेजी। ता. 21 भावों में गिरावट। धातुवाना, आयरन सहित प्रमुख शेयरों में गिरावट। ता. 23 सभी प्रमुख शेयरों में उतार-चढ़ाव। ता. 27 भावों में अच्छी तेजी का झटका। ता. 31 प्रमुख शेयर्स तेजी का मान करें।

शेयर्स में तेजी के अचूक चांस

1. शनि वक्री हो तो तेजी। 2. बुध वक्री से तेजी। 3. जिस दिन ऐन्द्र, व्यतिपात व वैधृति योग होता है उस दिन भी तेजी आती है। 4. सोम, गुरु अमावस्या से मंदी। भौम, शनिवासरी अमावस्या से तेजी। 5. सोम को तेजी हो तो भौम को मंदी। यदि सोम को मंदी हो तो भौम को तेजी।

विशेष–शेयर बाजार की यह जानकारी पूर्णतः ग्रहों की चाल के आधार पर है। जो 90% से 98% तक सत्य होती है। परन्तु कुछ ऐसे भी अन्य घटनाक्रम व ग्रह हैं जिनका असर शेयर्स मार्केट पर पड़ता है। जैसे-राजनीति की हलचल, देश का घटनाक्रम व दलाल व शेयर्स ब्रोकर का भविष्य। अतः जिस दिन शेयर्स दलाल व सटोरियों को मार्केट शूट नहीं कर रही हो तो वह जन्मपत्रिका अवश्य दिखायें। हमारे यहां मासिक रिपोर्ट भी पाठकों की मांग के अनुसार तैयार की जाती है। एक मास की रिपोर्ट 600/-, अर्द्धवार्षिक 3500/-रु. व वार्षिक 7000/-रु. है। फोन पर 1001/-रु. प्रति मास। डाक खर्च 50/-रु. पृथक है। फोन सुबह 10 से 12 बजे एवं सायं 8 से 9 बजे तक करें।

सम्पर्क करें–सुनील कुमार अनिल कुमार व्यास

चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव सन् 2022-23 ई.

लेखक-
अनिल कुमार व्यास

प्रस्तुत लेख चन्द्रदर्शन पर आधारित है। प्रमुख जिन्सों, धातुओं की तेजी-मंदी से संबंधित सूक्ष्म आंकलन पाठकगणों एवं व्यापारी वर्ग के लाभ की कामना के साथ मैं अपने स्वर्गीय पिताश्री डॉ. बसन्त लाल व्यास (ज्योतिष सम्राट, स्वर्ण रजत पदक प्राप्त) एवं अपने बड़े भाई स्वर्गीय अनिल कुमार व्यास (ज्योतिष आचार्य) की प्रेरणा व उनके बताये गये पथ पर आगे चलने का प्रयास करते हुये लिख रहा हूं। आशा है कि व्यापारी गण के लिये मेरा यह मार्गदर्शन कुछ लाभ दिलाये तो मैं अपने इस परिश्रम को सफल मानूंगा। कई कारणों से बाजार की दिशा भी प्रभावित होती रहती है। अतः कभी-कभी इस फलादेश में कुछ अंतर आ जाये तो व्यापारी को आश्चर्य नहीं होना चाहिये। ऐसे समय स्व-विवेक से काम करके हानि से बच सकते हैं।

चैत्र मास

इस मास 2 अप्रैल सन् 2022 शनिवार चैत्र मास का चन्द्रदर्शन चैत्र शुक्ल पक्ष । सं. 2079 को हो रहा है। यह चन्द्र दर्शन मेष राशि के अंतर्गत रेवती नक्षत्र में हो रहा है। यह 30 मुहूर्ती है। मेष राशि अंतर्गत इसकी दक्षिण नोंक ऊंची होगी। जिससे प्रत्येक वस्तुओं में तेजी होगी। तुषार धान्य में वृद्धि। अनाज में मंदी। सरसों, अलसी, सोयाबीन, मूंगफली, क्रूड आयल, पाम आयल में तेजी। रुई, सूत, सूती वस्त्रों, चांदी, सोना, सरसों में तेजी। अनाज, तुआर, धान, चावल, सरसों, अलसी, सोयाबीन, तिलहन, दलहन, गुड़, खांड, घी, रिफायंड, सोना, चांदी, मूंग, मोंठ, अरहर, चना, बादाम, मुनक्का, किशमिश, काजू आदि व्यापारिक वस्तुओं में उतार-चढ़ाव के बाद तेजी। रुई में पहले मंदी उसके बाद तेजी। गेहूं, जौ, बाजरा, चावल, चना में मंदी। शेयर्स बाजार में उतार-चढ़ाव। मास के मध्य अच्छी तेजी के आसार। अन्य व्यापारिक वस्तुएं महंगी होंगी।

वैशाख मास

इस मास वैशाख मास का नवीन चन्द्रदर्शन 2 मई 2022 को वैशाख शुक्ल पक्ष 2 सोमवार को वृष राशि के अंतर्गत कृतिका नक्षत्र में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ति है। वृष राशि के अंतर्गत चन्द्रदर्शन से सभी प्रकार के धान्य, मूंग, उड़द, मोंठ, मसूर, तिल तेल में तेजी। शृंगोन्नति से दक्षिण नोंक ऊंची हो तो प्रत्येक वस्तु में तेजी की धारणा बनती है। यदि रात को चन्द्रमा पर कुण्डल (मंडल) हो तो अनाज का संग्रह कर आगे बेचने पर लाभ होता है। चन्द्रदर्शन सोमवार का होने से वस्त्र, रुई, सूत, सोना में तेजी। चांदी, रुई में उतार-चढ़ाव, धारणा तेजी की ओर। गेहूं, जौ, चना, मक्का, ज्वार, बाजरा, ग्वार गम में मंदी। मिर्च, लौंग, लाल वस्तुओं चन्दन, कपूर, कस्तुरी, तांबा, जस्ता धातुओं में मास के मध्य में गिरावट का रुख रहेगा। सोमवारी अमावस्या से धान्य में उत्पत्ति एवं प्रजा में खुशहाली का वातावरण बनेगा।

ज्येष्ठ मास

ज्येष्ठ मास का नवीन चन्द्रदर्शन 31 मई 2022 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष । मंगलवार को रोहिणी नक्षत्र के अंतर्गत मिथुन राशि में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ति होगा। शृंगोन्नति से यह चन्द्रदर्शन शूल के समान सींग वाला होने से प्रत्येक वस्तुओं में तेजी को बल देता है। अन्न, गेहूं, जौ, चना, बाजरा, मक्का, ग्वार, तुआर, अन्य वायदा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का रुख रहेगा। रुई में पहले मंदी बाद तेजी को बल मिलेगा। सोना, चांदी, जिंक, कॉपर, स्टील, आयरन व अन्य धातु में उतार-चढ़ाव। गुड़, सरसों, तिल तेल, मूंगफली में तेजी। रसीली वस्तुओं में कमी आयेगी। रसकस, घी में मंदी। शेयर्स, पाट, पटसन, हैशियन, बारदाना, कपास, चावल, सब्जी में मास के मध्य तेजी। मक्का, मोंठ, मसूर, लोबिया, उड़द, मटर के भाव गिरकर तेजी लें या पूर्व में जिस वस्तु में भाव मंदे हों वह सुधार कर तेजी की ओर अग्रसर हो। आलू में आंशिक तेजी रहेगी। लाल रंग की वस्तुओं में तेजी।

आषाढ़ मास

इस मास का चन्द्रदर्शन 30 जून 2022 आषाढ़ शुक्ल पक्ष । गुरुवार को पुनर्वसु नक्षत्र अंतर्गत कर्क राशि में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 45 मुहूर्ती है। पुनर्वसु नक्षत्र में होने के कारण प्रायः सभी व्यापारिक वस्तुओं के भावों में मंदी रहेगी। कर्क राशि अंतर्गत चन्द्रमा के उदित समय दोनों शृंग बराबर हों तो प्रत्येक व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी लाकर बाद में भाव समान हो जाते हैं। पुनर्वसु नक्षत्र होने के कारण चन्द्रमा पर मण्डल हो तो पश्चिम क्षेत्र में अतिवृष्टि से जन मानस परेशान रहेगा। गुरुवार को चन्द्रदर्शन होने से रुई, सूत, सूती-रेशमी-ऊनी वस्त्र, सरसों, तिलहन, तेल, घी में तेजी बनेगी। सोना, चांदी, जस्ता, पारा, खांड, शक्कर, गुड़ में मंदी। घी, गुड़, शक्कर, चीनी, सरसों में तेजी। शेयर, आयरन, आलू, पाट, पटसन, जिंक, कॉपर, बारदाना, कपास के भाव गिरकर तेजी लेंगे। ज्वार, बाजरा, मक्का, मोंठ, मूंग, मसूर, मटर, दलहन के भावों में आंशिक सुधार। मासांत तक मजीठ, तिलहन, दलहन में घटाबढ़ी। कालीमिर्च, पीलीमिर्च, हल्दी, धनियां, लौंग, ईलायची के भावों में सुधार होगा।

श्रावण मास

मास का चन्द्रदर्शन 30 जुलाई श्रावण शुक्ल 2 शनिवार को सिंह राशि, आश्लेषा नक्षत्र के अंतर्गत हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ति है। चन्द्रदर्शन के समय इसके दोनों शृंग बराबर रहेंगे। इससे प्रत्येक वस्तु में घटाबढ़ी रहेगी। वर्षा सर्वत्र अच्छी रहेगी। मास में पांच शनिवार होने से महंगाई मास के मध्य में बढ़ सकती है। शेयर्स मार्केट व सोना, चांदी, जिंक, कॉपर, क्रूड आयल, पाम आयल के भावों में घटाबढ़ी के बाद अच्छी तेजी का वातावरण बनेगा। रुई, सूत व सूती वस्त्रों, मूंगफली, सभी खाद्य पदार्थों व सामग्री में तेजी। फसल की पैदावार कम होगी। अलसी, तिल, तेल, अरण्डी, दाख, मिर्च, गुड़, शक्कर, सरसों, तिल तेल, लाल वस्तुओं, राई आदि में तेजी चलेगी। जिन वस्तुओं में सोमवार को अचानक तेजी आये तो यह चाल मंगलवार दोपहर तक चलेगी। दोपहर बाद भाव परिवर्तन लेगा। सोना, चांदी, पीतल, कांसा, केशर, जावित्री, कालीमिर्च, सेंधा नमक, जायफल के भावों में तेजी रहेगी। शेयर्स मार्केट मासान्त तक अधिक बिकवाली से औंधे मुंह गिर जायेंगे।

भाद्रपद मास

इस मास में भाद्रपद मास का नवीन चन्द्रदर्शन 28 अगस्त रविवार को कन्या राशि अंतर्गत पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ती है। कन्या राशि के अंतर्गत चन्द्रदर्शन से चौपाये पशुओं के व्यापारियों को हानि उठानी पड़ेगी। उदित समय इसके दोनों शृंग शूल के समान सींग वाला होगा, जिससे प्रत्येक वस्तुओं में तेजी का वातावरण बनेगा। सोना, चांदी, पारा, शीशा, स्टील, आयरन, पीतल में उतार-चढ़ाव रहेगा। मास में मध्यम तेजी की चाल चलेगी। गेहूं, मटर, चना, जौ, बाजरा, मक्का के भाव गिरकर तेजी की ओर रुख करेंगे। ज्वार, अरहर, जौ, चना, मूंग, मोंठ, सरसों का संग्रह कर अगले मास बेचकर अच्छा लाभ ले सकते हैं। यदि मंगलवार के भाव से बुधवार को मंदा हो तो गुरुवार को एक बार बाजार मंदा होकर पुनः तेज होगा। तेल, सोना, चांदी में ऐवरेज में मंदी तथा रुई में घटाबढ़ी से मंदी होगी। मास के मध्य में जूट, तेजपात, सुपारी, नारियल, धनियां, मिर्च,

लौंग, हींग, दालचीनी, गुड़, शक्कर, खांड, खल, चुनी, जौ, चना, चावल, धान, गेहूं, चोकर, शेयर्स, आलू में मंदी रहेगी। अन्य सभी वस्तुओं में उतार-चढ़ाव का रुख रहेगा।

आश्विन मास

इस मास में आश्विन मास का चन्द्रदर्शन 27 सितंबर मंगलवार को चित्रा नक्षत्र के अंतर्गत तुला राशि में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ती है। चन्द्रदर्शन के समय चन्द्रमा के दोनों शृंग बराबर होंगे। जिससे बाजार में घटाबढ़ी के बाद भावों में तेजी के बाद भाव सामान्य हो जायेंगे। इस मास में वर्षा अच्छी होगी। मास में पांच रविवार होने से धान्य के भाव सम रहेंगे। चांदी, रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। चन्द्रदर्शन मंगलवार को होने से गेहूं, जौ, बाजरा, मक्का, चना, ग्वार, तुआर तथा अन्य वायदा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी। रुई में पहले मंदी के बाद तेजी आयेगी। घी, तेल, डालडा, रिफायंड, सोयाबीन, अलसी, सरसों, मूंगफली के भावों में तेजी रहेगी। प्रजा में सुख-समृद्धि की वृद्धि होगी। रविवारी अमावस्या से सभी प्रकार के रस पदार्थों में तेजी आयेगी। चित्रा नक्षत्र से रुई, कपास, ऊन, ऊनी वस्त्रों, मूंग, मसूर, मटर, अरहर, चना, आलू में तेजी रहेगी। गेहूं, जौ, चावल, ग्वारगम, सोना, चांदी, शेयर्स के भावों में मंदी। मासांत में 17 अक्टूबर सोमवार को तुला संक्रांति होने से दक्षिण की पवन चलेगी। धान्यादि सभी वस्तुओं के भाव मंदे रहेंगे। रसीले पदार्थ, घी, किराना वस्तुओं में तेजी।

कार्तिक मास

मास का चन्द्रदर्शन 27 अक्टूबर कार्तिक शु. 2 गुरुवार को विशाखा नक्षत्र, वृश्चिक राशि के अंतर्गत हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ती है। मास में पांच मंगलवार होने से देश में अप्रत्याशित घटनाएं घट सकती हैं। पूर्णिमा भरणी नक्षत्र युक्त होने से शुभ फल कारक है। चन्द्रर्शन वृश्चिक राशि में होने से उदित समय इसकी उत्तरी नोंक ऊंची होने ने प्रत्येक व्यापारिक वस्तुओं में मंदी का रुख रहेगा। सोना, चांदी, तांबा, पीतल, स्टील, कांसा के भावों में घटाबढ़ी से तेजी का रुख रहे। रुई, सूत, शेयर्स, पाट, कपासिया, कपास, पटसन, हैशियन, सूरजमुखी में तेजी। कृषक वर्ग में लाभ की प्राप्ति होगी। उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। विशाखा नक्षत्र के अंतर्गत चन्द्रदर्शन से गेहूं, बाजरा, मूंग, ज्वार, उड़द, गुड़, खाण्ड, सरसों, अलसी में तेजी का रुख रहेगा। गुरुवार से रुई, सूत तथा सूती-रेशमी-ऊनी वस्त्रों, सरसों, अरण्डी, मूंगफली, सोयाबीन, तेल, घी में तेजी रहेगी। सोना, चांदी, खांड, गुड़ में मंदी। आलू में मंदी का झटका।

मार्गशीर्ष मास

मास का नवीन चन्द्रदर्शन 25 नवंबर शुक्रवार, मार्गशीर्ष शुक्ला 2 को ज्येष्ठा नक्षत्र व धनु राशि में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ती रहेगा। चन्द्रदर्शन ज्येष्ठा नक्षत्र में होने से गेहूं, चना, बाजरा, मक्का, मोठ, चावल, आलू में मंदी चलेगी। गुड़, शक्कर में उतार-चढ़ाव रहेगा। धनु राशि से धान्य के भावों में मंदी चलेगी। शुक्रवार में चन्द्रदर्शन से सरसों, तिल, तेल, गेहूं, चावल, उड़द, चना, मटर, अरहर में मंदी। ऊन तथा ऊनी वस्त्रों में मंदी। रुई, चांदी, शेयर्स में घटाबढ़ी के बाद तेजी की चाल निकलेगी। नमक, मोती, माणिक, हीरा, जवाहरात, दालचीनी, गुग्गल, लौंग, इलायची, जायफल, कपूर, ईत्र, पीपरमेन्ट, जावित्री, किराना की वस्तुएं उतार-चढ़ाव के बाद मंदी में रह सकती हैं। व्यापार में उतार-चढ़ाव से व्यापारी वर्ग में परेशानी व बेचैनी के हालात् उत्पन्न हो सकते हैं। अतः व्यापारी वर्ग को स्व-विवेक से बाजार का रुख देखते हुए काम करना चाहिए।

पौष मास

इस मास में पौष मास का चन्द्रदर्शन 25 दिसंबर 2022 रविवार, पौष शुक्ल 2 को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र अंतर्गत मकर राशि में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 45 मुहूर्ती है। उदित समय चन्द्रमा के दोनों शृंग शूल के समान होने से प्रत्येक वस्तुओं में घटाबढ़ी के बाद भाव स्थिर होंगे। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र अंतर्गत चन्द्रदर्शन होने से अफीम, गोला, किशमिश, छुहारे, अखरोट, बादाम, मुनक्का, दालचीनी, जीरा, हल्दी, मिर्च, अजवायन, धनियां, लौंग, सुपारी, गोला, नारियल, मेंथी, अन्य किराना वस्तुओं में मंदी के बाद तेजी रहेगी। घी, तेल, मसूर, मोंठ, मूंग, मटर, अन्य दालों, सोना, चांदी, आयरन, जिंक, कॉपर, पीतल, स्टील के भावों में मंदी उपरांत मासांत तक तेजी बनेगी। घोड़ा, खच्चर, गधा, अन्य चौपाये पशुओं में मंदी। सोना, चांदी, तेल में मंदी। रुई, कपास, चावल में घटाबढ़ी चलकर मंदी। मंदी में जिन्सों का स्टॉक कर आगे लाभ प्राप्त कर सकते हैं। किसी वस्तु में यदि गुरुवार को तेजी होकर शुक्रवार को 12 बजे बाद मंदी आती है, तो उस वस्तु में शनिवार को तेजी अवश्य आयेगी।

माघ मास

माघ मास का नवीन चन्द्रदर्शन 23 जनवरी 2023 सोमवार, माघ शुक्ल 2, धनिष्ठा नक्षत्र अंतर्गत कुंभ राशि में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ती है। चन्द्रदर्शन के समय इसकी दोनों शृंग समान होने से प्रत्येक वस्तु में उतार-चढ़ाव के बाद भाव सम होंगे। सोमवार को चन्द्रदर्शन से वस्त्र, रुई, सूत, सोना, रंग में तेजी। चांदी में घटाबढ़ी से मंदी रहेगी। गेहूं, जौ, चना, मक्का, बाजरा, चावल में मंदी। धनिष्ठा नक्षत्र के अंतर्गत चन्द्रदर्शन से सोना, चांदी आदि धातुओं में तेजी रहेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई में मंदी। अन्न में मास के मध्य में उतार-चढ़ाव रहेगा। आलू में तेजी के बाद मंदी रहेगी। सोना, चांदी, गोला, मिश्री, खाण्ड, शक्कर, गुड़, उड़द, मूंग, मसूर, मौंठ में मंदी रहेगी। पांच रविवार नेष्टप्रद एवं शुभ फलप्रद है। कुंभ की संक्रांति सोमवारी होने से दक्षिण की वायु चले। धान्यादि, सभी वस्तुओं के भावों में मंदी का रुख रहेगा। रसकस, रसीली वस्तुओं, हींग, जीरा, हल्दी, धनियां, सौंफ, मिर्च, अन्य किराने की वस्तुओं में तेजी रहेगी। लोक-महाजन में प्रसन्नता होगी।

फाल्गुन मास

फाल्गुन मास का नवीन चन्द्रदर्शन 21 फरवरी 2023 मंगलवार को शतभिषा नक्षत्र अंतर्गत मीन राशि में हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन 30 मुहूर्ती है। मास में पांच मंगलवार होने से देश व प्रदेशों में लड़ाई-झगड़े, प्रदर्शन, आंदोलन, अग्निकांड आदि का जोर रहेगा। चन्द्रदर्शन मंगलवार को होने से गेहूं, जौ, बाजरा, ग्वार, मक्का तथा अन्य वायदा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का रुख रहेगा। रुई में पहले मंदी, उसके बाद तेजी का रुख बनेगा। सोना, चांदी, हीरा, पन्ना, मोती, आभूषणों में घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। गुड़, सरसों, तिल, तेल, सोयाबीन, मूंगफली में तेजी बनेगी। शतभिषा नक्षत्र से ऊन, ऊनी वस्त्रों में मंदी। रुई, कपास, गुड़ में तेजी चलेगी। मीन राशिगत चन्द्रदर्शन से रुई में मास के मध्य मंदी पश्चात् तेजी का रुख बनेगा। सभी प्रकार के अनाजों में मंदी रहेगी। यदि किसी मंगलवार को किसी वस्तु में तेजी हो तो वह बुधवार दोपहर तक चलेगी। इसके बाद मंदी बनेगी।

चन्द्रदर्शन व शृंगोन्नत फल ! मास के अंतर्गत प्राप्त होता है। यह तेजी-मंदी ग्रह-चाल-नक्षत्र-वार के अनुसार लिखा गया है। बाजार रुख राजनैतिक चाल पर भी निर्भर रहता है। अतः सावधानी अति आवश्यक है। व्यापारी गण बाजार रुख देखकर भी कार्य करें, तो लाभ मिले। विशेष तेजी-मंदी के लिए प्रत्येक मास का प्रत्येक जिन्स का चांस मंगाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। एक वस्तु एक मास 500/-, एक वस्तु अर्द्धवार्षिक 3000/-रु. व एक वस्तु एक वर्ष 6000/-रु. एवं डाक खर्च 50/-रु. पृथक है।

सुनील कुमार अनिल कुमार व्यास
श्री अम्बा ज्योतिष पीठ (रजि.),
राया (मथुरा), उ.प्र.-281204
सम्पर्क सूत्र-9719822007, 9720686322

सन् 2022-23 में शेयर्स बाजार की दशा-दिशा-धारणा

लेखक-
पं. टुनटुन शास्त्री

शेयर बाजार के रग-रग में सट्टावृति एवं इनकी धारणा में सदैव जोखिम की आशंका बनी रहती है। यह अर्थव्यवस्था की उस राष्ट्र की आर्थिक हालातों की माप भी होती है। कोरोना वायरस के प्रकोप से विश्व अर्थव्यवस्था की रफ्तार में भी काफी प्रभाव पड़ा है। इसके कुप्रभाव की धारणा भविष्य में क्या होगी? यह संभावनाएं अभी भविष्य के गर्भ में छिपी हुई हैं। गत् दिनों कोविड-19 की सेकेण्ड वेव के अंत तक जापान की ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने संभावना व्यक्त की है कि भारत में इस महामारी की दूसरी लहर आर्थिक नहीं बल्कि मानवीय संकट है। और इसका सबसे बुरा दौर बीतने का अनुमान है। नोमुरा ने अपनी रिपोर्ट में संभावना व्यक्त की है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान वृद्धि दर इसका फसल गत साल की तुलना में बहुत कम होगा। मार्च तिमाही की तुलना में जून तिमाही में अर्थव्यवस्था में केवल 3.8 प्रतिशत संकुचन होगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि लॉकडाउन इस बार अधिक बारीक है। और इसमें उपभोक्ताओं और व्यवसायियों का ध्यान रखा गया है। वर्तमान में टीकाकरण की गति थोड़ी धीमी है। जुलाई के बाद इसकी गति बढ़ेगी। सन् 2021 के अंत तक 75 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण पूरा हो सकता है। और तीसरी तिमाही में घरेलू खपत में इजाफा होगा। 2021-22 के लिए अपने 10.8 प्रतिशत जी.डी.पी. वृद्धि का अनुमान को बरकरार रखता है।

जनवरी 2022-यह मास शनिवार ज्येष्ठा नक्षत्र, वृश्चिक राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य-शुक्र की युति धनु में, बुध-शनि की मकर में, गुरु कुंभ में, राहु वृष में, केतु-मंगल वृश्चिक में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 14 को सूर्य बुध-शनि के साथ प्रतियुति करेगा। इसी तारीख को बुध वक्री होगा। ता. 16 को मंगल धनु राशि में प्रवेश कर शुक्र के साथ युति करेगा। मास के प्रारंभ में बुध उदित अवस्था में चलते हुए ता. 17 को पश्चिम में अस्त होंगे। ता. 29 को यह पूर्व में उदय हो जायेंगे। फलत: मास के प्रारंभ में कुछ अनहोनी घटनाचक्र या बाजार से संबंधित प्रतिकूल अफवाहों के कारण अधिकांश ब्लूचिप सेक्टरों के शेयरों में बार-बारी से बिकवाली स्थिति बन सकती है। जिससे ता. 3 से 7 तक बाजार की धारणा भारी मंदी की ओर संकेत दे रही है। ता. 10 से 12 तक इस्पात, पावर, विद्युत, रियल इस्टेट, भारी इंजीनियरिंग, सोना, चांदी, कॉपर, सीमेन्ट, ऑटो मोबाईल कंपनियों के शेयरों में दबाव की स्थिति बनने से सूचकांक में गिरावट आ सकती है। ता. 13 से 14 तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में व्यापक समर्थन मिल सकता है। ता. 17 से 21 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो विद्युत, पावर, पेट्रोरसायन, गैस, धातुओं के साथ-साथ सीमेन्ट, रियल इस्टेट, होटल, ट्यूरिज्म, शुगर, चाय, शराब, सिगरेट कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 24 से 25 तक ब्लूचिप अधिकांश सेक्टरों के शेयरों में समर्थन मिल सकता है। ता. 26 से 28 तक कोई अप्रिय घटनाचक्र या अन्य कारणों से साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में घटबढ़ जारी रह सकती है। जिससे धारणा मंदी की ओर रहनी चाहिए। ता. 31 को बिकवाली की आशंका प्रतीत हो रही है।

फरवरी-यह मास मंगलवार, श्रवण नक्षत्र, मकर राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य-बुध-शनि मकर राशि में, गुरु कुंभ में, शुक्र-मंगल धनु राशि में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 4 को बुध मार्गी, ता. 12 को सूर्य कुंभ राशि में प्रवेश कर गुरु के साथ युति करेगा। ता. 26 को मंगल मकर राशि में प्रवेश कर बुध-शनि के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 27 को यह मंगल-बुध-शनि के साथ प्रतियुति करेगा। मास के प्रारंभ में बुध उदित अवस्था में चलेंगे। ता. 19 को शनि पश्चिम में अस्त होंगे। फलत: मासारंभ में प्राकृतिक उत्पात या युद्ध की आशंका के काले बादल मंडराते रहेंगे। इन आशंकाओं के बीच बाजार की धारणा अस्थिर और अशांत वातावरण में चलना चाहिए। ता. 1 से 4 तक ब्लूचिप विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली की आशंका से बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ता. 7 से 8 व्यापक घटबढ़, धारणा अस्थिरता की ओर। ता. 9 से 11 स्थितियां सामान्य रही तो साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो ता. 14 से 18 तक विद्युत, पावर, पेट्रोरसायन, ऑटोमोबाईल, सीमेन्ट, ईस्पात, फार्मा एव वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिलने से शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्य जनक सुधार संभावित है। ता. 21 से 22 तक घटबढ़, धारणा कुछ सुधार की ओर होनी चाहिए। ता. 23 से 25 तक अचानक ऑटोमोबाईल, सीमेन्ट, ईस्पात, भारी इंजीनियरिंग, पेट्रोरसायन कंपनियों के शेयरों में व्यापक घटबढ़, धारणा मंदी ओर भी जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो ता. 28 को सामान्य से भारी मंदी की धारणा।

मार्च-यह मास मंगलवार, धनिष्ठा नक्षत्र, मकर राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-गुरु की युति कुभ में, राहु वृष में मंगल-बुध-शुक्र-शनि की प्रतियुति मकर में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 6 को बुध-सूर्य-गुरु के साथ प्रतियुति करेंगे। ता. 14 को सूर्य मीन में, ता. 24 को बुध सूर्य के साथ युति करेगा। ता. 31 को शुक्र कुंभ में प्रवेश कर गुरु के साथ युति करेगा। मास के प्रारंभ में बुध उदित अवस्था में चलते हुए ता. 21 को पूर्व में अस्त हो जायेंगे। फलत: मासारंभ में कोई अनहोनी घटना चक्र या वित्तीय संस्थाओं में कोई अप्रिय घटना के कारण विदेशी निवेशकों के साथ-साथ संस्थागत निवेशकों की अचानक बिकवाली तेज हो सकती है। जिससे ता. 1 से 4 तक ईस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, छोटे-बड़े वाहन, रियल इस्टेट, सीमेन्ट, विद्युत, पावर, पेट्रोरसायन कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली की आशंका अधिक प्रतीत हो रही है। ता. 7 को घटबढ़। ता. 8 से 11 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में सामान्य से भारी समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो ता. 14 से 18 तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों में समर्थन मिलने से सूचकांक में सुधार जारी रह सकता है। ता. 21 को सुधार। ता. 22 को व्यापक घटबढ़। ता. 23 से 25 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में सामान्य समर्थन मिल सकता है। ता. 28 से 31 तक ब्लूचिप अधिकांश सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली की हालात बनने से बाजार आंधी की तरह गिर सकते हैं। अत: सावधानी अपेक्षित है।

अप्रैल-यह मास शुक्रवार, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, मीन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध मीन में, मंगल-शुक्र-शनि मकर में, गुरु कुंभ में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 7 को मंगल कुंभ में प्रवेश कर शुक्र के साथ युति करेगा। ता. 8 को बुध मेष में, ता. 13 को गुरु मीन में, ता. 14 को सूर्य-बुध राहु के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 24 को बुध वृष में, ता. 27 को शुक्र मीन में प्रवेश कर गुरु के साथ युति करेगा। ता. 29 को शनि कुंभ में प्रवेश कर मंगल के साथ युति करेगा। मास के प्रारंभ में बुध अस्त अवस्था में चलकर ता. 15 को पश्चिम में उदय होंगे। फलत: मासारंभ में व्यापक घटबढ़ चलती रहेगी। ता. 4 को घटबढ़। ता. 5 से 8 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों को छोड़कर अन्य सेक्टरों में सामान्य समर्थन मिल सकता है। ता. 11 से 15 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ईस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, पावर, विद्युत, पेट्रोरसायन, रियल इस्टेट, सोना, चांदी, कॉपर, होटल, ट्यूरिज्म, शुगर, टेक्सटाईल्स कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है। ता. 18 को घटबढ़। ता. 19

से 22 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप, स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में घटबढ़ पूर्ण सुधार जारी रह सकता है। हालांकि अस्थिरता का पलड़ा भारी महसूस हो रहा है। ता. 25 से 29 तक अधिकांश सेक्टरों के ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली की हालात बनने से शेयर बाजार के सूचकांक में भारी गिरावट की आशंका अधिक प्रतीत हो रही है। ऐसे तो इस संवेदनशील बाजार में कब क्या धारणा बज जाय? यह संभावनाएं भविष्य के गर्भ में छुपी रहती है।

मई–यह मास रविवार, भरणी नक्षत्र, वृष राशि में प्रारंभ हो रहा है। ता. 15 को सूर्य वृष राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेंगे। ता. 17 को मंगल जलीय राशि मीन में प्रवेश कर गुरु-शुक्र के साथ प्रतियुति करेंगे। ता. 23 को शुक्र मंगल की राशि मेष में प्रवेश कर राहु के साथ युति करेंगे। मास के प्रारंभ में बुध उदित अवस्था में चलते हुए ता. 10 को वक्री होंगे। ता. 13 वक्र अवस्था में ही पश्चिम में अस्त हो जायेंगे। ता. 31 को बुध पूर्व में उदय होंगे। फलतः मासारंभ में ता. 2 से 6 तक स्थितिया सामान्य रहीं तो दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्राद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरो में सामान्य से भारी समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो ता. 9 से 13 तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों के साथ-साथ विद्युत, पावर, गैस, पेट्रोरसायन, सोना, चांदी, कॉपर के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 16 को घटबढ़। ता. 17 से 20 तक कोई अप्रिय घटना चक्र के कारण साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ता. 23 से 27 तक राजनैतिक घटना चक्र, प्राकृतिक उत्पात एवं युद्ध की आशंकाओं से अधिकांश ब्लूचिप विशेषकर साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर जाएं तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।। इस समय विश्व के तमाम विकाशशील राष्ट्रों के स्टॉक मार्केट में भी एक ठहराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ता. 30 से 31 तक अचानक ईस्पात, ऑटोमोबाईल, भारी इंजीनियरिंग, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है।

जून–यह मास बुधवार, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में बुध उदित अवस्था में ता. 3 को मार्गी होंगे। ता. 4 को शनि वक्री, ता. 15 को सूर्य मिथुन राशि में तथा ता. 18 को शुक्र वृष राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेंगे। ता. 27 को मंगल अश्विनी नक्षत्र मेष राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति करेंगे। फलतः मासारंभ में सब कुछ सामान्य रहा तो ता. 1 से 3 तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो ता. 6 से 10 तक ईस्पात, सीमेन्ट, पावर, विद्युत, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 13 से 15 तक अस्थिर सुधार। ता. 16 से 17 तक अचानक बिकवाली से बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ता. 20 से 24 तक ब्लूचिप अधिकांश सेक्टरों के शेयरों में व्यापक घटबढ़ जारी रह सकती है। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। जिससे अधिकतर अहितकर भी हो सकते हैं। अतः बाजार की दशा-दिशा-धारणा देखते हुए काम करें। शेयर बाजार एक संवेदनशील बाजार है। अतः इसमें अटकल बाजी का खेल सर्वथा हानिप्रद होता है। ता. 27 से 30 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ऑटोमोबाईल, सीमेन्ट, ईस्पात, साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में सामान्य समर्थन मिल सकता है। फिर भी धारणा देखकर काम करें।

जुलाई–यह मास शुक्रवार, पुष्य नक्षत्र, उत्पात नामयोग, कर्क राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में ता. 2 को बुध मिथुन में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति करेगा। ता. 12 को शनि मकर में, ता. 13 को शुक्र सूर्य-बुध के साथ प्रतियुति करेगा। ता. 16 को सूर्य कर्क में, इसी तारीख को बुध सूर्य के साथ युति करेगा। ता. 29 को गुरु वक्री तथा ता. 31 को बुध मघा नक्षत्र, सिंह राशि में प्रवेश करेगा। मास के प्रारंभ में बुध उदित अवस्था में चलते हुए ता. 5 को पूर्व में अस्त होंगे। ता. 28 को बुध पश्चिम में उदय होंगे। फलतः मास के प्रारंभ में ता. 1 को अधिकांश सेक्टरों में समर्थन से सुधार। यदि ऐसा होता है तो ता. 4 से 8 तक ईस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, पावर, विद्युत, सोना, चांदी, कॉपर पर आधारित उद्योगों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 11 से 13 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार। जबकि ता. 14 से 15 तक अचानक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में अचानक बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकते हैं। ता. 18 से 22 तक विशेषकर वित्तीय संस्थाओं, फार्मा, रियल इस्टेट, सोना, चांदी, कॉपर, होटल, लॉज, ट्यूरिज्म, पेट्रोरसायन सेक्टरों में बिकवाली की आशंका अधिक प्रतीत हो रही है। ता. 25 से 29 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ऑटोमोबाईल, छोटे-बड़े वाहन, टेक्सटाईल्स, शुगर, पेट्रोरसायन, विद्युत, पावर, सीमेन्ट, सिगरेट, शराब के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है।

अगस्त–यह मास सोमवार, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, कन्या राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य कर्क राशि में, ता. 6 शुक्र सूर्य के साथ युति करेगा। ता. 10 को मंगल वृष में प्रवेश करेगा। ता. 17 को सूर्य अपनी राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेंगे। ता. 20 को बुध कन्या में प्रवेश करेंगे। ता. 31 को शुक्र सूर्य के साथ युति करेंगे। मास के प्रारंभ में बुध पश्चिम में उदित अवस्था में चलते रहेंगे। फलतः मास में मौसम का उपद्रव हो सकता है। सूर्य-शुक्र की युति से भविष्य में भारत शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनेगा। मास के प्रारंभ में ता. 1 से 5 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा, बैंक, ऑटोमोबाईल, भारी इंजीनियरिंग, ईस्पात, सीमेन्ट कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 8 से 10 तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों में घटबढ़, पूर्ण सुधार। ता. 11 से 12 तक अचानक ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली से बाजार आंधी के आम का तरह गिर सकते हैं। ता. 15 से 18 तक प्रतिकूल अफवाहों से बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रह सकती है। ता. 19 को नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप-स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में कुछ समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो ता. 22 को घटबढ़। ता. 23 से 26 तक दूरसंचार, मीडिया, फार्मा, बैंक, विद्युत, पावर, सोना, चांदी, कॉपर, ईस्पात, सीमेन्ट, रियल इस्टेट, होटल, ट्यूरिज्म के शेयरों में सुधार। ता. 29 से 31 तक शुगर, चाय, कॉफी, सिगरेट, शराब, टेक्सटाईल्स, पावर, विद्युत, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में सामान्य से भारी समर्थन मिल सकता है।

सितम्बर–यह मास गुरुवार, स्वाती नक्षत्र, तुला राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-शुक्र की युति सिंह में, ता. 10 को बुध वक्री, ता. 17 को सूर्य बुध के साथ युति करेगा। ता. 24 को शुक्र सूर्य-बुध के साथ प्रतियुति करेगा। मासारंभ में बुध उदित अवस्था में वक्र चाल चलते हुए ता. 16 को पश्चिम में अस्त होंगे। ता. 30 को बुध पुनः पूर्व में उदय हो जायेंगे। फलतः मासारंभ में कोई अनहोनी घटना चक्र से बाजार में स्थिरता का अभाव रहेगा। ता. 1 से 2 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 5 से 7 तक अधिकांश सेक्टरों के शेयरों में घटबढ़, धारणा अस्थिरता की ओर जा सकती है। ता. 8 से 9 तक अचानक बिकवाली से अधिकांश ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। अतः सावधानी अपेक्षित है। ता. 12 से 14 तक अस्थिरता का पलड़ा भारी महसूस हो रहा है। ता. 15 से 16 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के साथ-साथ ऑटोमोबाईल, सीमेन्ट, ईस्पात, विद्युत, पावर एवं धातुओं के शेयरों में सामान्य से भारी समर्थन मिल सकता है। ता. 19 को घटबढ़। ता. 20 से 23 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो छोटे-बड़े वाहन, भारी इंजीनियरिंग, विद्युत, पावर, पेट्रोरसायन, साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना एवं प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 26 से 28 तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों में समर्थन की संभावना अधिक प्रतीत हो रही हैं। ता. 29 से 30 तक व्यापक घटबढ़, धारणा अस्थिरता की ओर रहनी चाहिए।

अक्टूबर–यह मास शनिवार, ज्येष्ठा नक्षत्र, धनु राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति कन्या में, शनि मकर में, गुरु मीन में, राहु मेष में, मंगल वृष राशि में भ्रमणशील रहेंगे। मासारंभ में बुध उदित अवस्था में चलते हुए ता. 2 को मार्गी होंगे। ता. 20 को मार्गी अवस्था में ही पूर्व में अस्त हो जायेंगे। ता. 16 को मंगल मिथुन में, ता. 17 को सूर्य तुला में, ता. 18 को शुक्र सूर्य के साथ युति करेंगे। ता. 23 को शनि मार्गी होंगे। ता. 26 को बुध-सूर्य शुक्र के साथ प्रतियुति करेंगे। ता. 31 को मंगल वक्री होंगे। फलतः मास के प्रारंभ में ता. 3 से 7 तक गलत अफवाह या अंतर्राष्ट्रीय हालातों के कारण विश्व के अधिकांश बाजारों में अचानक खामोशी तबाही का मंजर उत्पन्न कर सकता है। ता. 10 से 12 तक मंदी की लम्बी लाईन चल सकती है। ता. 13 से 14 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में सामान्य से भारी सुधार की संभावना बन सकती है। ता. 17 से 21 तक साफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, विद्युत, पावर, फार्मा, बैंक तथा धातुओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 24 से 26 तक सामान्य सुधार। ता. 27 से 28 तक घटबढ़। ता. 31 को व्यापक मंदी की धारणा।

नवम्बर–यह मास मंगलवार, श्रवण नक्षत्र, मकर राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य, बुध, शुक्र, केतु की प्रतियुति होने के साथ-साथ ता. 11 को शुक्र वृश्चिक में, ता. 13 को मंगल वृष में, इसी तारीख को बुध शुक्र के साथ युति करेगा। ता. 16 को सूर्य-बुध शुक्र के साथ प्रतियुति करेंगे। ता. 24 को गुरु मार्गी होंगे। मासारंभ में बुध अस्त अवस्था में चलते रहेंगे। फलतः इस ग्रह संयोग के कारण बाजार में अस्थिरता का पलड़ा भारी रहेगा। विदेशी निवेश कम होगी तथा विदेशी निवेशकों के बिकवाली से सूचकांक में गिरावट की आशंका अधिक प्रतीत हो रही है। ता. 1 से 4 तक ब्लूचिप विशेषकर साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बिकवाली का सिलसिला जारी रह सकता है। ता. 7 से 8 तक व्यापक घटबढ़, धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता. 9 से 11 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ईस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, पेट्रोरसायन, पावर, विद्युत एवं धातुओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 14 से 18 तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों में विदेशी निवेशकों के साथ-साथ संस्थागत निवेशकों के समर्थन से सूचकांक में सुधार संभावित है। ता. 21 से 22 तक सामान्य सुधार। ता. 23 से 25 तक व्यापक घटबढ़। ता. 28 से 30 तक अधिकांश ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से गिरावट बन सकती है।

दिसम्बर–यह मास गुरुवार, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र, मीन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति वृश्चिक में होने के साथ ही ता. 3 को बुध धनु में, ता. 5 को शुक्र बुध के साथ युति करेंगे। ता. 16 को सूर्य-शुक्र बुध के साथ प्रतियुति करेंगे। ता. 27 को बुध मकर में प्रवेश कर शनि के साथ युति, ता. 29 को शुक्र-बुध शनि के साथ प्रतियुति करेंगे। मास के प्रारंभ में बुध अस्त अवस्था में चलते हुए ता. 2 को पश्चिम में उदय होंगे। फलतः मासारंभ में ता. 1 से 2 तक व्यापक घटबढ़। ता. 5 से 6 तक घटबढ़। ता. 7 से 9 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, बैंक, विद्युत, सोना, चांदी, कॉपर पर आधारित उद्योगों के शेयरों में समर्थन मिल सकता है। ता. 12 से 16 तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरो मे बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 19 सुधार। ता. 20 से 23 तक घटबढ़ जारी। ता. 26 से 30 तक ब्लूचिप अन्य सेक्टरों के शेयरों में राजनैतिक घटना चक्र या युद्ध की आशंका, प्राकृतिक उत्पात के कारण बाजार में भारी बिकवाली की आशंका अधिक प्रतीत हो रही है।

जनवरी 2023–यह मास रविवार, अश्विनी नक्षत्र, सिद्धिनाम योग, मेष राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य धनु में, बुध-शुक्र-शनि मकर में, गुरु मीन में, मंगल वृष में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 13 को मंगल मार्गी होंगे। ता. 14 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर शुक्र के साथ युति करेंगे। ता. 17 को शनि कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। ता. 18 को बुध मार्गी होंगे। ता. 22 को शुक्र शनि के साथ युति करेंगे। मासारंभ में बुध ता. 1 को पश्चिम में अस्त हो जायेंगे। ता. 13 को बुध पूर्व में उदय होंगे। फलतः ता. 2 को घटबढ़। ता. 3 से 6 तक स्थितिया सामान्य रहीं तो ईस्पात, सीमेन्ट, रियल इस्टेट, ऑटोमोबाईल, भारी इंजीनियरिंग, विद्युत, पावर तथा धातुओं के शेयरों में सामान्य समर्थन मिल सकता है। ता. 9 को घटबढ़। ता. 10 से 13 तक ब्लूचिप उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 16 को सुधार। ता. 17 से 20 तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, बैंकों के शेयरों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 23 से 27 तक उपरोक्त सेक्टरों, ब्लूचिप कंपनियों के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली की स्थिति बन सकती है। ता. 30 से 31 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप-स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरो में समर्थन मिल सकता है। फिर भी धारणा देखकर काम करें।

फरवरी–यह मास बुधवार, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य मकर में, शनि-शुक्र कुंभ में, गुरु मीन में, मंगल वृष में, केतु तुला में, बुध धनु राशि में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 6 को बुध सूर्य के साथ युति करेगा। ता. 13 को सूर्य कुंभ राशि में प्रवेश कर शनि के साथ युति तथा शुक्र के साथ प्रतियुति करेंगे। ता. 15 को शुक्र गुरु के साथ युति करेंगे। ता. 27 को बुध-सूर्य शनि के साथ प्रतियुति करेंगे। मासारंभ में बुध उदित अवस्था में रहेंगे। फलतः ता. 1 से 3 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो सुधार संभावित है। ता. 6 से 10 तक दूरसंचार, मीडिया, सूचना प्रोद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में समर्थन मिल सकता है। ता. 13 को घटबढ़। ता. 14 से 17 तक अधिकांश सेक्टरों के शेयरों में घटबढ़ जारी रह सकती है। जिससे बाजार में स्थिरता का अभाव दिखेगा। ता. 20 से 24 तक कई अनहोनी घटना चक्र अथवा सरकार की दिशा-निर्देशों के कारण अचानक बिकवाली लम्बी लाईन में चल सकती है। जबकि ता. 27 से 28 तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप-स्मॉलकैप श्रेणी के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। जिससे शेयर बाजार के सूचकांक में आश्चर्य जनक तरीकों से ग्राफ ऊपर उठना चाहिए।

मार्च–यह मास बुधवार, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध-शनि कुंभ में, गुरु-शुक्र मीन में भ्रमणशील रहेंगे। ता. 11 को मेष में शुक्र प्रवेश कर राहु के साथ युति करेंगे। ता. 12 को मंगल मिथुन में प्रवेश करेंगे। ता. 14 को सूर्य मीन राशि में प्रवेश कर गुरु के साथ युति करेंगे। ता. 16 को बुध-सूर्य गुरु के साथ प्रतियुति, ता. 31 को बुध-शुक्र राहु के साथ प्रतियुति करेंगे। मासारंभ में ता. 1 को बुध पूर्व में अस्त हो जायेंगे। ता. 30 को बुध पश्चिम में उदय हो जायेंगे। फलतः ता. 1 से 3 तक सामान्य सुधार की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. 6 से 10 तक स्थितियां सामान्य रहीं तो ईस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, टेक्सटाईल्स, शुगर, पावर, विद्युत तथा धातुओ के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। ता. 13 से 17 तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में घटबढ़ जारी रहेगी। जिसमें स्थिरता की अभाव रहेगा। ता. 20 से 24 तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों में बिकवाली की लम्बी लाईन चल सकती है। ता. 27 से 31 तक ईस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, पावर, विद्युत तथा धातुओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है।

लेखक-प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. दुनदुन शास्त्री
ग्राम-करौन्दी, पोस्ट-सराव (नटवार), जिला-रोहतास -802218
मो.-9801873719 (Whatsapp), 9431486216

सन् 2022-23 में व्यापारिक जिन्स धातुओं की दशा-दिशा-धारणा

लेखक-
पं. टुनटुन शास्त्री

व्यापार एक सामान्य गणित प्रक्रिया है, जिसमें सफलता प्राप्त करने के लिए एक योजना है। जिसे चरणबद्ध ढंग से सुनियोजित तरीकों से पूरा किया जाता है। समय रहते इसमें उपर्युक्त ढंग से निवेश किया जाए तो सफलता अवश्य ही मिलेगी।

जनवरी 2022—यह मास शनिवार, पौष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, ज्येष्ठा नक्षत्र, धनु राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में बुध-सूर्य की युति धनु में, शनि-शुक्र की युति मकर में, गुरु कुंभ में, राहु वृष में, मंगल-केतु वृश्चिक में भ्रमणशील रहेंगे। जिससे मास के प्रारंभ में रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकल, ईस्पात में घटबढ़ पूर्ण सुधार। जबकि गेहूं, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, मंडुआ, चावल आदि अनाजों में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी। ता. 6 को शुक्र पश्चिम में अस्त होने से दूध पाउडर, घृत, गुड़, खाण्ड में सुधार। रुई, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना तथा सोना, चांदी, तिल, कॉपर, गमग्वार, चावल में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 12 को शुक्र पूर्व में उदय होने से रुई, कपास, कॉटन के भावों में सुधार। सिल्वर में घटबढ़। अनाजों मे एक मास तक मंदी की धारणा चलकर बाद में सुधार होता है। सोना, कॉपर, पीतल, हींग, पारा, केशर में मंदी। ता. 14 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर बुध-शनि के साथ प्रतियुति करेंगे। जिससे घृत, दूध पाउडर, समस्त तेल-तेलवाना, गुड़, खाण्ड, चीनी, चाय, कॉफी, किशमिश, छुहारा, रुई, कपास, कॉटन, कालीमिर्च, लालमिर्च, हल्दी, जीरा, धनियां, जायफल, दालचीनी में कुछ तेजी की धारणा बन सकती है। जबकि सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, गेहूं, जौ, चना, तुअर आदि में घटबढ़, धारणा अस्थिरता की ओर जा सकती है। ता. 16 को मंगल धनु राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना में अस्थिर सुधार। जबकि सोना, चांदी, कॉपर, सरसों, सोयाबीन, घृत, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, गमग्वार, हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च, धनियां, जीरा, लौंग, इलायची, ईमली, आमचूर में तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 29 को शुक्र मार्गी होने से मासान्त तक रुई में घटबढ़, धारणा मंदी की ओर जा सकती है। जबकि सोना, चांदी, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी में तेजी। चावल, गुड़, खाण्ड, घृत का संग्रह भविष्य में लाभकारी हो सकते हैं।

फरवरी—यह मास मंगलवार, माघ कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि, श्रवण नक्षत्र, मकर राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में पंचक प्रारंभ हो रही हैं। मासारंभ में सूर्य-बुध-शनि की प्रतियुति मकर में तथा मंगल-शुक्र की युति धनु राशि में होने से सोना, कॉपर, हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च, जायफल, लौंग, ईलायची, गेहूं, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, गमग्वार, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना में तेजी। ता. 4 को बुध मार्गी होने से अचानक चलते रुखों में परिवर्तन हो सकते हैं। रुई, सिल्वर में घटबढ़ पूर्ण सुधार। एक सप्ताह के अंदर गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, मसूर, मटर, लालमिर्च, हल्दी, जायफल, दालचीनी, मेंथी, गमग्वार, ईमली, आमचूर, मजीठ, सोना, कॉपर में तेजी की धारणा। जबकि अधिकांश तेल-तेलहन, गुड़, खांड, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित वस्तुओं में मंदी की धारणा। ता. 12 को सूर्य शत्रु शनि की राशि कुंभ में प्रवेश तथा गुरु के साथ युति होने से चावल, रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, पोस्ता, मखाना, काजू, इसबगोल, अन्य सफेद जिन्स, लवण, दूध पाउडर, घृत, उड़द, मूंग, मोंठ, तिल, कुछ तेल-तेलवाना में अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। परन्तु इस ग्रह संयोग में गुरु के साथ युति होने से इसमें मंदी की जगह तेजी की धारणा बन सकती है। जबकि गुड़, खांड, चीनी, किशमिश, छुआरा एवं किराना की कुछ जिन्सों में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 26 को मंगल अपनी ऊंच्च राशि मकर में प्रवेश कर शनि, बुध के साथ प्रतियुति करेंगे। ता. 27 को शुक्र भी मकर राशि में प्रवेश करेंगे। अर्थात् मंगल-शुक्र-शनि की प्रतियुति होने से अचानक सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, ग्वारसीड, हल्दी, धनियां, जीरा, लालमिर्च, कालीमिर्च, लौंग, ईलायची, दालचीनी, गुड़, खांड, किशमिश, छुहारा, घृत एवं डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, ऊनी-रेशमी वस्त्रों में तेजी की धारणा मासांत तक चल सकती है।

मार्च—यह मास मंगलवार, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14, धनिष्ठा नक्षत्र, कुंभ राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में पंचक भी प्रारंभ हो रही हैं। जिससे गैर बासमती चावल, स्वाक में तेजी जबकि सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, रुई, कपास, कॉटन में अस्थिरता पूर्ण धारणा बन सकती है। ता. 6 को बुध कुंभ राशि में प्रवेश कर सूर्य, गुरु के साथ प्रतियुति करेंगे। जिससे व्यापार जगत में कुछ अलोकप्रिय निर्णयों के कारण आयात-निर्यात भी प्रभावित हो सकता है। फिर भी ग्रह संयोगानुसार सिल्वर, रुई, कपास, कॉटन में घटबढ़ जारी रह सकती है। दूध पाउडर, घृत, कुछ तेल-तेलवाना, गुड़, खांड में तेजी तथा किराना जिन्सों के साथ-साथ अनाजों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 14 को सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे समस्त तेल-तेलवाना, गुड़, खांड, चीनी, चाय, कॉफी, किशमिश, छुहारा, अखरोट, बादाम, मखाना, काजू, रुई, सोना, कॉपर, चना, तुअर, उड़द, चावल आदि अनाजों में तेजी। जबकि सिल्वर में मंदी की धारणा बन सकती है। गमग्वार, किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 24 को बुध सूर्य के साथ युति होने से रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, गुड़, खांड, चीनी में कुछ मंदी बन सकती है। जबकि सोना, चांदी, कॉपर, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च, गमग्वार में घटबढ़। ता. 30 को शुक्र कुंभ राशि में प्रवेश कर गुरु के साथ युति करेंगे। जिससे रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, पोस्ता, मखाना, सिंघारा, सिल्वर, जिंक, निकल, गुड़, खांड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा तथा स्वेत जिन्स-धातुओं में मंदी की धारणा बन सकती है। जबकि सोना, कॉपर, गमग्वार एवं किराना की प्रमुख जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकती है। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। अतः सावधानी अपेक्षित है।

अप्रैल—यह मास शुक्रवार, चैत्र कृष्ण पक्ष 30, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र, मीन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य-बुध की युति मीन में, मंगल-शनि की युति मकर में तथा गुरु-शुक्र की युति कुंभ राशि में होने से लालमिर्च, कुसुम्भा, मजीठ, केशर, रक्त चंदन, मेंथी, गमग्वार, लवण, दालचीनी, जायफल, जावित्री के साथ-साथ लालवर्ण की जिन्सों में तेजी। गुड़, खांड, तेल-तेलवाना, घृत, सिल्वर में कुछ मंदी। ता. 7 को मंगल कुंभ राशि में प्रवेश कर गुरु-शुक्र के साथ प्रतियुति होने से रुई, कपास, कॉटन, सिल्वर, जिंक, निकल, पोस्ता, मखाना, काजू, अखरोट, बादाम में व्यापक घटबढ़। गेहूं, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा, मंडुआ आदि अनाजों के साथ-साथ गुड़, खांड, किशमिश, छुहारा, मुनक्का, सोना, कॉपर, गमग्वार, हल्दी, लालमिर्च, मेंथी में तेजी की धारणा। ता. 8 को बुध मेष राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे गेहूं, ज्वार, बाजरा, मंडुआ, जौ, चना, तुअर, उड़द, मसूर, अलसी में तेजी। जबकि दूध, घृत, गुड़, खांड, शक्कर, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, अन्य तेल-तेलवाना में मंदी की धारणा। सोना, कॉपर एवं किराना जिन्सों में घटबढ़। सिल्वर में व्यापक मंदी की धारणा। ता. 12 को राहु-केतु के स्थान परिवर्तन से गुड़, खांड, गेहूं, जौ, चना, तुअर आदि अनाजों में तेजी बन सकती है। ता. 13 को गुरु मीन राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे घृत, सरसों आदि तेल-तेलवाना में मंदी की लम्बी लाईन बन सकती है। गेहूं, चना, तुअर, गुड़, खांड, चीनी, उड़द, मोंठ,

सुपारी, खोपरा, अखरोट, बादाम, चिरौंजी, अंजीर, सुपारी तथा श्वेत जिंस धातुओं में तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 14 को सूर्य अपनी ऊच्च राशि मेष में प्रवेश करेंगे। जिससे अलसी, अरण्ड, मैंथोल, तिल, अन्य तेल-तेलवाना, सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकल, ईस्पात, लौह उपकरण, रक्त चंदन, गमग्वार, लालमिर्च, मेंथी, लौंग, ईलायची, दालचीनी, खोपरा, सुपारी, हींग, पाट-पटसन, कॉटन, सर्व अनाजों में तेजी की धारणा। ता. 24 को बुध वृष राशि में प्रवेश करने से दो सप्ताह के अंदर रुई में घटबढ़ चलकर स्थिरता। ऐसे तो प्रायः सभी जिन्स-धातुओं में धाटबढ़ जारी रह सकती है। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता. 27 को शुक्र मीन राशि में प्रवेश कर गुरु के साथ युति होने से सरसों, सोयाबीन आदि तेल-तिलहन, गुड़, खांड, सोना, कॉपर, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च में घटबढ़। जबकि सिल्वर, निकल, पोस्ता, मखाना, काजू में अच्छी तेजी। ता. 29 को शनि कुंभ राशि में प्रवेश कर मंगल के साथ युति होने से समस्त तेल-तेलहन, रुई, सिल्वर एवं अनाजों में तेजी। किराना जिन्सों में भी सामान्य से भारी सुधार की धारणा बन सकती है।

मई–यह मास रविवार, वैशाख शुक्ल पक्ष 1, भरणी नक्षत्र, वृष राशि में प्रारंभ हो रहा है। सूर्य-राहु की युति, मंगल-शनि की युति तथा शुक्र-गुरु की युति होने से ता. 1 से 9 तक सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, ग्वारसीड, लालमिर्च, कालीमिर्च, हल्दी, जीरा, धनियां, लौंग, ईलायची, दालचीनी, जायफल, जावित्री, मजीठ, अजवायन, सौंफ, मगज, तरबूज, किशमिश, अखरोट, बादाम, चिरौंजी, पोस्ता, मखाना, काजू, अंजीर, अफीम, अन्य मादक पदार्थों में घटबढ़ पूर्ण सुधार जारी रहेगा। ता. 10 को बुध वक्री होने से 3 सप्ताह के अंदर दूध पाउडर, घृत, गुड़, खांड, किशमिश, छुहारा में तेजी। जबकि गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी, जीरा, धनियां, ईमली, आमचूर में कुछ मंदी की धारणा। ता. 15 को सूर्य वृष राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति होने से सोना, चांदी, कॉपर, मेटल बर्तन, गुड़, खांड, चीनी, रुई, कपास, कॉटन, बादाम, सुपारी, नारियल, खोपरा, सरसों, सोयाबीन आदि तेल-तेलवाना के साथ-साथ दूध पाउडर, घृत में भी तेजी। अन्न का उत्पादन अधिक होने की अफवाहों से गेहूं, जौ, चना, तुअर, मटर, चावल, ज्वार, बाजरा में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 17 को मंगल जलीय राशि मीन में प्रवेश कर गुरु, शुक्र के साथ प्रतियुति करेंगे। जिससे व्यापार जगत में अफवाहों पर आधारित दशा-दिशा-धारणा सुधार के संकेत दे रहे हैं। विशेष रूप से सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, मजीठ, मेंथी, ईमली, हल्दी, धनियां, जीरा, काष्ठ एवं लकड़ी से निर्मित वस्तुओं, पशुचारा, जलावन, आमचूर तेज हो सकते हैं। जबकि सिल्वर, जिंक, निकल, ईस्पात, कालीमिर्च, दालचीनी, जायफल एवं दाल-दालवाना के साथ-साथ खाद्य तेलों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 23 को शुक्र अश्विनी नक्षत्र, मेष राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति करेंगे। जिससे मासान्त तक सोना, चांदी, कॉपर में भड़कती तेजी तथा सर्व अनाजों के साथ-साथ घृत, गुड़, खांड में तेजी बन सकती है। तेल-तेलवाना में मंदी।

जून–यह मास बुधवार, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य-बुध की युति वृष में, मंगल-गुरु की युति मीन में तथा शुक्र-राहु की युति मेष में होने से सोना, कॉपर, गमग्वार, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च, लौंग, ईलायची, दाल-दालवाना में अस्थिर सुधार। ता. 4 को बुध मार्गी होने से एवं शुक्र भरणी नक्षत्र में प्रवेश करने से रुई, सिल्वर में घटबढ़। एक सप्ताह के अंदर गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ आदि अनाजों के साथ-साथ सोना, कॉपर, गमग्वार, हल्दी, मेंथी, लालमिर्च, मजीठ, ईमली में तेजी की धारणा बन सकती है। जबकि सरसों, सोयाबीन आदि तेल-तेलवाना में कुछ मंदी। ता. 6 को शनि वक्री होने से ता. 14 तक रुई, कपास में घटबढ़। धारणा मंदी की ओर रहनी चाहिए। दो मास के अंदर समस्त तेल-तेलवाना, उड़द, कालीमिर्च, हींग, लहसुन, प्याज, हल्दी में मंदी की धारणा भी बन सकती है। अफवाहों पर आधारित अनाजों में सामान्य तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 15 को सूर्य मिथुन राशि में तथा शुक्र कृतिका नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। जिससे पाट, पटसन, बारदाना, हैशियन, ऊनी-रेशमी वस्त्र, कॉटन, रुई, कपास, सरसों, सोयाबीन आदि तेल-तेलवाना, ईस्पात, लौह उपकरण, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, गुड़, खांड, किशमिश, छुहारा, चीनी, मुनक्का, घृत, मूंग, उड़द, चना, तुअर, चावल, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों में तेजी। जबकि सोना, चांदी, कॉपर, कन्द-मूल, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी, अन्य किराना जिन्सों में भी तेजी की धारणा। ता. 18 को शुक्र वृष राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेंगे। जिससे ता. 26 तक रुई, कपास, कॉटन में मंदी की लम्बी लाईन बन सकती है। इसके साथ ही पोस्ता, मखाना, काजू, सिंघारा, ईसबगोल, दूध पाउडर, साबुदाना, चावल, चीनी में भी अच्छी मंदी की धारणा। सोना, चांदी, कॉपर तथा किराना जिन्सों में घटबढ़, धारणा अस्थिर सुधार की ओर रहनी चाहिए। साथ ही अनाजों में मंदी की धारणा। ता. 27 को मंगल अश्विनी नक्षत्र, मेष राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति होने से मासांत तक रुई, कपास, कॉटन, घृत, समस्त तेल-तेलवाना, नारियल, सुपारी, अखरोट, बादाम, किशमिश, गुड़, खांड, चीनी में तेजी। जबकि सोना, चांदी, कॉपर में भड़कती तेजी की धारणा बन सकती है। जो एक चांस हो सकता है। अनाजों के साथ-साथ दाल-दलहनों में मंदी की धारणा बन सकती है।

जुलाई–यह मास शुक्रवार, आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2, पुष्य नक्षत्र, उत्पात नाम योग, कर्क राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में मंगल-राहु की युति मेष में, बुध-शुक्र की युति वृष में होने से हीरा, जवाहरात आदि रत्न, सोना, कॉपर, सिल्वर, जिंक, लैड, निकल, ईस्पात, डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, गमग्वार, लालमिर्च, कालीमिर्च, हल्दी में सामान्य से भारी सुधार। ता. 2 को बुध अपनी राशि मिथुन में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति करेंगे। जिससे दो सप्ताह के अंदर सोना, चांदी, कॉपर में सामान्य से भारी मंदी की धारणा बन सकती है। समस्त तेल-तेलवाना में घटबढ़ तथा चतुष्पदों में तेजी। ता. 12 को शनि धनिष्ठा नक्षत्र, मकर राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे सोना, चांदी, कॉपर, रुई, कपास, कॉटन, गेहूं, चना, तुअर, सरसों, सोयाबीन आदि तेल-तेलवाना एवं सर्व अनाजों के साथ-साथ अधिकांश किराना जिन्सों तथा हाथी-घोड़े, ऊंट, बैल, भैंस, बकरा, अन्य दुधारू पशु भी तेज होते हैं। ता. 13 को शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश कर सूर्य-बुध के साथ प्रतियुति होने से अफवाहों पर आधारित रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, अरण्डी, मैंथोल, अन्य खाद, तेल-तेलवाना, तुअर, ग्वार, लालमिर्च, हल्दी, धनियां, जीरा आदि किराना जिन्सों में सामान्य से भारी मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 16 को सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इसी तारीख को बुध भी इसी राशि में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति करेंगे। जिससे ता. 28 तक रुई, कपास, कॉटन, अखरोट, बादाम, काजू, मखाना, चिरौंजी, सुपारी, किशमिश, छुहारा, गुड़, खांड, चीनी, समस्त तेल-तेलवाना, सोना, चांदी, कॉपर में तेजी। जबकि गेहूं, जौ, चना, तुअर, उड़द, चावल तथा किराना जिन्सों में कुछ मंदी। ता. 29 को गुरु वक्री होने से रुई, कपास, कॉटन में भारी तेजी। जो एक चांस हो सकता है। लवण, गुड़, खांड, चीनी, घृत, कुछ तेल-तेलवाना एवं पीतल के बर्तन में तेजी। ता. 31 को बुध सिंह राशि में प्रवेश करने से सोना, चांदी, कॉपर, रुई, कपास, कॉटन, ऊनी-रेशमी वस्त्र, देवदारु, ईमली, आमचूर एवं किराने की कुछ जिन्सों में तेजी की धारणा। जबकि गुड़, खांड में मंदी की धारणा बन सकती है।

अगस्त–यह मास सोमवार, श्रावण शुक्ल पक्ष 4, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र, परिधनाम योग, सिंह राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में मंगल-राहु की युति जारी रहने से सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी, जीरा, धनियां, लौंग, ईलायची, दालचीनी, चना, तुअर, गेहूं, मंडुआ आदि अनाजों में तेजी जारी रहेगी। ता. 6 को शुक्र जलीय राशि कर्क में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति होने से खरीफ उत्पादन की संभावनाओं से चावल, गेहूं, चना, जौ, मटर, तुअर, उड़द, ज्वार, बाजरा, मंडुआ, मक्का आदि अनाजों में मंदी। जबकि रुई में अस्थिर सुधार। सरसों, सोयाबीन, अरण्ड, मैंथोल, अन्य तेल-तेलवाना, घृत, गुड़, खांड, चीनी, चाय, कॉफी

में तेजी। सोना, कॉपर, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, [illegible] में अस्थिर सुधार। जबकि सिल्वर में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 10 को मंगल शत्रु शुक्र की राशि वृष में प्रवेश करेंगे। जिससे एक मास के अंदर लाल वस्त्र, रक्त चंदन, अन्य लालवर्ण की जिन्स धातुओं, सर्व प्रकार के अनाज, रुई, कपास, कॉटन, कपूर, केशर, खाद्य तेल, सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, ग्वारसीड, लालमिर्च, कालीमिर्च, हल्दी, जीरा, धनियां, लौंग, मेंथी में तेजी। ता. 17 को सूर्य सिंह राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति होने से सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुओं, रुई, गुड़, खांड, चीनी, समस्त तेल-तेलवाना, गमग्वार, ईमली, लालमिर्च, हल्दी, मेंथी तथा रक्तवर्ण की जिंस धातुओं में तेजी। ता. 20 को बुध कन्या राशि में प्रवेश करने से रुई, सिल्वर, पोस्ता, मखाना में मंदी। गेहूं, जौ, चना, तुअर, गुड़, खांड, हल्दी, जीरा, धनियां में तेजी बन सकती है। अन्य किराना जिन्सों में भी तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 31 को शुक्र सिंह राशि में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति होने से सोना, कॉपर में भड़कती तेजी जबकि गेहूं, जौ, चना, चन्दन, मजीठ, लालमिर्च, घृत, रसकस पदार्थ में तेजी। सिल्वर में घटबढ़, धारणा मंदी की ओर जा सकती है।

सितम्बर–यह मास गुरुवार, भाद्रपद शुक्ल पक्ष 5, स्वाती नक्षत्र, तुला राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-शुक्र की युति होने से ता. 9 तक हीरा, जवाहरात, सोना, कॉपर, हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च, ईमली, ग्वार में तेजी। सिल्वर, कॉटन, तेल-तेलवाना एवं अनाजों में घटबढ़। ता. 10 को बुध वक्री होने से ता. 16 तक चलते रुखों में परिवर्तन तथा सप्ताह के अंदर घृत, गुड़, खांड, चीनी में तेजी जबकि गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों के साथ-साथ गमग्वार, हल्दी, लालमिर्च, सोना, कॉपर में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 17 को सूर्य कन्या राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति होने से ता. 23 तक खोपरा, नारियल, सुपारी, पोस्ता, मखाना, अखरोट, बादाम, रुई, काजू, समस्त तेल-तेलवाना, मजीठ, लालमिर्च, मेंथी, हल्दी, गमग्वार, ग्वारसीड, ईमली, किशमिश, छुहारा सोना, कॉपर में तेजी जबकि सिल्वर के साथ-साथ जीरा, धनियां, सौंफ, अजवायन, मगज, तरबूज में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 24 को शुक्र कन्या राशि में प्रवेश कर शुक्र-बुध-सूर्य के साथ प्रतियुति से कहीं अनावृष्टि तो कहीं अतिवृष्टि का योग है। व्यापार जगत में सिल्वर में अस्थिर सुधार। गेहूं आदि सर्व अनाज, गुड़, खांड, किशमिश, पशुचारा, ऊनी-रेशमी वस्त्र, चावल में विशेष तेजी। जबकि सोना, कॉपर, गमग्वार एवं किराना की प्रमुख जिन्सों में घटबढ़, धारणा अस्थिरता की ओर रहनी चाहिए।

अक्टूबर–यह मास शनिवार, आश्विन शुक्ल पक्ष 6, ज्येष्ठा नक्षत्र, धनु राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति कन्या राशि में जारी रहते हुए ता. 2 को बुध मार्गी [illegible] एवं अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अधिकांश भू-भागों में मौसम का उपद्रव भी संभावित है। जबकि रुई, सिल्वर में घटबढ़। एक सप्ताह के अंदर गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, मटर, मसूर, ज्वार, बाजरा, मंडुआ, चावल में तेजी बन सकती है। सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, मेंथी, हल्दी में अस्थिर सुधार। समस्त तेल-तेलवाना, धनियां, जीरा, गुड़, खांड, चन्दम तथा सुगन्धित जिन्सों में मंदी की धारणा। ता. 16 को मंगल मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे गुड़, खांड, चीनी, किशमिश, छुहारा, रुई, अलसी, अफीम, सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी तथा अन्य लालवर्ण की जिन्स धातुओं में भड़कती तेजी। जबकि सिल्वर में घटबढ़। ता. 17 को सूर्य तुला में, ता. 18 को शुक्र-सूर्य की युति होने से रुई, सिल्वर, मखाना, पोस्ता, काजू, अखरोट, बादाम, घृत, दूध पाउडर में मंदी जबकि गेहूं, जौ, चना, सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी, सुपारी में कुछ तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 23 को शनि मार्गी होने से व्यापार जगत में भारी उलट-फेर की संभावना है। दो मास के अंदर समस्त तेल-तेलवाना, हींग, मिर्च, उड़द, हल्दी, लहसुन, प्याज, अदरख में तेजी। ता. 31 को मंगल वक्री होने से सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, ईमली, लालमिर्च, अलसी, गेहूं, चना, लालवर्ण की जिंस-धातुओं में व्यापक तेजी की धारणा बन सकती है। किराना की अन्य जिन्सो में तेजी की धारणा। जबकि सिल्वर, जिंक, लैड, पोस्ता, मखाना, काजू, घृत, दूध पाउडर में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है।

नवम्बर–यह मास मंगलवार, कार्तिक शुक्ल पक्ष 8, श्रवण नक्षत्र, शूलनाम योग, मकर राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध-शुक्र-केतु की प्रतियुति तुला राशि में होने से सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकल, ईस्पात, सरियां, ऐंगल, लालमिर्च, कालीमिर्च, हल्दी, जीरा, धनियां, लौंग, ईलायची, जायफल, जटामासी, गमग्वार, ग्वारसीड, ईमली, किशमिश, छुहारा, गेहूं, चना, तुअर में सामान्य से भारी सुधार। ता. 11 को शुक्र वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे रुई, सिल्वर, अफीम में घटबढ़। गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोंठ, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों में तेजी एवं गुड़, खांड, किशमिश, छुहारा, अलसी में अस्थिर सुधार। ता. 13 को मंगल वृष राशि में प्रवेश करने से अचानक व्यापार जगत में कोई अनहोनी घटनाक्रम या सरकार की नीतियों के कारण एक मास के अंदर लालवर्ण की जिन्स धातुओं के साथ-साथ रुई, कपास, कॉटन, कुसुम्भा, रक्त चंदन, केशर, कस्तूरी, समस्त तेल-तेलवाना, सोना, चांदी, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च, हल्दी में तेजी। विशेषकर सोना , कॉपर के मूल्यों के साथ-साथ गमग्वार एवं लालमिर्च में विशेष धारणा बन सकती है। इसी तारीख को बुध मंगल के साथ युति होने से हीरा, [illegible], सोना, चांदी आदि धातुओं के साथ-साथ गेहूं, जौ, चना, तुअर, सरसों, सोयाबीन, रुई, कपास, घृत, गुड़, खांड में घटबढ़। ता. 16 को सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश कर बुध-शुक्र के साथ प्रतियुति करेंगे। फलत: सोना, चांदी, कॉपर, ऊनी-रेशमी वस्त्रों में तेजी। जबकि रक्त वर्ण जिन्सों में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 24 को गुरु मार्गी होने से मासान्त तक रुई में अस्थिर सुधार। जबकि सिल्वर में मंदी। तेल-तेलवाना, गुड़, चावल में तेजी।

दिसम्बर–यह मास गुरुवार, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 8, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र, हर्षण नामयोग, मीन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति वृश्चिक में होने से सोना, चांदी, कॉपर के साथ-साथ डिब्बा बंद तेल-तेलवाना, कालीमिर्च, लौंग, ईलायची, हल्दी, जीरा, धनियां, लहसुन, प्याज, अदरख, किशमिश, छुहारा, गुड़, खांड एवं अन्य मेवों में सुधार। ता. 3 को बुध धनु राशि में प्रवेश करने से रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, सिल्वर, पोस्ता, मखाना, काजू, दूध पाउडर, चावल, चीनी में कुछ मंदी। सोना, कॉपर, किराना जिन्सों में सुधार। अत: इसमें तेजी का सौदा लाभकारी हो सकता है। ता. 5 को शुक्र मूल नक्षत्र धनु राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेंगे। जिससे अचानक मौसम का उपद्रव हो सकता है। जबकि गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, ज्वार-बाजरा आदि अनाज, सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुओं के साथ-साथ ऊनी-रेशमी वस्त्र में भी तेजी की धारणा बन सकती है। अन्य जिन्सों में घटबढ़, धारणा सुधार की ओर रहनी चाहिए। ता. 16 को सूर्य मूल नक्षत्र, धनु राशि में प्रवेश करेंगे तथा बुध-शुक्र के साथ प्रतियुति करेंगे। जिससे रुई, कपास, कॉटन, समस्त तेल-तेलवाना, सोना, चांदी, कॉपर, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च, गमग्वार में तेजी। ता. 27 को बुध मकर राशि में प्रवेश करने से सर्व धातुओं में तेजी तथा सर्व अनाजों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 29 को शुक्र बुध के साथ युति होने से मासांत तक भांग, अफीम, गुड़, खांड, चीनी, दूध पाउडर, घृत, किशमिश, छुहारा, गेहूं, चना, तुअर आदि अनाजों के साथ-साथ रुई, सिल्वर में घटबढ़। सोना, कॉपर, हल्दी, लालमिर्च, जायफल, जावित्री, मेंथी, ईमली, ग्वार में सामान्य सुधार की संभावना बन सकती है।

जनवरी 2023–यह मास रविवार, पौष शुक्ल पक्ष 10, अश्विनी नक्षत्र, सिंहनाम योग, मेष राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में बुध-शुक्र-शनि की प्रतियुति मकर में होने से किराना जिन्सों के साथ-साथ सोना, चांदी, कॉपर में सामान्य सुधार। जबकि पाट-पटसन, बारदाना एवं दाल-दलहनों में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 13 को मंगल मार्गी होने से चलते रुखों में अचानक परिवर्तन आ सकता है। 3 दिन पीछे रुई, कपास, कॉटन, बिनौला, मखाना, पोस्ता, काजू, दूध पाउडर में सामान्य से भारी

मंदी की धारणा बन सकती है। समस्त तेल-तेलवाना, वन-औषधि, सिल्वर, जिंक, निकल में तेजी। जबकि गमग्वार, लालमिर्च, मजीठ, हल्दी, मेथी, लौंग, इलायची में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 14 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे तथा शुक्र-शनि के साथ प्रतियुति करेंगे। फलतः दूध, घृत, समस्त तेल-तेलवाना, गुड़, खांड, चीनी, रुई में तेजी तथा सर्व अनाजों में मंदी की धारणा बन सकती है। धातुओं के साथ-साथ किराना जिन्सों में कुछ अस्थिरता संभावित है। ता. 17 को शनि कुंभ राशि मे प्रवेश करने से समस्त तेल-तेलवाना, रुई, सिल्वर एवं अनाजों में तेजी। व्यापार जगत में कायदा-कानून कठोर हो सकता है। जिससे व्यापारिक वस्तुओं में स्थिरता का अभाव रहेगा। ता. 18 को बुध मार्गी होने से रुई, सिल्वर में घटबढ़ तथा एक सप्ताह के अंदर गेहूं, जौ, चना, तुअर आदि अनाजों में तेजी। साथ ही सोना, कॉपर, गमग्वार, लालमिर्च भी तेज हो सकते हैं। जबकि तेल-तेलवाना में कुछ मंदी बन सकती है। ता. 22 को शुक्र कुंभ राशि में प्रवेश कर शनि के साथ युति होने से रुई, सिल्वर, गुड़, खाड, गेहूं, जौ, चना, तुअर, मूंग, मोठ, ज्वार-बाजरा तथा श्वेत जिन्स-धातुओं में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 30 को शनि अस्त होने से रुई, कॉटन, सोना, कॉपर में मंदी की धारणा। जबकि अनाजों के साथ-साथ दलहनों में तेजी की धारणा बन सकती है।

फरवरी–यह मास बुधवार, माघ शुक्ल पक्ष 11, मृगशिरा नक्षत्र, ऐन्द्र नामयोग, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मास के प्रारंभ में शुक्र-शनि की युति कुंभ में होने से सोना, चांदी, कॉपर, ईस्पात, सरियां, ऐंगल, हल्दी, जीरा, धनियां, गमग्वर, लालमिर्च, कालीमिर्च में अस्थिरता संभावित है। ता. 7 को बुध मकर राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, निकल आदि धातुओं के साथ-साथ रुई, कपास, कॉटन, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च में तेजी। सर्व प्रकार के अनाजों के साथ-साथ तेल-तेलवाना में घटबढ़। ता. 13 को सूर्य शत्रु शनि की राशि कुंभ में प्रवेश कर शुक्र-शनि के साथ प्रतियुति करेंगे। फलतः दूध, घृत, तेल-तेलवाना में तेजी। गेहूं, ज्वार-बाजरा, तुअर, मूंग, मोठ, उड़द, गुड़, खांड, चीनी में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 15 को शुक्र मीन राशि में प्रवेश करने से अनाज, तेल-तेलवाना, गुड़, खांड में मंदी जबकि रुई, सिल्वर में घटबढ़। ता. 27 को बुध-सूर्य-शनि की प्रतियुति होने से रुई, सिल्वर में घटबढ़। घृत, तेल-तिलहन, गुड़, खाड में तेजी तथा अनाजों के साथ-साथ किराना जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकती है।

मार्च–यह मास बुधवार, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, मृगशिरा नक्षत्र, मिथुन राशि में प्रारंभ हो रहा है। मासारंभ में सभी व्यापारिक जिन्स धातुओं में घटबढ़, धारणा अस्थिरता की ओर रहनी चाहिए। ता. 5 को शनि पूर्व में उदय होने से समस्त तेल-तेलवाना में मंदी। ईस्पात, जस्ता, शीशा, रांगा, काले पदार्थ, पशुचारा, लहसुन, प्याज, अदरख, चावल, गुड़, खांड में तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 12 को मंगल मिथुन राशि में तथा शुक्र मेष राशि में प्रवेश करने से गुड़, खांड, अफीम, भांग, सोना, कॉपर, लालमिर्च, ईमली, गमग्वार, मजीठ तथा रक्तवर्ण की जिन्स धातुओं में सामान्य से भारी तेजी की धारणा बन सकती है। ग्वार भी तेज हो। सर्व अनाजों में भी तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 14 को सूर्य मीन राशि में प्रवेश तथा ता. 16 को बुध के साथ युति से समस्त तेल-तेलवाना, गुड़, खांड, रुई, सोना, कॉपर, हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च, कालीमिर्च में तेजी। सर्व अनाजों में अस्थिर सुधार। गमग्वार, ग्वारसीड में भी सुधार की धारणा बन सकती है। ता. 31 को बुध अश्विनी नक्षत्र, मेष राशि में प्रवेश कर शुक्र-राहु के साथ प्रतियुति करेंगे। जिससे हीरा, जवाहरात, सोना, चांदी, गेहूं, चना, तुअर आदि अनाजों के साथ-साथ तेल-तेलवाना, रुई, कपास, घृत, गुड़, खांड में मंदी की धारणा बन सकती है।

उल्लिखित फलाफल ग्रहीय गणना पर आधारित है। इसमें कभी-कभी जोखिम भी हो सकता है। अतः स्व-विवेक से ही तेजी-मंदी का विचार करें। यदि आप चाहें तो किसी भी जिंस धातुओं की तेजी-मंदी की विस्तृत स्पेशल रिपोर्ट के साथ-साथ बाजार धारणाओं के अचूक चांसों की जानकारी लिखित रिपोर्ट के साथ मोबाईल-9801873719 पर दैनिक ऑपशन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिसका सेवा शुल्क वार्षिक ही स्वीकार होता है। साधारण सेवा शुल्क (12 माह) 20500/-, मध्यम 25500/-, स्पेशल 30500/-, सर्वोत्कृष्ट 35500/- रुपया निर्धारित है। रियायत दर कमोडिटी ट्रेडिंग व्यापार भविष्य उत्कृष्ट रिपोर्ट तथा संयुक्त रूप से शेयर बाजार रिपोर्ट 55500/-रुपया में प्राप्त की जा सकती है। जन्म-पत्रिका विचार साधारण सेवा शुल्क-5500/-तथा उत्कृष्ट सेवा शुल्क 11000/-रु. निर्धारित है।

लेखक-**प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. टुनटुन शास्त्री**

जिन्स धातुओं, किराना, तेलहन-दलहन, सोना-चांदी तेजी-मंदी 2022 ई.

सोना-चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, ईस्पात की दशा-दिशा-धारणा

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बीते कुछ माह के दौरान सोना 278 डॉलर प्रति औंश यानि 14.18 प्रतिशत टूटा है। भारत में भी सोने के भाव में 7600 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा की गिरावट परिलक्षित हुई है। चांदी भी घरेलू वायदा बाजार में 6000 रुपये प्रति किलो फिसली है। सोने-चांदी में गिरावट जारी रहने की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोना जल्द ही 1800 डॉलर प्रति औंश के स्तर छू जाय तो आश्चर्य नहीं मानना चाहिए। चांदी भी 26 डॉलर से 26.50 डॉलर प्रति औंश आ सकती है। जिसका कुप्रभाव भारतीय बाजार में देखने को मिल सकता है।

जनवरी 2022–मासारंभ में सूर्य-बुध की युति धनु में, शनि-शुक्र की युति मकर में तथा मंगल-केतु की युति वृश्चिक में होने से अफवाहों पर आधारित सोना, चांदी, कॉपर, जिंक अन्य धातुओं में ता. 13 तक सुधार। ता. 14 को सूर्य मकर में प्रवेश कर बुध-शनि के साथ प्रतियुति से ता. 15 तक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अचानक मंदी की धारणा। ता. 16 को मंगल मूल नक्षत्र धनु में प्रवेश कर शुक्र के साथ युति होने से तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है। ता. 29 को शुक्र मार्गी से मासांत तक तेजी की धारणा। ग्रहीय गणनानुसार मास में तेजी का पलड़ा भारी है।

फरवरी–मासारंभ में सूर्य-बुध-शनि की प्रतियुति तथा मंगल-शुक्र की युति जारी रहने से सोना, चांदी धातुओं में सुधार। ता. 4 को बुध मार्गी होने से ता. 11 तक जहां चांदी, जिंक, निकल में घटबढ़ वहीं सोना में अस्थिर सुधार। ता. 12 को सूर्य [illegible] में अस्थिरता की धारणा बन सकती है। इसमें किसी न किसी कारण से गिरावट का सिलसिला लम्बी लाईन में चल सकता है। ता. 26 को मंगल अपनी उच्च राशि मकर में प्रवेश कर बुध-शनि के साथ प्रतियुति करने तथा ता. 27 को शुक्र के साथ प्रतियुति होने से सोना, चांदी, कॉपर में सुधार।

मार्च–मासारंभ में सूर्य-गुरु कुंभ में, मंगल-बुध-शुक्र-शनि मकर में भ्रमणशील रहने से ता. 5 तक अस्थिर सुधार। ता. 6 को बुध-सूर्य-गुरु की प्रतियुति से ता. 13 तक सिल्वर में घटबढ़। सोना, कॉपर में खामोशी। ता. 14 को सूर्य मीन राशि में प्रवेश करने से ता. 23 तक सोना, कॉपर में सुधार जबकि सिल्वर में कुछ मंदी। ता. 24 को बुध सूर्य के साथ युति होने से ता. 30 तक सोना, चांदी में व्यापक घटबढ़, धारणा मंदी की ओर। ता. 31 को शुक्र कुंभ राशि में प्रवेश कर गुरु के साथ युति होने से सिल्वर में मंदी। सोना, कॉपर में घटबढ़।

अप्रैल–मास के प्रारंभ में बुध-सूर्य की युति मीन में मंगल-शनि मकर में तथा गुरु-शुक्र की युति कुंभ राशि में होने से ता. 6 तक सभी धातुओं में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 7 को मंगल कुंभ राशि में प्रवेश कर शुक्र-गुरु के साथ प्रतियुति से सिल्वर में घटबढ़। जबकि सोना, कॉपर में सामान्य तेजी। ता. 8 को बुध मेष राशि में प्रवेश करने से ता. 12 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 14 को सूर्य अपनी उच्च राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति होने से ता. 23 तक सोना, चांदी, कॉपर में सामान्य से भारी तेजी। जो एक अचूक चांस भी हो सकता है। ता. 24 को बुध वृष राशि में प्रवेश करने से ता. 26 तक घटबढ़। ता. 27 को शुक्र मीन राशि में प्रवेश कर गुरु के साथ युति से सिल्वर में अस्थिर सुधार। जबकि सोना, कॉपर में घटबढ़। ता. 29 को शनि कुंभ राशि में प्रवेश कर मंगल के साथ युति होने से सिल्वर में सुधार। जबकि सोना, कॉपर में घटबढ़।

मई–मासारंभ में राहु-सूर्य मेष में, मंगल-शनि कुंभ में तथा गुरु-शुक्र की युति मीन राशि में होने से सिल्वर में अस्थिर सुधार। जबकि सोना, कॉपर में घटबढ़। ता. 10 को बुध वक्री होने से ता. 14 तक सिल्वर में अस्थिर सुधार जबकि सोना, कॉपर में मंदी। ता. 15 को सूर्य वृष राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति होने से सोना, चांदी, कॉपर, जिंक, लैड, ईस्पात में सामान्य सुधार। ता. 17 को मंगल मीन राशि में प्रवेश कर गुरु-शुक्र के साथ प्रतियुति होने से ता. 22 तक सोना, कॉपर, जिंक में सामान्य से भारी सुधार। जबकि सिल्वर में घटबढ़। ता. 23 को शुक्र मेष राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति होने से ता. 31 तक सभी धातुओं में अच्छी तेजी की धारणा बन सकती है।

जून–मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध वृष में, गुरु-मंगल मीन में तथा राहु-शुक्र की युति मेष राशि में होने से ता. 3 तक धातुओं में सुधार जारी रह सकता है। ता. 4 को बुध मार्गी होने से सोना, कॉपर में सुधार जबकि सिल्वर में घटबढ़। ता. 6 को शनि वक्री होने से ता. 14 तक सोना, कॉपर में व्यापक मंदी। जबकि सिल्वर में घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 15 को सूर्य मिथुन में प्रवेश करने से अस्थिर सुधार। ता. 18 को शुक्र वृष राशि में प्रवेश कर बुध के साथ युति होने से ता. 26 तक अस्थिर सुधार। ता. 27 को मंगल अश्विनी नक्षत्र, मेष राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति होने से मासांत तक तेजी की धारणा भड़कती लाईन में बन सकती है।

जुलाई–मास के प्रारंभ में सुधार जारी। ता. 2 से 11 तक व्यापक घटबढ़ जारी रहेगी। धारणा दोतरफा भी हो सकती है। ता. 12 को शनि मकर राशि में प्रवेश करने से कुछ सुधार संभावित है। ता. 13 को शुक्र-बुध-सूर्य की प्रतियुति होने से घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 16 को बुध-सूर्य की युति कर्क में होने से ता. 28 तक [illegible] ता. 31 तक सोना, कॉपर में सुधार सभावित। जबकि सिल्वर में घटबढ़ जारी रह सकती है।

अगस्त–मासारंभ में ता. 5 तक सुधार जारी। ता. 6 को शुक्र सूर्य के साथ युति होने से ता. 9 तक समभाव। ता. 10 को मंगल वृष राशि में प्रवेश करने से ता. 16 तक सभी धातुओं में सामान्य से भारी सुधार। ता. 17 को सूर्य-बुध की युति से सुधार जारी। ता. 20 को बुध कन्या राशि में प्रवेश करने से ता. 30 तक सिल्वर में मंदी. अन्य धातुओं में समभाव। ता. 31 को शुक्र-सूर्य की युति से सोना, कॉपर में सुधार। कुल मिलाकर माह में तेजी का पलड़ा भारी रह सकती है।

सितम्बर–मासारंभ से ता. 9 तक सोना, कॉपर में सुधार। सिल्वर में घटबढ़। ता. 10 को बुध वक्री होने से ता. 16 तक सिल्वर में घटबढ़। सोना, कॉपर में मंदी। ता. 17 को सूर्य-बुध की युति होने से ता. 23 तक सिल्वर में मंदी। सोना, कॉपर में घटबढ़। ता. 24 को शुक्र-सूर्य-बुध की प्रतियुति होने से ता. 30 तक सिल्वर में अस्थिर सुधार। सोना, कॉपर में स्थिरता। अतः सावधानी अपेक्षित है।

अक्टूबर–मासारभ में बुध मार्गी हाने से ता. 15 तक सोना, कॉपर में सुधार, सिल्वर में घटबढ़। ता. 16 को मंगल मिथुन में प्रवेश से सोना, कॉपर में सामान्य से भारी सुधार जबकि सिल्वर में घटबढ़ जारी। ता. 17 को सूर्य तुला में, ता. 18 को शुक्र-सूर्य के साथ युति होने से सिल्वर में मंदी। ता. 22 तक सोना, कॉपर में सुधार। ता. 23 को शनि मार्गी होने से ता. 25 तक सुधार। ता. 26 को बुध-शुक्र-सूर्य की प्रतियुति होने से ता. 30 तक सोना, कॉपर में सुधार। जबकि सिल्वर में मंदी। ता. 31 को मंगल वक्री होने से सामान्य से भारी सुधार की धारणा बन सकती है। जो लक्ष्मी चांस भी हो सकता है।

नवंबर–मास के प्रारंभ में सूर्य-बुध-शुक्र-केतु की प्रतियुति जारी रहने से बाजार में व्यापक सुधार की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। ता. 11 को शुक्र वृश्चिक राशि में प्रवेश करने से सिल्वर में घटबढ़। सोना, कॉपर में अस्थिरता। ता. 13 को मंगल वृष राशि में प्रवेश एवं बुध-शुक्र की युति से सामान्य सुधार। ता. 16 को सूर्य-बुध-शुक्र की प्रतियुति से ता. 23 तक सामान्य से भारी सुधार संभावित है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तेजी की धारणा। ता. 24 को गुरु मार्गी होने से रुखों में परिवर्तन। यह परिवर्तन मंदी की ओर जा सकता है।

दिसम्बर–मास के प्रारंभ में ता. 2 तक मंदी जारी रहेगी। ता. 5 को शुक्र धनु राशि में प्रवेश करने से ता. 15 तक सुधार। ता. 16 को शुक्र-सूर्य-बुध की प्रतियुति से ता. 26 तक सुधार। ता. 27 से 30 तक सुधार जारी रह सकता है।

सरसों, सोयाबीन, अलसी, मूंगफली, तिल, अरण्डी, मैंथोल, सूर्यमुखी की तेजी-मंदी

गत् दिनों विदेशी बाजारों में तेजी का रुख और मण्डियों में कम आवक की वजह से सरसों के मूल्य बढ़ने के कारण स्थानीय तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव मजबूत हो गये। भारत में खाद्य तेलों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए इनके आयात शुल्क को कम करने के बाद विदेशों से इन तेलों के भाव उसी अनुपात में बढ़ा दिये गये। जिससे यहां मजबूती का रुख कायम हो गया और स्थानीय कारोबार में इसका सीधा असर दिखाई दिया। आगे उत्पादन बढ़ाकर तेलों के मूल्यों में नियंत्रण का प्रयास जारी है जिससे भविष्य में तेजी की संभावना एवं मंदी की संभावना अधिक प्रतीत हो रही है। सन् 2021-22 के उत्पादन-खपत, मांग, आयात-निर्यात आदि बातों को देखें तो आने वाले समय में खाद्य तेलों के मूल्यों में गिरावट का पलड़ा अधिक प्रतीत हो रहा है।

जनवरी 2022–मासारंभ में समस्त तेल-तेलवाना में अस्थिर सुधार की धारणा अधिक प्रतीत हो रही है। ता. 14 को व्यापक घटबढ़, जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता. 16 को अस्थिर सुधार की धारणा लम्बी लाईन में चल सकती है। ता. 29 को शुक्र मार्गी होने से ता. 31 तक व्यापक घटबढ़।

फरवरी–ता. 1 से 3 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 4 से 11 तक अचानक तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 12 से 25 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार। परन्तु यह धारणा सामान्य स्तर में होना चाहिए। ता. 26 को मंगल, ता. 27 को शुक्र मकर राशि में युति होने से मासांत तक सामान्य तेजी की धारणा बन सकती है।

मार्च–ता. 1 से 5 तक सामान्य सुधार जारी रहेगा। ता. 6 से 13 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार। ता. 14 से 23 तक सामान्य तेजी की धारणा। ता. 24 से 30 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 31 को घटबढ़ जारी रह सकती है। मेरे समझ से ता. 24 के बाद मंदी की शुरूआत हो सकती है।

अप्रैल–ता. 1 से 6 तक बाजार में मंदी की धारणा जारी रह सकती है। ता. 7 को अस्थिरता। ता. 8 से 12 तक मंदी की गंभीर लाईन बन सकती है। ता. 14 से 23 तक सामान्य सुधार। ता. 24 से 30 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार जारी रह सकती है। जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी।

मई–ता. 1 से 9 तक सामान्य से भारी सुधार की धारणा बन सकती है। ता. 10 से 14 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 15 को कुछ सुधार। ता. 17 से 22 तक घटबढ़ जारी। ता. 23 से 31 तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है।

जून–ता. 1 से 3 तक मंदी। ता. 4 को कुछ सुधार। ता. 6 से 14 तक सामान्य से भारी सुधार की धारणा। ता. 15 से 17 तक कुछ सुधार। ता. 18 से 26 तक समभाव की स्थिति बनी रह सकती है। ता. 27 से 30 तक सामान्य से भारी तेजी की धारणा बन सकती है।

जुलाई–मासारंभ में सुधार जारी रहेगा। ता. 2 से 11 तक घटबढ़ जारी। ता. 12 को कुछ सुधार संभावित है। ता. 13 से 15 तक व्यापक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 16 से 28 तक अस्थिर सुधार। ता. 29 को गुरु वक्री होने से अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 31 को अस्थिरता पूर्ण धारणा बनी रह सकती है।

अगस्त–ता. 1 से 5 तक अस्थिरता बनी रहेगी। ता. 6 से 9 तक कुछ तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 10 से 16 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 17 को तेजी। ता. 20 से 30 तक समभाव। ता. 31 को घटबढ़।

सितम्बर–ता. 1 से 9 तक अस्थिता। ता. 10 को व्यापक मंदी की धारणा बन सकती है। यदि ऐसा होता है तो यह धारणा ता. 16 तक चल सकती है। ता. 17 से 23 तक कुछ तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 24 से 30 तक घटबढ़ जारी, धारणा पकड़ में नहीं आयेगी।

अक्टूबर–ता. 1 से 15 तक सुधार जारी रहेगी। ता. 16 से 22 तक सामान्य सुधार। ता. 23 को शनि वक्री होने से अचानक रुखों में परिवर्तन हो सकता है। ता. 26 से 30 तक सामान्य से भारी मंदी। ता. 31 को मंगल वक्री होने से सामान्य से भारी तेजी की धारणा बन सकती है।

नवंबर–ता. 1 सये 10 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 11 से 12 तक घटबढ़। ता. 13 से 15 तक सुधार की धारणा बन सकती है। ता. 16 से 23 तक समभाव की स्थिति। ता. 24 से 30 तक तेजी की धारणा बन सकती है।

दिसंबर–मासारंभ में ता. 1 से 3 तक सुधार। ता. 5 से 15 तक समभाव की स्थिति बन सकती है। ता. 16 से 26 तक तेजी की धारणा। ता. 27 से 29 तक घटबढ़। ता. 30 को समभाव की स्थिति बन सकती है।

रुई, कपास, कॉटन, पाट-पटसन, बारदाना, हैशियन की तेजी-मंदी

जनवरी 2022–ता. 1 से 13 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 14 से 15 तक अस्थिर सुधार। ता. 16 से 28 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार संभावित है। ता. 29 से 31 तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है।

फरवरी–मासारंभ में कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 4 से 11 तक उपरोक्त जिन्स में घटबढ़ पूर्ण सुधार। ता. 12 से 25 तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 26 से मासांत तक सुधार का पलड़ा भारी रह सकता है।

मार्च–ता. 1 से 5 तक सुधार। ता. 6 से 13 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 14 से 23 तक सामान्य से भारी तेजी। ता. 24 से 30 तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 31 को सामान्य से भारी मंदी की धारणा बन सकती है।

अप्रैल–ता. 1 से 6 तक मंदी। ता. 7 से 11 तक व्यापक घटबढ़ की धारणा चल सकती है। ता. 13 को सुधार। ता. 14 से 23 तक सामान्य से भारी सुधार की संभावना। ता. 24 से 30 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार जारी रह सकता है।

मई–ता. 1 से 9 तक सुधार। ता. 10 से ता. 14 तक चलते रुखों में परिवर्तन हो सकता है। ता. 15 को सुधार। ता. 17 से 22 तक तेजी की धारणा। ता. 23 से 31 तक घटबढ़ जारी रह सकती है।

जून–ता. 1 से 5 तक सुधार। ता. 6 से 14 तक रुखों मे परिवर्तन होकर घटबढ़ पूर्ण धारणा चल सकती है। ता. 15 से 26 तक तेजी। हालांकि ता. 18 से 26 तक धारणा अस्थिर भी हो सकती है। ता. 27 से 30 तक तेजी।

जुलाई–मासारंभ में सुधार जारी रहेगा। परन्तु ता. 2 से 11 तक मंदी की धारणा भी बन सकती है। ता. 12 से 15 तक कुछ तेजी। ता. 16 से 28 तक सुधार। ता. 29 को गुरु वक्री होने से मासांत तक मंदी की धारणा बन सकती है।

अगस्त–ता. 1 से 5 तक घटबढ़। ता. 6 से 9 तक घटबढ़ चलकर धारणा सुधार की ओर जा सकती है। ता. 10 से 16 तक सामान्य से भारी सुधार। ता. 17 से 19 तक सुधार। ता. 20 से 30 तक मंदी। ता. 31 को घटबढ़ जारी रह सकती है।

सितंबर–ता. 1 से 9 तक घटबढ़। ता. 10 से 16 तक मंदी। ता. 17 से 23 तक तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 24 से 30 तक घटबढ़ जारी रह सकती है।

अक्टूबर–ता. 1 से 15 तक सुधार जारी रहेगी। ता. 16 से 22 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार जारी रहेगी। ता. 23 से 25 तक शनि मार्गी चाल चलने से घटबढ़ पूर्ण सुधार। ता. 26 से 31 तक सामान्य से भारी सुधार हो सकता है।

नवंबर–ता. 1 से 10 तक सुधार जारी रहेगी। ता. 11 से 12 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार। ता. 13 से 23 तक सुधार संभावित है। ता. 24 से 30 तक गुरु मार्गी होने से मंदी की धारणा।

दिसंबर–मासारंभ में मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 5 से 15 तक घटबढ़। ता. 16 से 28 तक सुधार संभावित है। ता. 29 से 31 तक घटबढ़ की धारणा बन सकती है।

हल्दी, जीरा, धनियां, कालीमिर्च, लालमिर्च लौंग, ईलायची में तेजी-मंदी

जनवरी 2022–मासारंभ में अधिकांश किराना जिन्सों में सुधार की धारणा बन सकती है। ता. 14 को मंदी। ता. 16 से 28 तक लालमिर्च, मेथी, लौंग, हल्दी, जावित्री, दालचीनी में स्थिरता। जबकि अन्य जिन्सों में घटबढ़। ता. 29 को सभी जिन्सों में घटबढ़ जारी रह सकती है।

फरवरी–ता. 1 से 3 तक धनियां, जीरा, अजवायन, सौंफ में घटबढ़। जबकि हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च, दालचीनी, जायफल, बड़ी ईलायची में सुधार। ता. 4 से 11 तक हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च, जायफल, दालचीनी में सुधार। अन्य जिन्सों में घटबढ़। ता. 12 को सभी जिन्सों में अस्थिर सुधार। ता. 26 से 27 तक अधिकांश जिन्सों में सामान्य से भारी तेजी।

मार्च–मासारंभ में सुधार जारी। ता. 6 से 13 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 14 से 23 तक अधिकांश जिन्सों में सुधार की धारणा बन सकती है। ता. 24 से 30 तक घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 31 को घटबढ़ पूर्ण सुधार।

अप्रैल–मासारंभ में ता. 6 तक अधिकांश जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 7 से 12 तक कालीमिर्च, लालमिर्च, हल्दी में सुधार। अन्य जिन्सों में अस्थिरता। ता. 13 से 23 तक अधिकांश जिन्सों में सामान्य से भारी सुधार। ता. 24 से 26 तक घटबढ़। ता. 27 से 30 तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है।

मई–ता. 1 से 14 तक हल्दी, जीरा, धनियां, लालमिर्च में मंदी। ता. 15 को सामान्य सुधार। ता. 17 से 22 तक सामान्य से भारी सुधार। ता. 23 से 31 तक घटबढ़ जारी रह सकती है। इस माह में मंदी का पलड़ा भारी रह सकता है।

जून–ता. 1 से 3 तक मंदी जारी रहेगी। ता. 4 से 14 तक अधिकांश किराना जिन्सों में तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 15 से 17 तक सुधार। ता. 18 से 26 तक अस्थिर सुधार। ता. 27 से 30 सामान्य से भारी सुधार की धारणा बन सकती है।

जुलाई–ता. 1 से 11 तक मंदी। ता. 12 को अस्थिर सुधार। ता. 13 को मंदी। ता. 16 से 28 तक सामान्य सुधार। ता. 29 से 30 तक सुधार। ता. 31 को सुधार संभावित है।

अगस्त–ता. 1 से 5 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 6 से 9 तक अस्थिर सुधार संभावित है। ता. 10 से 16 तक सामान्य से भारी सुधार। ता. 17 से 19 तक सुधार जारी रहेगी। ता. 20 से 30 तक अधिकांश जिन्सों में तेजी। विशेषकर हल्दी, लालमिर्च, कालीमिर्च, जायफल, जावित्री में अधिक सुधार। ता. 31 को सभी जिन्सों में सुधार होगा।

सितंबर–ता. 1 से 9 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 10 से 16 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 17 से 23 तक सुधार संभावित है। ता. 24 से 30 तक सुधार।

अक्टूबर–ता. 1 से 15 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 16 से 22 तक निर्यात मांग पर आधारित सामान्य से भारी सुधार। ता. 23 से 25 तक रुखों में परिवर्तन हो सकता है। ता. 26 से 31 तक भारी सुधार संभावित प्रतीत हो रहा है।

नवंबर–ता. 1 से 10 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 11 से 12 तक घटबढ़। ता. 13 से 23 तक सुधार संभावित है। ता. 24 से 30 तक अधिकांश जिन्सों में घटबढ़ संभावित है।

दिसंबर–ता. 1 से 15 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 16 से 30 तक सुधार की लम्बी लाईन बन सकती है।

गुड़, चीनी, खाण्ड, किशमिश, छुहारा, शहद् की तेजी-मंदी

जनवरी 2022–ता. 1 से 13 तक घटबढ़। ता. 14 को सुधार की धारणा बन सकती है। ता. 16 से 29 तक घटबढ़, धारणा अस्थिरता की ओर रहनी चाहिए। ता. 29 से 31 तक सामान्य सुधार हो सकता है।

फरवरी–ता. 1 से 3 तक सुधार जारी रहेगी। ता. 4 से 11 तक सुधार संभावित है। ता. 12 से 25 तक कुछ मंदी। ता. 26 से मासांत तक सामान्य से भारी सुधार की संभावना।

मार्च–ता. 1 से 5 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 6 से 13 तक सुधार जारी रह सकता है। ता. 14 से 23 तक सुधार। ता. 24 से 30 तक अचानक मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 31 को व्यापक मंदी की धारणा बन सकती है।

अप्रैल–ता. 1 से 6 तक गिरावट जारी रहेगी। ता. 7 से 12 तक अचानक तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 13 से 26 तक सामान्य सुधार। ता. 27 से 30 तक कुछ मंदी की धारणा।

मई–ता. 1 से 9 तक गिरावट जारी रह सकती है। ता. 10 से 16 तक रुखों में परिवर्तन होकर धारणा तेजी की ओर। ता. 17 से 22 तक घटबढ़। ता. 23 से 31 तक अस्थिर सुधार।

जून–ता. 1 से 3 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 4 से 5 तक सुधार। ता. 6 से 14 तक चलते रुखों में परिवर्तन। ता. 15 से 26 तक अस्थिर सुधार। ता. 27 से 30 तक व्यापक तेजी।

जुलाई–मासारंभ में सुधार जारी रहेगी। ता. 2 से 11 तक समभाव की स्थिति बन सकती है। ता. 12 से 13 तक घटबढ़। ता. 16 से 28 तक सुधार। ता. 29 से 31 तक सुधार संभावित।

अगस्त–ता. 1 से 5 तक कुछ मंदी की धारणा बन सकती है। ता. 6 से 9 तक सुधार। ता. 10 से 16 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार। ता. 17 से 19 तक सुधार। ता. 20 से 30 तक अच्छी तेजी बन सकती है। ता. 31 अस्थिर सुधार।

सितंबर–ता. 1 से 9 तक घटबढ़। ता. 10 से 23 तक अस्थिर सुधार। ता. 24 से 30 तक सुधार संभावित है।

अक्टूबर–ता. 1 से 15 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 16 से 18 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 19 से 22 तक सुधार। ता. 23 को शनि मार्गी से चलते रुखों में परिवर्तन हो सकता है। ता. 26 से 30 तक अच्छी तेजी। ता. 31 को तेजी की धारणा।

नवंबर–ता. 1 से 10 तक सुधार जारी रहेगी। ता. 11 से 15 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 16 से 23 तक घटबढ़ जारी। रह सकती है। ता. 24 से 30 तक सुधार जारी रह सकता है।

दिसंबर–ता. 1 से 2 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 3 से 15 तक कुछ धारणा अस्थिर हो सकती है। ता. 16 से 26 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 27 से 31 तक घटबढ़ पूर्ण सुधार। मेरे समझ से इसका स्टॉक सामान्य लाभकारी हो सकता है।

गेहूं, चना, तुअर, मूंग, मोंठ, उड़द, चावल, ज्वार-बाजरा, मसूर तेजी-मंदी

जनवरी 2022–ता. 1 से 13 तक अधिकांश जिन्सों में घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 14 को घटबढ़, धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता. 16 से 28 तक सामान्य तेजी की धारणा बन सकती है। ता. 29 से 31 तक घटबढ़ जारी रह सकती है।

फरवरी–ता. 1 से 3 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 4 से 11 तक सुधार। ता. 12 से 25 तक अचानक मंदी। ता. 26 से मासांत तक व्यापक घटबढ़, धारणा अस्थिर।

मार्च–मासारंभ में सुधार जारी रहेगी। ता. 6 से 13 तक खामोशी बनी रह सकती है। ता. 14 से 23 तक सुधार। ता. 24 से 30 तक घटबढ़ जारी। ता. 31 को अचानक मंदी।

अप्रैल–ता. 1 से 6 तक अधिकांश अनाजों में मंदी की धारणा। ता. 7 को सुधार। ता. 8 से 12 तक मंदी। ता. 13 को घटबढ़। ता. 14 से 23 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 24 से 26 तक सुधार। ता. 27 से 30 तक कुछ मंदी की धारणा।

मई–ता. 1 से 9 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 10 से 14 तक मंदी। ता. 15 से 16 तक घटबढ़, धारणा मंदी की ओर जा सकती है। ता. 17 से 22 तक घटबढ़ जारी। ता. 23 से 31 तक अधिकांश अनाजों में तेजी की धारणा बन सकती है।

जून–मासारंभ में सुधार जारी रहेगा। ता. 6 को शनि वक्री से रुखों में परिवर्तन, धारणा तेजी की ओर रहनी चाहिए। ता. 15 को सुधार। ता. 18 से 26 तक घटबढ़, धारणा अस्थिर हो सकती है। ता. 27 से 30 तक सामान्य से भारी सुधार संभावित है।

जुलाई–ता. 1 से 11 तक घटबढ़ जारी रहेगी। ता. 12 से 28 तक घटबढ़, धारणा कुछ अस्थिरता की ओर रहनी चाहिए। ता. 29 से 31 तक मंदी की धारणा बन सकती है।

अगस्त–मासारंभ में घटबढ़। ता. 6 से 9 तक मंदी। ता. 10 से 16 तक तेजी की धारणा। ता. 17 को घटबढ़। ता. 20 से 30 तक अच्छी तेजी। ता. 31 को सुधार संभावित है।

सितंबर–ता. 1 से 9 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 10 से 16 तक सामान्य से भारी मंदी की धारणा। ता. 17 से 23 तक घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 24 से 30 तक तेजी की धारणा।

अक्टूबर–ता. 1 से 15 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 16 को कुछ सुधार। जबकि ता. 17 से 22 तक सुधार जारी रह सकता है। ता. 23 से 30 तक सामान्य सुधार। ता. 31 को सामान्य से भारी सुधार की संभावना प्रतीत हो रही है।

नवंबर–ता. 1 से 10 तक सुधार जारी रहेगा। ता. 11 से 15 तक सुधार जारी रह सकता है। ता. 16 से 23 तक घटबढ़। ता. 24 से 30 तक सुधार जारी रहेगा।

दिसंबर–मासारंभ में सुधार जारी रहेगा। ता. 3 से 15 तक व्यापक सुधार। ता. 16 से 26 तक घटबढ़ जारी रह सकती है। ता. 27 से 31 तक अस्थिर सुधार जारी रह सकता है।

यह विवेचना ग्रहीय चाल पर आधारित है। अतः इसमें कभी-कभी उत्पादन-खपत, मांग-आपूर्ति, बकाया स्टॉक, प्राकृतिक वातावरण, सरकार की नीतियों के कारण उपरोक्त धारणाओं में परिवर्तन भी हो सकते हैं। अतः तेजी-मंदी का विचार स्व-विवेक से ही करना चाहिए। इसमें कभी-कभी जोखिम भी हो सकता है।

लेखक-प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. टुनटुन शास्त्री
ग्राम-करौन्दी, पोस्ट-सरांव (नटवार), जिला-रोहतास -802218
मो.-9801873719 (Whatsapp), 9431486216
E-mail : tuntunshatri@gmail.com

व्यापारिक भविष्यफल प्रकाश सन् 2022 ई.

लेखक: राम अवतार गुप्ता

जनवरी—2022

मास में तेजी की प्रमुख तारीखें-5, 10, 13, 19, 24, 28 जनवरी। **मन्दी की प्रमुख तारीखें**-3, 7, 18, 20, 21, 26 जनवरी हैं।

यह नवीन वर्ष 2022 ई. का शुभारंभ पौष बदी 14, शनिवार से हुआ है। रविवारी मावस से—**पौषी मावस के दिना भौम सूर शनिवार। भय उपजै महंगे बिकै ज्वार बाजरा गुवार॥** उपरोक्त सावणी फसल का माल तेज होगा। तिलहन, सरसों, खल, बिनौला, अनाज खरीदकर फागुन तक बेचने से अच्छा लाभ तथा माघ्र फागुन में गुड़, चीनी का स्टॉक करके आगे श्रावण-भादवा में बेचने से लाभ होगा। शते गुरु पीली वस्तुओं हल्दी, सुपारी आदि तथा अनाजों में अच्छा मंदा तो प्रजा में सुख-शांति रहे। गुरुवारी चौथ रुई में तेजी के झटके लायेगी। ता. 5 जनवरी शुक्रास्त होगा तथा ता. 11 जनवरी शुक्रोदय पूर्व में होगा। एक सप्ताह के अंदर उदयास्त होने से—**अस्त उदय सप्ताह में अगर शुक्र हो जाऐ। भ्रांत अशांत प्रजा रहे दुख नितांत अधिकाऐ॥** घी, तेल, सोना, चांदी, रुई, कपास, पाट, बारदाना, कालीमिर्च आदि में तेजी का संचार करेगा तथा एक मास में गेहूं, चावल में अच्छी तेजी। ता. 13 सुदी 11 कृतिका युक्त होने से—**पौष सुदी एकादशी जो कृतिका नक्षत्र। लाल वस्तुओं में रहे, खूब लाभ सर्वत्र॥** लाल वर्ण की वस्तुओं का स्टॉक अच्छा लाभ देगा। सोना होली तक प्रायः तेज रहेगा। ता. 14 जनवरी संक्रांति मकर लाल वर्ण की वस्तुओं अनाजों, किराने की वस्तुओं में मंदी लायेगी। यहां सूर्य+बुध+शनि का राशि योग—**शनि, बुध, सूरज साथ जब एक राशि इक सेज। जौ, गेहूं, चावल, चना, मटर, ज्वार, बाजरा तेज॥** उपरोक्त वस्तुओं में, किराना मिर्च मसालों में तीन सप्ताह के अंदर भारी तेजी संभव। सुदी 13 शनिवारी को वर्षा हो तो—**पौष सुदी तेरस दिना भौम शुक्र शनिवार। वर्षे तो भरलो सभी गेहूं के भण्डार॥** ता. 17 जनवरी सोमवारी पूनम घी का स्टॉक करके फागुन में बेचने की राय देती है। चांदी शेयर्स, गुड़, तेलों, रुई में अच्छी मंदी के झटके तो चना में अच्छी तेजी के झटके लायेगी।

माघ बदी पक्ष—मास में 5 मंगलवार तथा 5 बुधवार होने से मूल पदार्थ आलू आदि दालें, घी, तेलों, तिलहन में अच्छी तेजी तो अनाज, पीले वर्ण की वस्तुओं में भारी मंदी। सोना, चांदी, रुई में भारी घटाबढ़ी चलेगी। ता. 20 जनवरी श्रवणे 4 शनि—अनाज, तिलहन, गुड़, अरहर, दालें आदि में अच्छी तेजी कारक। 24 जनवरी से सूर्य भी श्रवण में आकर शनि के साथ नक्षत्र योग से उपरोक्त वस्तुओं, अनाजों आदि में अच्छी तेजी ला सकेगा। **श्रवण नक्षत्र पर हो कोई ग्रह क्रूर। अन्न भाव महंगा रहे, गेहूं तेज जरूर॥** ता. 30 जनवरी शुक्र मार्गी से तीन से पांच दिन तक धातुओं सोना, चांदी, रुई, सरसों, तिलहन, कालीमिर्च, धान, चावल आदि में प्रथम मंदी लाकर तेज करेगा।

फरवरी—2022

तेजी की प्रमुख ता.-1, 4, 8, 15, 22, 28 फरवरी। **मन्दी की प्रमुख ता.**-2, 3, 10, 17, 18 फरवरी।

ता. 1 मंगलवारी अमावस्या शनि अंगारक योग युक्त होने से सर्व प्रमुख वस्तुओं में एक सप्ताह के अंदर काफी उतार-चढ़ाव होंगे। **माघी मावस पूर्णिमा जो मंगल शनिवार। शोक लोक में परस्पर राजाओं में तकरार॥**

माघ सुदी पक्ष—प्रतिपदा बुधवारी से सर्व मूल पदार्थ, रुई, गुड़, तिलहन, खाण्ड, सोना आदि में घटबढ़ से अच्छी तेजी तो चांदी, पीले वर्ण की वस्तुएं तथा सुपारी, गुवार तथा अन्य प्रमुख वस्तुओं में अच्छी मंदी की आशा है। **मास माघ की प्रतिपदा वार होय बुधवार। तीन मास तेजी रहे, भावी वर्ष बिगार॥** ता. 5 बसंत पंचमी शनिवारी अकाल सूचक तथा प्रमुख वस्तुओं में तेजी की सूचना देती है। सुदी 7 सोमवारी दुर्भिक्षकारी है—**माघ सुदी सातै पड़ै, शनि रवि चन्दावार। विग्रह भय दुर्भिक्ष से दुख पावै संसार॥** यहां से गुरु दो मास तक अतिचारी गति से चलेगा। इस दौरान बाजारों में काफी उठापटक रहेगी। अतः वस्तुओं की खरीद बेचान करते रहें, लाभ होगा। ता. 9 अष्टमी की वृद्धि अच्छी वर्षा कारक है। आगे फागुन मास में गेहूं आदि की फसलों में कीड़ा आदि लगने से नुकशान की आशंका। ता. 10 सुदी 9 रोहिणी युक्त होने से रुई, कपास, रेशम, कालीमिर्च आदि में भारी मंदी के झटके ला सकती है। ता. 12 शनिवारी कुंभ संक्रांति 15 मुहूर्ति अनाज, मिर्च, दालें, तिलहन, सावणी फसल का माल, प्रमुख किराना तेज करेगी। **शनिवारी संक्रांति से तिलहन तेज अनाज। होय युद्ध भय रोग से जग में अमित अकाज॥** ता. 16 बुधवारी पूनम अश्लेषा युक्त होने से अनाज, दालों में अच्छी तेजी के झटके तो सोना, केसर, हल्दी, पीले वर्ण की वस्तुओं में अच्छी मंदी के झटके संभव। माघ मास के शकुन—**माघ सुदी एकमै, बादल बिजली होय। तेल और सरसों सबै, दिन-दिन महंगो होय॥ माघ सुदी जो सप्तमी बादल मेघ करन्त। तो आषाढ़ में भड्डरी, घनो मेघ बरसन्त॥**

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष—ता. 17 फरवरी एकम् गुरुवारी से तीन दिन के अंदर सर्व प्रमुख वस्तुओं में अच्छी मंदी के झटके तथा एक सप्ताह के अंदर कहीं प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकशान संभव। ता. 19 शते सूर्य से सोना, धातुएं, रुई, सूत, हल्दी, तिलहन, घी, चांदी, गुड़ तेज करेगा। ता. 22 छट मंगलवारी स्वाती युक्त तेजी सूचक तथा 2-3 मासों में सर्व प्रमुख बाजारों में अच्छी तेजी का वातावरण बना सकती है। **यदि स्वाती नक्षत्र तो तीन मास दुर्भिक्ष।** परन्तु यहां गुरु अस्त फागुन में अच्छी मंदी कारक भी है। यथा—**फाल्गुन में गुरु अस्त हो अथवा वक्री चाल। मंदी कारक योग है, मंदा हो सब माल॥** ता. 26 मकरे भौम प्रवेश शनि+शुक्र के साथ युति से प्रमुख वस्तुओं में तेजी होगी। डेढ़ मास के अंदर कहीं कोई बड़ा अग्निकांड दुर्भिक्ष आदि का भय रहेगा। यथाफल—**शुक्र भौम शनि जिस समय रहे इक ठौर। अग्निकांड दुर्भिक्ष भय महंगाई का जोर॥**

मार्च—2022

तेजी की प्रमुख ता.—1, 2, 7, 8, 14, 15, 23, 25, 28 मार्च। **मन्दी की प्रमुख ता.**—3, 4, 10, 17, 21, 24, 31 हैं।

ता. 1 मार्च महाशिवरात्रि व्रत। यदि आज पश्चिमी वायु चले तो आगे तेजी चलेगी। ता. 2 बुधवारी मावस किराना तेज करेगी। यहां सूर्य+गुरु+चन्द्र योग यथाफल—**चन्द सूर गुरु तीन का एक राशि पर वास। कपड़ा, जौ, अरण्ड, मूंग में लाभ सातवें मास॥** पूर्वा भाद्रपद गुरु सोना, चांदी, रुई, अनाज, दालें आदि तेज करेगा।

फाल्गुन शुक्ल पक्ष—चन्द्रदर्शन+पूर्णिमा शुक्रवारी होने से अनाज, रुई, कपास, धातुएं, मिर्च, मसाले, किराना सामान आदि पक्ष में घटबढ़ से मंदा। होली को पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र प्रमुख वस्तुओं में आगे एक बार भारी मंदी का वातावरण बना सकता है। ता. 6 कुंभे बुध एक मास के अंदर घी, तेल, गुड़ में तेजी तो चांदी, अनाजों में मंदी के झटके तो मिर्च, मसाले, किराना में अच्छी मंदी का वातावरण बना देगा। ता. 7 मार्च मकर में मंगल+शुक्र+शनि योग यथाफल—**किसी राशि पर शुक्र शनि भौम सहित ग्रह तीन। राष्ट्र भंग दुर्भिक्ष भय, प्रजा प्रपीड़ित दीन॥** महादुर्भिक्षकारी योग है। एक-डेढ़ मास में अनाज, गुवार, मटर, सोना, चांदी, रुई, बारदाना, कालीमिर्च, सर्व प्रमुख शेयरों में घटबढ़ से अच्छी तेजी का वातावरण बन सकेगा। ता. 10 सुदी 8 रोहिणी युक्त से—**कुंभ मीन के अन्तरे, अष्टमी रोहिणी होय। भारी से भारी तेजी अन्न में होय॥** यहां प्रथम 10-20 दिन मंदा चलकर फिर धीरे-धीरे बाजार तेज होकर अच्छी तेजी आती है। एक सप्ताह के अंदर सोना, चांदी में अच्छी मंदी के

झटके तो रुई, खल, बिनौला मंदा तो दालों, गुवार, घी, चीनी, चना, तांबा, पीतल, मूल पदार्थों आलू, प्याज, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थ में घटवढ़ से तेजी होकर अच्छी तेजी का वातावरण बनने की आशा रहेगी। ता. 14 मार्च मीने संक्रांति अनाज मंदा करेगी। इस संक्रांति काल में जो व्यापारी मंदा हुआ माल खरीदकर अगली संक्रांति में बेचेगा, वह लाभ में रहेगा।

चैत्र बदी पक्ष–ता. 22 मार्च बदी 5 मंगलवारी होने से-**चैत्र बदी पांचै दिना मंगल या बुधवार। गेहूं अरु घी में तेजी चलै बाजार॥** के अनुसार पक्ष में अनाज, घी, तेलों, चना आदि दालों में तेजी का वातावरण बन सकता है। ता. 24 मार्च गुरु उदय पूर्व में होना वर्षा कारक है। अधिक वर्षा होने पर घोर तेजी। परन्तु उचित वर्षा होने से बाजार मंदा करेगा। परन्तु यहां चावल, सोना, चांदी, सरसों, गुड़ तेज करेगा तो रुई, कालीमिर्च, किराना में अच्छा मंदा दो सप्ताह के अंदर ला सकता है। ता. 29 मार्च धनिष्ठा पर शनि+मंगल योग से बाजार तेज चले। एक मास के अंदर महादुर्भिक्षकारी योग है। फसलों को नुकसान हो। यथाफल-**होय धनिष्ठा नक्षत्र पर शनि मंगल का वास। बादल जल वर्षे नहीं, हो खेती का नाश॥** ता. 31 मार्च कुंभ राशि में शुक्र का प्रवेश होकर गुरु के साथ युति से-**चैत्र मास में रहे गुरु शुक्र इक भोन। घी, तिल, तेल, कपास में मंदी की ही टोन॥ एक राशि में चैत्र में गुरु भृगु करे निवास। सूत, तिल, तेल संग्रहो लाभ दूसरे मास॥** तिलहन, रुई, सूत, तेलों आदि का स्टॉक अगले 2 मास में अच्छा लाभ देगा।

अप्रैल–2022

तेजी की प्रमुख ता.-5, 11, 12, 18, 19, 26 तथा **मन्दी की प्रमुख ता.**-1, 4, 7, 13, 21, 28, 29 हैं।

ता. 1 अप्रैल शुक्रवारी अमावस गुवार, रुई, अरहर, चांदी, घी, तेल, सोना में मंदी कारक तो लालवर्ण की वस्तुएं, अनाज तेज करेगी। मकर में मंगल-शनि का योग-**कर्क मीन कन्या मकर जब शनि मंगल वास। युद्ध विकलता भूमि पर अरु धन धान्य विनाश॥** महीने दो महीने में भारत या भारत से पूर्वी देशों में कहीं युद्ध की स्थिति पैदा कर सकता है तथा अनाज, दालों आदि में अच्छी तेजी समर्थक है।

चैत्र शुक्ल पक्ष–ता. 2 अप्रैल संवत् 2079 का शुभारंभ होगा। संवत् का राजा शनि एवं मंत्री गुरु होंगे। फसल की वस्तुएं मंदी में खरीदकर सावन एवं मार्गशीर्ष में बेचने से लाभ होगा। ता. 7 कुंभे भौम+शुक्र+गुरु का योग-**सूर गुरु मंगल शुक्र का एक नखत पर वास। अन्न भाव मंदा रहे, लाभ तीसरे मास॥** सर्व अनाज स्टॉक करके 2 मास पश्चात् बेचने से लाभ। गुड़, सोना, गुवार, तांबा, बिजली का सामान, मकान, भूमि, प्लॉट, मूंग आदि दालों में एक मास के अंदर अच्छी तेजी ला सकता है। ता. 12 एकादशी मंगलवारी से पक्ष में कभी भी सरसों, खल, बिनौला में अच्छी तेजी संभव। ता. 14 मेष संक्रांति का प्रवेश होकर सूर्य+राहु का राशि योग से-**राहू आवै मेष पर क्रूर ग्रहों के साथ। महंगाई दुर्भिक्ष दुख से हो प्रजा अनाथ॥** ता. 16 शनिवारी पूनम से सभी प्रमुख शेयर्स में विशेष तेजी के झटके तथा बैशाख बदी पक्ष में तिलहन, चना, गुवार, रुई में अच्छी तेजी बन सकती है।

बैशाख कृष्ण पक्ष–ता. 19 अप्रैल अंगारक चतुर्थी लालवर्ण की वस्तुओं, लालमिर्च आदि में अच्छी तेजी के झटके तथा सोना, तांबा, चना, अरहर, दालों में तेजी करेगी। ता. 24 तिथि क्षय देशी घी तेज करेगा। ता. 27 अप्रैल मीन राशि में शुक्र का प्रवेश एवं गुरु के साथ युति से-**एक जगह गुरु शुक्र हो बने युद्ध आसार। अनावृष्टि-अतिवृष्टि से दुख पावै संसार॥** फसलों को नुकशान तथा संसार में कहीं युद्ध की चर्चा चल सकती है। रुई, तिलहन, सोना, चांदी के भावों में गिरावट तथा एक मास के अंदर भारी गिरावट भी संभव है। ता. 29 अप्रैल बदी 14 शुक्रवारी-**बदी चौदस बैशाख में गुरु अथवा भृगुवार। उत्तम उपजेगी फसल मंदा चले बाजार॥** ता. 30 शनिवारी अमावस अनाज, गल्ला माल खरीदने की राय देती है। श्रावण में बेचने से लाभ। चना खरीदकर एक मास में बेचें, लाभ हो। उभायां शुक्र: सफेद वस्तु, रुई, चांदी, मोती आदि में मंदी कारक तो आलू, हरी सब्जियां तेज करेगा।

मई–2022

तेजी की प्रमुख ता.-6, 10, 17, 20, 23, 27 मई। **मन्दी की प्रमुख ता.**-2, 12, 13, 18, 26, 30 मई हैं।

बैशाख शुक्ल पक्ष–वैशाख मास में मंद स्तर की वस्तुएं खरीदना लाभकारी रहे। ता. 3 मई अक्षय तृतीया रोहिणी युक्त सुभिक्षकारी किन्तु मंगलवारी होने से गुड़, गेहूं, अनाज, चना, लालमिर्च, लालवर्ण की वस्तुओं में भारी अथवा जोरदार तेजी के झटके ला सकती है। ता. 5 चौथ गुरुवारी आषाढ़ तक रुई में जनरल लाईन तेज। हर मंदी के झटकों में खरीदकर तेजी में बेचते रहें। ता. 7 छट शनिवारी गेहूं, चावल, अनाज तेज करेगी। एक मास में अच्छी तेजी संभव। ता. 10 मई नौमी मंगलवारी मघा युक्त है। **नोमी रेवती रोहिणी मघा उत्तरा तीन। भौमी हो वैशाख में दुनिया दुखिया दीन॥** दुर्भिक्षकारी है। ता. 14 बुधास्त पश्चिम से सोना, चांदी, रुई, प्रमुख वस्तुओं में मंदी के झटके। रात को वृष संक्रांति शनिवारी 15 मुहूर्ती तिलहन, घी, अनाज, दालें, गुड़, चीनी, रुई, हल्दी, कालीमिर्च आदि किराना में तेजी या अच्छी तेजी ला सकेगी। ता. 16 सोमवारी पूनम रुई, चांदी शेयर्स, गुड़, तेलों में प्रथम मंदी के झटके लाकर बाजार तेज करेगी।

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष–बदी एकम् मंगलवारी-**ज्येष्ठ बदी एकम् पड़ै रवि मंगल बुधवार। संक्रामक रोगों का रहे मास में गर्म बाजार॥** मास में संक्रामक रोगों से प्रजा को कष्ट तथा प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में मूंग, मोठ, चनादि दालें, तिलहन, रुई आदि में तेजी। ता. 23 मई मेषे शुक्र+राहु का योग-**मेष राशि पर होय जब शुक्र राहु संयोग। धान्य भाव महंगा रहे विग्रह पीड़ित लोग॥** उपद्रव, विग्रह आदि से जनता को कष्ट तथा अनाजों में अच्छी तेजी समर्थक तो रुई, कपास में भारी मंदी। यहां भारी मंदी आवे तो खरीदना लाभदायक। आगे उत्तम लाभ होगा। ता. 30 मई सोमवती अमावस एक सप्ताह के अंदर व्यापार की सर्व वस्तुओं के भावों में बाजार नीचे आयेंगे। ज्येष्ठ मास की सोमवती अमावस होने से आगे 4-6 मासों में अनाज, तिलहन, गुड़, चीनी, किराना सामान में धीरे-धीरे जोरदार मंदी लायेगी।

ज्येष्ठ सुदी पक्ष–ता. 31 को एकम् मंगलवारी शनि अंगारक योग से सभी प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तूफानी तेजी-मंदी चल सकती है। इसका विशेष प्रभाव रुई, रेशम, कालीमिर्च, मूल पदार्थ आलू, हल्दी आदि, गेहूं आदि अनाज तथा तिलहन पर पड़ता है। सोना, चांदी में अच्छी घटवढ़ रहे।

जून–2022

तेजी की प्रमुख ता.-1, 3, 6, 7, 14, 15, 20, 24, 28 हैं। **मन्दी की प्रमुख ता.**-9, 17, 23, 27 जून हैं।

ता. 1 जून सुदी 2 बुधवारी छट रविवारी से पक्ष में घी तेज तथा रुई, कालीमिर्च, रेशम में मंदा। ता. 3 जून बुधोदय से रुई, सोना, चांदी, गुड़, चीनी, गेहूं में तेजी के झटके लायेगा। ता. 4 जून बुध मार्गी तीन दिन प्रमुख वस्तुओं में घटाबढ़ी अधिक करेगा। ता. 5 छट रविवारी पक्ष में अनाजों में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। शनि वक्री से अनाज, तिलहन, मूल पदार्थ, गुड़, उड़द, बिनौला, दालों में तेजी तो सुदी 7 पक्ष में खल-बिनौला, सरसों, खाद्य तेलों में अच्छी तेजी का वातावरण बन सकता है। ता. 8 जून रेवती मंगल सोना, चांदी में विशेष तेजी के झटके लायेगा। ता. 14 जून मंगलवारी पूनम+योग का क्षय से रुई, सोना, चांदी, सरसों, गुवार, मटर, कालीमिर्च, उड़द आदि दालों में अधिक घटवढ़ चलते बाजार आगे तेज होंगे।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष–पक्ष में अनाज, दालें, तिलहन, आलू, प्याज आदि मूल पदार्थ, खाद्य तेल, मिर्च, मसाले, किराना आदि प्रमुख वस्तुएं तेज रहें। ता. 15 मिथुन संक्रांति उपरोक्त वस्तुओं में तेजी समर्थक है। अत: पक्ष में अच्छी तेजी संभव है। संक्रांति समय धनु का चन्द्र होने से सर्व तिलहन पदार्थ, खाद्य तेलों, धान, चावल का स्टॉक करने की राय देता है। चौथे मास बेचने से अच्छा लाभ। ता. 18 वृषे शुक्र एक मास में अनाजों में अच्छी

तेजी आने का संदेश देता है तो रुई, चावल, घी के भाव मंदे करेगा। परन्तु छट रविवारी रुई, कपास में भारी तेजी समर्थक है। ता. 22 जून आर्द्रा सूर्य प्रवेश समय चन्द्रमा जल राशि केन्द्र में होने से धन-धान्य में बढ़ोतरी तथा अच्छी वर्षा कारक है। यथा-**रवि आर्द्रा के समय हो चन्दा केन्द्र त्रिकोण। जल राशि शुभ दृष्टि में बढ़े धन-धान्य जग भोन।।** आर्द्रा सूर्य रुई, गेहूं, चावल, खल, अरण्ड, चना, जौ, चांदी, कपूर, गुड़ के भावों में वृद्धि करेगा। ता. 27 जून बदी 14 सोमवारी यथाफल-**सावी चौदश हो कभी सोमवार समवेत। खेत न उपजे धान्य तृण गाय भैंस केहि हेत।।** यह योग अनाज, गेहूं, चना, घास, चारा, पशु आहार में अच्छी तेजी लाता है। ता. 29 जून बुधवारी मावस आर्द्रा युक्त तीन दिन के अंदर गेहूं, अनाज, दालें, गुड़, चीनी आदि में अच्छी मंदी के झटके ला सकती है।

जुलाई—2022

तेजी की प्रमुख ता.-4, 5, 8, 14, 21, 22, 26 हैं। **मन्दी की प्रमुख ता.**-1, 7, 11, 12, 13, 18, 19, 20, 28 हैं।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष-मास में 5 बुधवार होने से भयंकर तेजी-मंदी चलेगी। व्यापारी वर्ग हैरान-परेशान रहे। अतः सावधानी से काम करें। ता. 2 मिथुन का बुध दो-तीन सप्ताह के अंदर मूंग आदि सर्व दालें, रेशम, रुई, तांबा, तिलहन, गुवार, सोना आदि धातुओं में मंदी समर्थक है। ता. 6 बुधास्त पूर्वे 5 दिन में सोना, चांदी व रुई में भारी तेजी के झटके तो अनाज, घी के भाव में मंदे करेगा। ता. 10 देवशयनी एकादशी रविवारी दुर्भिक्षकारी है। वस्तुओं में तेजी का संचार करेगी। परन्तु बिनौला, गुवार, रुई में अच्छी मंदी के झटके आ सकते हैं। ता. 13 बुधवारी पूनम 14 का क्षय-**पड़वा पाचै चतुर्दशी शुक्ल पक्ष में तीन। बढ़ने पर मंदी करें तेजी हो जब छीन।।** अनाज दालें, तिलहन, किराना में तेजी के झटके तो रुई, धान, चावल में अच्छी मंदी लायेगी।

श्रावण कृष्ण पक्ष-मास में कहीं अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि से फसलों को नुकशान तथा प्रजा परेशान रहे। ता. 14 बदी एकम् गुरुवारी-**सावन कृष्ण प्रतिपदा जो होवे गुरुवार। उड़द मूंग तिल तेल का महंगा चले बाजार।।** पक्ष में उपरोक्त वस्तुएं तेज करेगी। ता. 16 जुलाई कर्क संक्रांति 15 मुहूर्ती शनिवारी संक्रांति दुर्भिक्ष, सर्व व्यापारिक वस्तुओं में तेजी समर्थक, आंधी-तूफान का उपद्रव, अनाजों, खाद्य तेलों में भारी तेजी तो धातुओं में मंदी कारक है। यहां से 13वें दिन बुध का उदय मास में भयंका वर्षा कारक है। यहां भरणी में मंगल-राहु का नक्षत्र योग दुर्भिक्ष तथा खेती को नुकशान, तेलों, सर्व खाद्य पदार्थ, अनाज, दालों में अच्छी तेजी कारक तो किराना बाजार में काफी उलट-फेर होगा। **मंगल राहु साथ में इक नक्षत्र इक रास। अनावृष्टि दुर्भिक्ष दुख हो खेती का नाश।** ता. 25 त्रयोदशी मंगलवारी गुड़, खांड खरीदकर एक मास में बेचने से अच्छा लाभ। ता. 28 गुरुवारी अमावस प्रमुख वस्तुओं में मंदी। यथा-**मावस्या गुरुवार या गुरु का मास नक्षत्र। ज्योतिष का सिद्धांत है वर्षा हो सर्वत्र।।**

श्रावण शुक्ल पक्ष-ता. 29 जुलाई गुरु वक्री से 3-5 मासों में रुई, कपास आदि में भयंकर तेजी की आशा है तथा गुरु राशि से शनि 11वें स्थान पर होने से सर्व मूल पदार्थ, खनिज पदार्थों, सर्व प्रमुख वस्तुओं में एकदम अच्छी तेजी का वातावरण बन सकता है। अधिक जानकारी के लिए पुस्तक **स्पेशल रिपोर्ट** मंगवाकर पढ़ें व सम्पर्क करें-मो. 9416110996, 7400300094

अगस्त—2022

तेजी की प्रमुख ता.-2, 4, 5, 11, 17, 19, 31। **मन्दी की प्रमुख ता.**-1, 3, 15, 16, 22, 29 अगस्त हैं।

ता. 1 तीन दिन के अंदर सोना, चांदी, धातुएं, तिलहन, तेलों, अनाज, दालों, प्रमुख शेयर्स, किराना, गुवार आदि में कभी भी जोरदार मंदी के झटके संभव। खरीदना लाभदायक। ता. 3 छट बुधवारी एक मास मे अनाजों में भारी तेजी। ता. 5 कृतिका मंगल तीन सप्ताह के अंदर सोना, चांदी, धातुओं में जोरदार तेजी। अरहर दालों में मंदा तो तेलों, तिलहन, अनाजों में तेजी कारक। रविवारी दशमी एक मास में रुई में भारी तेजी लायेगी। सवा महीने में प्रमुख शेयर्स मार्केट में जोरदार मंदी आ सकती है।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष-मास में पांच शनिवार होने से प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का बोलबाला रहेगा। तेज वस्तुएं बेचकर लाभ लेना चाहिए। ता. 18 अगस्त उफायां बुध से एक सप्ताह में सोना, चांदी में अच्छी मंदी के झटके। अनाज, दालें तेज तो रुई, कालीमिर्च में मंदी के झटके लायेगा। ता. 23 एकादशी वृद्धि से रुई में अच्छी तेजी आयेगी। खरीदने से अच्छा लाभ। ता. 27 शनिवारी मावस चना, घी, तेलों, सोना, चांदी आदि में तेजी या अच्छी तेजी लायेगा।

भादपद शुक्ल पक्ष-पक्ष में घी में विशेष तेजी संभव। ता. 31 अगस्त सिंह शुक्र लालवर्ण की वस्तुओं, लालमिर्च, गुड़, मसूर आदि में मंदी कारक। परन्तु यहां सूर्य+शुक्र का योग पर मंगल की दृष्टि अच्छी तेजी समर्थक है। अनाज सहित प्रमुख वस्तुओं में अच्छी तेजी संभव। यथाफल-**सूर्यदेव भृगु नाथ का एक राशि पर साथ। पकड़ा देती है फसल महंगाई का हाथ।।**

सितम्बर—2022

तेजी की प्रमुख ता.-1, 2, 6, 7, 13, 16, 23, 27, 28 हैं। **मन्दी की प्रमुख ता.**-8, 9, 12, 19, 26 सितं.।

ता. 1 सितं. सुदी पंचमी स्वाती युक्त होने से आगे फसलें कम होंगी। रुई, कपास में भारी तेजी। आगे दो-तीन मासों में भारी तेजी आयेगी। हर घटे भाव पर खरीदकर तेजी में बेचते रहें। लाभ होगा। आगे ता. 8 पंचक में अच्छी तेजी की आशा रहेगी। ता. 9 बुधास्त से सोना, चांदी, रुई में प्रथम मंदी के झटके लाकर बाजार तेज होंगे। ता. 10 शनिवारी पूनम चना में अच्छी तेजी के झटके ने बुध वक्री घोर वर्षा के साथ-साथ व्यापार की सभी वस्तुओं , घी, तेल, तिलहन पदार्थ, मक्का, गुवार, मोटे अनाजों में अच्छी मंदी कारक है।

आश्विन कृष्ण पक्ष-मास में 5 रविवार-**पंचार्क वासरे रोगा।** अर्थात् विभिन्न बीमारियों की उत्पत्ति अधिक। गुड़, खांड, तिलहन, सोना, चांदी आदि अन्य प्रमुख वस्तुओं में तेजी या अच्छी तेजी की आशा तो श्राद्ध पक्ष होने से उपज की कमीवेशी पर सर्व खाद्य वस्तुओं में कोई भी तेजी-मंदी की अच्छी चाल निकलेगी। अतः प्रथम रुख देखकर काम करें। ता. 11 एकम् रविवारी गेहूं में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। तथा गल्ला माल मंदी के झटकों में खरीदकर कार्तिक में बेचने से अच्छा लाभ होगा। ता. 13 मंगलवारी तीज उपरांत अंगारक चतुर्थी-**बदी तीज आसोज में मंगल या शनिवार। अग्निकांड भयभीत जग महंगा चले बाजार।।** अग्निकांड तथा लालवर्ण तेलों, क्रूड ऑयल, पेट्रोलियम पदार्थ, सोना, तांबा आदि में अच्छी तेजी के झटके लायेगी। ता. 20 दशमी मंगलवारी से गुड़, खाण्ड, चीनी में अच्छी तेजी। ता. 24 सितं. कन्या शुक्र एक मास में प्राकृतिक कारणों से फसलों को नुकशान। रुई की फसल की बर्बादी। अनाजों में अच्छी तेजी तो धातुओं, रस पदार्थों, तेलों में काफी उतार-चढ़ाव होगा। चना में अच्छी तेजी की आशा है। रविवारी मावस आगे 3 से 5 महीने में तिलहन, अनाजों आदि प्रमुख वस्तुओं में खतरनाक तेजी का वातावरण बना सकती है।

आश्विन शुक्ल पक्ष-ता. 28 सितं. शुक्रास्त पूर्वे एक मास में प्राकृतिक प्रकोप से नुकसान। अनाज, धातुओं, दालें, धनियां, बिनौला में तेजी अथवा अच्छी तेजी ला सकती है। ता. 29 बुधोदय पूर्वे-यदि आज वर्षा न हो तो रुई, कालीमिर्च, चावल, खाद्य वस्तुओं में मंदी कारक तो अनाज तेज करेगा।

अक्टूबर—2022

तेजी की प्रमुख ता.-8, 12, 15, 22, 25, 26, 29 हैं। मंदी की प्रमुख ता.-1, 4, 19, 20, 21, 28 हैं।

कार्तिक कृष्ण पक्ष-मास में दो ग्रहण हैं। सोमवारी दीपावली है। दो मास के अंदर स्टॉक निकालने की राय देती है तथा ग्रहण कई वस्तुओं का स्टॉक करने की राय भी देता है। मास में कहीं कोई बड़ा अग्निकांड तथा डेढ़-दो मास के अंदर सोना, चांदी सहित कई वस्तुओं में जोरदार तेजी संभव। ता. 15 बदी 6 शनिवारी गेहूं स्टॉक करने की राय देती है। दो मास में बेचने से अच्छा लाभ। मिथुने मंगल लालवर्ण, सोना, तांबा, लालमिर्च आदि, रुई, अनाजों में तेजी कारक तो मंगल से केतु पांचवें होने

से रुई में भारी मंदी भी संभव है। ता. 17 अक्टू. तुला संक्रांति सोमवारी 45 मुहूर्ती से प्राय: सर्व वस्तुओं, धान, हल्दी, मिर्च, किराना, अनाज, चावल आदि तेलों में मंदा करेगी। यहां सूर्य+शुक्र का राशि योग तेजी कारक भी है। ता. 23 अक्टू. रविवारी तेरस-**कार्तिक लागत त्रयोदशी जो आवे रविवार। तो जौ गेहूं अन्न में चले तेजी बारम्बार॥** अनाजों में अच्छी तेजी कारक है परन्तु यहां शनि मार्गी से तीन से पांच दिन बाजारों में घटाबढ़ी अधिक रहे। जो वस्तुएं तेज हों, वह मंदी तथा जो मंदी थी वह तेज हो जायेंगी। **वक्र चाल चलते हुये शनि मार्गी हो जाऐ। चालू रुख बाजार का एकदम पलटा खाऐ॥** ता. 24 सोमवारी शुभ दीपावली है। आज 17:25 उपरांत अमावस्या का प्रवेश हुआ है। **सोम गुरु की आय दीवाली, जीवे रंक मरे भड़साली।** स्टॉकिस्ट को हानि कारक है। स्टॉक न करके बल्कि दो महीने के अंदर स्टॉक निकाल दें। दीपावली रुई में अच्छी तेजी समर्थक है। ता. 25 मंगलवारी मावस को सूर्य ग्रहण कई वस्तुओं को स्टॉक करने की राय देता है। कई वस्तुओं में भारी तेजी लायेगा।

कार्तिक सुदी पक्ष-इस पक्ष में आलू, प्याज, मूल पदार्थ, रुई, रेशम, धातुएं, तिलहन, गुड़, चीनी, अनाज, किराना, मसालों आदि में तेजी का रुख तो पक्ष में किसी-किसी वस्तु में जोरदार तेजी की आशा रहेगी। ता. 31 मंगल वक्री मिथुन राशि में होने से किराना तथा अन्य प्रमुख वस्तुओं में तेजी का चक्र चलेगा। **जिस राशि पर भ्रमण भौम का जब हो उसमें निश्चय वक्र। वक्री होने पर किराने में चलता तेजी का चक्र॥**

नवम्बर-2022

तेजी की प्रमुख ता.-1, 8, 9, 11, 22, 29 हैं। **मन्दी की प्रमुख ता.**-3, 14, 16, 17, 21, 24, 25, 30 हैं।

ता. 1 नवं. अष्टमी मंगलवारी सभी प्रमुख बाजारों व उपज की वस्तुओं रुई, चना आदि में भारी तेजी समर्थक है। 2-3 सप्ताह के अंदर भारी तेजी संभव है। ता. 8 पूनम भरणी युक्त है-**अश्विनी भरणी का बने पूनम से संयोग। उड़द गुवार जुवार मकई मटर महंगाई अरु रोग॥** उपरोक्त वस्तुओं, सावणी फसल के मालों में आगे अच्छी तेजी लायेगा। आज ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण है। चांदी, राई, मेंथी, जस्ता का स्टॉक करके चार मास बेचने से अच्छा लाभ। दो-तीन सप्ताह के अंदर अनाज, सुपारी, अलसी, गुड़, सरसों, खल, बिनौला आदि में भारी तेजी।

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-पक्ष में आलू, प्याज, घी, तेल, तिलहन, सावणी फसल का माल, किराना मसाले, अनाज, दालों का बाजार तेज रहे। किसी-किसी वस्तु में पक्ष में भारी तेजी भी संभव है। ता. 12 चौथ शनिवारी पक्ष में गुड़, चीनी में कहीं भारी मंदी के झटके लायेगी। 15-20 दिनों में शेयर्स में भारी मंदी आ सकती है। ता. 15 नवं. अनुराधा का शुक्र सफेद वस्तुओं चांदी, चावल, चीनी, दूध, घी आदि में मंदी कारक। नशीले लालवर्ण की वस्तुओं में 1-2 सप्ताह में घटबढ़ से तेजी का वातावरण बन सकता है। ता. 20 रविवारी एकादशी-**रविवारी एकादशी लागत मंगसिर मास। लाभ देय बैशाख में रुई, सूत, कपास॥** रुई, सूत का स्टॉक बैशाख में बेचने से अच्छा लाभ हो। अनुराधा नक्षत्र में 3 ग्रहों का योग-**एक नक्षत्र होय जब बुध शुक्र और सूर। वर्षा को कमती करे तेजी हो भरपूर॥** प्रमुख वस्तुओं में एक सप्ताह के अंदर अच्छी तेजी के झटके संभव हैं। ता. 23 बुधवारी पूनम एक सप्ताह में अफवाहों से बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव संभव हो सकता है। पक्ष में चतुर्दशी का क्षय-**मंगसिर पहले पाख में कोई तिथि घट जाऐ। झगड़ा और फिसाद नित लोगों में अधिकाऐ॥** जनता में झगड़े, दंगों आदि में बढ़ोतरी होगी। व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का संचार होगा।

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-पक्ष में बुध+शुक्र योग से प्रमुख वस्तुओं में प्राय: मंदी का रुख रहेगा। इस दौरान तेजी के झटकों में बेचना लाभकारी रहेगा। ता. 24 नवं. गुरु मार्गी मंदी कारक है। परन्तु 5 दिन पूर्व से सोना, चांदी, तिलहन पदार्थों में अच्छी तेजी के झटके ला सकता है। मार्गी गुरु गुड़, रुई, घी, तेलों, अनाजों में घटाबढ़ी अधिक करेगा। ता. 26 शुक्रोदय पश्चिम रेशमी, सूत, नारियल में भारी तेजी कारक है। मार्गशीर्ष में उदय होने से दुर्भिक्षकारी है। यथा-**उदय अस्त गुरु शुक्र जो होवे मंगसिर मास। भूखे मरते जन करें जाये विदेश निवास॥**

दिसम्बर-2022

तेजी की प्रमुख ता.-6, 13, 14, 21, 27, 29, 30 हैं। **मन्दी की प्रमुख ता.**-1, 7, 9, 12, 16, 19, 22 हैं।

ता. 2 दिसं. एकादशी शनिवारी वर्षा नाशक है। **मंगसिर सुदी एकादशी शनिवार का संग। वर्षा नाशे प्रजा दुख, मंत्री मण्डल भंग॥** एक मास में किसी राज्य का मंत्रीमंडल भंग अथवा परिवर्तन होगा। धनु-बुध सप्ताह दस दिन में आलू, हरी सब्जियां, मूंग, मोठ, मटर, बिनौला तेज तो अनाज, रुई, चांदी मंदी करेगा। ता. 8 गुरुवारी पूनम रुई, सोना, चांदी सहित सर्व वस्तुओं में मंदी के झटके लायेगी।

पौष बदी पक्ष-बदी पक्ष में 3 शुक्रवार से प्राय: सर्व वस्तुओं में मंदा। अच्छा मंदा संभव। ता. 13 पंचमी मंगलवारी लालवर्ण की सभी प्रमुख वस्तुओं, लालमिर्च, मसूर आदि में अच्छी तेजी के झटके ला सकती है। ता. 16 धनु संक्रांति खर्पर योग युक्त से अन्न तेज करेगी। इस संक्रांति काल में कोई माल स्टॉक न करें। बल्कि खरीदते-बेचते रहने से लाभ होगा। ता. 17 दिसं. 9 शनिवारी यथाफल-**पौषी नौमी शनैश्चर का यदि जुरे समाज। आर्दायां रवि तक संग्रह करो अनाज॥** आगे लगभग 21 जून तक अनाज संग्रह करने की राय देती है। ता. 23 शुक्रवारी मावस मूल युक्त धातुएं, रुई, गुड़, गेहूं, सरसों, खल-बिनौला आदि तिलहन पदार्थों में मंदी के झटके लायेगी।

पौष सुदी पक्ष-पक्ष में तिलहन, तेलों, घी, मूंग आदि दालों में तेजी चलने की आशा है। पक्ष में सुदी 3 का क्षय, यथाफल-**किसी मास में तीज या सुदी चौथ घट जाय। ग्राहक मांगे मूंग घी, विक्रेता नट जाय॥** ता. 27 दिसं. सुदी 5 मंगलवारी से पक्ष में अनाज, तिलहन, धातुओं आदि, लालवर्ण की वस्तुओं में तेजी समर्थक है। ता. 28 दिसंबर छट बुधवारी एक मास में अनाजों में अच्छी तेजी कारक। यहां बुध+शुक्र+शनि का राशि योग-**शनि बुध सूरज साथ जब एक राशि इक सेज। जौ, गेहूं, चावल, चना, जुवार, बाजरा तेज॥** यह योग उपरोक्त वस्तुओं में तेजी लायेगा।

नोट-यह लेख ग्रहों की विभिन्न पोजिशनों को आधार बनाकर लिखा गया है। होना न होना ईश्वराधीन है। लाभ-हानि में हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। लेख सूक्ष्म रूप से लिखा गया है। सम्पूर्ण डिटेल जानने के लिऐ हमारे द्वारा प्रकाशित पुस्तक **भविष्यफल प्रकाश २०२२** में लिखा गया है। मंगाकर लाभ उठाऐं। पुस्तक में तेल, सर्व तिलहन पदार्थ, कालीमिर्च, हल्दी आदि किराना बाजार, गुड़, खाण्ड आदि रस पदार्थ, आलू, प्याज, मूल पदार्थ, शाक-सब्जियां, सभी प्रमुख शेयर्स आदि की दैनिक घटती-बढ़ती लाईनें और लाभकारी स्पेशल चांस, माल खरीदने-बेचने की लाभकारी तारीखें। स्टॉक करने के उचित अवसर मासिक विश्लेषण ज्योतिष शास्त्र के आधार पर विश्लेषण एवं पूर्वानुमान से सम्बधित लिखे गये हैं। मंगाकर लाभ उठाऐं। एक प्रति का मूल्य 325 रुपये है। डाक खर्च 25 रुपये है। 350 रूपये का मनी आर्डर भेजकर मंगा सकते हैं। अथवा पेटीएम या गुगल पे से अकाउंट में जमा करें। पुस्तक का पंचवर्षीय शुल्क 1300 रुपये है। कार्यालय द्वारा उपरोक्त सभी प्रमुख वस्तुओं के सुपर स्पेशल रिपोर्ट अलग-अलग विशेष तौर पर विश्लेषण सहित बनाई जाती है तथा तेजी-मंदी का विवरण स्पष्ट तौर पर बताया जाता है। एक वस्तु की एक वर्ष की फीस 4000 रुपये तथा छ: मास की 2000 रुपये है। सोना, चांदी, इन्दौर तेल, वायदा दैनिक टाईम सहित बनाई जाती है। एक मास की फीस 1100 रुपये है। तथा छ: मास की फीस 5500 रुपये एवं एक वर्ष की फीस 11,000 रुपये है। मंगाकर लाभ उठाऐं। अधिक जानकारी के लिऐ सम्पर्क करें।

pay/paytm : Mob. 9416110996 Ramavtar Gupta
google pay: Mob.7400300094 Gaurav Goyal

लेखक: रामअवतार गुप्ता "व्यापार भूषण"
राव उमराव सिंह मार्किट, आर्य समाज रोड
नई सब्जी मण्डी, पो. व जिला-रेवाड़ी-123401 (हरियाणा)
मो.-9416110996, 7400300094

व्यापारिक भविष्यफल वर्ष 2022-2023

लेखक:- प्रवीन कुमार जैन, डा. उमा जैन

गत् अनेक वर्षों से ज्योतिष जगत के सर्वश्रेष्ठ श्री आर्यभट्ट पंचांग में प्रकाशित हमारा कमोडिटी बाजार का ग्रह गोचर आधारित आंकलन सर्वथा सत्य होकर पूर्वाचार्यों के सिद्धांतों की सत्यता एवं सफलता को प्रतिष्ठितता कर रहा है। वास्तव में तो हमारा प्रयास मात्र ज्योतिष की प्रतिष्ठिता को पुनर्स्थापित करना भर रहा है। इस वर्ष इन्हीं पृष्ठों के माध्यम से हम कमोडिटी बाजार की वर्ष 2022-23 की संभावित गतिविधियों का आंकलन प्रस्तुत कर रहे हैं। यह आंकलन पूर्णतया वैदिक ज्योतिष पर आधारित है। हमें वैदिक ज्योतिष में पूर्ण आस्था एवं विश्वास है। इस माध्यम से सदैव ही अत्यन्त सटीक परिणाम हमें प्राप्त हुए हैं। अतः अन्य ज्योतिष विद्याओं के साथ वैदिक ज्योतिष का घालमेल हमने नहीं किया है।

जनवरी मास-02 जन.-किन्हीं स्थानों पर सामान्य वर्षा तथा किसी-किसी स्थान पर बूंदा-बांदी होगी। उत्तम कृषि होगी। 05 जन.-तेज हवाओं अथवा आंधी पाला से खेती को हानि होगी। चने की फसल विशेष रूप से प्रभावित होगी। गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, चना, गेहूं में तेजी आयेगी। उड़द, मूंग, तिल, तैल, सरसों, अलसी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक में मंदा आयेगा। सोना, चांदी, रुई में तेजी आकर मंदा होगा। जलीय जन्तुओं तथा उत्पादों की हानि होगी। 11 जन.-उड़द, मूंग, चावल, गेहूं, गुड़, खाण्ड, देशी शक्कर, कपास, जूट, रुई, सूत, घी, सरसों, चना, बांस, तिल, तैल, चांदी तथा हल्दी में तेजी होगी। 14 जन.-वस्त्र, घी तेल रुई तथा लाल वस्त्रों में तेजी आयेगी। सोमवारी पौषी मकर संक्रांति से सब प्रकार के धान्यों में मंदा आकर बाजार भाव स्थिर होंगे। गुड़ का उत्पादन बढ़ेगा। 16 जन.-गेहूं, जौ, चना आदि सभी प्रकार के अन्नों में, चावल, मूल पदार्थ, भूसा, काष्ठ, अदरक, हल्दी, प्याज, आलू, भूसा एवं अन्य पशु आहारों में, सोना, चांदी, सूत एवं दुधारू पशुओं में, सरसों, बिनोला आदि तिलहनों में तेजी आयेगी। रुई में घटाबढ़ी से तेजी। घी, कपास मंदे होकर तेज होंगे। पशुओं की हानि होगी।

माघ मास-माघ मास का शुभारम्भ मंगलवार, पुष्य नक्षत्र से हुआ है। पांच मंगल तथा पांच बुधवार होने से आतंकवाद की घटनायें घटित होंगी। कृष्ण पक्ष में द्वितीया तथा शुक्ल पक्ष में अष्टमी की वृद्धि तथा कृष्ण पक्ष में चतुर्दशी तथा शुक्ल पक्ष में द्वितीया के क्षय के समग्र प्रभाव से मास में घी तथा मूंग में अच्छी तेजी रहेगी। पुष्य नक्षत्र से रुई में मंदी रहेगी।

23 जन.-कृषि उत्पादन संतोषजनक रहेगा। व्यापारिक वस्तुओं में मंदा आयेगा। 24 जन.-तापमान में गिरावट आयेगी। सभी प्रकार के अन्नों में विशेषकर गेहूं में तेजी बनेगी। उड़द, मूंग, जूट, सूत, कपास, बांस, सरसों, गुड़, खांड, चीनी, रुई, कपास, सन महंगे होंगे। शेयरों में तेजी आयेगी।

फरवरी मास-04 फर.-दुग्ध उत्पादन में गिरावट आने से दूध तथा दुग्ध पदार्थों में कमी आयेगी। अन्न उत्पादन संतोष जनक रहेगा। घास, चारा, धान, तिल, तैल, घी, उड़द, चावल, नमक, बादाम, खोपरा, मूंगफली, शालि, चांदी, सोना में तेजी बनेगी। पशु-पक्षियों की हानि होगी। 06 फर.-सोना, चांदी, तांबा, लोहा, रुई, चावल, कपड़ा, अनाज, जौ, गेहूं, सूत, सन, गुड़, खांड, जूट, तिलहन, अलसी में तेजी चलेगी। 13 फर. -सोना, चांदी आदि धातुओं तथा धान्यों के मूल्य प्रायः ही स्थिर रहेंगे। जौ, चना, गेहूं में घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। मूंगा, मोती, पटसन, बारदाना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गन्ना, मक्का, ज्वार, बाजरा, ऊनी एवं रेशमी वस्त्र, किराने की वस्तुओं तथा मादक पदार्थों में मंदा चलेगा। तिल, तेल सरसों, लाही अलसी में पहले तेजी आकर बाद में मंदा होगा। रुई, सूत, बिनोला, कपास में घटबढ़ चलेगी। नमक में सामान्य तेजी रहेगी। गुड़ तथा लाल रंग के वस्त्रों का उत्पादन बढ़ेगा। कुंभ के सूर्य में शनि से पंचम त्रिकोण स्थान पर राहु का गोचर 'राहु केतु भौम रवि शनि से पंचम स्थान। एकै अथवा अधिक फल दुःख दुर्भिक्ष महान।।' के अनुसार विश्व के लिये कष्टकारी रहेगा।

फाल्गुन मास-फाल्गुन मास का शुभारम्भ गुरुवार मघा नक्षत्र से हुआ है। कृष्ण पक्ष में द्वादशी तिथि के क्षय तथा शुक्ल पक्ष में नवमी तिथि की वृद्धि हुई है। मास में पांच गुरु तथा पांच शुक्र होने से पश्चिमी देशों में विग्रह तथा सशस्त्र युद्ध का योग बनेगा। उत्तम वर्षा होगी। मास का व्यापारिक फल उत्तम रहेगा। घटबढ़ के बीच मंदे का रुख रहेगा। चांदी, रसकस में घटबढ़।

18 फर.-राई जौ, गेहूं, मोठ, चना चावल, मूंग, उड़द मसूर, बाजरा, ज्वार में तेजी रहेगी। गुड़, खांड, शक्कर में मन्दा आयेगा। 19 फर.-गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, चना, गेहूं में तेजी आयेगी। खेती को पाला, बर्फबारी अथवा ओला वृष्टि से हानि होगी। चने की फसल विशेष रूप से प्रभावित होगी। 19 फर.-सोना, गेहूं, चना, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, कपास, जूट, घी, तिल, छुवारा, सोंठ, हल्दी में तेजी रहेगी। मौसम खुशगवार रहेगा। 22 फर.-मास में अच्छी वर्षा होगी परन्तु आज वर्षा का अभाव ही रहेगा। यदि किसी स्थान पर वर्षा हुई भी तो छिटपुट छींटे पड़ेंगे। दूध तथा दूध से बनी वस्तुओं में कमी आयेगी। अन्न उत्पादन संतोषजनक रहेगा। रुई, धान, तिल, तैल, तैलीय पदार्थों, घी, चावल, बादाम, खोपरा, सरसों, मूंगफली, सोना चांदी, तिल, शालि, उड़द में तेजी बनेगी। राई, सरसों, उड़द, मूंग साधारण तेज रहेंगे। गुड़ में मंदा रहेगा। घी में घटबढ़ चलेगी। 22 फर.-सोना, चांदी, अलसी, सरसों, अरण्डी, रसकस, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मंदा आयेगा। रुई तथा अन्न में घटाबढ़ के बाद तेजी चलेगी। 26 फर.-घी, तैल, सोना, चांदी, कपास, अलसी, सरसों तैल, तिल, ऊन, घी, गुड़, खांड, शक्कर तांबा में तेजी चलेगी। सभी प्रकार के धान्यों के मंदा चलेगा। 27 फर.-वातावरण ठंडा रहेगा। पाला पड़ने से कृषि की हानि होकर सभी प्रकार के खाद्यान्नों में तेजी को बल मिलेगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तेल गेहूं तथा अन्य सभी प्रकार के अन्नों में तेजी आयेगी। रुई, चांदी, सोना, सूत, सन में घटावढ़ी के बाद तेजी का रुख रहेगा।

मार्च मास-01 मार्च-चावल में तेजी बनेगी। सोना, चांदी, पीतल, जस्ता तथा धान्यों में मंदा रहेगा। रुई में घटावढ़ी चलेगी। दुधारु पशुओं में बीमारी का प्रकोप होगा। 02 मार्च-अनावृष्टि का योग बन रहा है। किसी स्थान पर वर्षा होगी। 05 मार्च-चावल, ज्वार, बाजरा, पीपल, गुड़, खाण्ड, देशी शक्कर, सरसों, तिल, तैल, कपास, सूत तेजी में रहेंगे। 06 मार्च-सोना, चांदी आदि धातुओं तथा अन्न के भावों में स्थिरता रहेगी। रुई, घी, तैल, रसकस, गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी के बाद मंदा बनेगा। सोना, चांदी, तांबा, पीतल में मंदा आकर तेजी आयेगी। अलसी, सरसों में घटावढ़ी चलेगी। मादक पदार्थ तेज होने के बाद गिरावट में जायेंगे। 10 मार्च-खाद्यान्नों की अनुपलब्धता बढ़ेगी। सोना, चांदी, सन, सूत में तेजी आयेगी। नौकरी पेशा वर्ग कष्ट में रहेगा। 11 मार्च-कपास, तिल, तैल, सरसों, अलसी, अरण्डी में तेजी बनेगी। चांदी, सोना, गोला, गुड़, शक्कर, खाण्ड, उड़द, मूंग, मोठ में मंदा आयेगा। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। 12 मार्च-तिल, तैल, गेहूं, जौ, चना, तांबा, पीतल, जस्ता, सोना, चांदी, मादक पदार्थों में तेजी बनेगी। धान्य उत्पादन में कमी होगी। सभी प्रकार के अन्न विशेषकर गेहूं तथा जौ में तेजी आयेगी, अन्य अन्नों में मंदा रहेगा। सोना-चांदी में साधारण तेजी बनेगी। रुई में घटबढ़ चलेगी। 15 मार्च-नमक, तिल, तैल, तिलहन तथा सभी प्रकार के धान्यों तथा रसकसों में तेजी रहेगी। मादक पदार्थों में मंदा रहेगा। 18 मार्च- रुई, गुड़, खांड, शक्कर, गेहूं, कपड़ा, अनाज, नमक में तेजी। सोना, चांदी, लोहा, तांबा का बाजार प्रायः ही स्थिर रहेगा। रुई, सूत में घटावढ़ी चलेगी।

चैत्र मास-मास का शुभारम्भ शनिवार हस्त नक्षत्र से हुआ है। मास में पांच शनिवार होने से उत्तर पूर्वी देशों-प्रदेशों में विग्रह-विवाद होंगे। कृषि की किन्हीं कारणों से हानि होगी। महंगाई बढ़ेगी। लोहा, उड़द, तिल, तैल तथा काली वस्तुओं में तेजी आयेगी। चांदी में घटबढ़ चलेगी।

24 मार्च–मूंग, मोंठ, रुई कपास, चावल, उड़द, अरहर, ज्वार में तेजी बनेगी। गेहूं में घटबढ़ चलेगी। वर्षा होगी। पशु आहारों-घास, भूसा आदि की उपज अच्छी रहेगी। रुई, कपास, बिनोला में तेजी बनेगी। सोना, चांदी तेज होकर मंदे होंगे। गेहूं, चना, गुड़, शक्कर, घी, तैल, मूंगफली अरण्डा तथा मादक पदार्थों में मंदा रहेगा। भारवाहक साधनों की दुर्घटनाओं के योग हैं। 26 मार्च–खाद्यान्नों के भावों में अधिक फेरबदल नहीं होने से गुड़, खाण्ड, रुई, धान्य एवं चावल के भाव प्रायः ही स्थिर रहेंगे। चांदी में घटबढ़ चलेगी। पशु-पक्षियों में रोगों का प्रकोप समाप्त होगा। 29 मार्च–गेहूं, गुड़, शक्कर तांबा, पीतल, जस्ता, लोहा, सोना, चांदी, में तेजी बनेगी। रसकसों में मंदा रहेगा। सामान्यजन तथा व्यापारी वर्ग राहत की सांस लेगा। 31 मार्च–जलीय वस्तुओं मोती, रत्न, सुगन्धित पदार्थों का उत्पादन गिरेगा। चावल, सरसों, अलसी, लाख, अरहर, मूंग, उड़द, लहसुन, सब्जी, चपड़ा, चौपाये, फल-फूल महंगे होंगे। चांदी, रुई, गेहूं, जौं, चना, उड़द मूंग, ज्वार, बाजरा, आदि अन्न, सफेद वस्तुओं तथा रसकस में गिरावट आयेगी।

अप्रैल–02 अप्रैल–लाल मिर्च, लौंग, मजीठ, लाल चन्दन तथा लाल रंग की वस्तुओं, गेहूं, गेरू, कुंकुम, कपूर, केसर में तेजी बनेगी। चांदी, गुड़, खांड, घी, तैल, सरसों, तिल तथा तिलहनों में मंदा आयेगा। 06 अप्रैल–तैल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, अरण्डी, रुई, कपास, चावल, सोना, चांदी तथा पशुओं में तेजी चलेगी। घी, तिल, मादक पदार्थों के व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं को कष्ट रहेगा। 07 अप्रैल–सभी प्रकार के अन्न, रस, फल, गुड़, शक्कर, खांड मंहगे रहेंगे। चांदी तथा रुई में घटबढ़ चलेगी।

08 अप्रैल–जौ एवं गेहूं की फसलों को रोग तथा कीटों से हानि होने से गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग आदि कृषि उत्पादों में तेजी आयेगी। चांदी आदि धातुओं, मूंगा आदि बहुमूल्य रत्नों तथा चौपाये महंगे होंगे। मोती, तिल, तैल, तिलहन तथा अलसी में मंदा आकर तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, रसकस, घी, रुई, सूत, सन, कपास में मंदा रहेगा। सोना बाजार भाव स्थिर रहेंगे। 12 अप्रैल–गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों की तेजी से प्रजा में कष्ट रहेगा। 13 अप्रैल–चावल, गेहूं, शक्कर, नारियल, मठ, कपूर, नमक में तेजी चलेगी। श्वेत रंग की वस्तुओं में मंदा आयेगा। रुई में मंदा आकर छः मास बाद तेजी बनेगी। घी, तैल, तिल में मंदा आकर श्रावण मास में तेजी बनेगी। 14 अप्रैल–रुई, सूत, कपास, घी, तिल, तैल, सुपारी, नारियल, बादाम, सभी प्रकार के फल, गुड़, खांड शक्कर, रसकस, अलसी, अरण्डा, मेथी, लाल चन्दन, इलायची, लौंग, कपूर, हींग, हिंगुल, सोना, चांदी तेज रहेंगे। गेहूं, चावल, उड़द, मूंग, अरहर, चना, जौ मटर आदि में मंदा आयेगा। 15 अप्रैल–अन्न में घटाबढ़ी चलेगी। रुख तेजी का रहेगा। 16 अप्रैल–रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। चूहे, टिड्डी तथा कीटों के प्रकोप के उपरान्त भी कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। गेहूं, चने में तेजी रहेगी। सोना, चांदी में घटबढ़ रहेगी। रुई में तेजी के बाद मंदा आयेगा। अन्य मत से अन्न में गिरावट आयेगी।

बैशाख मास–मास पांच रविवार तथा पांच सोमवार युत है। पक्ष में अष्टमी तिथि का क्षय हुआ है। बैशाख कृष्ण प्रतिपदा में नक्षत्र का मान प्रतिपदा से कम होने से वर्षा में कमी आयेगी। परन्तु शुक्रवारी चतुर्दशी से कृषि उत्पादन अच्छा रहेगा। अश्विनी युत शनिवारी अमावस्या से मध्यम सुख मिलेगा। कष्ट फल अधिक होंगे। सभी धान्यों में तेजी आयेगी। रुई, सूत कपास, चांदी में घटबढ़ चलेगी। मंहगाई पर कुछ नियन्त्रण 'बदि चौदस बैशाख में गुरु अथवा भृगुवार, उत्तम उपजेगी फसल मन्दा चलै बाजार' शुक्रवारी कृष्ण चतुर्दशी से होगा।

18 अप्रैल–सट्टेबाजों को हानि होगी। रुई में 10 से 15 टके की तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना आदि अन्नों में मंदा रहेगा। 22 अप्रैल–अन्न उत्पादन विपरीत रूप से प्रभावित होगा। रुई तथा धान्यों में तेजी बनेगी। चांदी में गिरावट आयेगी। बुद्धिजीवी वर्ग पीड़ित होगा। 25 अप्रैल–गेहूं, जौ, चना, मटर, चावल, तिल, तेल, सूत, कपास तेजी में रहेंगे। चांदी, अलसी, शक्कर, तथा वस्त्रों में मंदा रहेगा। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। 27 अप्रैल--खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी से मंहगाई बढ़ेगी। घी, रुई एवं चांदी में तेजी रहेगी। तैल, तिलहन, अलसी, अरण्डी, गुड़, खाण्ड में मंदा चलेगा। जनसामान्य में सुख शांति रहेगी। रुई 25 दिनों में तेज होगी। 28 अप्रैल– सोना, तांबा, पीतल आदि धातुओं, चावल, गेहूं, जौ, चना, मोंठ, अलसी, तूअर, सरसों, राई, गुड़, खाण्ड, घी, अफीम में तेजी आयेगी। चांदी, रुई में घटबढ़ चलेगी। आज की वर्षा से आगे चलकर वर्षा में कमी आयेगी। 29 अप्रैल–रुई चांदी, शेयर तथा अनाजों में अच्छी तेजी चलेगी। कुंभ राशि से मंगल तथा शनि को गोचर तेजी को बल मिलेगा। 30 अप्रैल–चांदी, मोती, ईख, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, सूत, सन, चावल, नमक, कपूर, गोला, सरसों तथा अन्य तिलहनों में मंदा रहेगा। सोना में अधिक फेरफार नहीं होगा। कृषि को रोग तथा कीटों से शाक-भाजी के उत्पादकों को हानि होगी। गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग, फल, अदरक, हल्दी, प्याज, लहसुन आदि कृषि उत्पादों तथा चौपायों में तेजी आयेगी। दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों, घी में घटबढ़ चलेगी। मोती, तिल, तैल में मंदा आकर तेजी बनेगी।

मई–04 मई–रुई, सूत, कपड़ा, अरण्डी, अलसी, सरसों, मूंगफली, खोपरा, तिल, तैल, कपास, कपड़ा, वायविडंग, नमक, गुड़, खाण्ड, शक्कर, नारियल, सुपारी तथा तांबा में तेजी चलेगी। सोना-चांदी रुई में तेजी आकर मंदा होगा। 06 मई–तिल, रुई, सूत, कपास में तेजी रहेगी। सोना, चांदी, तैल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी के बाद मंदे का रुख बनेगा। अरहर, सन, ऊनी तथा रेशमी कपड़ों में मंदा रहेगा। 11 मई–आज की वर्षा से कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। सफेद फूल, सोना, चांदी, अलसी, गेहूं, जौ, चावल, चना, मूंग, मोंठ, सरसों, राई तेजी में रहेंगे। पॉटरी उद्योगों, ब्यूटी पार्लर के व्यापार में कमी आयेगी।

12 मई–चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, कपास, चावल, सूत, चन्दन, सन, जवाहरात में मंदा रहेगा। जंगली जानवरों के प्रकोप से जन-धन की हानि होगी। यात्रियों को कष्ट रहेगा। 14 मई–कृषि विपरीत रूप से प्रभावित होगी। रुई तथा धान्यों में तेजी बनेगी। चांदी में गिरावट आयेगी। 15 मई–घी, दूध, दही, अनाज, दुग्ध उत्पादों, सोना, कपड़ा, आयुध तथा मादक पदार्थों में तेजी रहेगी।

ज्येष्ठ मास–मास पांच मंगलवार युत है। कृष्ण पक्ष में द्वितीया का क्षय हुआ है। मंगलवारी ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा से उपद्रव होंगे। एकादशी के रेवती नक्षत्र से खण्ड वृष्टि का योग रहेगा। सोमवारी अमावस्या से सुभिक्ष तथा कुशलता रहेगी। अमावस्या में वृष के चन्द्रमा से व्यापारियों को कष्ट रहेगा। लाल वस्तुओं तथा धान्यों में तेजी आयेगी।

17 मई–सोना, रुई, काष्ठ, अलसी, सुगन्धित वस्तुओं, भूसा, खली तथा पशुओं में तेजी बनेगी। धान्यों में मंदा आयेगा। चांदी में घटबढ़ चलेगी। 21 मई–वर्षा में कमी से कम कृषि उत्पादन की आंशका बनेगी। सुगन्धित पदार्थों- चन्दन, कपूर, सोना, चांदी, रुई, गेहूं, जौ, चना में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। 23 मई–गुड़, घी, दूध, चावल, अनाजों तथा पशुओं में तेजी रहेगी। सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, अन्य सभी प्रकार के धान्यों तथा घी में तेजी बनी रहेगी। गुड़, शक्कर, पटसन, बारदाना में घटबढ़ के बाद तेजी बनेगी। तैल, तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी में घटाबढ़ी के बाद मंदे का रुख बनेगा। रुई, कपास, ऊन में मंदा रहेगा। तेज हवाओं से हानि होगी। वर्षा में देरी अवश्य होगी परन्तु वर्षा का प्रमाण उत्तम रहेगा। 23 मई–जौं, तिल, उड़द का उत्पादन कम रहेगा। धान्यों में तेजी चलेगी। सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, सूत, तिल, तैल, सरसों, गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, मोठ, अरहर में मंदा रहेगा। दुधारु पशुओं में रोग होगा। 25 मई–चना, घी, ज्वार, बाजरा, सरसों, राई, तिल, अरण्डा, गुड़, खांड के भावों में तेजी आयेगी। रुई में साधारण तेजी बनेगी। चांदी में मंदा रहेगा।

जून–04 जून–तिलों की फसल खराब होगी। रुई तथा भूसे वाले धान्यों में तेजी आयेगी। तैल, तिल, सरसों, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, श्रीफल, सुपारी, धान्य, तूअर आदि में घटबढ़ रहेगी, रुख मंदे का बनेगा। सोना, चांदी में गिरावट आयेगी। 08 जून–सोना, चांदी, कपास, सन, उड़द, मूंग, मोंठ, बाजरा, अलसी

तथा सभी प्रकार के फलों में तेजी आयेगी। 08 जून–अनुमानों के विपरीत कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। रुई में घटाबढ़ी से तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना, मोठ, मूंग, ज्वार, बाजरा में गिरावट आयेगी। सोना में गिरावट तथा चांदी में अच्छी तेजी का योग है। किसी रोग के प्रकोप के अतिरिक्त सुख-सुभिक्ष रहेगा।

आषाढ़ मास–गुरुवारी द्वितीया से अच्छी वर्षा होगी। किन्हीं स्थानों पर अत्याधिक वर्षा अथवा जल प्लावन से कृषि की हानि।

15 जून–भूसी वाले धान्यों, ज्वार, बाजार, मकई, ग्वार की पैदावार बढ़ेगी। सरसों, उड़द के उत्पादन में कमी आयेगी। आलू, अरवी, अदरक, सोंठ, मूंगफली, हल्दी, प्याज, आलू, अदरक, रुई, कपास, तिलहन, जूट, सरसों, अलसी, तिल, तैल तथा सभी प्रकार के अनाज तेजी में रहेंगे। सोना, चांदी, हींग जीरा, सुपारी, रुई, सूत, कपास, कपड़ा, चावल, अन्न, सरसों, तिल, तैल में मंदा रहेगा। 18 जून–जौ, गेहूं, चना, मटर आदि में तेजी रहेगी। तिल, सूत, कपास, चांदी, तैल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी के बाद मंदे का रुख बनेगा। सोना में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनेगा। अरहर, सन, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों में मंदा रहेगा। रुई में तेजी आकर मंदा होगा। सुभिक्ष रहेगा। 22 जून–सूत, अलसी, सरसों, अरण्डा, चीनी, चावल, जौ, चना, तेजी में रहेंगे। सोने में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी। 26 जून–चांदी रुई तेजी में चलेगी। सोना, तांबा, नारियल, द्राक्ष, छुवारा, सुपारी, श्रीफल, सरसों, सूत, सन, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मंदा रहेगा। 27 जून– सोना, चांदी, रुई, सूत, कपास, मूंगा, मक्का में साधारण तेजी। गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, अरहर, मटर, ज्वार, बाजरा में मंदा आयेगा। गुड़, शक्कर, खांड़ में घटाबढ़ी के बाद मंदा आयेगा। 28 जून–गेहूं, चना, तिल, सरसों, उड़द मंदे होंगे। सरसों, अलसी, बिनोला, तैलों में घटाबढ़ी के बाद मंदा होगा। रुई में तेजी बनेगी। वायु वेग के साथ वर्षा होगी।

जुलाई–02 जुलाई–तैल, तिल, अरण्डी में साधारण तेजी रहेगी। चना, मूंग, मोठ, भारवाहक पशुओं तथा वाहनों में मंदा आयेगा। सरसों एवं तरा में घटबढ़ चलेगी। रुई, चांदी, सोना, सरसों में मंदा आकर घटबढ़ चलेगी। 06 जुलाई– बिनौला, तिल, ज्वार, मूंग, मोठ, मसूर, बाजरा, उड़द, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, कपड़ा, तिल, कुसुंभा, अरण्डा, नील, सज्जी, मजीठ, माजूफल, केसर, देवदारु, लौंग, नारियल, सफेद वस्तुओं में तेजी आयेगी। किसी स्थान पर अत्यन्त तेज हवाओं के साथ वर्षा होगी। 05 जुलाई–रुई, सूत, कपड़ा, सन, जूट, चांदी में मंदा रहेगा। गेहूं, जौ, चना, तिल, तैल, उड़द, मूंग, मोठ के भावों में तेजी आने के बाद मंदा बनेगा। भाद्रपद मास में तेजी का योग बनेगा। 07 जुलाई–रुई की फसल खराब होगी। चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर तथा सभी प्रकार के धान्यों तथा रसकस में तेजी आयेगी परन्तु गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, घी में मंदा रहेगा। 12 जुलाई–रुई, सूत, कपास, सन, चांदी के भावों में कमी आयेगी। सोना, तांबा, गेहूं आदि सभी अनाजों तथा हाथी, घोड़े, बैलों में तेजी बनेगी। 13 जुलाई–जौ, गेहूं, चना में सामान्य तेजी आयेगी। चांदी, खाण्ड, घी में घटाबढ़ी चलेगी। गुड़ तेज होकर मंदा होगा। अरहर, ग्वार, रुई, बारदाना, पटसन, मूंगफली, कपास, सूत, कपड़ा, सरसों, अरण्डी, तिल, तैल, सरसों में मंदा चलेगा।

श्रावण मास–पांच गुरु तथा पांच शुक्रवार युत मास में चांदी में घटबढ़ चलेगी। गुरुवारी कृष्ण प्रतिपदा से मूंग उड़द, तिल तथा तैल महंगे होंगे। एकादशी के रोहिणी नक्षत्र से सुभिक्ष रहेगा। प्रतिपदा के वैधृति योग तथा आर्द्रा युत श्रावण चतुर्दशी के योग से अन्न का संग्रह सामान्य लाभ देगा। पुष्य नक्षत्र युत अमावस्या तथा कर्क के चन्द्रमा से अच्छी वर्षा होगी। अन्न सस्ते होंगे। संवत् की कर्क तथा मकर संक्रांतियां एक ही दिन शनिवार को होने से अचानक धान्यों में तेजी आयेगी।

16 जुलाई–गेहूं, जौ, चना, चावल, ज्वार, बाजरा, ग्वार, मोठ, मूंग, सरसों, तिल, तैल, घी, नमक में तेजी बनेगी। सोना, चांदी, ईख, गुड़, खाण्ड, शक्कर घटबढ़ में रहेंगे। लोहा, पीतल आदि धातुओं में मंदा रहेगा। 17 जुलाई–सरसों, मूंगफली, तैल, तिल, गुड़, दही, रसकस, मादक पदार्थ, जलवाहन-नौका, मोटरबोट, जलपोत तेज रहेंगे। चांदी में घटाबढ़ी रहेगी। गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, अरहर, रुई, कपड़ा में कुछ मंदा रहेगा। बढ़ती हुई महंगाई से प्रजा पीड़ित होगी। 18 जुलाई–सोना, चांदी, मोती, मूंगा आदि बहुमूल्य नगों, सूत तथा कपड़ा के मूल्यों में गिरावट आयेगी। चांदी, रुई में अचानक मंदा आयेगा। अन्नों के मूल्य गिरेंगे। वैश्विक सम्पत्ति (जी डी पी) बढ़ेगी। 20 जुलाई–सरसों, गुड़, खाण्ड, बाजरा, नारियल, सोंठ, मोम, जूट, सोना, चांदी में तेजी आयेगी। रुई में तेजी आकर मंदा बनेगा। 25 जुलाई– गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तैल, सरसों, अलसी, अरण्डी, मूंगफली, मूंग, उड़द में तेजी आयेगी। अच्छी वर्षा से भूसी वाले धान्यों का उत्पादन बढ़ेगा। 29 जुलाई–आश्लेषा नक्षत्र के दिन की वर्षा से सभी प्रकार के अन्न की कृषि उत्तम रहेगी। कुछ स्थानों पर धान्यों में तेजी आयेगी। 30 जुलाई–गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर में तेजी बनेगी। रुई, सोना, चांदी, कपास, सूत में मंदा रहेगा।

अगस्त–01 अग.–सोना, तांबा, चांदी, पीतल, खाण्ड, रुई, कपूर, सूत, कपास, कपड़ा इमली, आंवला आदि खट्टे पदार्थों, औषधीय वनस्पतियों तथा देवदारु में तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना, गुड़, खांड, शक्कर, सरसों, ऊन में मंदा रहेगा। रुई, पटसन, शेयर्स में मंदा आकर तेजी बनेगी। वर्षा में कमी से कृषि का भय रहेगा। 03 अग.–किन्हीं स्थानों पर वर्षा के कारण खाद्यान्न खराब अथवा नष्ट होंगे। सोना, चांदी, रुई, बिनोला, चावल, उड़द, शक्कर, ज्वार, घी, तेल, सरसों, अरण्डी, तिल, तैल, द्राक्ष, मिर्च, शेयर मार्केट में तेजी आयेगी। 05 अग.–गेहूं, जौ, चना, तिल, सरसों, अलसी, चांदी, चावल, सूत, कपड़ा में तेजी बनेगी। रुई में मंदा रहेगा। 07 अग.–सभी प्रकार के रसकस, गुड़, खांड, शक्कर, घी, तैल, सूत, सन, बारदाना, गोला में तेजी बनेगी। रुई, जौं, गेहूं, चना में गिरावट के बाद तेजी आयेगी। चांदी में गिरावट रहेगी। महंगाई बढ़ेगी। 09 अग.–रुई, कपास, सूत, सन, रेशम, ऊन में तेजी बनेगी। सभी प्रकार के अन्न एवं अन्न पदार्थों, गुड़, खाण्ड, शक्कर कपूर, शिंगरफ, पारा, हींग, लाख, चमड़ा में मंदा रहेगा। 10 अग.–जौं, गेहूं, चना, उड़द, मूंग, मोठ, सरसों, अरण्डी, तिल, तैल, अलसी, तोरया, कुंकुम, केशर, जूट, बारदाना, गेरू, मजीठ, कपूर, चन्दन, केशर, कपड़ा, कपास तथा लाल रंग की वस्तुओं में तेजी आयेगी।

भाद्रपद मास–पांच शनिवार युत मास में कृषि की हानि से अन्न तथा अन्य प्रत्येक वस्तु में तेजी बनेगी। भाद्रपद कृष्ण प्रतिपदा के धनिष्ठा नक्षत्र से खाद्यान्नों की उपलब्धता में बाधा नहीं आयेगी। शनिवारी अमावस तथा सिंह के चन्द्रमा से अन्न, तैलों में तेजी रहेगी।

17 अग.–रत्न, नग, मूंगे, ज्वार, अरंडा, द्राक्ष, मिर्च, बाजरा, तिल, तैल, घी, चांदी, रुई, कपास, सरसों, शक्कर तथा लाल रंग के वर्तन तथा धातुओं, तांबा एवं मादक पदार्थों में तेजी बनेगी। 18 अग.–उड़द, मोठ, अरहर, मसूर एवं मूंग का उत्पादन विपरीत रूप से प्रभावित होकर इनमें साधारण तेजी बनेगी। चांदी तथा अन्न में गिरावट रहेगी। रुई में घटाबढ़ी के बाद गिरावट आयेगी। 20 अग.–कृषि उत्पादन उत्तम रहेगा। अन्नों में घटाबढ़ी से भावों में कुछ तेजी बनेगी। रुई, कपास, चावल, मोठ, चना, जौ, भूसा में मंदा रहेगा। 21 अग.–सोना तथा अन्य धातुओं, गुड़, खाण्ड, शक्कर, हल्दी, गेहूं, जौ, चना में तेजी बनेगी। चांदी, रुई में गिरावट रहेगी। छः मास तक सोना, अच्छी क्वालिटी की खाण्ड में तेजी रहेगी बाद में गिरावट। 27 अग.–रुई, सूत, कपास, कपड़ा, शेयर मार्केट, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रेशम, हींग, मिर्च, सरसों तथा तैलों में तेजी। लकड़ी की तस्करी को प्रश्रय मिलेगा। 30 अग.–फसलों में कीटों का प्रकोप समाप्त होगा। सभी प्रकार के अन्न पदार्थों में गिरावट। अन्य व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी चलेगी। 31 अग.–गेहूं, जौ, चना, मटर, बाजरा, लोहा, जूट, सूत, गुड़, खाण्ड, तैल, तिल, मूंगफली, अरण्डी, सुपारी, ज्वार, ऊनी वस्त्रों, सोना, तांबा, पीतल, चांदी, लाल रंग की वस्तुओं-मजीठ, लाल चन्दन, केसर, कस्तूरी, लाल मिर्च तथा चौपायों में तेजी। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। कृषि कीट प्रकोप से सुरक्षित रहेगी। खाद्यान्नों की उपलब्धता सुलभ होगी।

सितम्बर–आश्विन मास–पांच रविवार युत मास में महंगाई बढ़ेगी। कृषि उत्पादन प्रभावित होगा। जनता तथा शासन के मध्य अविश्वास रहेगा। रविवारी अमावस्या से जी. डी. पी. में गिरावट आयेगी। बैंक रिजर्व में कमी रहेगी। सत्ता शिखर पर आसीन

नेताओं की उलझनें बढ़ेंगी। अन्न संग्रह से तीन गुणा लाभ मिलेगा। उ.फा. नक्षत्र से एक मास तक खाद्यान्नों में मंहगाई रहेगी। किसी-किसी स्थान पर खण्ड वर्षा होगी।

11 सितं.–चावल, चांदी, सोना, रुई, सूत, सन, गेहूं, चना, ज्वार, बाजरा, गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, घी आदि में गिरावट आयेगी। 13 सितं.–तिल, चावल, उड़द, नारियल, मूंग, जौं, ज्वार, गुड़, चीनी, जूट, कपास, हल्दी, हरड़, हींग, क्षार, कत्था में तेजी आयेगी। 17 सितं.–नारियल, तिल, तैल, सरसों, अलसी, तिलहन, कपास, मजीठ, घी में तेजी चलेगी। रुई, सूत, कपड़ा, सुपारी, मेवा, अरण्डा, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, पीतल तथा शेयर्स में मंदा आयेगा। 19 सितं.–उड़द, मोठ, अरहर, मसूर एवं मूंग का उत्पादन विपरीत रूप से प्रभावित होने से इनमें साधारण तेजी बनेगी। चांदी तथा अनाजों में गिरावट। रुई में घटाबढ़ी के बाद गिरावट आयेगी। 22 सितं.–सभी प्रकार के अनाजों तथा रुई में तेजी आयेगी। सोना, चांदी में घटबढ़ चलेगी। जल संकट ग्रस्त क्षेत्रों, प्रदेशों तथा देशों में कृषि की हानि होगी। 24 सितं.–कृषि नष्ट होगी। गेहूं, चावल, सोना, गुड़, खाण्ड, ऊनी वस्त्रों, तथा शाल की लकड़ी में तेजी आयेगी। चांदी घटाबढ़ी में आकर तेजी होगी। उत्तम क्वालिटी के चावलों बासमती आदि में विशेष तेजी आयेगी। तिल की खेती की हानि होगी। कपास की खेती की हानि होने से रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। सन तथा बारदाना में मंदा रहेगा। पशुओं के मूल्य बढ़ेंगे। 27 सितं.–चना, घी, सूत, जूट, कपड़ा, धनिया, घास, लकड़ी, नमक, रुई में तेजी आयेगी।

अक्तूबर–02 अक्टू.–सोना में साधारण तेजी बनेगी। चावल, चांदी तथा रुई में मंदा आयेगा। अन्न, गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी रहेगी।

कार्तिक मास–मास पांच सोम तथा पांच मंगलवार युत है। वर्षा में कमी आयेगी। व्यापारिक उन्नति होगी। देश की जी. डी. पी. में सुधार के संकेत मिलने लगेंगे।

11 अक्टू.–सोना, चांदी, रुई, तिल, गुड़, खांड, केसर, कपूर में तेजी आयेगी। 13 अक्टू.–प्रायः ही सभी वस्तुओं के भाव स्थिर रहेंगे। सोना, चांदी तथा धान्यों के मूल्यों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। रुई में मंदे का ध्यान रख कर कार्य करें। 14 अक्टू.–कृषि उत्पादन अच्छा रहेगा। सभी प्रकार के अनाजों में मंदा चलेगा। अन्य व्यापारिक वस्तुओं में घटाबढ़ी चलेगी। 16 अक्टू.–सभी प्रकार की लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी। आकाश में बादल छाये रहेंगे। 17 अक्टू.–सोना तथा अन्न पदार्थों में तेजी बनेगी। फसलों को कीटों से हानि होगी। मादक पदार्थों में मंदा रहेगा। 18 अक्टू.–गुड़, शक्कर, सोना में साधारण तेजी रहेगी। चांदी में घटबढ़ चलेगी। रुई में तेजी के बाद गिरावट देखने में आयेगी। अन्न घटाबढ़ी में रहकर मंदे में जायेगा। मादक पदार्थों में एक मास में तेजी आयेगी। 22 अक्टू.–सामान्य वर्षा का योग होने से अन्नों में तेजी आयेगी। रुई में घटाबढ़ी से तेजी बनेगी। चांदी में भी घटाबढ़ी चलेगी। 24 अक्टू.–सोना, चांदी, जूट, सूत, कपड़ा, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, सरसों, अलसी, राई में तेजी चलेगी। 24 अक्टू.–गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तैल, पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में तेजी बनेगी। गेहूं, जौ, चना में मंदा रहेगा, अन्य सभी अन्नों में घटाबढ़ी चलेगी। 26 अक्टू.–गेहूं, जौ, चना, घी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, बारदाना, रुई, सोना, यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियों तथा गोला में तेजी आयेगी। चांदी, सरसों, मूंगफली, बिनौला, मिर्च में मंदा रहेगा। 30 अक्टू.–किसी स्थानों पर मंद-मंद वर्षा होने का योग है। रुई में मंदा रहेगा। अन्न के भाव प्रायः ही स्थिर रहेंगे।

नवम्बर–मास में सूर्य, बुध, शुक्र तथा केतु-चार ग्रहों के तुला राशि से गोचर अशुभ घटनायें घटित होंगी। मास की वृश्चिक संक्रांति के समय स्वगृही गुरु की दृष्टि से ग्रीष्म कालीन धान्यों का उत्पादन श्रेष्ठ होगा। सूर्य से आगे बुध तथा शुक्र के गोचर से अच्छी कृषि की पुष्टि हो रही है। परन्तु सूर्य पर मंगल की सप्तम दृष्टि से किन्हीं स्थानों पर कृषि की हानि होकर भावों में तेजी आयेगी। 03 नवं.–पशु आहारों एवं भूसी वाले धान्यों में घटबढ़ रहेगी। व्यापार में लगातार उतार-चढ़ाव तथा अनिश्चितता से व्यापारी वर्ग चिन्ता में रहेगा। गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर, मूंग, सूत, कपास, चांदी, चावल, सोना, सरसों में मंदा रहेगा। रुई में अच्छी गिरावट आयेगी। 06 नवं.–सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, रसकस, रुई, सूत, कपास, गेहूं, जौ, चना, चावल, सरसों, तिल, मादक पदार्थ, शेयर्स तथा विदेशी करेंसी में तेजी रहेगी। 07 नवं.–खाद्यान्नों का आवंटन समानुपाती नहीं होने एवं एकरूपता में कमी चिंता का कारण बनेगी। रुई, गुड़, खांड, शक्कर तथा धान्यों में मंदा रहेगा।

मार्गशीर्ष मास–मास में पांच बुध तथा पांच गुरुवार होने से विश्व में अशुभ घटनाएं घटित होंगी। तस्करों की गतिविधियां बढ़ेंगी।

11 नवं.–धान्यों के मूल्यों में गिरावट आयेगी। महंगाई कम होने से राहत मिलेगी। ज्वार, बाजरा, गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ आदि में मंदा होगा। चांदी में यदि अब तक तेजी रही तो मंदा होगा अन्यथा मंदा होने पर तेजी आयेगी। अलसी, रुई, कपास तथा शेयर मार्केट में तेजी बनेगी। गुड़ में घटाबढ़ी चलेगी। मादक पदार्थों में पहले मंदा होकर बाद में तेजी बनेगी। 13 नवं.–जौ, गेहूं, चना, उड़द, मूंग, मोठ, सरसों, अरण्डी, बिनोला, तिल, तैल, घी, अलसी, कपड़ा, कपास, तोरया, कुंकुम, चन्दन, केशर, जूट, बारदाना, गेरू, मजीठ, कपूर, चौपाए पशुओं तथा लाल रंग की वस्तुएं तेजी में रहेंगी। मादक पदार्थों, बाजरा तथा ग्वार में मंदा रहेगा। सोना-चांदी के भाव स्थिर रहेंगे। रुई में घटाबढ़ी चलेगी। 14 नवं.–अनावृष्टि से रुई में तेजी बनेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, दूध, घी, चांदी, चावल, नमक तथा क्षारीय पदार्थों में गिरावट आयेगी। चावल और खांड में 22 दिनों में कुछ मंदा बनेगा। 16 नवं.–ऊन, ऊनी वस्त्रों में तेजी चलेगी। चांदी, तांबा में साधारण तेजी बनेगी। अनाज, सोना, चांदी, रुई, सूत, सन, लाल रंग के पदार्थों में गिरावट रहेगी। खाद्यान्नों का आवंटन एकरूप न होने से चिंता का कारण बनेगा। 20 नवं.–चावल, सूत, मादक पदार्थ, जौ, चना, आदि अनाजों में तेजी बनेगी। सोना में मंदा रहेगा। चांदी में घटबढ़ चलेगी। 24 नवं.–गेहूं, जौं, चना, बाजरा, उड़द, मूंग, ग्वार, चावल, गुड़, खाण्ड, धान, शाली, ईख तथा घी में तेजी बनेगी। 25 नवं.–सोना, चांदी, तिल, चावल, तैल, सरसों, हींग, सूत, रुई, खांड में मंदा रहेगा। धान्यों में साधारण तेजी बनेगी।

दिसम्बर–03 दिसं.–गेहूं, जौ, चना, सूत, कपास, कपड़ा, ईख, गुड़, खांड, शक्कर, चावल, अलसी, पारा, हींग, अरण्डा, गूगल, सभी प्रकार के शेयरों तथा मादक पदार्थों में तेजी रहेगी। सोना, चांदी में मंदा आयेगा। रुई, सन तथा अन्य व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ रहेगी। घास, भूसा आदि की उपज अच्छी रहेगी। 04 दिसं.–रुई, सूत, कपास, कपड़ा, शेयर मार्केट, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रेशम, हींग, मिर्च, सरसों तथा तैलो में तेजी चलेगी। 05 दिसं.–कृषि की अनेक कारणों से क्षति होगी। सभी प्रकार के अनाजों में तेजी आयेगी। गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी, चांदी, शेयर्स, कपास, कपड़ा, चांदी, तांबा, लोहा महंगे होंगे। सोना, सन, सूत में घटाबढ़ी चलेगी। रुई पहले तेजी होकर बाद में मंदे में जायेगी। व्यापार में अच्छी तेजी-मंदी चलने से व्यापारियों में घबराहट रहेगी।

पौष मास–पांच शुक्रवार युत मास में प्रजा में कुशल क्षेम रहेगी। उत्तम वर्षा से सुभिक्ष, क्षेम रहेगा। व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ चलेगी, रुख मंदे का रहेगा। रसकसों में भी मंदे का प्रभाव रहेगा। शुक्रवारी अमावस्या से किन्हीं स्थानों पर वर्षा होगी। शनिवारी नवमी में किया धान्य संग्रह आगे चलकर लाभ देगा। व्यापारिक उन्नति होगी। दक्षिणी देशों में जन समुदाय त्रस्त रहेगा।

12 दिसं.–गुड़, शक्कर, खांड, सरसों, अलसी, बिनोला, रुई, कपास महंगे रहेंगे। गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, ग्वार, सोना, चांदी में मंदा चलेगा। 16 दिसं.–सोना, चांदी, चावल, सरसों, मादक द्रव्य, कपास, पाट, बारदाना, सूत, कपड़ा, अलसी तिल, तैल महंगे रहेंगे। चांदी, रुई में तेजी आकर मंदा होगा। उड़द, मूंग, गुड़, शक्कर, खाण्ड, नमक में मंदा रहेगा। जलीय उत्पादों की हानि होगी। 22 दिसं.–कृषि उत्पादन संतोषजनक रहने से धान्यों तथा अन्य व्यापारिक वस्तुओं में मंदा बनेगा। 23 दिसं.–मूल युत पौषी अमावस्या में मंहगाई पर रोक लगेगी। 27 दिसं.–सोना, चांदी, अलसी, सरसों, अरण्डी, रसकस, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मंदा आयेगा। रुई तथा अन्न में घटाबढ़ के बाद

तेजी चलेगी। किसी रोग का प्रकोप बढ़ेगा। 28 दिसं.–गेहूं, जौ, चना के भावों में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। सोना, चांदी तथा रुई में तेजी रहेगी। गुड़, खांड, घी, तैल के भावों में मंदा आयेगा। किसी किसी स्थान पर वर्षा होगी। बाजारों में सामान्य घटबढ़ चलेगी। 29 दिसं.–सभी प्रकार के खाद्यान्नों, गेहूं, गुड़, शक्कर, घी, तेल, सरसों, खाण्ड, ऊनी वस्त्रों में तेजी बनेगी। चांदी, सोना, सूत, सन में घटाबढ़ी होकर तेजी आयेगी। 31 दिसं.–रुई सूत, कपास, कपड़े, मादक पदार्थों, ईख तथा चावल में तेजी चलेगी। चांदी में गिरावट। अन्य व्यापारिक वस्तुओं में घटबढ़ रहेगी।

जनवरी २०२३–04 जन.-गुड़, शक्कर, खांड, सरसों, अलसी, विनोला, रुई, कपास में तेजी। गेहूं, जौ, चना, मटर, उड़द, मूंग, बाजरा, ग्वार, सोना, चांदी में मंदा। 06 जन.: कपास, तिल, तैल, सरसों, अलसी, अरण्डी में तेजी बनेगी। चांदी, सोना, गोला, गुड़, शक्कर, खाण्ड, उड़द, मूंग, मोठ में मंदा आयेगा। रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। चौपायों की हानि होगी।

माघ मास: मास पांच शनि तथा पांच रविवार युत है। व्यापारिक उन्नति होगी।

11 जन. : गेहूं, खाण्ड, देशी शक्कर, जूट, सूत, घी, चना, सरसों, तिल, तैल, चांदी, रुई तथा हल्दी में तेजी होगी। 14 जन. : चांदी, सोना, तांबा, सीसा, कसुंभा, मजीठ कतीर, कांसा, पीतल आदि सभी धातुयें, कपड़ा, घी, गुड़, खांड आदि रसकस तथा तेल महंगे रहेंगे। अन्नों में मंदा आकर भाव स्थिर रहेंगे। 17 जन. : मूंग, मोठ, अरहर, ज्वार, सोना, चांदी, रुई, कपास, चावल, उड़द में तेजी बनेगी। गेहूं में घटबढ़ चलेगी। 17 जन. : रुई चांदी, शेयर बाजार तथा अनाजों में तेजी आयेगी। 22 जन. –फल-फूलों में तेजी बनेगी। चांदी, रुई, गेहूं, जौ, चना, उड़द मूंग, ज्वार, बाजरा, आदि अन्न, सफेद वस्तुओं तथा रसकस में गिरावट आयेगी। खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी से महंगाई बढ़ेगी। वर्षाकाल में उत्तम वर्षा होगी। 24 जन.–सभी प्रकार के अन्न, विशेषकर गेहूं में तेजी आयेगी। उड़द, मूंग, जूट, सूत, कपास, बांस, सरसों, गुड़, खांड, चीनी, रुई, कपास, सन, शेयरों में तेजी आयेगी। तापमान में गिरावट रहेगी। 28 जन.–घी, तिल, तैल, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सरसों, अलसी, अरण्डी, रुई, कपास, चावल, सोना, चांदी तथा पशुओं में तेजी रहेगी। मादक पदार्थों के व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं में असंतोष रहेगा।

फरवरी २०२३–04 फर.-कृषि उत्पादन संतोषजनक रहने से अनाजों तथा अन्य व्यापारिक वस्तुओं में मंदा बनेगा। पांच सोम तथा पांच मंगलवार युत है। सोमवारी अमावस्या में प्रजा में किसी कारण से भय व्याप्त होगा। देश का रिजर्व बढ़ेगा।

06 फर.–सोना, चांदी, तांबा, लोहा, रुई, चावल, कपड़ा, अनाज, जौ, गेहूं, सूत, सन, गुड़, खांड, जूट, तिलहन, अलसी में तेजी आयेगी। 07 फर.-सोना, चांदी तथा रुई में तेजी रहेगी। गेहूं, जौ, चना के भावों में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। गुड़, खांड, घी, तैल के भावों में मंदा चलेगा। बाजार सामान्य घटबढ़ में रहेंगे। सट्टेबाज हानि उठायेंगे। 13 फर.–कपड़ा, नमक, तिल, सरसों, मूंगफली, अलसी, राई, तैल तथा धान्यों में तेजी आयेगी। पटसन, बारदाना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गन्ना, मक्का, ज्वार, बाजरा, ऊनी-रेशमी वस्त्र तथा किराने की वस्तुओं में मंदा रहेगा। सोना, चांदी आदि धातुओं के भाव स्थिर रहेंगे। रुई, सूत, बिनोला, कपास में घटबढ़ चलेगी। चने की फसल खराब होगी। 14 फर. –गुड़, शक्कर, खाण्ड, चावल, चना, गेहूं तेजी में रहेंगे। 15 फर. –महंगाई बढ़ेगी, खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी होगी। घी, रुई एवं चादी में तेजी बनेगी। सभी प्रकार के धान्यों, तैल, तिलहन, अलसी, अरण्डी, गुड़, खाण्ड में गिरावट आयेगी। 18 फर. –कृषि की रोग तथा कीटों से हानि होगी। गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग, फल, आलू, लहसुन, प्याज, हल्दी अदरक तथा चौपायों में तेजी रहेगी। चांदी, मोती, ईख, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, सूत, सन, चावल, नमक, कपूर, गोला, सरसों तथा अन्य तिलहनों में मंदा आयेगा। सोना बाजार भाव स्थिर रहेंगे। घी में घटबढ़ चलेगी। 20 फर.–सोना, गेहूं, चना, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, कपास, जूट, घी, तिल, छुवारा, सोंठ, हल्दी में तेजी आयेगी। 23 फर.-सोना, चांदी, पीतल, जस्ता तथा धान्यों में मंदा रहेगा। रुई में घटाबढ़ी चलेगी। चावल में तेजी आयेगी। दुधारू पशुओं की हानि होगी। 24 फर.-रुई में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। चांदी में पहले मंदा आकर बाद में तेजी आयेगी। अनाज में मंदा रहेगा। 25 फर.-चांदी में तेजी। उत्तम वर्षा से तिल की फसल खराब होगी। कपास की खेती की हानि होने से रुई में मंदा आकर तेजी बनेगी। 27 फर.-सोना, चांदी आदि धातुओं तथा अन्न के भावों में कोई परिवर्तन नहीं होगा। सोना, चांदी, तांबा, पीतल में मंदा आकर तेजी आयेगी। रुई, घी, तैल, रसकस, गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी के बाद मंदा बनेगा। अलसी, सरसों में घटाबढ़ी। मादक पदार्थ तेज होने के बाद गिरावट में जायेंगे।

मार्च २०२३–01 मार्च-चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, कपास, चावल, सूत, चन्दन, सन, जवाहरात में मंदा रहेगा। रुई, चांदी, चावल, खांड के भावों में मंदे के झटके आयेंगे। जंगली जानवरों के प्रकोप से जनधन की हानि होगी। 03 मार्च–खाद्यान्नों की उपलब्धता में कमी आयेगी। सोना, चांदी, सन, सूत तेजी में रहेंगे। अनाजों में कुछ स्थानों पर तेजी रहेगी तथा अन्य स्थानों पर भाव स्थिर रहेंगे। 05 मार्च–चावल, ज्वार, बाजरा, पीपल, गुड़, खाण्ड, देशी शक्कर, सरसों, तिल, तैल, कपास, सूत में तेजी चलेगी। 11 मार्च–अन्न पदार्थों की उपलब्धता में कमी रहेगी। सोना, चांदी, लोहा, तांबा तथा धान्यों में मंदा आयेगा। रुई, सूत में घटाबढ़ी चलेगी। 12 मार्च–सोना, चांदी, गेहूं, जौ, चना, गुड़, खाण्ड, घी, दूध, चावल, रुई, कपास, पशुओं तथा अन्न पदार्थों में तेजी रहेगी। मटर, मूंग, मोठ, अरहर, रुई, कपास, ऊन में मंदा रहेगा। पटसन, बारदाना में घटबढ़ के बाद तेजी बनेगी। तैल, तिल, सरसों, अरण्डी, अलसी में घटाबढ़ी के बाद मंदे का रुख बनेगा। जौं, तिल, उड़द का उत्पादन कम रहेगा। बुद्धिजीवी वर्ग में परस्पर वैमनस्य एवं तीव्र मतभेद बनेंगे। 13 मार्च–सभी प्रकार की लाल वस्तुओं में तेजी बनेगी। आकाश में बादल छाये रहेंगे। 15 मार्च–नमक, तिल, तैल, किराना की वस्तुओं तथा सभी धान्यों में तेजी रहेगी। 16 मार्च–रुई, कपास, बिनोला में तेजी बनेगी। सोना, चांदी तेज होकर मंदे होंगे। गेहूं, चना, गुड़, शक्कर, घी, तैल, मूंगफली अरण्डा, मादक पदार्थों में मंदा आयेगा। भारवाहक साधनों की दुर्घटनाओं से वन्य प्राणियों की हानि होगी। घास, भूसा आदि की उपज अच्छी रहेगी। 18 मार्च–सोना, चांदी, कपड़ा, नमक में तेजी आयेगी। चांदी में घटबढ़ चलेगी। खाद्यान्नों के भावों में अधिक फेरबदल नही होने से गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, धान्य एवं चावलों के भावों में समता रहेगी। 23 मार्च–भूसे वाले धान्यों में तेजी आयेगी। तिलों की फसल खराब होगी। तैल, सरसों, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, श्रीफल, सुपारी, धान्य, तूअर आदि में घटबढ़ रहेगी। रुख मंदे का बनेगा। सोना, चांदी में गिरावट आयेगी। 24 मार्च–लाल मिर्च, लौंग, मजीठ, लाल चन्दन तथा लाल रंग की वस्तुओं, गेहूं, गेरू, कुंकुम, कपूर, केसर में तेजी बनेगी। चांदी, गुड़, खांड, घी, तैल, सरसों, तिल तथा तिलहनों में मंदा आयेगा। 27 मार्च–किसी स्थान पर वर्षा होगी। तिल के उत्पादन में कमी आयेगी। भैंसों की हानि होगी। 31 मार्च–जौ एवं गेहूं की फसलों को रोग तथा कीटों से हानि होगी। सोना, चांदी आदि धातुओं, मूंगा आदि बहुमूल्य रत्नों में, गेहूं, जौं, चना, ज्वार, बाजरा, मोंठ, मूंग चौपायों में तेजी बनेगी। मोती, तिल, तैल, तिलहन तथा अलसी में मंदा आकर तेजी बनेगी। ईख, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रसकस, गोला, तेल, तिल, सरसों, घी, रुई, सूत, सन, कपास में मंदा रहेगा। पशुओं में किसी रोग का प्रकोप होगा। चौपायों के मूल्यो में तेजी आयेगी।

व्यापारिक तथा राजनैतिक गतिविधियों का आंकलन ग्रह गोचर आधारित है। स्थानीय परिस्थितियों, वैश्विक एवं स्थानिक राजनैतिक वातावरण, केन्द्र तथा प्रदेश सरकार की नीतियों आदि के प्रभाव से उक्त फलों में परिवर्तन अवश्यम्भावी है। अतः बाजार में काम करने, व्यापार करने से पूर्व बाजार का आंकलन कर लेना हितावह है। ज्योतिषीय आधार पर किये गये व्यापार से होने वाले लाभ अथवा हानि के लिये प्रस्तुत कर्त्ता, ज्योतिषी, प्रकाशक किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होंगे। किसी भी विवरण के लिये कृपया सी-82, वल्लभ नगर, उमा नगर सोसायटी के सामने, नोविनो तरसाली रोड़, बड़ोदरा (गुजरात), पिन-390009, मो. 09574337962 पर सम्पर्क करें।

लेखक : प्रवीन कुमार जैन एवं डॉ. उमा जैन

शेयर बाजार वर्ष 2022-2023 ई.

लेखक:-
प्रवीन कुमार जैन, डा. उमा जैन

गत वर्ष के शेयर बाजार आंकलन में हमने शेयर बाजार इण्डक्स में नई ऊंचाईयों को छूने की भविष्यवाणी की थी। वैसा ही हुआ। इस वर्ष का शेयर बाजार आंकलन भी उन्हीं ज्योतिषीय सिद्धांतों, मतों एवं परम्परा तथा ग्रह गोचर पर आधारित है जिन की गणना के आधार पर हमारा शेयर बाजार का आंकलन पूर्व में बहुचर्चित, सर्वत्र प्रशंसित तथा सराहनीय रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से दिन-प्रतिदिन अनेक पाठकों ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। इस आलेख में प्रत्येक मंगलवार के लिये शेयर बाजार का आंकलन प्रस्तुत किया गया है। साथ ही कुछ विशिष्ठ कम्पनीज के नामों का उल्लेख भी किया गया है। बाजार के आंकलन में प्रतिशत में बताई गई तेजी-मंदी इन्ट्राडे है, बाजार किसी दिन तेजी में जाने के उपरान्त भी पिछले दिन की तुलना में गिरकर बंद हुआ हो सकता है। कम्पनीज के नाम इन्डीकेटिव हैं, सजेस्टिव नहीं। सन् 2022 में शेयर मार्केट में अच्छी उथल-पुथल चलेगी। 13 अप्रैल तक बैंकिंग, टायर एण्ड ट्यूब इण्डस्ट्रीज के शेयर्स में गिरावट रहेगी।

जनवरी-04 जनवरी-आज के स्टॉक मार्केट में 41.65 प्रतिशत शेयर्स तेजी में रहेंगे। 33.32 प्रतिशत शेयर्स में मंदे का रुख रहेगा। शेष 25.03 प्रतिशत शेयर्स में सामान्य कामकाज होगा। श्री सीमेंट, ए.सी.सी., डालमिया भारत तथा अवध शुगर एण्ड एनर्जी, डालमिया भारत शुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज, डी. सी. एम. श्रीराम इण्डस्ट्रीज, बनारी अमान शुगर्स के शेयर तेजी में रहेंगे। एच. डी. एफ. सी. बैंक, आई. सी. आई. सी. आई. बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक, एम. आर. एफ. अपोलो टायर्स, जे. के. टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज, बिरला टायर्स के शेयर्स कमजोर रहेंगे।

11 जनवरी-आज के स्टॉक मार्केट में 41.65 प्रतिशत शेयर्स तेजी में रहेंगे। 33.35 प्रतिशत शेयर्स में मंदे का रुख रहेगा। शेष 25.00 प्रतिशत शेयर्स में सामान्य कामकाज होगा। श्री सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेन्ट, अम्बुजा सीमेंट, प्रिज्म जॉनसन, जे. के. सीमेंट, द रामको सीमेन्ट, श्री बजाज हिन्दुस्तान, त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज के शेयर तेजी में रहेंगे। एशियन होटल्स, जुबलियेन्ट फूड वर्कस, ओरियेन्ट होटल, बर्गर किंग इण्डिया तथा स्टेट बैंक आफ इण्डिया, एच. डी. एफ. सी. बैंक, आई. सी. आई. सी. आई. बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक के शेयर्स में गिरावट आयेगी।

18 जनवरी-आज स्टॉक मार्केट में 41.65 प्रतिशत शेयर्स तेजी में रहेंगे। 25.00 प्रतिशत शेयर्स में मंदे का रुख रहेगा। शेष 33.35 प्रतिशत शेयर्स में सामान्य कामकाज होगा। प्रिज्म जॉनसन, जे. के. सीमेंट, द रामको सीमेन्ट के शेयर तेजी में रहेंगे। स्टेट बैंक आफ इण्डिया, एच. डी. एफ. सी. बैंक, आई. सी. आई. सी. आई. बैंक, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, इण्डियन बैंक, कोटक महिन्द्रा बैंक के शेयर्स कमजोर रहेंगे।

